रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-05102024-257723
CG-DL-E-05102024-257723

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 764] नई दिल्ली, सोमवार, सितम्बर 30, 2024/आश्विन 8, 1946
No. 764] NEW DELHI, MONDAY, SEPTEMBER 30, 2024/ASHVINA 8, 1946

भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग

अधिसूचना

नई दिल्ली, 26 सितम्बर, 2024

फा. सं. बीयूएसएस/यूनानी पीजी रेगु./2023.—भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग अधिनियम, 2020 (2020 का 14) की धारा 55 और भारतीय चिकित्सा केंद्रीय परिषद (स्नातकोत्तर यूनानी चिकित्सा शिक्षा) विनियम, 2016, नए चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना, अध्ययन का नया अथवा उच्चतर पाठ्यक्रम या प्रशिक्षण प्रारंभ करना तथा चिकित्सा महाविद्यालय द्वारा प्रवेश क्षमता में वृद्धि करना विनियम, 2019, भारतीय चिकित्सा केंद्रीय परिषद (यूनानी चिकित्सा में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम) विनियम, 2015 के अधिक्रमण में, ऐसे अधिक्रमण से पहले किए गए या किए जाने के लिए छोड़े गए कार्यों को छोड़कर, भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग एतद्वारा द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाता है-

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ-** (1) इन विनियमों को भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (स्नातकोत्तर संस्थानों के लिए न्यूनतम आवश्यक मानक, आकलन और रेटिंग और स्नातकोत्तर यूनानी शिक्षा के न्यूनतम आवश्यक मानक) विनियम, 2024 कहा जाएगा;

(2) जब तक अन्यथा आवश्यक न हो, ये नियम आधिकारिक राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख से लागू होंगे।

अध्याय-I

प्रारंभिक

2. परिभाषाएँ- (1) इस विनियम में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, -

(ए) "अधिनियम" का अर्थ है भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग अधिनियम, 2020 (2020 का 14);

(बी) "अनुबंध" का अर्थ इन विनियमों से संलग्न एक अनुबंध है;

(सी) "परिशिष्ट" का अर्थ इन विनियमों से संलग्न एक परिशिष्ट है;

(डी) "आवेदक" का अर्थ है एक व्यकित अर्थात सोसाइटी, ट्रस्ट ,विश्वविद्यालय या कोई विधिक व्यकित, परंतु इसमें केंद्र सरकार शामिल नहीं है ;

(ई) किसी संस्थान के "मूल्यांकन" का अर्थ है हर साल भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड द्वारा किसी संस्थान और उससे जुड़े शिक्षण अस्पताल के बुनियादी ढांचे, मानव संसाधनों और कार्यक्षमता के संदर्भ में इन विनियमों में निर्दिष्ट न्यूनतम आवश्यक मानकों की उपलब्धता की पुष्टि करना;

(एफ) "संबद्ध शिक्षण अस्पताल" का अर्थ एक यूनानी चिकित्सालय है जो चिकित्सा की यूनानी पद्धति के छात्रों को शिक्षण और प्रशिक्षण के उद्देश्य से एक यूनानी चिकित्सा संस्थान से जुड़ा हुआ हो और मानक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करता है;

(जी) "डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी" का अर्थ है संबंधित विषय में या इंटर-डिसिप्लिनरी, इंट्रा-डिसिप्लिनरी, या ट्रांस-डिसिप्लिनरी, मल्टी- डिसिप्लिनरीअनुसंधान क्षेत्रों में स्नातकोत्तर के पश्चात कम से कम तीन वर्ष तक किए गए शोध कार्य के लिए दी गई या अवार्ड की गई स्नातकोत्तर डॉक्टरेट की डिग्री;

(एच) "विस्तारित अनुमति" का अर्थ है इन नियमों में निर्धारित “विस्तारित अनुमति स्थिति” के मानदंडों को पूर्ण करने वाले पूर्ण रूप से स्थापित यूनानी चिकित्सा संस्थानों को छात्रों को प्रवेश देने की अनुमति और प्रत्येक वर्ष ऐसे संस्थानों को प्रवेश के लिए भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड से अनुमति की प्रतीक्षा किए बिना छात्रों को प्रवेश देने की परामर्श प्रक्रिया में भाग ले सके। जब तक कि भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड द्वारा अन्यथा अनुमति न दी जाए या निर्दिष्ट न किया जाए;

(आई) "पूर्ण रूप से स्थापित संस्थान" का अर्थ है भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड द्वारा दी गई अनुमति के तीसरे नवीकरण के बाद के वर्ष से विस्तारित अनुमति या वार्षिक अनुमति के साथ संस्थान;

(जे) "आशय पत्र" का अर्थ है एक नवीनीकरण स्टैंडअलोन यूनानी चिकित्सा संस्थान स्थापित करने, या भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त कोई भी नया स्नातकोत्तर कार्यक्रम प्रारंभ करने या मौजूदा स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में छात्र प्रवेश क्षमता बढ़ाने के लिए इन विनियमों में उल्लिखित प्रक्रिया के माध्यम से आवेदक को भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड द्वारा जारी शर्तों और समयसीमा के साथ प्रारंभिक अनुमोदन;

(के) "अनुमति पत्र" का अर्थ स्टैंडअलोन यूनानी चिकित्सा संस्थान स्थापित करने या भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त कोई नया स्नातकोत्तर कार्यक्रम प्रारंभ करने या मौजूदा कार्यक्रमों में छात्र प्रवेश क्षमता बढ़ाने और भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड द्वारा निर्दिष्ट स्वीकृत प्रवेश क्षमता के अनुसार छात्रों को प्रवेश देने के लिए इन विनियमों में उल्लिखित प्रक्रिया के माध्यम से भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड द्वारा आवेदक को दिया गया अनुमोदन या अनुमति है;

(एल) "एम. ए. आर. बी. आई. एस. एम" का अर्थ है भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड;

(एम) "न्यूनतम आवश्यक मानक" का अर्थ बुनियादी ढांचे, मानव संसाधन और कार्यक्षमता, गुणवत्ता और मानकों के स्तर के संदर्भ में अनिवार्य न्यूनतम आवश्यकताएं हैं जिन्हें न्यूनतम स्वीकार्य माना जाता है, जो न्यूनतम के नीचे अस्वीकार्य है;

(एन) "एन. सी. आई. एस. एम.-यू. जी. एम. ई. एस. विनियम, 2023" का अर्थ है भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (स्नातक यूनानी महाविद्यालयों और संलग्न शिक्षण अस्पतालों के लिए न्यूनतम आवश्यक मानक, आकलन और रेटिंग) विनियम, 2023;

(ओ) "स्नातकोत्तर शिक्षा" में स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम (डॉक्टर ऑफ मेडिसिन [एम. डी.] और मास्टर ऑफ सर्जरी [एम. एस.]), डॉक्टरेट डिग्री कार्यक्रम (डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी [पी. एच. डी.]), और सुपर-स्पैशलिटीडिग्री कार्यक्रम (डॉक्टर ऑफ मेडिसिन [डी. एम.]) शामिल हैं।

(पी) यूनानी में "स्नातकोत्तर डिग्री" का अर्थ है स्नातक कार्यक्रम के बाद प्रदान या अवार्ड की गई तीन वर्ष की अवधि की "माहिरे तिब" (डॉक्टर ऑफ मेडिसिन-एमडी) और माहिरे जराहत (मास्टर ऑफ सर्जरी-एमएस)" डिग्री;

(क्यू) "प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस" का अर्थ है यूनानी मेडिकल कॉलेजों में पढ़ाने के अतिरिक्त अन्य क्षेत्र में न्यूनतम दस वर्ष का अनुभव रखने वाला व्यक्ति, जैसे किसी उद्योग या अनुसंधान संस्थान का व्यक्ति, एक तकनीकी परामर्शदाता, एक प्रसिद्ध प्रैक्टिशनर, या एक वैज्ञानिक आदि;

(आर) स्नातकोत्तर विभाग की "रेटिंग' का अर्थ है उस स्कोर या माप से है कि कोई संस्थान कितना अच्छा है। यह भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड या किसी नामित रेटिंग एजेंसी द्वारा यूनानी, सिद्ध और सोवा-रिग्पा बोर्ड द्वारा निर्धारित मानकों और मापदंडों के आधार पर एक पूर्ण रूप से स्थापित स्नातकोत्तर विभाग की रेटिंग है, और रेटिंग इन विनियमों में निर्दिष्ट न्यूनतम आवश्यक मानकों के अतिरिक्त बुनियादी ढांचे, मानव संसाधन और कार्यक्षमता के आधार पर होगी;

(एस) "अनुमति का नवीनीकरण" का अर्थ है भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड द्वारा, अधिनियम की धारा 29 के अंतर्गत स्थापना के दौर से गुजर रहे एक नए स्नातकोत्तर संस्थान या विभाग या स्पैशलिटी के लिए दी गई या जारी की गई अनुमति नवीनीकरण (अर्थात, पहला और दूसरा नवीनीकरण), यह अनुमति भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड द्वारा निर्दिष्ट स्वीकृत प्रवेश क्षमता के अनुसार छात्रों को प्रवेश देने के लिए अनुमति पत्र जारी होने के बाद आने वाले शैक्षणिक वर्षों के दौरान इन विनियमों में उल्लिखित प्रक्रिया के माध्यम से दी जाएगी, और अनुमति का ऐसा नवीकरण तब तक अनिवार्य होगा जब तक कि यह अधिनियम की धारा 28 के अंतर्गत पूर्ण रूप से स्थापित संस्थान या विभाग या विशेषता का दर्जा प्राप्त नहीं कर लेता;

(टी) "स्टैंड-अलोन स्नातकोत्तर संस्थान" "का अर्थ है केवल स्नातकोत्तर कार्यक्रम (ओं) के संचालन के लिए समर्पित एक संलग्न शिक्षण अस्पताल के साथ एक शिक्षण संस्थान;

(यू) "'स्वीकृत प्रवेश क्षमता' का अर्थ छात्रों के स्नातकोत्तर कार्यक्रम में प्रवेश के लिए के लिए भारतीय चिकित्सा पद्धति चिकित्सा आकलन और रेटिंग बोर्ड द्वारा अनुमोदित सीटों की संख्या से है। यह अनुमोदन बुनियादी ढांचे, मानव संसाधन, संस्थान या विभाग की कार्यक्षमता और शिक्षण अस्पताल पर आधारित है।

(वि) "वार्षिक अनुमति" का अर्थ है पूर्ण रूप से स्थापित स्टैंडअलोन स्नातकोत्तर चिकित्सा संस्थान या स्नातकोत्तर विभाग जो इन विनियमों में निर्धारित "विस्तारित अनुमति" स्थिति के मानदंडों को पूर्ण नहीं कर रहे हैं, और ऐसे संस्थान प्रत्येक वर्ष भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड से अनुमति प्राप्त करने के बाद ही स्वीकृत छात्र प्रवेश क्षमता के अनुसार स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में छात्रों को प्रवेश देने के लिए परामर्श प्रक्रिया में भाग लेंगे;

(2) ऐसे शब्द अथवा अभिव्यक्तियां जिनका यहां उपयोग किया गया है और परिभाषित नहीं किया गया है परंतु जिन्हें अधिनियम में परिभाषित किया गया है, उनका अभिप्राय वही होगा जो अधिनियम में क्रमशः दिया गया है।

अध्याय II

सामान्य

3. सामान्य बाते- (1) यूनानी में स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा गहन ज्ञान, कौशल, दृष्टिकोण, मूल्य और नैतिकता के साथ संबंधित विशिष्टताओं में सक्षम विशेषज्ञ तैयार करेगी।

(2) प्रत्येक संस्थान न्यूनतम आवश्यक अवसंरचनात्मक मानकों, योग्य और कुशल मानव संसाधन और इन विनियमों में निर्दिष्ट एक कार्यात्मक शिक्षा पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखेगा।

4. शैक्षणिक पदानुक्रम - (1) स्नातकोत्तर कार्यक्रमों का शैक्षणिक पदानुक्रम स्नातकोत्तर सुपर **स्पैशलिटी**डिग्री (डीएम) से स्नातकोत्तर डॉक्टरेट डिग्री (पीएचडी) से स्नातकोत्तर डिग्री (एमडी या एमएस) से स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजी डिप्लोमा) तक घटते क्रम में होगा।

(2) (ए) संस्थान प्रैक्टिस के प्रोफेसर की नियुक्ति कर सकता है, और यह इन नियमों में **सातवीं अनुसूची** उल्लिखित संबंधित विषय में अंशकालिक आधार पर होगा। ऐसे प्रोफेसरों को भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड द्वारा विशिष्ट शिक्षक कोड प्रदान नहीं किया जाएगा;

(बी) उसके पास यूनानी कॉलेजों में पढ़ाने के अतिरिक्त संबंधित क्षेत्र में कम से कम दस वर्ष का अनुभव होगा, जैसे किसी उद्योग या अनुसंधान संस्थान का व्यक्ति, तकनीकी परामर्शदाता, प्रसिद्ध चिकित्सक, या वैज्ञानिक के रूप में अनुभव।

(3) (ए) स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रम को समाप्त कर दिया जाएगा और भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (स्नातकोत्तर संस्थानों के लिए न्यूनतम आवश्यक मानक, आकलन और रेटिंग और स्नातकोत्तर यूनानी शिक्षा के न्यूनतम मानक) विनियम, 2024 के लागू होने की तिथि से, किसी भी यूनानी मेडिकल कॉलेज या संस्थान द्वारा कोई स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम या कार्यक्रम संचालित नहीं किया जाएगा;

हालांकि, इन विनियमों के लागू होने से पहले स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम या कार्यक्रम में पहले से ही प्रवेशित छात्र, यदि कोई हो, "भारतीय चिकित्सा केंद्रीय परिषद (यूनानी चिकित्सा में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम) विनियम, 2015" के प्रावधानों के अनुसार पाठ्यक्रम जारी रखेंगे और पूरा करेंगे;

(बी) यदि संस्थान स्नातकोत्तर डिप्लोमा सीटों को स्नातकोत्तर डिग्री सीटों में परिवर्तित करना चाहता है, तो मौजूदा स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रमों जो भारतीय चिकित्सा केंद्रीय परिषद (यूनानी चिकित्सा में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम) विनियम, 2015 में मान्यता प्राप्त हैं, की सीटो को मूल विभाग की स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम सीटों को 2:1 के अनुपात में परिवर्तित किया जा सकता है। अर्थात, प्रत्येक दो स्नातकोत्तर डिप्लोमा सीटों को एक स्नातकोत्तर डिग्री सीट में परिवर्तित किया जा सकता है। बशर्ते कि विनियम 20 में विनिर्दिष्ट के अनुसार छात्र-स्नातकोत्तर गाइड अनुपात उपलब्ध हों।

(4) (ए) प्रत्येक संस्थान, सभी ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म या सिस्टम जैसे कि लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम, हॉस्पिटल इनफार्मेशन मैनेजमेंट सिस्टम (आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट, हेल्थ प्रोफेशनल रजिस्ट्री, हेल्थ फैसिलिटी रजिस्ट्री और यूनिक हेल्थ आइडेंटिफिकेशन नंबर आदि के साथ संगत) अटेंडेंस सिस्टम (आधार इनेबल्ड बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम (एईबीएएस) या आईरिस रिकग्निशन या फेस रिकग्निशन अटेंडेंस सिस्टम), क्लोज-सर्किट टेलीविज़न सिस्टम, और भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा समय-समय पर निर्दिष्ट कोई अन्य सिस्टम स्थापित करेगा और भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग के केंद्रीय सर्वर या कमांड और नियंत्रण केंद्र को प्रासंगिक डेटा और इंटरफ़ेस प्रदान करेगा जैसा कि समय-समय पर भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा निर्दिष्ट किया गया है।

(बी) आयोग द्वारा नामित या सौंपे गए किसी भी एजेंसी के माध्यम से संबंधित नियामक निकाय या भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग या इसके स्वायत्त बोर्डों को बायोमेट्रिक उपस्थिति डेटा पूरे वर्ष वास्तविक समय में उपलब्ध कराया जाएगा।

(सी) सभी यूनानी चिकित्सा संस्थान शिक्षण कर्मचारियों, गैर-शिक्षण कर्मचारियों, अस्पताल के कर्मचारियों और स्नातकोत्तर छात्रों की उपस्थिति को चिह्नित करने के लिए एक केंद्रीकृत आधार-सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति सिस्टम से जुड़ेंगे। भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग या इसके स्वायत्त बोर्डों के पास केंद्रीकृत आधार-सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति सिस्टम से ऑनलाइन उपस्थिति डेटा तक पहुंचने और विश्लेषण करने का अधिकार होगा।

(डी) रोगियों का प्रमाणीकरण आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (एबीएचए) संख्या के माध्यम से किया जाएगा।

(5) (ए) शिक्षकों को संबंधित विभागों में प्रत्येक शिक्षक के लिए एक अलग सेल या कक्ष में पर्याप्त स्थान और गोपनीयता के साथ समायोजित किया जाएगा;

(बी) प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए कमरे या कक्ष का न्यूनतम क्षेत्रफल क्रमशः पंद्रह, तेरह और दस वर्ग मीटर होगा;

(सी) एक कॉमन रुम, हॉल या विभाग में एकाधिक शिक्षकों के लिए बैठने की खुली व्यवस्था की अनुमति नहीं दी जाएगी;

(डी) प्रत्येक शिक्षक को एक कंप्यूटर सिस्टम, प्रिंटर और इंटरनेट सुविधा प्रदान की जाएगी;

(ई) विभागों और संबंधित अनुभागों या इकाइयों में उचित वेंटिलेशन और प्रकाश व्यवस्था होगी;

(एफ) प्रत्येक स्नातकोत्तर विभाग में शिक्षण स्टाफ, गैर-शिक्षण स्टाफ, एक विभागीय पुस्तकालय, एक विभागीय कंप्यूटर, एक प्रिंटर, इंटरनेट एक्सेस और वीडियो, इमेजेस चार्ट, सूचना आदि प्रदर्शित करने के लिए एक ई-सुविधा होगी।

(6) परिसर के भीतर पर्याप्त फर्नीचर, वाचनालय (रीडिंग रूम), मनोरंजन सुविधा और सुरक्षा सेवाओं के साथ मेस सुविधा के साथ लड़कियों और लड़कों के लिए अलग-अलग एक छात्रावास (अधिमानतः एकल आवास) होगा।

(7) प्रत्येक संस्थान आयोग द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम और पाठ्यचर्या के अनुसार स्नातकोत्तर छात्रों को शिक्षण और प्रशिक्षण प्रदान करेगा। यह सुनिश्चित करेगा कि सभी विभागों, अनुभागों और इकाइयों सहित संस्थान के सभी हितधारक एक दूसरे के साथ समन्वय और सहयोग में कार्य करें, ताकि स्नातकोत्तर छात्रों को एक उपयुक्त शैक्षणिक वातावरण में उनके अध्ययन, प्रशिक्षण और अनुसंधान कार्य को आगे बढ़ाने के लिए एक व्यापक या समावेशी शैक्षिक पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान किया जा सके। संस्थान इन विनियमों में आयोग द्वारा निर्धारित न्यूनतम आवश्यक मानकों से अधिक शिक्षा प्रदान करने के लिए तैयार होगा।

(8) संस्थान से जुड़ा चिकित्सालय पूर्ण रूप से कार्यशील चिकित्सालय होगा जो सातो दिन चौबीस घंटे खुला रहेगा और अपनी जनशक्ति और आधारभूत सुविधाएँ के साथ किसी भी समय किसी भी प्रकार के रोगी का उपचार करने या उसकी देखभाल करने के लिए तत्पर रहेगा। .

(9) चिकित्सालय मेडिकल छात्रों को नैदानिक प्रशिक्षण प्रदान करेगा और परामर्श, निदान (नैदानिक और जांच), उपचार (चिकित्सा, प्रक्रियात्मक और शल्य चिकित्सा) सहित बाह्य रोगी विभागों और आंतरिक रोगी विभागों में जनता को चिकित्सा सेवाएं प्रदान करेगा। निवारक, प्रचारात्मक और पुनर्वास स्वास्थ्य देखभाल, चिकित्सा सलाह, चिकित्सा परामर्श, नर्सिंग देखभाल, आपातकालीन देखभाल, औषधि वितरण, उचित अभिलेख के साथ सार्वजनिक आउटरीच गतिविधियाँ, और चिकित्सालय प्रबंधन सिस्टम को बनाए रखेगा, चिकित्सालय से संबंधित खर्च चिकित्सालय के आधिकारिक बैंक खाते में परिलक्षित करेगा ।

(10) गुणवत्ता मानकों को बनाए रखने के लिए भारतीय मानक ब्यूरो प्रमाणन वाले उपकरण, सहायक उपकरण, रसायन, अभिकर्मक, फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण आदि का उपयोग किया जाएगा।

(11) प्रत्येक स्नातकोत्तर संस्थान चाहे कोई भी स्नातकोत्तर कार्यक्रम चला रही हो इंटीग्रेटिव हेल्थ एंड ट्रांसलेशनल रिसर्च विभाग स्थापित करेगी। केंद्रीय अनुसंधान प्रयोगशाला, गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशाला, एनिमल हाउस एंड एक्सपैरिमेंटेशन लैबोरेट्री और संस्थागत अनुसंधान समिति, मानव विषयों के लिए संस्थागत आचार समिति, संस्थागत पशु आचार समिति, नैदानिक अनुसंधान सेल और साहित्यिक चोरी जांच (प्लागिअरिस्म), सेल इस विभाग के अंतर्गत कार्य करेंगे।

(12) एक ही विभाग के अंतर्गत विभिन्न स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रमों के प्रकरण में (अर्थात, तहफ्फुज़ी व समाजी तिब (प्रिवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन) विभाग के अंतर्गत तहफ्फुज़ी व समाजी तिब (यूनानी डायटेटिक्स लाइफस्टाइल मैनेजमेंट, प्रिवेंटिव मेडिसिन एंड पब्लिक हेल्थ) और तिब्बुल क़ानून व इल्मुल समूम (फोरेंसिक मेडिसिन और क्लिनिकल टॉक्सिकोलॉजी) के स्नातकोत्तर कार्यक्रम इन विनियमों में उल्लिखित, स्नातकोत्तर संस्थान के लिए सभी दो कार्यक्रमों का संचालन करना अनिवार्य नहीं होगा, यह संस्थान की आवश्यकताओं के अनुसार एक या दोनों स्नातकोत्तर कार्यक्रम हो सकते हैं।

अध्याय III

स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम

5. (1) इन विनियमों की अधिसूचना की तिथि से यूनानी में पंद्रह स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम होंगे और स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रमों या विशिष्टताओं की सूची, स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रमों का नामकरण, समकक्ष आधुनिक शब्दावली के साथ स्नातकोत्तर विशेषज्ञ का नामकरण और संबंधित विभाग जिनमें स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम आयोजित किए जाने हैं, उप-विनियमन (4) के नीचे दी गई तालिका के अनुसार होंगे।

(2) डिग्री प्रमाण पत्र में स्नातकोत्तर डिग्री का नामकरण निम्नलिखित पैटर्न में नीचे दी गई तालिका के तीसरे कॉलम के अनुसार होगा।

(ए) यूनानी माहिरे तिब (डॉक्टर ऑफ मेडिसिन) एमडी (मोआलाजात)

(बी) यूनानी माहिरे जराहत (मास्टर ऑफ सर्जरी) एमएस (इल्मुल जराहत)

(3) भारतीय चिकित्सा केंद्रीय परिषद (स्नातकोत्तर यूनानी चिकित्सा शिक्षा) विनियम 2016" के अंतर्गत स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रमों की नामकरण और समकक्ष आधुनिक शब्दावली जारी रहेगी क्योंकि वे भारतीय चिकित्सा केंद्रीय परिषद (स्नातकोत्तर यूनानी चिकित्सा शिक्षा) विनियम 2016 के अंतर्गत प्रवेशित बैचों के लिए हैं।

(4) तिब्बुल क़ानून व इल्मुल समूम (फोरेंसिक मेडिसिन और क्लिनिकल टॉक्सिकोलॉजी) में वर्तमान में एक स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है और इसे तहफ्फुज़ी व समाजी तिब (प्रिवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन) विभाग के अंतर्गत योग्य शिक्षकों के साथ इन विनियमों की अधिसूचना की तिथि से विनियम 32 के अनुसार संचालित किया जाएगा;

तालिका

स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम या विशिष्टताएँ, स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम का नाम, विशेषज्ञों और संबंधित विभागों का नाम

क्र.सं.	**स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम या विशेषताएँ और समकक्ष नाम**	**स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम का नाम [(विनियम 5 का उप-विनियम (2) देखें]**	**विशेषज्ञों का नाम वाले तथा समतुल्य आधुनिक शब्दावली**	**वह विभाग जिसमें स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम संचालित किया जाएगा**
(1)	**(2)**	**(3)**	**(4)**	**(5)**
		यूनानी माहिरे तिब (डॉक्टर ऑफ मेडिसिन)		
1	कुल्लियाते तिब (बेसिक प्रिंसिपल ऑफ़ यूनानी मेडिसिन)	एमडी (कुल्लियाते तिब)	माहिरे कुल्लियाते तिब (यूनानी चिकित्सा मूल सिद्धांत विशेषज्ञ)	कुल्लियात (बेसिक प्रिंसिपल ऑफ़ यूनानी मेडिसिन)
2	मनाफेउल आज़ा (ह्युमन फिज़ियोलॉजी)	एमडी (मनाफेउल आज़ा)	माहिरे मनाफेउल आज़ा (यूनानी फिजियोलॉजिस्ट)	मनाफेउल आज़ा (फ़िज़ियॉलोजी)
3	इल्मुल अदविया (मटेरिया मेडिका, फार्माकोलॉजी और फार्माकोग्नॉसी)	एमडी (इल्मुल अदविया)	माहिरे इल्मुल अदविया (यूनानी फार्माकोलॉजिस्ट)	इल्मुल अदविया (फार्माकोलॉजी)
4	इल्मुल सैदला (मटेरिया मेडिका, फार्मास्यूटिक्स और क्लिनिकल फार्मेसी)	एमडी (इल्मुल सैदला)	माहिरे इल्मुल सैदला (यूनानी फार्मास्युटिकल विशेषज्ञ)	इल्मुल सैदला (यूनानी फार्मेसी)

5	तहफ्फ़ुज़ी व समाजी तिब (यूनानी डायटेटिक्स लाइफस्टाइल मैनेजमेंट, प्रिवेंटिव मेडिसिन एंड पब्लिक हेल्थ)	एमडी (तहफ्फ़ुज़ी व समाजी तिब)	माहिरे तहफ्फ़ुज़ी व समाजी तिब (यूनानी जीवन शैली प्रबंधन, निवारक चिकित्सा और जन स्वास्थ्य विशेषज्ञ)	तहफ्फ़ुज़ी व समाजी तिब (प्रिवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन)
6	तिब्बुल क़ानून वा इल्मुल समूम (फोरेंसिक मेडिसिन और क्लिनिकल टॉक्सिकोलॉजी)	एमडी (तिब्बुल क़ानून वा इल्मुल समूम)	माहिरे तिब्बुल क़ानून वा इल्मुल समूम (यूनानी फोरेंसिक मेडिसिन विशेषज्ञ और क्लिनिकल टॉक्सिकोलॉजिस्ट)	तहफ्फ़ुज़ी वा समाजी तिब (प्रिवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन)
7	अमराज़े अतफाल (पिडियाट्रिक्स)	एमडी (अमराज़े अतफाल)	माहिरे अमराज़े अतफाल (यूनानी पिडियाट्रिशियन)	इल्मुल अतफ़ाल (पिडियाट्रिक्स)
8	मोआलाजात (मेडिसिन)	एमडी (मोआलाजात)	माहिरे मोआलाजात (यूनानी सामान्य चिकित्सा विशेषज्ञ)	मोआलाजात (मेडिसिन)
9	माहियातुल अमराज़ (पैथोलॉजी एंड लैबोरेट्री डायग्नोस्टिक्स)	एमडी (माहियातुल अमराज़)	माहिरे माहियातुल अमराज़ (यूनानी विकृति)	माहियातुल अमराज़ (पैथोलॉजी)
10	इलाज बित तदाबीर (रेजिमेनल थेरेपी)	एमडी (इलाज बित तदाबीर)	माहिरे इलाज बित तदाबीर (रेजिमेनल थेरेपी विशेषज्ञ)	इलाज बित तदाबीर (रेजिमेनल थेरेपी)
11	अमराज़े जिल्द व तज़ीनियत (डर्माटोलोजी और कॉस्मेटोलॉजी)	एमडी (अमराज़े जिल्द वा तज़ीनियत)	माहिरे अमराज़े जिल्द व तज़ीनियत (यूनानी डर्माटोलोजिस्ट और कॉस्मेटोलॉजिस्ट)	अमराज़े जिल्द व तज़ीनियत (डर्माटोलोजी और कॉस्मेटोलॉजी)
		यूनानी माहिरे जराहत (मास्टर ऑफ सर्जरी)		
12	तशरीहुल बदन (ह्यूमन एनॉटमी)	एमएस (तशरीहुल बदन)	माहिरे तशरीहुल बदन (यूनानी एनाटोमिस्ट)	तशरीहुल बदन (ह्यूमन एनॉटमी)
13	इल्मुल जराहत (सर्जरी)	एमएस (इल्मुल जराहत)	माहिरे इल्मुल जराहत (यूनानी	जराहत (सर्जरी)

			सर्जन)	
14	अमराज़े उज़्न, अनफ़ व हलक (डिज़ीज़ ऑफ़ ईयर, नोज़ एंड थ्रोट)	एमएस (अमराज़े, उज़्न, अनफ़ व हलक)	माहिरे अमराज़े उज़्न, अनफ़ व हलक (यूनानी कान, नाक और गला सर्जन)	ऐन, उज़्न, अनफ़, हलक व अस्नान (ऑप्थल्मोलॉजी, , ईयर, नोज़ , थ्रोट एंड डेंटिस्ट्री)
15	अमराज़े निस्वान वा क़बालत (गाइनेकोलॉजी एंड ऑब्सटेट्रिक्स)।	एमएस (क़बालत वा अमराज़े निस्वान)	माहिरे क़बालत वा अमराज़े निस्वान विशेषज्ञ (यूनानी ऑब्सटेट्रिक्स एंड गाइनेकोलॉजी विशेषज्ञ)	कबालत व निस्वान (ऑब्सटेट्रिक्स एंड गाइनेकोलॉजी)

अध्याय IV

स्नातकोत्तर संस्थानों के लिए न्यूनतम आवश्यक मानक जहां स्नातक पाठ्यक्रम या कार्यक्रम अस्तित्व में है

6. **सामान्य -** (1) स्नातकोत्तर कार्यक्रम के साथ-साथ स्नातक डिग्री कार्यक्रम चलाने के लिए संबंधित विषय में एक स्वतंत्र स्नातकोत्तर विभाग होगा।

(2) स्नातक कार्यक्रम और स्नातकोत्तर कार्यक्रम दोनों का संचालन करने वाला कॉलेज या संस्थान भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (स्नातकीय यूनानी महाविद्यालयों और संबद्ध शिक्षण अस्पतालों के लिए न्यूनतम आवश्यक मानक, आकलन और रेटिंग) विनियम, 2023 में यथा निर्दिष्ट बुनियादी ढांचे, मानव संसाधन और कार्यक्षमता उपकरण और सहायक उपकरणों के संदर्भ में सभी न्यूनतम आवश्यक मानकों को पूरा करेगा। यह इन विनियमों में उल्लिखित छात्र ग्रहण क्षमता और न्यूनतम आवश्यक मानकों के अनुसार होगा, जिसमें स्नातकोत्तर संस्थान और संबंधित स्नातकोत्तर विभाग के लिए निर्दिष्ट अतिरिक्त आवश्यकताएं शामिल हैं जहां स्नातकोत्तर कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

(3) अधिनियम की धारा 28 की उपधारा (1) के खंड (एफ) के तहत भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन एवं रेटिंग बोर्ड द्वारा स्नातक संस्थान के खिलाफ की गई किसी भी कार्रवाई के मामले में, इसी तरह की कार्रवाई संबंधित स्नातकोत्तर विभाग या कार्यक्रम पर लागू होगी।

(4) यदि कोई स्नातकोत्तर विभाग इन विनियमों में निर्दिष्ट अतिरिक्त न्यूनतम आवश्यक मानकों को बनाए रखने में विफल रहता है, तो भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड संबंधित स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम में प्रवेश की अनुमति देने से इनकार कर देगा या अधिनियम की धारा 28 की उपधारा (1) का खंड (एफ) के अनुसार उपाय करेगा।

7. **स्नातकोत्तर शिक्षण और प्रशिक्षण के लिए विभाग-वार अतिरिक्त आवश्यकताएँ: -** भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (स्नातकीय यूनानी महाविद्यालयों और संबद्ध शिक्षण अस्पतालों के लिए न्यूनतम आवश्यक मानक, आकलन और रेटिंग) विनियम, 2023 के अंतर्गत उल्लिखित आवश्यकता के अतिरिक्त, नीचे दी गई आधारभूत

सुविधाओं को प्रत्येक स्नातकोत्तर विभाग में भी बनाए रखा जाएगा जहां एक स्नातकोत्तर कार्यक्रम आयोजित किया जाता है:

(i) कुल्लियात के स्नातकोत्तर विभाग (बेसिक प्रिंसिपल ऑफ़ यूनानी मेडिसिन) के पास अरबी, फारसी, उर्दू या अंग्रेजी और अन्य भाषाओं के लिए स्नातक के लिए पहले से मौजूद भाषा प्रयोगशाला में स्नातकोत्तर स्तर पर उन्नत सुविधाएं होंगी। मौजूदा स्नातक भाषा प्रयोगशाला को स्वीकृत छात्र प्रवेश क्षमता के अनुसार प्रतिवर्ष 1:1 के अनुपात में स्नातकोत्तर छात्रों के लिए अतिरिक्त कंप्यूटर सिस्टम उपलब्ध कराए जाएंगे। इस स्नातकोत्तर विभाग के लिए आवश्यक न्यूनतम क्षेत्र पचास वर्ग मीटर होगा।

(ii) तशरीहुल बदन (ह्यूमन एनॉटमी) के स्नातकोत्तर विभाग को त्रिआयामी वर्चुअल विच्छेदन टेबल और ई-विच्छेदन सॉफ्टवेयर प्रदान किया जाएगा। यह विभाग जराहत (सर्जरी) और कबालत व निस्वान (ऑब्सटेट्रिक्स एंड गाइनेकोलॉजी) स्नातकोत्तर छात्रों के लिए कैडवेरिक सर्जरी के माध्यम से सर्जिकल तकनीकों के अभ्यास की सुविधा भी प्रदान करेंगे। इस स्नातकोत्तर विभाग के लिए आवश्यक न्यूनतम क्षेत्र पचास वर्ग मीटर होगा।

(iii) मनाफेउल आज़ा (फ़िज़ियॉलोजी) के स्नातकोत्तर विभाग में डिजिटल स्पाइरोमेट्री, पर्सनालिटी अस्सेस्मेंट स्केल, ट्राइकोस्कोप, डिजिटल स्किनफोल्ड कैलिपर, ऊंचाई, वजन के लिए ऑटो मापने के उपकरण और बॉडी मास इंडेक्स कैलकुलेटर और नब्ज़ रिकॉर्डिंग इक्विपमेंट (यूनानी संबंधित यदि कोई) और प्रासंगिक सॉफ्टवेयर होंगे और जैव पाठ्यक्रम की आवश्यकता के अनुसार स्नातकोत्तर स्तर पर उन्नत सुविधाओं वाला बायोकेमिस्ट्री के लिए आवश्यक सामान होगा। इस स्नातकोत्तर विभाग के लिए आवश्यक न्यूनतम क्षेत्र पचास वर्ग मीटर होगा।

(iv) इल्मुल अदविया (फार्माकोलॉजी) के स्नातकोत्तर विभाग में **पहली अनुसूची** के अनुसार फाइटोकेमिस्ट्री प्रयोगशाला और उपयुक्त उपकरण और सहायक उपकरण होंगे और फाइटो कैमिस्ट्री प्रयोगशालाऔर ग्रीन हाउस के लिए न्यूनतम अपेक्षित क्षेत्र 50 वर्गमीटर होगा ।

(v) इल्मुल सैदला (यूनानी फार्मेसी) के स्नातकोत्तर विभाग में पेट्रोग्राफिक माइक्रोस्कोप, प्रोग्रामेबल मफल फर्नेस, उन्नत और उन्नत सुविधाएं होंगी, इसके अलावा स्नातक के लिए पहले से मौजूद गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशाला में स्नातकोत्तर प्रशिक्षण और अनुसंधान के लिए **पांचवीं अनुसूची** के अनुसार उन्नत सुविधाएं होंगी। इस स्नातकोत्तर विभाग के लिए आवश्यक न्यूनतम क्षेत्र पचास वर्ग मीटर होगा।

(vi) माहियातुल अमराज़ (पैथोलॉजी) स्नातकोत्तर विभाग में **दूसरी अनुसूची** के अनुसार मॉलिक्यूलर बायोलॉजी लेबोरेटरी और उन्नत निदान सुविधाएं होंगी और मॉलिक्यूलर बायोलॉजी लेबोरेटरी के लिए न्यूनतम आवश्यक क्षेत्र 60 वर्गमीटर होगा। इस स्नातकोत्तर विभाग के लिए आवश्यक न्यूनतम क्षेत्र पचास वर्ग मीटर होगा मॉलिक्यूलर बायोलॉजी लेबोरेटरी के लिए, यह पचास वर्ग मीटर होगा।

(vii) तहफ्फुज़ी व समाजी तिब (प्रिवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन) विभाग के अंतर्गत तहफ्फुज़ी व समाजी तिब (यूनानी डायटेटिक्स, लाइफस्टाइल मैनेजमेंट, प्रिवेंटिव मेडिसिन एंड पब्लिक हेल्थ) में स्नातकोत्तर कार्यक्रम या विशेषता: (ए) तहफ्फुज़ी व समाजी तिब में स्नातकोत्तर कार्यक्रम या विशेषज्ञता में स्नातकोत्तर शिक्षकों और स्नातकोत्तर छात्रों के लिए न्यूनतम पचास विषय या व्यक्ति प्रति दिन के साथ एक विशेष बाह्य रोगी विभाग (एक लधु योग और रियाजत कक्ष के साथ) होगा। क्षेत्र के दौरे के लिए विशेष विभागीय वाहन, स्नातक के लिए पहले से मौजूद पोषण प्रयोगशाला में स्नातकोत्तर प्रशिक्षण और अनुसंधान के लिए उन्नत सुविधाएं, चिकित्सालय में सामान्य व्यक्तियों के लिए कायाकल्प प्रक्रियाओं और रियाज़त को प्रशासित करने की सुविधाएं इस विभाग के लिए उपलब्ध कराई जाएंगी; इस स्नातकोत्तर विभाग के लिए आवश्यक स्थान न्यूनतम पचास वर्ग मीटर होगा, और तहफ्फुज़ी व समाजी तिब (यूनानी डायटेटिक्स लाइफस्टाइल मैनेजमेंट, प्रिवेंटिव मेडिसिन और पब्लिक हेल्थ) बाह्य रोगी विभाग के लिए न्यूनतम पच्चीस वर्ग मीटर होगा।

(बी) तहफ्फुज़ी व समाजी तिब (प्रिवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन) विभाग के अंतर्गत तिब्बुल क़ानून व इल्मुल समूम में स्नातकोत्तर कार्यक्रम या विशेषज्ञता के लिए तिब्बुल क़ानून व इल्मुल समूम (फोरेंसिक मेडिसिन और क्लिनिकल टॉक्सिकोलॉजी) प्रैक्टिकल प्रयोगशाला में जहर का पता लगाने की उन्नत सुविधा होगी। मोआलाजात (मेडिसिन) अंत:रंग रोगी विभाग में स्नातकोत्तर शिक्षकों और स्नातकोत्तर छात्रों के लिए इल्मुल समूम (क्लीनिकल टॉक्सिकोलॉजी) नाम से एक विशेष बाह्य रोगी विभाग, जिसमें प्रति दिन न्यूनतम तीस मरीज और 1:4 के छात्र-बिस्तर अनुपात (अर्थात, एक छात्र के लिए चार बिस्तर) और अतिरिक्त अंत:रंग रोगी विभाग के बेड उपलब्ध

करायें जाऐंगे। वार्ड में बैठने की व्यवस्था और रात्रि ड्यूटी स्नातकोत्तर छात्रों के लिए आवास उपलब्ध कराया जाएगा। मोआलाजात (मेडिसिन) अंतरंग रोगी विभाग में औसत भरे हुए बिस्तर साठ प्रतिशत से कम नहीं होंगे। इस स्नातकोत्तर विभाग के लिए आवश्यक न्यूनतम क्षेत्र पचास वर्ग मीटर होगा। तिब्बुल क़ानून व इल्मुल समूम (फोरेंसिक मेडिसिन एंड क्लिनिकल टॉक्सिकोलॉजी) बाह्य रोगी विभाग के लिए आवश्यक न्यूनतम क्षेत्र पच्चीस वर्ग मीटर होगा।

(viii) मोआलाजात स्नातकोत्तर विभाग (मेडिसिन) में स्नातकोत्तर शिक्षकों और स्नातकोत्तर छात्रों के लिए एक विशेष बाह्य-रोगी विभाग होगा, जिसमें प्रति दिन न्यूनतम 60 मरीज होंगे और 1:4 के छात्र-बिस्तर अनुपात में (अर्थात) एक छात्र के लिए चार बिस्तर) अतिरिक्त अंतरंग रोगी विभाग के बिस्तर होंगे । वार्ड में बैठने की व्यवस्था होगी और रात्रि ड्यूटी स्नातकोत्तर छात्रों के लिए आवास उपलब्ध कराया जाएगा। मोआलाजात अंतरंग रोगी विभाग में औसत भरे हुए बिस्तर साठ प्रतिशत से कम नहीं होंगे। स्नातकोत्तर शिक्षण विभाग के लिए आवश्यक स्थान न्यूनतम पच्चीस वर्ग मीटर होगा और मोआलाजत (मेडिसिन) बाह्य रोगी विभाग के लिए यह न्यूनतम पच्चीस वर्ग मीटर होगा।

(ix) इलाज बित तदाबीर (रेजिमेनल थेरेपी) स्नातकोत्तर विभाग में स्नातकोत्तर शिक्षकों और स्नातकोत्तर छात्रों के लिए एक विशेष बाह्य रोगी विभाग (एक अटैच्ड माइनर थेरेपी और प्रोसीजर रूम) होगा, 1:4 के छात्र-बिस्तर अनुपात में (अर्थात एक छात्र के लिए चार बिस्तर) अंतरंग रोगी विभाग के अतिरिक्त बिस्तर होंगे। वार्ड में बैठने की व्यवस्था होगी और रात्रि ड्यूटी स्नातकोत्तर छात्रों के लिए आवास उपलब्ध कराया जाएगा। इलाज बित तदाबीर (रेजिमेनल थेरेपी) अंतरंग रोगी विभाग में औसत भरे हुए बिस्तर साठ प्रतिशत से कम नहीं होंगे। चिकित्सालय में पूर्ण रूप से स्थापित फिजियोथेरेपी सुविधा इस विभाग में भी होगी। स्नातकोत्तर शिक्षण विभाग के लिए आवश्यक स्थान न्यूनतम पच्चीस वर्ग मीटर होगा, और एक माइनर चिकित्सा या प्रोसीजर कक्ष से जुड़े इलाज बित तदाबीर (रेजिमेंनल थेरेपी) के बाह्य रोगी विभाग के लिए जगह की न्यूनतम आवश्यकता पचास वर्ग मीटर होगी।

(x) ऐन, उज़्न, अनफ़, हलक व अस्नान स्नातकोत्तर विभाग (ऑप्थल्मोलॉजी, ईयर नोज़ , थ्रोट एंड डेंटिस्ट्री) में स्नातकोत्तर शिक्षकों और स्नातकोत्तर छात्रों के लिए एक विशेष बाह्य-रोगी विभाग जिसका नाम अमराज़े ऐनउज़्न, अनफ़, व हलक (ईयर नोज़ , एंड थ्रोट मेडिसिन) एक अटैच्ड माइनर थेरेपी और प्रोसीजर रूम के साथ होगा, जिसमें उन्नत नैदानिक सुविधाएं और 1:4 के छात्र-बिस्तर अनुपात में (अर्थात एक छात्र के लिए चार बिस्तर) अंत:रोगी विभाग के अतिरिक्त बिस्तर होंगे । वार्ड में बैठने की व्यवस्था होगी और रात्रि ड्यूटी स्नातकोत्तर छात्रों के लिए आवास उपलब्ध कराया जाएगा। ऐन, उज़्न, अनफ़, हलक व अस्नान (ऑप्थल्मोलॉजी, ईयर नोज़ , थ्रोट एंड डेंटिस्ट्री) अंतरंग रोगी विभाग में औसत बिस्तर अधिभोग साठ प्रतिशत से कम नहीं होगा। स्नातकोत्तर शिक्षण विभाग के लिए आवश्यक स्थान न्यूनतम पच्चीस वर्ग मीटर होगा और बाह्य रोगी विभाग (अमराज़े ऐनउज़्न, अनफ़, व हलक (ईयर नोज़ , एंड थ्रोट मेडिसिन) (एक अटैच्ड माइनर थेरेपी और प्रोसीजर रूम) के लिए न्यूनतम पचास वर्ग मीटर होगा। यह बाह्य रोगी विभाग उज़्न, अनफ़, हलक से संबंधित रोगियों का उपचार करेगा, लेकिन ऐन और अस्नान से संबंधित प्रकरणों को नहीं संभालेगा।

(xi) जराहत (सर्जरी) स्नातकोत्तर विभाग में स्नातकोत्तर शिक्षकों और स्नातकोत्तर छात्रों के लिए एक विशेष बाह्य रोगी विभाग (एक अटैच्ड माइनर थेरेपी और प्रोसीजर रूम के साथ) होगा, जिसमें प्रति दिन न्यूनतम साठ रोगियों के साथ उन्नत नैदानिक सुविधाएं होंगी और 1:4 के छात्र-बिस्तर अनुपात में (अर्थात एक छात्र के लिए चार बिस्तर) अतिरिक्त अंत:रोगी विभाग के बिस्तर होंगे। वार्ड में बैठने की व्यवस्था होगी और रात्रि ड्यूटी स्नातकोत्तर छात्रों के लिए आवास उपलब्ध कराया जाएगा। जराहत (सर्जरी) अंत:रोगी विभाग में औसत भरे हुए बिस्तर साठ प्रतिशत से कम नहीं होंगे। स्नातकोत्तर शिक्षण विभाग के लिए आवश्यक स्थान न्यूनतम पच्चीस वर्ग मीटर होगा, और बाह्य रोगी विभाग (एक अटैच्ड माइनर थेरेपी और प्रोसीजर रूम) के लिए, यह न्यूनतम पचास वर्ग मीटर होगा।

(xii) कबालत व निस्वान (ऑब्सटेट्रिक्स एंड गाइनेकोलॉजी) के स्नातकोत्तर विभाग में स्नातकोत्तर शिक्षकों और स्नातकोत्तर छात्रों के लिए एक विशेष बाह्य रोगी विभाग कबालत व निस्वान (ऑब्सटेट्रिक्स एंड गाइनेकोलॉजी) से संबंधित प्रक्रियात्मक उपचार और नैदानिक प्रक्रियाओं के संचालन के लिए एक एग्जामिनेशन कम प्रोसीजर रूम के साथ अटैच्ड)) होगा, जिसमें प्रतिदिन न्यूनतम साठ रोगी होंगे, कबालत व निस्वान (ऑब्सटेट्रिक्स एंड गाइनेकोलॉजी) के लिए एक विशेष ऑपरेशन थियेटर होगा। कबालत व निस्वान (ऑब्सटेट्रिक्स एंड गाइनेकोलॉजी) से संबंधित प्रक्रियात्मक उपचार और नैदानिक प्रक्रियाओं को पूरा करने के लिए अतिरिक्त प्रोसीजर रूम होगा; 1:4 के छात्र-बिस्तर अनुपात (अर्थात एक छात्र के लिए चार बिस्तर) में अतिरिक्त अंतरंग रोगी विभाग के बिस्तर उपलब्ध कराए जाएंगे। वार्ड में बैठने की व्यवस्था होगी और रात्रि ड्यूटी स्नातकोत्तर छात्रों के लिए आवास उपलब्ध कराया जाएगा। कबालत व निस्वान (ऑब्सटेट्रिक्स एंड गाइनेकोलॉजी) अंतरंग रोगी विभाग में औसत भरे हुए बिस्तर साठ प्रतिशत से कम नहीं होंगे। प्रसूति कक्ष में प्रति माह न्यूनतम दस प्रसव कराए जाएंगे। स्नातकोत्तर शिक्षण विभाग के लिए आवश्यक क्षेत्र न्यूनतम पच्चीस वर्ग मीटर होगा, और बाह्य रोगी विभाग (अटैच्ड विथ एग्जामिनेशन कम प्रोसीजर रूम) न्यूनतम पचास वर्ग मीटर होगा।

(xiii) (ए.) इल्मुल अतफ़ाल (पिडियाट्रिक्स) स्नातकोत्तर विभाग में स्नातकोत्तर शिक्षकों और स्नातकोत्तर छात्रों के लिए एक विशेष बहिरंग रोगी विभाग होगा, जिसमें प्रति दिन न्यूनतम साठ रोगी होंगे, 1:4 के छात्र-बिस्तर अनुपात में अर्थात (एक छात्र के लिए चार बिस्तर) अतिरिक्त अंत:रोगी विभाग के बिस्तर होंगे। वार्ड में बैठने की व्यवस्था होगी और रात्रि ड्यूटी स्नातकोत्तर छात्रों के लिए आवास उपलब्ध कराया जाएगा। इल्मुल अतफ़ाल (पिडियाट्रिक्स) अंत:रोगी विभाग में सामान्य भरे हुए बिस्तर साठ प्रतिशत से कम नहीं होंगे। इस विभाग में टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। स्नातकोत्तर शिक्षण विभाग के लिए आवश्यक स्थान न्यूनतम पच्चीस वर्ग मीटर होगा, और अमराज़े अतफाल (पिडियाट्रिक्स) बाह्य रोगी विभाग के लिए, यह न्यूनतम पच्चीस वर्ग मीटर भी होगा।

(बी) बाह्य रोगी विभाग को एक बाल चिकित्सा कान-नाक-गले की किट, कैलिपर फॉर मेजरिंग स्किनफोल्ड थिकनेस, टेप फॉर मेजरिंग मिड आर्म एंड हेड सरकमफेरेंसेस, मैग्नीफाइंग लेंस फॉर स्किन एग्जामिनेशन, एक रेक्टल थर्मामीटर, और विभिन्न रंगों, आकारों, रोशनी और ध्वनियों के खिलौने प्रदान किए जाएंगे।

(सी) इल्मुल अतफ़ाल (पिडियाट्रिक्स)बाह्य रोगी विभाग के समीप स्तनपान के लिए एक सीमांकित क्षेत्र उपलब्ध कराया जाएगा।

(डी) अस्पताल में नवजात देखभाल कक्ष इल्मुल अतफ़ाल विभाग के तहत कार्य करेगा। यदि संस्थान अमराज़े निस्वान वा क़बालत (गाइनेकोलॉजी एंड ऑब्सटेट्रिक्स) में स्नातकोत्तर कार्यक्रम आयोजित कर रहा है, तो लेबर रूम से जुड़ा नवजात देखभाल कक्ष जो पहले से मौजूद है या अस्पताल में काम कर रहा है (उप-खंड (ii) के अनुसार उप-विनियमन (सी) एनसीआईएसएम-यूजी एमईएस विनियम, 2023 में निर्दिष्ट विनियमन 14 के उप-विनियमन (6) के)) को नवजात गहन देखभाल इकाई के रूप में अपग्रेड किया जाएगा जैसे (i) (रेडिएंट वार्मर विथ ओपन केयर एक्सेस, मल्टी-चैनल मॉनिटर, टाइम सेंसर, हीट सेंसर, आक्सीजन, और सक्शन सुविधा, और एडजस्टेबल बेबी टिल्ट; (ii) फोटोथेरेपी यूनिट विद टू सरफेस, तीन से चार सरफेस तक विस्तार योग्य (iii) इन्फ्यूजन पंप (दो); (iv) इंट्रा-वेनस कैनुलेशन, ब्लड सैंपलिंग (v) सतत पॉजिटिव एयरवे प्रेशर (vi) वार्म चैन बॉक्स फॉर बेबी ट्रांसपोर्ट। आदि।

(ई) इस स्नातकोत्तर विभाग के साथ संस्थान नर्सरी से दसवीं कक्षा तक स्कूली शिक्षा वाले कम से कम दो स्कूलों को अपनाएगी। विभाग समय-समय पर स्वास्थ्य, विकास और मनोवैज्ञानिक विकास का आकलन करने के लिए एक 'बाल विकास क्लिनिक' चलाएगा। बच्चे के उचित स्वास्थ्य रिकॉर्ड के साथ प्रति वर्ष कम से कम दो ऐसे आकलन किए जाएंगे। बाल विकास क्लिनिक के लिए न्यूनतम स्थान की आवश्यकता पच्चीस वर्ग मीटर होगी।

(xiv) अमराज़े जिल्द व तज़ीनियत (डर्माटोलोजी और कॉस्मेटोलॉजी) के स्नातकोत्तर विभाग में स्नातकोत्तर शिक्षकों और स्नातकोत्तर छात्रों के लिए एक बहिरंग रोगी विभाग होगा जिसमें प्रति दिन न्यूनतम साठ रोगी देखे जाऐंगे और 1:4 के छात्र-बिस्तर अनुपात में (अर्थात एक छात्र के लिए चार बिस्तर) अतिरिक्त अंतरंग रोगी विभाग बिस्तर होंगे। वार्ड में बैठने की व्यवस्था होगी और रात्रि ड्यूटी स्नातकोत्तर छात्रों के लिए आवास उपलब्ध कराया जाएगा। अमराज़े जिल्द वा तज़ीनियात (डर्माटोलोजी और कॉस्मेटोलॉजी) अंतरंग रोगी विभाग में औसत बिस्तर अधिभोग साठ प्रतिशत से कम नहीं होगा। "स्नातकोत्तर शिक्षण विभाग के लिए आवश्यक स्थान न्यूनतम पच्चीस वर्ग मीटर होगा, और बाह्य रोगी विभाग न्यूनतम पच्चीस वर्ग मीटर होगा।

(xv) (ए) प्रत्येक स्नातकोत्तर संस्थान उनके द्वारा प्रदान किए जाने वाले स्नातकोत्तर कार्यक्रमों का विचार किए बिना, शोध प्रबंध या अनुसंधान गतिविधियों को सपोर्ट करने, समन्वय, आकलन और मार्गदर्शन करने के लिए इंटीग्रेटिव और ट्रांसलेशनल रिसर्च विभाग की स्थापना करेगा।

(बी) "यह विभाग गाइड आवंटन प्रक्रिया, आपात स्थिति के प्रकरण में वैकल्पिक गाइड की व्यवस्था, अनुसंधान गतिविधियों की निगरानी करेगा और इसी प्रकार की गतिविधियों का समन्वय करेगा;

(सी) केन्द्रीय अनुसंधान प्रयोगशाला, गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशाला, एनिमल हाउस एंड एक्सपैरिमेंटेशन लैबोरेट्री, नैदानिक अनुसंधान प्रकोष्ठ और साहित्यिक चोरी जांच कक्ष, जैसा लागू हो, इस विभाग के अधीन कार्य करेंगे;

(डी) संस्थागत अनुसंधान समिति, मानव विषयों के लिए संस्थागत आचार समिति, संस्थागत पशु आचार समिति और इसी प्रकार की अन्य अनुसंधान समितियां इस विभाग के अधीन कार्य करेंगी;

(ई) "विभाग को पर्याप्त शिक्षण और गैर-शिक्षण स्टॉफ उपलब्ध कराया जाएगा, और इन नियमों में निर्दिष्ट अनुसार बैठने की व्यवस्था और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

(एफ) इस विभाग के लिए आवश्यक न्यूनतम क्षेत्र पचहत्तर वर्ग मीटर होगा।

(xvi) (ए) प्रत्येक स्नातकोत्तर संस्थान में स्नातकोत्तर छात्रों द्वारा विभिन्न अनुसंधान प्रयोगों को करने के लिए **तीसरी अनुसूची** के अनुसार उन्नत अनुसंधान सुविधाओं के साथ एक केंद्रीय अनुसंधान प्रयोगशाला होगी;

(बी) केंद्रीय अनुसंधान प्रयोगशाला के लिए अपेक्षित न्यूनतम क्षेत्र एक सौ पचास वर्ग मीटर होगा और केंद्रीय अनुसंधान प्रयोगशाला के लिए मानव संसाधन इन विनियमों में निर्दिष्ट के रूप में उपलब्ध कराए जाएंगे;

(सी) "किसी भी विभाग से एक संकाय सदस्य जो प्रयोगशाला और विश्लेषणात्मक उपकरणों से भली भांति परिचित है, केंद्रीय अनुसंधान प्रयोगशाला का प्रभारी होगा। यह प्रयोगशाला डिपार्टमेंट ऑफ़ इंटीग्रेटिव हेल्थ एंड ट्रांसलेशनल रिसर्च के अंतर्गत कार्य करेगी, जिसमें डिपार्टमेंट ऑफ़ इंटीग्रेटिव हेल्थ एंड ट्रांसलेशनल रिसर्च के प्रोफेसर सह प्रमुख केंद्रीय अनुसंधान प्रयोगशाला के प्रमुख के रूप में कार्य करेंगे।

(xvii) (ए) उन्नत गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशाला जैसा कि (v) में उल्लिखित है, इल्मुल अदविया और इल्मुल सैदला में स्नातकोत्तर कार्यक्रम के लिए एक सामान्य सुविधा के रूप में उपलब्ध कराई जाएगी।

(बी) इस प्रयोगशाला स्नातकोत्तर शिक्षण, प्रशिक्षण और अनुसंधान के लिए इन विनियमों की **पांचवीं अनुसूची** में उल्लिखित उपकरणों और उपकरणों के साथ-साथ भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (स्नातकीय यूनानी महाविद्यालयों और संबद्ध शिक्षण अस्पतालों के लिए न्यूनतम आवश्यक मानक, आकलन और रेटिंग) विनियम, 2023 की अनुसूची XI के 'बी' के तहत निर्दिष्ट बुनियादी ढांचे, सुविधाओं, उपकरणों, उपकरणों आदि को पूरा करेगी;

(सी) यह डिपार्टमेंट ऑफ़ इंटीग्रेटिव हेल्थ एंड ट्रांसलेशनल रिसर्च के अंतर्गत कार्य करेगा और डिपार्टमेंट ऑफ़ इंटीग्रेटिव हेल्थ एंड ट्रांसलेशनल रिसर्च के प्रोफेसर सह प्रमुख गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशाला के प्रमुख होंगे। इल्मुल अदविया या इल्मुल सैदला विभाग के संकाय सदस्य गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशाला के प्रभारी होंगे।

(xviii) (ए) अनुमोदित एनिमल हाउस एंड एक्सपैरिमेंटेशन लैबोरेट्री को इल्मुल अदविया (फार्माकोलॉजी), इल्मुल सैदला (यूनानी फार्मेसी), तहफ्फुजी वा समाजी तिब (प्रिवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन) विभागों और कुल्लियात (बेसिक प्रिंसिपल ऑफ़ यूनानी मेडिसिन) के लिए स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम के लिए कॉमन फैसिलिटी बनाया जाएगा और एनिमल हाउस एंड एक्सपैरिमेंटेशन लैबोरेट्री के लिए आवश्यक न्यूनतम क्षेत्र दो सौ पचास वर्ग मीटर होगा;

(बी) इसके पास संबंधित अधिकारियों से उचित अनुमति या अनुमोदन होगा, और चौथी अनुसूची के अनुसार, प्रभावी कामकाज के लिए पर्याप्त बुनियादी ढांचे, सुविधाएं, मानव संसाधन प्रदान किए जाएंगे;

(सी) इल्मुल अदविया (फार्माकोलॉजी), इल्मुल सैदला (यूनानी फार्मेसी), तहफ्फुज़ी व समाजी तिब (प्रिवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन), और कुल्लियात (बेसिक प्रिंसिपल ऑफ़ यूनानी मेडिसिन) विभाग के संकाय सदस्य एनिमल हाउस एंड एक्सपैरिमेंटेशन लैबोरेट्री के प्रभारी होंगे। ये सुविधाएं डिपार्टमेंट ऑफ़ इंटीग्रेटिव हेल्थ एंड ट्रांसलेशनल रिसर्च के अंतर्गत कार्य करेंगी, और इस विभाग के प्रोफेसर-सह-प्रमुख एनिमल हाउस एंड एक्सपैरिमेंटेशन लैबोरेट्री के प्रमुख होंगे।

(xix) नैदानिक अनुसंधान कार्यकलापों के समन्वय के लिए अस्पताल में एक नैदानिक अनुसंधान प्रकोष्ठ होगा। नैदानिक अनुसंधान प्रकोष्ठ के लिए स्थान की न्यूनतम आवश्यकता पचास वर्ग मीटर होगी और मानव संसाधन इन विनियमों में उल्लिखित अनुसार होगा। नैदानिक अनुसंधान में स्नातकोत्तर डिग्री या डिप्लोमा या सार्वजनिक स्वास्थ्य में मास्टर डिग्री के साथ यूनानी स्नातक (बी.यू.एम.एस.) नैदानिक अनुसंधान सेल के समन्वयक होंगे। सेल डिपार्टमेंट ऑफ़ इंटीग्रेटिव हेल्थ एंड ट्रांसलेशनल रिसर्च के अंतर्गत कार्य करेगा और डिपार्टमेंट ऑफ़ इंटीग्रेटिव हेल्थ एंड ट्रांसलेशनल रिसर्च के प्रोफेसर सह प्रमुख नैदानिक अनुसंधान सेल के प्रमुख होंगे;

(xx) प्रत्येक स्नातकोत्तर संस्थान में एक साहित्यिक चोरी जांच सेल होगा, जो एक कंप्यूटर, प्रिंटर, इंटरनेट और साहित्यिक चोरी की जांच के लिए उपयुक्त सॉफ्टवेयर से लैस होगा। साहित्यिक चोरी की जाँच में प्रशिक्षित एक शिक्षण संकाय सदस्य, जिसे संस्थान के प्रमुख द्वारा नामित किया जाता है, इस प्रकोष्ठ के समन्वयक के रूप में कार्य करेगा। "यह डिपार्टमेंट ऑफ़ इंटीग्रेटिव हेल्थ एंड ट्रांसलेशनल रिसर्च के अंतर्गत कार्य करेगा, जिसमें प्रोफेसर सह विभाग प्रमुख साहित्यिक चोरी जांच सेल के प्रमुख के रूप में कार्य करेंगे।

(xxi) (ए) " माहियातुल अमराज़ (पैथोलॉजी) विभाग में स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम के मामले में, स्नातकोत्तर छात्र अपने प्रशिक्षण, शोध प्रबंध या शोध कार्य के लिए अस्पताल के बाह्य रोगी विभागों, अंतः रोगी विभागों और नैदानिक क्षेत्र का उपयोग या सहयोग कर सकते हैं।

(बी) माहियातुल अमराज़ (पैथोलॉजी) विभाग के प्रमुख, या संस्थान के प्रमुख द्वारा नामित विभाग के एक संकाय सदस्य को यूनानी सिद्धांतों के संदर्भ में शिक्षण और प्रशिक्षण की सीमा तक नैदानिक जांच या परीक्षणों पर हस्ताक्षर करने और प्रमाणित करने के लिए अधिकृत होंगे।

(xxii) तहफ्फुज़ी व समाजी तिब (प्रिवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन) में स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम के स्नातकोत्तर छात्र अपने प्रशिक्षण, सर्वेक्षण और निबंध या शोध कार्य अस्पताल के बाह्य रोगी विभागों, आंतरिक रोगी विभागों, योग और रियाज़त अनुभाग का उपयोग या सहयोग कर सकते हैं।

8. **संस्थान के अन्य अनुभागों या इकाइयों में न्यूनतम आवश्यक मानकों की अतिरिक्त आवश्यकता.-** (1) स्नातकोत्तर क्लॉसरूम- संबंधित स्नातकोत्तर विभाग के निकट प्रत्येक स्नातकोत्तर कार्यक्रम के लिए न्यूनतम दो क्लॉसरूम (सूचना और संचार प्रौद्योगिकी सक्षम स्मार्ट कलॉसरूम) होंगी बैठने की पर्याप्त व्यवस्था के साथ निर्मित क्षेत्र चालीस वर्ग मीटर से कम नहीं होना चाहिए।

(2) स्नातकोत्तर सेमिनार हॉल.- (ए) प्रत्येक स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम या विशेषता के लिए एक सेमिनार हॉल होगा जिसमें बीस प्रतिशत बैठने की क्षमता के साथ प्रति छात्र अठारह वर्ग फुट का न्यूनतम निर्मित क्षेत्र होगा। कुल स्नातकोत्तर छात्रों के अलावा (यानी, उस विशेष स्नातकोत्तर विभाग या विशेषता या कार्यक्रम के तीन साल के सभी छात्र);

(बी) संस्थान की सभी स्नातकोत्तर विशिष्टताओं या कार्यक्रमों के सभी तीन बैचों के स्नातकोत्तर छात्रों की संख्या के लिए बीस प्रतिशत अतिरिक्त बैठने की क्षमता वाला (प्रति छात्र $6^{1/2}$ साढ़े छह वर्गमीटर न्यूनतम एक कॉमन सेमिनार हॉल होगा ।

(सी) स्नातकोत्तर सेमिनार हॉल में बैठने की उपयुक्त व्यवस्था और उपयुक्त ऑडियो-विज़ुअल (सूचना संप्रेषण प्रौद्योगिकी सक्षम) सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा।

(3) केंद्रीय पुस्तकालय.- (ए) केंद्रीय पुस्तकालय में स्नातकोत्तर छात्र प्रवेश क्षमता (1:2 वार्षिक प्रवेश क्षमता के प्रत्येक दो स्नातकोत्तर छात्रों के लिए एक सीट) के अनुसार बैठने की अतिरिक्त व्यवस्था प्रदान की जाएगी।

(बी) स्नातक कार्यक्रम के लिए पुस्तकों की कुल संख्या के अतिरिक्त, प्रत्येक स्नातकोत्तर विभाग या कार्यक्रम या विशेषता के लिए न्यूनतम दो सौ अतिरिक्त पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएंगी। ये अतिरिक्त पुस्तकें स्नातकोत्तर विभाग या कार्यक्रम या विशेषता के लिए ही विशेष रुप से होगी और अलग अलमारियों में रखी जाएंगी; कम से कम दस प्रतिशत पुस्तकों की वार्षिक वृद्धि होगी।

(सी) स्नातक कार्यक्रम के लिए निर्दिष्ट पत्रिकाओं के अतिरिक्त, स्नातकोत्तर कार्यक्रम या विशेषता के लिए विशेष रुप से न्यूनतम चार इनडैक्स पत्रिकाएं प्रत्येक स्नातकोत्तर विभाग के लिए केंद्रीय पुस्तकालय में उपलब्ध कराई जाएंगी।

(4) विभागीय पुस्तकालय- (ए) प्रत्येक स्नातकोत्तर विभाग के लिए न्यूनतम एक सौ पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएंगी;

(बी) एकाधिक स्नातकोत्तर कार्यक्रमों वाला स्नातकोत्तर विभाग प्रत्येक स्नातकोत्तर कार्यक्रम या विशेषता के लिए न्यूनतम एक सौ पुस्तकें रखेगा।

(5) डिजिटल लाइब्रेरी.- (ए) स्नातकोत्तर छात्रों के लिए 1:5 के अनुपात में अतिरिक्त कंप्यूटर सिस्टम अर्थात पांच छात्रों के लिए एक कंप्यूटर सिस्टम, सभी स्नातकोत्तर कार्यक्रमों की कुल वार्षिक छात्र प्रवेश क्षमता के संबंध में प्रदान किए जाएंगे।

(बी) सॉफ्टवेयर या प्रोग्राम जैसे ग्रामरली, साहित्यिक चोरी जाँच (प्लैजरिज़म), सांख्यिकीय कार्यक्रम, साइटेशन या बिबलियोग्राफी या जनरेटर आदि डिजिटल लाइब्रेरी में उपलब्ध कराए जाएंगे।

(6) (ए) सभी स्नातकोत्तर छात्रों के लिए एक कॉमन रूम, सभी स्नातकोत्तर कार्यक्रमों की कुल वार्षिक छात्र प्रवेश क्षमता (पुरुष और महिला छात्रों के लिए अलग-अलग) के कम से कम बीस प्रतिशत की आवास क्षमता के साथ, पर्याप्त स्थान, फर्नीचर और संलग्न शौचालय सुविधाओं के साथ प्रदान किया जाएगा।

(बी) महिला स्नातकोत्तर छात्रों के लिए शौचालयों में सेनेटरी नैपकिन डिस्पेंसर और इनसिनरेटर की सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

(7) क्लिनिकल स्किल या सिमुलेशन लैब - विभाग मोआलजात (मेडिसिन), इलाज बित तदाबीर (रेजिमेनल थेरेपी), अमराज़े ज़िल्द व तज़ीनियत (डर्माटोलोजी और कॉस्मेटोलॉजी), इल्मुल अतफाल (पिडियाट्रिक्स), जराहत (सर्जरी) ऐन, उज़्न, अनफ़, हलक व अस्नान (ऑप्थल्मोलॉजी, ईयर नोज़, थ्रोट एंड डेंटिस्ट्री), क़बालत व निस्वान (ऑब्सटेट्रिक्स एंड गाइनेकोलॉजी) माहियातुल अमराज (पैथोलॉजी) जिसमें स्नातकोत्तर कार्यक्रम संचालित किया जाता है, भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (स्नातकीय यूनानी महाविद्यालयों और संबद्ध शिक्षण अस्पतालों के लिए न्यूनतम आवश्यक मानक, आकलन और रेटिंग) विनियम, 2023 में निर्दिष्ट अनुसूची XIV के अनुसार विभाग-वार सिमुलेटर या मैनिकिन के अतिरिक्त, "तहफुजी वा सामाजी तिब (प्रिवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन) स्नातकोत्तर विशेषज्ञता या तिब्बुल कानून वा इल्मुल समूम (फोरेंसिक मेडिसिन एंड क्लिनिकल टॉक्सिकोलॉजी) के कार्यक्रम के लिए इन नियमों की **छठी अनुसूची** के अनुसार विभाग-विशिष्ट मैनिकिन, सिमुलेटर और उपकरणों को बनाए रखेगा।

9. बिस्तरों की संख्या, रोगी की उपस्थिति और बिस्तर अधिभोग की आवश्यकता-

(1) (ए) भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (स्नातकीय यूनानी महाविद्यालयों और संबद्ध शिक्षण अस्पतालों के लिए न्यूनतम आवश्यक मानक, आकलन और रेटिंग) विनियम, 2023 में उल्लिखित प्रत्येक अंतरंग रोगी विभाग के लिए निर्दिष्ट बिस्तरों की संख्या के अतिरिक्त छात्र प्रवेश क्षमता के अनुसार स्नातक प्रशिक्षण के लिए, संबंधित स्नातकोत्तर विभाग अर्थात् मोआलजात (चिकित्सा), इलाज बित तदाबीर (रेजिमेनल थेरेपी), अमराज़े जिल्द व तज़ीनियत (डर्माटोलोजी और कॉस्मेटोलॉजी), इल्मुल अतफ़ाल (पिडियाट्रिक्स), जराहत (सर्जरी) ऐन, उज़्न, अनफ़, हलक व अस्नान (ऑप्थल्मोलॉजी, ईयर नोज़ , थ्रोट एंड डेंटिस्ट्री) और कबालत व निस्वान (ऑब्सटेट्रिक्स एंड गाइनेकोलॉजी, 1:4 के छात्र-बिस्तर अनुपात में अतिरिक्त बिस्तर रखेंगे;

(बी) तहफ्फुज़ी व समाजी तिब (प्रिवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन) विभाग के अंतर्गत तिब्बुल क़ानून व इल्मुल समूम (फोरेंसिक मेडिसिन और क्लिनिकल टॉक्सिकोलॉजी) की विशेषज्ञता इल्मुल समूम के रोगियों को भर्ती करने के लिए मोआलाजात अंतरंग रोगी विभाग में अतिरिक्त बिस्तर बनाए रखेगी- बिस्तर का अनुपात 1:4 होगा।

(2) (ए) संबंधित विभाग के अंतरंग रोगी विभाग में अर्थात् मोआलाजात (चिकित्सा), इलाज बित तदाबीर (रेजिमेनल थेरेपी), अमराज़े जिल्द व तज़ीनियत (डर्माटोलोजी और कॉस्मेटोलॉजी), इल्मुल अतफ़ाल (पिडियाट्रिक्स), जराहत (सर्जरी), ऐन, उज़्न, अनफ़, हलक व अस्नान (ऑप्थल्मोलॉजी, ईयर नोज़ , थ्रोट एंड डेंटिस्ट्री), और कबालत व निस्वान (ऑब्सटेट्रिक्स एंड गाइनेकोलॉजी) जिसमें पिछले एक कैलेंडर वर्ष के दौरान (लीप वर्ष के मामले में 365 दिन और 366 दिन) के दौरान स्नातकोत्तर कार्यक्रम संचालित किया गया हो में भरे हुए बेडों की संख्या साठ प्रतिशत से कम नहीं होगी। ऐसे अंतरंग रोगी विभागों में, जिनमें पिछले एक कैलेंडर वर्ष 365 लीप वर्ष के मामले 366 दिन के दौरान स्नातकोत्तर कार्यक्रम आयोजित नहीं किया गया है चालीस प्रतिशत से कम नहीं होगा;

(बी) तहफ्फुज़ी व समाजी तिब (प्रिवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन) विभाग के अंतर्गत तिब्बुल क़ानून व इल्मुल समूम (फोरेंसिक मेडिसिन और क्लिनिकल टॉक्सिकोलॉजी) की विशेषज्ञता के मोआलाजात के अंतरंग रोगी विभाग में इल्मुल समूम (क्लीनिकल टॉक्सिकोलॅजी) के रोगियों के लिए पिछले एक कैलेंडर वर्ष (365 दिन और लीप वर्ष के प्रकरण में 366 दिन) न्यूनतम वार्षिक औसत बिस्तर साठ प्रतिशत से कम नहीं होगा।

(3) भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (स्नातकीय यूनानी महाविद्यालयों और संबद्ध शिक्षण अस्पतालों के लिए न्यूनतम आवश्यक मानक, आकलन और रेटिंग) विनियम, 2023 में के अनुसरण में छात्र प्रवेश क्षमता के अनुसार औसत बाह्य रोगीयों का उपचार करेगा। हालाँकि (ए) मोआलाजत (मेडिसिन), इलाज बित तदाबीर (रेजिमेनल थेरेपी), अमराज़े जिल्द व तज़ीनियत (डर्माटोलोजी और कॉस्मेटोलॉजी), इल्मुल अतफ़ाल (पिडियाट्रिक्स), जराहत सर्जरी ऐन, उज़्न, अनफ़, हलक व अस्नान (ऑप्थल्मोलॉजी, ईयर नोज़ , थ्रोट एंड डेंटिस्ट्री) और कबालत व निस्वान (ऑब्सटेट्रिक्स एंड गाइनेकोलॉजी) में स्नातकोत्तर बाह्य रोगी विभाग में न्यूनतम बाह्य रोगी अटैंडेस, पिछले एक कैलेंडर वर्ष (300 दिन) के दौरान प्रति दिन साठ से कम मरीज नहीं रहे हों।

(बी) पिछले एक कैलेंडर वर्ष (300 दिन) के दौरान तहफ्फुज़ी व समाजी तिब (प्रिवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन) विभाग के अंतर्गत तिब्बुल क़ानून व इल्मुल समूम (फोरेंसिक मेडिसिन और क्लिनिकल टॉक्सिकोलॉजी) के स्नातकोत्तर बाह्य रोगी विभाग में न्यूनतम बाह्य रोगी उपस्थिति) प्रति दिन तीस से कम रोगी नहीं रहे होंगे;

(सी) तहफ्फुज़ी व समाजी तिब (प्रिवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन) विशेषज्ञता विभाग के तहत तहफ्फुज़ी व समाजी तिब (यूनानी डायटेटिक्स लाइफस्टाइल मैनेजमेंट, प्रिवेंटिव मेडिसिन एंड पब्लिक हेल्थ) में स्नातकोत्तर बाह्य रोगी विभाग में न्यूनतम दैनिक औसत बाह्य रोगी उपस्थिति पिछले एक कैलेंडर वर्ष (300 दिन) में प्रतिदिन पचास से कम व्यक्ति नहीं रहे होंगे।

10. **मानव संसाधन की न्यूनतम अनिवार्य आवश्यकता.-**

(1) शिक्षण स्टाफ- (ए) (i) इंटीग्रेटिव हेल्थ एंड ट्रांसलेशनल रिसर्च विभाग को छोड़कर, प्रत्येक स्नातकोत्तर विभाग, कार्यक्रम या विशेषता के लिए न्यूनतम एक प्रोफेसर, एक एसोसिएट प्रोफेसर या रीडर, और एक सहायक प्रोफेसर या व्याख्याता होगा और स्नातकोत्तर विभाग में शिक्षण स्टाफ की आवश्यकता खंड (जी) के नीचे दी गई तालिका के अनुसार होगी।

(ii) प्रोफेसर सह विभागाध्यक्ष संबंधित विषय के स्नातक और स्नातकोत्तर दोनों विभागों के लिए सामान्य हो सकता है, बशर्ते प्रोफेसर के पास संबंधित विषय में स्नातकोत्तर डिग्री हो। यदि स्नातक विभाग के प्रोफेसर के पास संबंधित विषय में स्नातकोत्तर डिग्री नहीं है, तो इन नियमों में प्रदान की गई स्नातकोत्तर योग्यता और अनुभव के साथ एक अलग प्रोफेसर स्नातकोत्तर विशेषता या कार्यक्रम के लिए आवश्यक होगा।

(iii) एसोसिएट प्रोफेसर या रीडर, और असिस्टेंट प्रोफेसर या व्याख्याता, संबंधित स्नातक विभाग के लिए प्रदान किए गए शिक्षण स्टाफ के अतिरिक्त स्नातकोत्तर विभाग के लिए अनन्य होंगे, जैसा कि भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (स्नातकीय यूनानी महाविद्यालयों और संबद्ध शिक्षण अस्पतालों के लिए न्यूनतम आवश्यक मानक, आकलन और रेटिंग) विनियम, 2023 में निर्दिष्ट किया गया है।

(iv) एक विभाग में एक से अधिक प्रोफेसर की उपलब्धता की स्थिति में, विभाग के प्रमुख का पद प्रत्येक प्रोफेसर को रोटेशन के आधार पर तीन साल की अवधि के लिए दिया जाएगा;

(V) संबंधित विषय के स्नातक विभाग और स्नातकोत्तर विभाग के बीच संकायों का दोहराव किसी भी प्रकरण में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(बी) एक ही विभाग के तहत कई स्नातकोत्तर कार्यक्रम: तहफ्फुज़ी व समाजी तिब (यूनानी डायटेटिक्स लाइफस्टाइल मैनेजमेंट, प्रिवेंटिव मेडिसिन एंड पब्लिक हेल्थ) और तहफ्फुज़ी वा इल्मुल समूम (फोरेंसिक मेडिसिन एंड क्लिनिकल टॉक्सिकोलॉजी) के प्रत्येक स्नातकोत्तर डिग्री प्रोग्राम में तहफ्फुज़ी वा समाजी तिब (प्रिवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन) के एक ही विभाग के तहत एक एसोसिएट प्रोफेसर या रीडर होगा, एनसीआईएसएम-यूजी एमईएस विनियम, 2023 में तहफ्फुज़ी वा समाजी तिब (प्रिवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन) के संबंधित स्नातक विभाग के लिए निर्दिष्ट शिक्षण स्टाफ के अलावा एक सहायक प्रोफेसर या व्याख्याता:

हालांकि, विभाग के प्रोफेसर सह प्रमुख तहफ्फुज़ी व समाजी तिब के स्नातकोत्तर विभाग के तहत स्नातक और उपर्युक्त स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रमों दोनों के लिए कॉमन हो सकते हैं, बशर्ते प्रोफेसर के पास संबंधित विषय में स्नातकोत्तर डिग्री हो। यदि स्नातक विभाग के प्रोफेसर के पास संबंधित विषय में स्नातकोत्तर डिग्री नहीं है, तो स्नातकोत्तर विभाग के लिए इन नियमों में प्रदान की गई स्नातकोत्तर योग्यता और अनुभव के साथ एक अलग प्रोफेसर की आवश्यकता होगी। वह विभाग के अंतर्गत किसी भी एक विशेषता में छात्र-गाइड अनुपात के अनुसार प्रत्येक वर्ष केवल तीन स्नातकोत्तर छात्रों के लिए पात्र होगा। एक ही विभाग में अन्य स्नातकोत्तर कार्यक्रमों या विशिष्टताओं के लिए, संस्थान में इन नियमों में उल्लिखित छात्र-गाइड अनुपात के अनुसार छात्रों को स्वीकार करने के लिए एक अतिरिक्त प्रोफेसर हो सकता है।

(सी) एक ही विभाग में ऐसे एकाधिक स्नातकोत्तर कार्यक्रम में जैसा कि (बी) में उल्लिखित है, एक ही विभाग के तहत स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के बीच शिक्षण कर्मचारियों के इंटरचेंज की अनुमति नहीं दी जाएगी और स्नातक विभाग और स्नातकोत्तर विभाग के एक ही विषय के फैकल्टीज का डुप्लीकेशन स्वीकार्य नहीं होगा।

(डी) शिक्षण स्टाफ की योग्यता और अनुभव इन विनियमों में विनियम 32 के अनुसार होगा;

(ई) (i) इंटीग्रेटिव एंड ट्रांसलेशनल रिसर्च विभाग में पूर्णकालिक, नियमित आधार पर एक प्रोफेसर होगा जैसा कि नीचे दी गई तालिका खंड (जी) में दिखाया गया है और जिसकी योग्यता और अनुभव इन विनियमों में निर्दिष्ट विनियम 32 के उप-विनियम (2) का के खंड (जी) के उपखंड (i) के अनुसार होगा)।

(ii) विभाग में बायोकैमिस्ट्री, फार्माकोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, मेडिसिनल बॉटनी या वनस्पति विज्ञान (बॉटनी) और सार्वजनिक स्वास्थ्य विषयों में पूर्णकालिक, नियमित आधार पर अतिरिक्त शिक्षण स्टाफ होगा जैसा कि नीचे दी गई तालिका में दिखाया गया है और जिनकी योग्यता और अनुभव और पदोन्नति इन विनियमों में निर्दिष्ट विनियम 32 के उप-विनियम (2) के खंड (जी) के उप-खंड (ii) के अनुसार होगी;

(ii) मोआलाजात (मेडिसिन) के स्नातकोत्तर विभाग में स्नातकोत्तर शिक्षकों और स्नातकोत्तर छात्रों के लिए एक विशेष बाह्य रोगी विभाग होगा, जिसमें प्रति दिन न्यूनतम साठ रोगी देखे जाएंगे और 1:4 के छात्र-बिस्तर अनुपात (अर्थात), एक छात्र के लिए चार बिस्तर) में अतिरिक्त अंत:-रोगी विभाग के बिस्तर होंगे । वार्ड में बैठने की व्यवस्था और रात्रि ड्यूटी स्नातकोत्तर छात्रों के लिए आवास उपलब्ध कराया जाएगा। मोआलाजात (मेडिसिन)

अंतरंग रोगी विभाग में औसत बिस्तर अधिभोग साठ प्रतिशत से कम नहीं होगा।; मोआलाजात (मेडिसिन) बाह्य रोगी विभाग के लिए आवश्यक न्यूनतम क्षेत्र पच्चीस वर्ग मीटर होगा।

(iii) इलाज बित तदाबीर (रेजिमेनल थेरेपी) के स्नातकोत्तर विभाग में स्नातकोत्तर शिक्षकों और स्नातकोत्तर छात्रों के लिए एक बाह्य-रोगी विभाग (माइनर चिकित्सा या प्रक्रिया कक्ष के साथ संलग्न) होगा, जिसमें इलाज बित तदाबीर (रेजिमेनल थेरेपी) के लिए प्रति दिन न्यूनतम साठ रोगी होंगे और इलाज बित तदाबीर (रेजिमेनल थेरेपी) स्नातकोत्तर कार्यक्रम में छात्र-बिस्तर अनुपात 1:4 (अर्थात एक छात्र के लिए चार बिस्तर) अतिरिक्त अंत:-रोगी विभाग बिस्तर होंगे। वार्ड में बैठने की व्यवस्था होगी और रात्रि ड्यूटी स्नातकोत्तर छात्रों के लिए आवास उपलब्ध कराया जाएगा। इलाज बित तदाबीर (रेजिमेनल थेरेपी) अंतरंग रोगी विभाग में औसत भरे हुए बिस्तर साठ प्रतिशत से कम नहीं होगी। अस्पताल में पूर्ण रूप से स्थापित फिजियोथेरेपी सुविधा इस विभाग में भी दी जाएगी । इलाज बित तदाबीर (रेजिमेनल थेरेपी) बाह्य रोगी विभाग के लिए आवश्यक न्यूनतम क्षेत्र पचास वर्ग मीटर होगा।

(iv) जराहत (सर्जरी) के स्नातकोत्तर विभाग में स्नातकोत्तर शिक्षकों और स्नातकोत्तर छात्रों के लिए एक विशेष बाह्य रोगी विभाग (माइनर चिकित्सा या प्रक्रिया कक्ष के साथ संलग्न) होगा, जिसमें प्रति दिन न्यूनतम साठ रोगी होंगे तथा उन्नत नैदानिक सुविधाएं होगी और 1:4 अनुपात में छात्र-बिस्तर (अर्थात एक छात्र के लिए चार बिस्तर) अतिरिक्त अंतरंग रोगी विभाग के बिस्तर होंगे। वार्ड में बैठने की व्यवस्था होगी और रात्रि ड्यूटी स्नातकोत्तर छात्रों के लिए आवास उपलब्ध कराया जाएगा। जराहत (सर्जरी) अत:रोगी विभाग में औसत भरे हुए बिस्तर साठ प्रतिशत से कम नहीं होंगे। जराहत (सर्जरी) बाह्य रोगी विभाग के लिए आवश्यक न्यूनतम क्षेत्र, जिसमें एक माइनर प्रक्रिया कक्ष भी शामिल है, पचास वर्ग मीटर होगा।

(v) ऐन, उज़्न, अनफ़, हलक व अस्नान (ऑप्थल्मोलॉजी, ईयर नोज़ , थ्रोट एंड डेंटिस्ट्री) के स्नातकोत्तर विभाग में स्नातकोत्तर शिक्षकों और स्नातकोत्तर छात्रों के लिए उन्नत नैदानिक सुविधाओं के साथ अमराज़े उज़्न, अनफ़ व हलक (कान, नाक और गले के रोग) के नाम पर एक विशेष बाह्य-रोगी विभाग (माइनर चिकित्सा या प्रक्रिया कक्ष के साथ संलग्न) होगा, जिसमें प्रति दिन न्यूनतम साठ रोगी होंगे और 1:4 के छात्र बिस्तर अनुपात में अतिरिक्त अंत:रोगी विभाग के बिस्तर (अर्थात एक छात्र के लिए चार बिस्तर) उपलब्ध होंगे। वार्ड में बैठने की व्यवस्था होगी और रात्रि ड्यूटी स्नातकोत्तर छात्रों के लिए आवास उपलब्ध कराया जाएगा। ऐन, उज़्न, अनफ़, हलक व अस्नान (ऑप्थल्मोलॉजी, ईयर नोज़ , थ्रोट एंड डेंटिस्ट्री) में अंत:रोगी विभाग में औसत भरे हुए बिस्तर साठ प्रतिशत से कम नहीं होंगे; अमराज़े उज़्न, अनफ़ व हलक (कान, नाक और गले के रोग) बाह्य रोगी विभाग के लिए आवश्यक न्यूनतम क्षेत्र, जिसमें एक माइनर प्रक्रिया कक्ष भी शामिल है, पचास वर्ग मीटर होगा। यह बाह्य रोगी विभाग उज़्न, अनफ़, हलक स्थितियों वाले रोगियों को देखेगा लेकिन ऐन और अस्नान से संबंधित प्रकरणों को नहीं संभालेगा।

(vi) कबालत व निस्वान (ऑब्सटेट्रिक्स एंड गाइनेकोलॉजी) के स्नातकोत्तर विभाग में स्नातकोत्तर शिक्षकों और स्नातकोत्तर छात्रों के लिए एक विशेष बाह्य रोगी विभाग (अटैच्ड विद एग्जामिनेशन कम प्रोसीजर रूम) होगा, जिसमें प्रति दिन कम से कम साठ रोगी होंगे, और कबालत व निस्वान से संबंधित प्रक्रियाओं को पूरा करने के लिए प्रक्रियात्मक कक्ष में कबालत व निस्वान (ऑब्सटेट्रिक्स एंड गाइनेकोलॉजी) के लिए विशेष ऑपरेशन थियेटर होगा । 1:4 के छात्र-बिस्तर अनुपात में अतिरिक्त अंत: रोगी विभाग के बिस्तर (अर्थात एक छात्र के लिए चार बिस्तर) उपलब्ध कराए जाएंगे। वार्ड में बैठने की व्यवस्था होगी और रात्रि ड्यूटी स्नातकोत्तर छात्रों के लिए आवास प्रदान किया जाएगा; कबालत व निस्वान (ऑब्सटेट्रिक्स एंड गाइनेकोलॉजी) अंत:रोगी विभाग में औसत भरे हुए बिस्तर साठ प्रतिशत से कम नहीं होगा; प्रसूति कक्ष में प्रति माह न्यूनतम 10 प्रसव कराए जाएंगे।

कबालत व निस्वान (ऑब्सटेट्रिक्स एंड गाइनेकोलॉजी) बाह्य रोगी विभाग के लिए आवश्यक न्यूनतम क्षेत्र, जिसमें एक एग्जामिनेशन कम प्रोसीजर रूम भी शामिल है, पचास वर्ग मीटर का होगा।

(vii) (ए) इल्मुल अतफ़ाल (पिडियाट्रिक्स) के स्नातकोत्तर विभाग में स्नातकोत्तर शिक्षकों और स्नातकोत्तर छात्रों के लिए एक विशेष बाह्य रोगी विभाग होगा, जिसमें प्रति दिन न्यूनतम साठ मरीज होंगे, और 1:4 के छात्र-बिस्तर अनुपात में (अर्थात एक छात्र के लिए चार बिस्तर) अतिरिक्त अंतःरोगी विभाग के बिस्तर होंगे। वार्ड में बैठने की व्यवस्था होगी और रात्रि ड्यूटी स्नातकोत्तर छात्रों के लिए आवास उपलब्ध कराया जाएगा। इल्मुल अतफ़ाल (पिडियाट्रिक्स) अंतःरोगी विभाग में औसत भरे हुए बिस्तर साठ प्रतिशत से कम नहीं होंगे। इस विभाग में टीकाकरण प्रदान करने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी; इल्मुल अतफ़ाल (पिडियाट्रिक्स)बाह्य रोगी विभाग के लिए आवश्यक न्यूनतम क्षेत्र पच्चीस वर्ग मीटर होगा।

(बी) इल्मुल अतफ़ाल (पिडियाट्रिक्स) बाह्य रोगी विभाग के लिए आवश्यक उपकरण और सहायक उपकरण, स्तनपान के लिए सीमांकित क्षेत्र, न्यूनतम स्थान और सुविधाओं के साथ नवजात गहन देखभाल इकाई, स्कूल एडॉप्शन और न्यूनतम स्थान और सुविधाओं के साथ बाल विकास क्लिनिक चाइल्ड डेवलपमेंट क्लिनिक इन विनियमों में विनियम 7 के उप-विनियम (xiii) के खंड (बी), (सी), (डी), और (ई) के अनुसार होगा।

(viii) अमराज़े जिल्द व तज़ीनियत (डर्माटोलोजी और कॉस्मेटोलॉजी) के स्नातकोत्तर विभाग में स्नातकोत्तर शिक्षकों और स्नातकोत्तर छात्रों के लिए एक विशेष बाह्य रोगी विभाग (अटैच्ड विद माइनर थेरेपी कम प्रोसीजर रूम)) होगा, जिसमें प्रति दिन कम से कम साठ रोगी होंगे और 1:4 छात्र-बिस्तर का अनुपात (अर्थात एक छात्र के लिए चार बिस्तर) बिस्तरों की संख्या के साथ अंतःरोगी विभाग होगा। वार्ड में बैठने की व्यवस्था होगी और रात्रि ड्यूटी स्नातकोत्तर छात्रों के लिए आवास उपलब्ध कराया जाएगा। अमराज़े जिल्द व तज़ीनियत (डर्माटोलोजी और कॉस्मेटोलॉजी) अंतःरोगी विभाग में औसत भरे हुए बिस्तर साठ प्रतिशत से कम नहीं होंगे; अमराज़े जिल्द व तज़ीनियत (डर्माटोलोजी और कॉस्मेटोलॉजी) बाह्य रोगी विभाग के लिए आवश्यक न्यूनतम क्षेत्र पचास वर्ग मीटर होगा।

(ix) (ए) माहियातुल अमराज़ (पैथोलॉजी) विभाग में स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम के प्रकरण में, स्नातकोत्तर छात्र यूनानी निदान, नैदानिकी और शोध प्रबंध या अनुसंधान कार्य में अपने प्रशिक्षण के लिए अस्पताल के बाह्य रोगी विभागों, अंतःरोगी विभागों और डायग्नोस्टिक ज़ोन का उपयोग या सहयोग कर सकते हैं।

(बी) माहियातुल अमराज़ (पैथोलॉजी) विभाग के प्रमुख या संस्थान के प्रमुख द्वारा नामित माहियातुल अमराज़ (पैथोलॉजी) विभाग के एक संकाय सदस्य को यूनानी सिद्धांतों के संदर्भ में शिक्षण और प्रशिक्षण की सीमा तक नैदानिक जांच या परीक्षणों पर हस्ताक्षर करने और प्रमाणित और व्याख्या करने के लिए अधिकृत किया जाएगा।

(x) तहफ्फुज़ी व समाजी तिब (प्रिवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन) के अंतर्गत तहफ्फुज़ी व समाजी तिब (यूनानी डायटेटिक्स लाइफस्टाइल मैनेजमेंट, प्रिवेंटिव मेडिसिन एंड पब्लिक हेल्थ) में स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम के स्नातकोत्तर छात्र अपने प्रशिक्षण, सर्वेक्षण शोध प्रबंध या अनुसंधान कार्य के लिए अस्पताल के बाह्य रोगी विभागों, अंतरंग रोगी विभागों, योग और रियाज़त अनुभाग और फिजियोथेरेपी अनुभाग का उपयोग या सहयोग कर सकते हैं।

(xi) अस्पताल में शवों को रखने या संरक्षित करने के लिए कोल्ड स्टोरेज के साथ एक शवगृह हो सकता है, या इसमें उन चिकित्सा प्रतिष्ठानों के साथ समझौता ज्ञापन हो सकता है जिनके पास शवगृह सुविधाएं हैं। शवगृह के कर्मचारियों को आउटसोर्स किया जा सकता है।

(xii) अस्पताल में एक नैदानिक अनुसंधान प्रकोष्ठ होगा, जिसमें विनियम 7 के उप-विनियमन (xix) में निर्दिष्ट स्थान, सुविधाओं और कार्यों के लिए न्यूनतम आवश्यक आवश्यकताएं होंगी। मानव संसाधन, विनियमन 14 के उप-विनियमन (2), खंड (यू), उप-खंड (vii), के अंतर्गत नीचे प्रदान की गई तालिका में उल्लिखित आवश्यकताओं के अनुसार होंगे।

(डी) **बिस्तरों की संख्या, पेंशेट अटेडेंस और बिस्तर अधिभोग की आवश्यकता-**

(i) भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (स्नातकीय यूनानी कॉलेजों और संबद्ध शिक्षण अस्पतालों के लिए न्यूनतम आवश्यक मानक, आकलन और रेटिंग) विनियम, 2023 में निर्दिष्ट साठ बिस्तरों वाले अस्पताल (अर्थात साठ छात्र प्रवेश क्षमता के लिए उल्लिखित) प्रत्येक अंतरंग रोगी विभाग के लिए आवश्यक बिस्तरों की संख्या के अतिरिक्त, संबंधित स्नातकोत्तर कार्यक्रम का संचालन करने वाले स्नातकोत्तर विभाग मोआलाजात (मेडिसिन), इलाज बित तदाबीर (रेजिमेनल थेरेपी), इल्मुल अतफ़ाल (पिडियाट्रिक्स), जराहत (सर्जरी), ऐन, उज़्न, अनफ़, हलक व अस्नान (ऑप्थल्मोलॉजी, ईयर नोज़ , थ्रोट एंड डेंटिस्ट्री), कबालत व निस्वान (ऑब्सटेट्रिक्स एंड गाइनेकोलॉजी), अमराज़े जिल्द व तज़ीनियत (डर्माटोलोजी और कॉस्मेटोलॉजी), 1: 4 के छात्र-बिस्तर अनुपात में अतिरिक्त बिस्तर बनाए रखेंगे।

(ii) तहफ्फुज़ी व समाजी तिब (प्रिवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन) विभाग के अंतर्गत तिब्बुल क़ानून व इल्मुल समूम (फोरेंसिक मेडिसिन और क्लिनिकल टॉक्सिकोलॉजी) की विशेषज्ञता, इल्मुल समूम के रोगियों की भर्ती के लिए मोआलाजात (मेडिसिन) का अंतःरोगी विभाग छात्र बिस्तर अनुपात में 1:4 अतिरिक्त बिस्तर बनाए रखेगी ।

(iii) सामान्य रूप से, पिछले एक कैलेंडर वर्ष (300 दिन) के दौरान साठ बिस्तरों वाले अस्पताल के बाह्य रोगी विभागों में रोगियों की दैनिक औसत अटेंडेस प्रति दिन न्यूनतम एक सौ बीस रोगियों की होगी; तथापि,

(ए) मोआलाजात (मेडिसिन), इलाज बित तदाबीर (रेजिमेनल थेरेपी), इल्मुल अतफ़ाल (पिडियाट्रिक्स), जराहत (सर्जरी), ऐन, उज़्न, अनफ़, हलक व अस्नान (ऑप्थल्मोलॉजी, ईयर नोज़ , थ्रोट एंड डेंटिस्ट्री), कबालत व निस्वान (ऑब्सटेट्रिक्स एंड गाइनेकोलॉजी) और अमराज़े जिल्द व तज़ीनियत (डर्माटोलोजी और कॉस्मेटोलॉजी) के स्नातकोत्तर बाह्य-रोगी विभाग में न्यूनतम बाह्य-रोगी अटेंडेस पिछले एक कैलेंडर वर्ष (300 दिन) के दौरान जैसा कि लागू है प्रतिदिन साठ से कम मरीज नहीं होगी।

(बी) तहफ्फुज़ी व समाजी तिब (प्रिवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन) विभाग के अंतर्गत तिब्बुल क़ानून व इल्मुल समूम (फोरेंसिक मेडिसिन और क्लिनिकल टॉक्सिकोलॉजी) की विशेषता के लिए इल्मुल समूम (क्लिनिकल टॉक्सिकोलॉजी) के स्नातकोत्तर बाह्य रोगी विभाग में पिछले एक कैलेंडर वर्ष (300 दिन) के दौरान न्यूनतम बाह्य रोगी अटेंडेस प्रति दिन तीस से कम मरीज नहीं होंगे;

(सी) तहफ्फुज़ी व समाजी तिब (प्रिवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन) विभाग के अंतर्गत तहफ्फुज़ी व समाजी तिब (यूनानी डायटेटिक्स लाइफस्टाइल मैनेजमेंट, प्रिवेंटिव मेडिसिन एंड पब्लिक हेल्थ) विशेषज्ञता के स्नातकोत्तर बाह्य रोगी विभाग में पिछले एक वर्ष (300 दिन) के दौरान न्यूनतम दैनिक औसत बाह्य रोगी उपस्थिति प्रतिदिन पचास से कम व्यक्ति नहीं होंगे।

(iv) (ए) मोआलाजात (मेडिसिन), इलाज बित तदाबीर (रेजिमेनल थेरेपी), इल्मुल अतफ़ाल (पिडियाट्रिक्स), जराहत (सर्जरी), ऐन, उज़्न, अनफ़, हलक व अस्नान (ऑप्थल्मोलॉजी, ईयर नोज़ , थ्रोट एंड डेंटिस्ट्री), कबालत व

निस्वान (ऑब्सटेट्रिक्स एंड गाइनेकोलॉजी)और अमराज़े जिल्द व तज़ीनियत (डर्माटोलोजी और कॉस्मेटोलॉजी) संबंधित विभाग के अंतरंग रोगी विभाग जिसमें स्नातकोत्तर कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, न्यूनतम वार्षिक औसत बिस्तर अधिभोग पिछले एक कैलेंडर वर्ष (365 दिन और लीप वर्ष के प्रकरण में 366 दिन) के दौरान, साठ प्रतिशत से कम नहीं होगा;

(बी) तहफ्फुज़ी व समाजी तिब (प्रिवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन) विभाग के अंतर्गत तिब्बुल क़ानून व इल्मुल समूम (फोरेंसिक मेडिसिन और क्लिनिकल टॉक्सिकोलॉजी) की विशेषज्ञता विभाग के मोआलाजात के अंतरंग रोगी विभाग (मोलाजत के स्नातकोत्तर छात्रों के लिए आवंटित बेड की संख्या को छोड़कर) में इल्मुल समूम के रोगियों के लिए न्यूनतम वार्षिक औसत बिस्तर अधिभोग पिछले एक कैलेंडर वर्ष (365 दिन और लीप वर्ष के प्रकरण में 366 दिन) साठ प्रतिशत से कम नहीं होगा;

(सी) हालांकि, जिस विभाग में स्नातकोत्तर कार्यक्रम संचालित नहीं होता है, वहां पिछले एक कैलेंडर वर्ष (365 दिन और लीप वर्ष के प्रकरण में 366 दिन) के दौरान संबंधित रोगी विभाग में बिस्तर अधिभोग चालीस प्रतिशत से कम नहीं होगा ।

(ई) **स्नातकोत्तर कार्यक्रम के लिए अस्पताल स्टाफ की आवश्यकताएं**- (i) स्टैंड-अलोन स्नातकोत्तर संस्थानों में शिक्षण अस्पताल, भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (स्नातकीय यूनानी महाविद्यालयों और संबद्ध शिक्षण अस्पतालों के लिए न्यूनतम आवश्यक मानक, आकलन और रेटिंग) विनियम, 2023 में साठ बिस्तरों वाले अस्पताल (साठ छात्रों की क्षमता) के लिए उल्लिखित अस्पताल कर्मचारियों के अतिरिक्त उपखंड (iii) में नीचे दी गई तालिका के अनुसार अस्पताल के कर्मचारियों की संख्या को बनाए रखेगा।

(ii) स्नातकोत्तर कार्यक्रम के शिक्षण संकाय संबंधित स्नातकोत्तर विभाग या विशेषता या कार्यक्रम के बाह्य रोगी विभाग और अंतरंग रोगी विभागों के सलाहकार होंगे।

(iii) तथापि, प्रत्येक विभाग [मोआलाजात (मेडिसिन), इलाज बित तदाबीर (रेजिमेनल थेरेपी), इल्मुल अतफ़ाल (पिडियाट्रिक्स), जराहत (सर्जरी), ऐन, उज़्न, अनफ़, हलक व अस्नान (ऑप्थल्मोलॉजी, ईयर नोज़ , थ्रोट एंड डेंटिस्ट्री), कबालत व निस्वान (ऑब्सटेट्रिक्स एंड गाइनेकोलॉजी), अमराज़े जिल्द व तज़ीनियत (डर्माटोलोजी और कॉस्मेटोलॉजी) और तहफ्फुज़ी व समाजी तिब (प्रिवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन) विभाग के अंतर्गत तिब्बुल क़ानून व इल्मुल समूम (फोरेंसिक मेडिसिन और क्लिनिकल टॉक्सिकोलॉजी) और तहफ्फुज़ी व समाजी तिब (प्रिवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन) की विशेषज्ञता में जिसमें स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम नहीं किया जाता है, में प्रोफेसर या एसोसिएट प्रोफेसर या सहायक प्रोफेसर के कैडर में न्यूनतम एक सलाहकार होगा । वह संबंधित विषय में स्नातकोत्तर होगा और उसे विशिष्ट शिक्षक कोड प्रदान किया जाएगा और अनुभव के वर्ष को इन विनियमों में विनियम 32 के उप-विनियम (7) के अनुसार भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन एवं रेटिंग बोर्ड द्वारा शिक्षण अनुभव के रूप में गिना जाएगा।

तालिका

अस्पताल स्टाफ की न्यूनतम अनिवार्य आवश्यकताएँ

(साठ बिस्तरों वाले अस्पताल के लिए निर्दिष्ट अस्पताल स्टाफ के अतिरिक्त स्टाफ)

क्र.सं. (1)	आवश्यक स्टाफ (2)	आवश्यक संख्या (3)
1	नर्सिंग स्टाफ	अंतरंग रोगी विभागों में प्रत्येक दस बेड के लिए एक;

		क़बालत व निस्वान ऑपरेशन थियेटर के लिए दो नर्सें; मोआलाजात (मेडिसिन) विभाग में प्रत्येक गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) बिस्तर के लिए एक नर्स; और इल्मुल अतफ़ाल (पिडियाट्रिक्स) विभाग में नवजात गहन चिकित्सा इकाई के लिए 2 नर्सें।
2	क्लिनिकल रजिस्ट्रार या सीनियर रेजिडेंट या रेजिडेंट डॉक्टर	प्रत्येक बीस बिस्तरों के लिए एक
3	आया	प्रत्येक बीस बिस्तरों के लिए एक

नोट 1 एक दिन में शिफ्ट के अनुसार नर्सिंग स्टाफ की संख्या बढ़ाई जा सकती है।

2. इलाज बित तदाबीर के लिए रोगियों की संख्या के अनुसार चिकित्सकों की संख्या बढ़ाई जा सकती है।

3. बाल चिकित्सा चिकित्सक, ऑक्यूपेशनल चिकित्सक और स्पीच चिकित्सक को इल्मुल अतफ़ाल (पिडियाट्रिक्स) विभाग के लिए अंशकालिक आधार पर नियुक्त किया जा सकता है।

4. स्नातकोत्तर छात्रों को नैदानिक रजिस्ट्रार या सीनियर रेजिडेंट या रेजिडेंट डॉक्टर के रूप में नियुक्त किया जा सकता है, बशर्ते छात्रों को वजीफा या वेतन का भुगतान किया जाएगा।

5. सुरक्षा गार्ड, इलेक्ट्रीशियन, प्लंबर, सफाई कर्मचारी, धोबी, माली, ड्राइवर, हाउसकीपिंग स्टाफ, कुक, रखरखाव स्टाफ, बहुउद्देशीय कार्यकर्ता, यदि अतिरिक्त संख्या में आवश्यकता हो, तो आउट-सोर्सिंग द्वारा नियुक्त किया जा सकता है।

6. कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के अंतर्गत किसी भी कौशल विकास एजेंसियों द्वारा प्रशिक्षित कुशल वृत्तिकों को अस्पताल के कर्मचारियों की नियुक्ति करते समय, उपलब्धता के अधीन, वरीयता दी जाएगी।

(4) प्रयोग क्षेत्र: इस क्षेत्र में निम्नलिखित होंगे : -

(ए) (i) केंद्रीय अनुसंधान प्रयोगशाला: प्रत्येक स्टैंड-अलोन स्नातकोत्तर संस्थान में स्नातकोत्तर छात्रों के साथ-साथ शिक्षण संकाय द्वारा विभिन्न अनुसंधान प्रयोग करने के लिए तीसरी अनुसूची के अनुसार उन्नत अनुसंधान सुविधाओं के साथ एक केन्द्रीय अनुसंधान प्रयोगशाला होगी।

(ii) प्रयोगशाला और विश्लेषणात्मक उपकरणों से भली भांति परिचितकिसी भी विभाग का एक संकाय सदस्य केंद्रीय अनुसंधान प्रयोगशाला का प्रभारी होगा।

(iii) यह इंटीग्रेटिव हेल्थ एंड ट्रांसलेशनल रिसर्च विभाग के अंतर्गत कार्य करेगी और इंटीग्रेटिव हेल्थ एंड ट्रांसलेशनल रिसर्च विभाग के प्रोफेसर सह प्रमुख केंद्रीय अनुसंधान प्रयोगशाला के प्रमुख होंगे;

(iv) केंद्रीय अनुसंधान प्रयोगशाला के लिए आवश्यक न्यूनतम क्षेत्र एक सौ पचास वर्ग मीटर होगा;

(बी) गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशाला: (i) इल्मुल अदविया (फार्माकोलॉजी) और इल्मुल सैदला (यूनानी फार्मेसी) में स्नातकोत्तर कार्यक्रम के प्रकरण में एक उन्नत गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशाला होगी।

(ii) यह प्रयोगशाला, भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (स्नातकीय यूनानी महाविद्यालयों और संबद्ध शिक्षण अस्पतालों के लिए न्यूनतम आवश्यक मानक, आकलन और रेटिंग) विनियम, 2023 की **अनुसूची - XI** के 'बी' के अंतर्गत निर्दिष्ट बुनियादी ढांचे, सुविधाओं, उपस्करों, उपकरणों, आदि के साथ-साथ स्नातकोत्तर शिक्षण, प्रशिक्षण और अनुसंधान के लिए इन नियमों की **पांचवीं अनुसूची** में उल्लिखित उपकरणों और सहायक उपकरणों की व्यवस्था करेगी।

(iii) यह इंटीग्रेटिवस हैल्थ एंड ट्रांसलेशनल रिसर्च एंड विभाग के अंतर्गत कार्य करेगी और इंटीग्रेटिव हैल्थ एंड ट्रांसलेशनल रिसर्च का विभाग का प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष इस गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशाला का प्रमुख होगा।

(iv) संस्थान के प्रमुख द्वारा नामित इल्मुल अदविया या इल्मुल सैदला का एक शिक्षण संकाय सदस्य, गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशाला का प्रभारी होगा।

(v) गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशाला के लिए आवश्यक न्यूनतम क्षेत्र एक सौ वर्ग मीटर होगा।

(सी) स्वीकृत एनिमल हाउस और एनिमल एक्सपेरिमेंटेशन लेबोरेटरी: (i) इसे इल्मुल अदविया (फार्माकोलॉजी), इल्मुल सैदला (यूनानी फार्मेसी), तहफ्फुज़ी व समाजी तिब (प्रिवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन) और कुल्लियात (बेसिक प्रिंसिपल्स ऑफ़ यूनानी मेडिसिन) विभाग में स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम के प्रकरण में उपलब्ध कराया जाएगा।

(ii) इसके पास **चौथी अनुसूची** के अनुसार संबंधित अधिकारियों से उचित अनुमति, पर्याप्त बुनियादी ढांचा, सुविधाएं, होंगे;

(iii) इल्मुल अदविया, इल्मुल सैदला, तहफ्फुज़ी व समाजी तिब (प्रिवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन), या कुल्लियात विभाग के संकाय सदस्य एनिमल हाउस और एनिमल एक्सपेरिमेंटेशन लेबोरेटरी के प्रभारी होंगे।

(iv) एनिमल हाउस और एनिमल एक्सपेरिमेंटेशन लेबोरेटरी इंटीग्रेटिव एंड ट्रांसलेशनल रिसर्च विभाग के अंतर्गत कार्य करेगी और इंटीग्रेटिव एंड ट्रांसलेशनल रिसर्च विभाग के प्रोफेसर सह प्रमुख एनिमल हाउस और एनिमल एक्सपेरिमेंटेशन लेबोरेटरी के प्रमुख होंगे।

(v) एनिमल हाउस और एनिमल एक्सपेरिमेंटेशन लेबोरेटरी के लिए आवश्यक न्यूनतम क्षेत्र दो सौ पचास वर्ग मीटर होगा।

(डी) केंद्रीय अनुसंधान प्रयोगशाला, गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशाला, एनिमल हाउस और एनिमल एक्सपेरिमेंटेशन लेबोरेटरी को विनियम 14 के उप-विनियम (2), खंड (यू), उप-खंड (vii), के नीचे दी गई तालिका के अनुसार मानव संसाधन प्रदान किए जाएंगे।

15. इन विनियमों की अधिसूचना से पहले स्थापित स्टैंड-अलोन स्नातकोत्तर संस्थानों द्वारा अतिरिक्त न्यूनतम आवश्यक मानक आवश्यकताओं का अनुपालन करने की समय-सीमा

(1) स्टैंड-अलोन स्नातकोत्तर संस्थान द्वारा अतिरिक्त न्यूनतम आवश्यक मानकों की आवश्यकताओं का अनुपालन करने की समय-सीमा नीचे दी गई तालिका के अनुसार होगी।

तालिका

इन विनियमों की अधिसूचना से पहले स्थापित स्टैंड-अलोन संस्थानों द्वारा अतिरिक्त न्यूनतम आवश्यक मानकों की आवश्यकताओं का अनुपालन करने की समय-सीमा।

क्र.सं.	**मानक या इकाई या सेक्शन ग या सुविधा**	**समय-सीमा** (आधिकारिक राजपत्र में इन नियमों के अधिसूचना की तिथि से)
(1)	**(2)**	**(3)**
1	केंद्रीय कार्यशाला या रखरखाव कक्ष	अठारह माह
2	क्लोज सर्किट टेलीविजन	छह माह
3	सूचना प्रौद्योगिकी प्रकोष्ठ और अवसंरचना	छह माह
4	फाइटोकेमिस्ट्री प्रयोगशाला (इल्मुल अदविया विभाग)	बारह माह
5	ग्रीन हाउस (इल्मुल अदविया विभाग)	अठारह माह

6	गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशाला में अतिरिक्त उपकरण और सहायक उपकरण	तत्काल
7	माहियातुल अमराज़ (पैथोलॉजी) प्रैक्टिकल लेबोरेटरी (माहियातुल अमराज़ विभाग) में प्रतिरक्षाविज्ञान और हिस्टोपैथोलॉजी परीक्षण करने के लिए मॉलिक्यूलर बायोलॉजी प्रयोगशाला और अतिरिक्त सुविधाएं।	बारह माह
8	तहफ्फुज़ी व समाजी तिब (प्रिवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन) विभाग के अंतर्गत तिब्बुल क़ानून व इल्मुल समूम (फोरेंसिक मेडिसिन और क्लिनिकल टॉक्सिकोलॉजी) की स्नातकोत्तर विशेषता या कार्यक्रम के लिए विष का पता लगाने की उन्नत सुविधा	बारह माह
9	स्नातकोत्तर विभाग के अनुसार सेमिनार हॉल और कॉमन सेमिनार हॉल	अठारह माह
10	स्नातकोत्तर छात्रों के लिए केंद्रीय पुस्तकालय और विभागीय पुस्तकालय की आवश्यकताएँ	छह माह
11	स्नातकोत्तर छात्रों के लिए डिजिटल पुस्तकालय सुविधाएं	अठारह माह
12	स्नातकोत्तर छात्रों के लिए कॉमन रूम (लड़के और लड़कियां अलग-अलग)	अठारह माह
13	शिक्षण स्टाफ के लिए कॉमन रूम (पुरुष और महिला अलग-अलग)	अठारह माह
14	क्लीनिकल स्किल और सिमुलेशन लेबोरेटरी(स्नातकोत्तर विभाग की विशिष्ट आवश्यकताएँ)	अठारह माह
15	मानव संसाधन विकास सेल कक्ष	अठारह माह
16	फार्माकोविजिलेंस सेल रूम	अठारह माह
17	कॉलेज परिषद कक्ष	अठारह माह
18	छात्र सहायता और मार्गदर्शन, कैरियर मार्गदर्शन और प्लेसमेंट सेल, शिकायत निवारण सेल, यौन उत्पीड़न के विरुद्ध समिति- कॉमन रूम	अठारह माह
19	आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन सेल कक्ष	अठारह माह
20	एंटी-रैगिंग कमेटी और एंटी-रैगिंग स्क्वाड रूम	अठारह माह
21	इंटीग्रेटिव हेल्थ एंड ट्रांसलेशनल रिसर्च विभाग	बारह माह
22	केंद्रीय अनुसंधान प्रयोगशाला में सुविधाएं	तत्काल
23	एनिमल हाउस और एनिमल एक्सपेरिमेंटेशन लेबोरेटरी में सुविधाएं	अठारह माह
24	नैदानिक अनुसंधान सेल में सुविधाएं	अठारह माह
25	सभी सुविधाओं के साथ साहित्यिक चोरी जांच सेल	छह माह
26	स्नातकोत्तर बाह्य रोगी विभागों में अटैच्ड चिकित्सा / प्रक्रिया कक्ष जैसा कि लागू हो	छह माह
27	नवजात गहन चिकित्सा इकाई, बाल विकास क्लिनिक (इल्मुल अतफ़ाल विभाग)	अठारह माह
28	कन्स्ट्रक्शन (बिल्डिंग इंफ्रास्ट्रक्चर)	अठारह माह
29	स्नातकोत्तर शिक्षण के लिए विभागवार उपकरण और सहायक उपकरण जिसमें स्नातकोत्तर कार्यक्रम संचालित किए जाते हैं	छह माह
30	मानव संसाधन	बारह माह

नोट: 1. उपर्युक्त समय-सीमा भौतिक बुनियादी ढांचे के विकास और उपकरण और सहायक उपकरणों को प्राप्त करने के लिए है। हालांकि, इन नियमों में उल्लिखित समितियों का गठन और विभिन्न इकाइयों या सेल के कार्य एक माह के भीतर प्रारंभ किए जाएंगे।

2. स्नातकोत्तर शिक्षा, शिक्षण, प्रशिक्षण और अनुसंधान (जैसा लागू हो) के लिए इस विनियमन में निर्धारित बुनियादी ढांचे, मानव संसाधन और कार्यक्षमता के संदर्भ में अन्य सभी नए मानकों, परिवर्धन या विस्तार को पूर्ण किया जाएगा।

3. भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (स्नातकीय यूनानी महाविद्यालयों और संबद्ध शिक्षण अस्पतालों के लिए न्यूनतम आवश्यक मानक, आकलन और रेटिंग) विनियम, 2023 में साठ बिस्तरों वाले अस्पताल (अर्थात साठ छात्रों की प्रवेश क्षमता) के लिए निर्दिष्ट बुनियादी ढांचे, मानव संसाधन और कार्यक्षमता के संदर्भ में अन्य सभी नए मानक या परिवर्धन या विस्तार, उक्त में विनियमन 15 के उप-विनियमन (3) के अनुसार दी गई समय-सीमा के अनुसार पूर्ण किया जाएगा जिसमें बुनियादि ढांचे का निर्माण भी शामिल है।

(2) उप-विनियमन (1) में उल्लिखित समयसीमा अधिकतम है और उसके बाद कोई छूट नहीं दी जाएगी।

अध्याय-VI
निरीक्षण या विज़िटेशन या आकलन

16. (1) स्नातकोत्तर संस्थानों में जहां स्नातक पाठ्यक्रम अस्तित्व में है, में पूर्ण रूप से स्थापित मौजूदा स्नातकोत्तर विभागों और स्टैंड-अलोन स्नातकोत्तर चिकित्सा संस्थानों का स्वत: निरीक्षण दौरा (विज़िटेशन) या आकलन अधिनियम की धारा 28 के अंतर्गत प्रत्येक वर्ष भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड द्वारा किया जाएगा ।

(2) स्नातकोत्तर संस्थानों के प्रकरण में जहां एक स्नातक पाठ्यक्रम अस्तित्व में है, स्नातक संस्थान और स्नातकोत्तर विभागों के लिए निरीक्षण, विज़िटेशन , या आकलन या तो एक साथ या पृथक रूप से अलग-अलग समय पर किया जाएगा, जिसमें स्नातकोत्तर विभागों के लिए अनन्य आगंतुक या निरीक्षक या आकलनकर्ता होंगे।

(3) स्नातक महाविद्यालयों और स्टैंडअलोन स्नातकोत्तर संस्थानों में पूर्ण रूप से स्थापित स्नातकोत्तर विभागों का भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड द्वारा पृथक रूप से निरीक्षण, विज़िटेशन या आकलन (अर्थात, विभाग-वार निरीक्षण या विज़िटेशन) किया जाएगा ।

(4) इन विनियमों में उल्लिखित मानदंडों के आधार पर पूर्ण रूप से स्थापित स्नातकोत्तर विभागों या स्नातकोत्तर विशिष्टताओं के साथ-साथ एक ही विभाग के अंतर्गत एकाधिक कार्यक्रमों को दो श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाएगा, अर्थात्: (ए) विस्तारित अनुमति और (बी) वार्षिक अनुमति।

(5) (ए) अधिनियम की धारा 28 के अंतर्गत एक पूर्ण रूप से स्थापित स्नातकोत्तर विभाग या विशिष्टता जिसे भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड द्वारा लगातार पिछले तीन वर्षों के लिए अनुमति दी गई है, को भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड द्वारा "विस्तारित अनुमति" श्रेणी के अंतर्गत स्नातकोत्तर विभाग या विशिष्टता के रूप में माना जाएगा;

(बी) "विस्तारित अनुमति" स्थिति निम्नलिखित स्थितियों में स्नातकोत्तर विभागों या विशिष्टताओं के लिए लागू नहीं होगा, यदि, -

(i) अधिनियम, 2020 की धारा 28 की उप-धारा (1) के खंड (एफ) में उल्लिखित प्रावधानों के अंतर्गत भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड द्वारा जिस स्नातकोत्तर विभाग या विशिष्टता पर कार्रवाई की गई;

(ii) स्नातकोत्तर विभाग, विशिष्टता या संस्थान के विरुद्ध कोई विधिक विषय या अनुशासनात्मक कार्रवाई लंबित है;

(iii) कॉलेज या संस्थान ने इन नियमों में निर्दिष्ट स्नातकोत्तर छात्रों के प्रवेश संबंधी नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन किया है और भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा समय-समय पर जारी परामर्श (काउंसलिंग) और प्रवेश दिशानिर्देशों का उल्लंघन किया है;

(iv) यदि स्नातकोत्तर विभाग अधिनियम की धारा 29 के अंतर्गत हैं, तथापि एक ही विभाग के भीतर एकाधिक स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के प्रकरण में, अधिनियम की धारा 29 के अंतर्गत स्नातकोत्तर कार्यक्रम को छोड़कर, कोई अन्य पूर्ण रूप से स्थापित स्नातकोत्तर कार्यक्रम जो पहले से ही विस्तारित श्रेणी में है, तब तक विस्तारित अनुमति स्थिति में जारी रहेगा जब तक कि भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड द्वारा अन्यथा निर्दिष्ट नहीं किया जाता है।

(v) वह संस्थान जिसने आयोग के आधिकारिक बैंक खाते में विस्तारित अनुमति के वर्ष के लिए वार्षिक निरीक्षण या विज़िटेशन शुल्क जमा नहीं किया है।

(6) "विस्तारित अनुमति" की श्रेणी के अंतर्गत स्नातकोत्तर विभाग या विशिष्टता परामर्श प्रक्रिया में भाग लेने और भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड से अनुमति प्राप्त किए बिना स्वीकृत छात्र प्रवेश क्षमता के अनुसार प्रत्येक वर्ष छात्रों को प्रवेश देने के लिए पात्र है, जब तक कि भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड द्वारा स्वत: निरीक्षण या आकलन के परिणामस्वरूप ऐसी अनुमति से अस्वीकार या अन्यथा निर्दिष्ट न किया जाए;

(7) (ए) अधिनियम की धारा 28 के अंतर्गत पूर्ण रूप से स्थापित स्नातकोत्तर विभाग या विशिष्टताएं जो उप-विनियमन (5) में निर्दिष्ट मानदंडों को पूरा नहीं कर रहे हैं, उन्हें भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड द्वारा "वार्षिक अनुमति" श्रेणी के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाएगा।

(बी) "वार्षिक अनुमति" श्रेणी के अंतर्गत स्नातकोत्तर चिकित्सा संस्थानों के स्नातकोत्तर विभाग या विशिष्टता केवल भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड से प्रवेश की अनुमति प्राप्त करने के पश्चात ही परामर्श प्रक्रिया में भाग लेंगे और प्रत्येक वर्ष छात्रों को प्रवेश देंगे।

(8) (ए) भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड द्वारा किया गया निरीक्षण, विज़िटेशन या आकलन छात्रों को प्रवेश देने के लिए विस्तारित अनुमति जारी रखने या वार्षिक अनुमति देने या अधिनियम की धारा 28 की उपधारा (1) के खंड (एफ), में उल्लिखित प्रावधानों के अंतर्गत ऐसे उपाय करने के लिए होगा।

(बी) सभी चिकित्सा संस्थान चाहे कोई भी श्रेणी हो, विस्तारित अनुमति हो या वार्षिक अनुमति के साथ, भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड द्वारा निर्दिष्ट प्रारूप में, भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग के ऑनलाइन पोर्टल पर डेटा (वास्तविक समय या आवधिक) या सूचना या दस्तावेज अपलोड करते रहेंगे।

(सी) सभी संस्थान, श्रेणी की परवाह किए बिना या तो विस्तारित अनुमति या वार्षिक अनुमति के साथ, लागू करों के साथ वार्षिक निरीक्षण या विज़िटेशन शुल्क एक लाख प्रति स्नातकोत्तर कार्यक्रम और डिज़िटाइज़ेशन शुल्क पचास हजार रुपये प्रति स्नातकोत्तर कार्यक्रम जमा करेंगे। इन शुल्कों का भुगतान भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग निधि के पक्ष में आयोग के आधिकारिक बैंक खाते में ऑनलाइन

भुगतान मोड (नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर या रियल टाइम ग्रॉस सेटलमेंट) के माध्यम से निर्दिष्ट समय अवधि के भीतर किया जाएगा।

(डी) भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड द्वारा 'विस्तारित अनुमति' श्रेणी के अंतर्गत वर्गीकृत स्नातकोत्तर विभागों या विशिष्टताओं के लिए, इन विनियमों में उल्लिखित सभी न्यूनतम आवश्यक मानकों के पूर्ण अनुपालन का उल्लेख करते हुए, संस्थान एक शपथपत्र (भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड द्वारा निर्दिष्ट प्रारूप और प्रस्तुत करने की अवधि के अनुसार) प्रस्तुत करेगा।

(ई) इन विनियमों में उल्लिखित न्यूनतम आवश्यक मानकों की पूर्ति का आकलन करने के लिए, भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड, विभाग या विशिष्टता या संस्थान का शैक्षणिक वर्ष के दौरान प्रत्येक वर्ष किसी भी समय स्वत: निरीक्षण, विज़िटेशन या आकलन भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड द्वारा निर्दिष्ट तरीके और माध्यम से करेगा;

(एफ) आकलन की अवधि विज़िटेशन, निरीक्षण या आकलन के माह से पहले बारह माह होगी। इस बारह माह की अवधि के लिए संस्थान द्वारा प्रस्तुत किए गए डेटा का उपयोग आकलन के लिए किया जाएगा।

(जी) आकलन के बाद, भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड 'वार्षिक अनुमति' श्रेणी के अंतर्गत स्नातकोत्तर विभागों या विशिष्टताओं वाले संस्थानों के आकलन, निरीक्षण या विज़िटेशन के निर्णय के बारे में सामान्य रूप से प्रत्येक वर्ष, प्रवेश के लिए काउन्सलिंग प्रारंभ होने से साठ दिन पहले सूचित करेगा,

(एच) यदि स्नातकोत्तर विभाग या "विस्तारित अनुमति" श्रेणी के अंतर्गत विशिष्टता को किसी विशेष शैक्षणिक वर्ष के लिए आयुष प्रवेश केंद्रीय परामर्श समिति (एएसीसीसी) द्वारा प्रवेश के लिए काउन्सलिंग से प्रारंभ होने के साठ दिन पहले सामान्य रूप से कोई संचार प्राप्त नहीं होता है, तो यह माना जाएगा कि स्नातकोत्तर विभाग या विशिष्टता विस्तारित अनुमति की अपनी स्थिति को बरकरार रखती है और उसे प्रासंगिक नियमों के प्रावधानों के अनुसार परामर्श और प्रवेश प्रक्रियाओं में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी;

(आई) (i) आकलन या विज़िटेशन या निरीक्षण की प्रक्रिया के दौरान, दस्तावेजों में या डेटा में या न्यूनतम आवश्यक मानकों की पूर्ति में या स्नातकोत्तर विभाग की कार्यक्षमता में या 'विस्तारित' अनुमति" श्रेणी के अंतर्गत स्नातकोत्तर संस्थानों की विशिष्टता में कोई कमी पाई जाती है। और इसके आधार पर, यदि भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड अधिनियम की धारा 28 की उप-धारा (1) के खंड (एफ), के अनुसार न्यूनतम आवश्यक मानकों को पूर्ण न करने के कारण कोई कार्रवाई प्रारंभ करता है, इस प्रकार के निर्णय को भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड द्वारा आयुष प्रवेश केंद्रीय परामर्श समिति (एएसीसीसी) द्वारा प्रवेश हेतु काउंसलिंग से साठ दिन पहले संबंधित कॉलेज या संस्थान को सूचित किया जाएगा;

(ii) ऐसे प्रकरण में, ऐसे स्नातकोत्तर विभाग या विशिष्टता के लिए विस्तारित अनुमति की स्थिति वापस ले ली जाएगी, और 'वार्षिक अनुमति' श्रेणी से संबंधित सभी नियम और विनियम लागू होंगे; ऐसे संस्थान उप-विनियम (5) में निर्दिष्ट शर्तों को पूर्ण करने के पश्चात ही पुनः 'विस्तारित अनुमति' का दर्जा प्राप्त कर सकते हैं;

(जे) भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड को संस्थानों का किसी भी समय पुनः विज़िटेशन करने की और वर्ष में कितनी भी बार आकलन, निरीक्षण या विज़िटेशन करने की शक्ति होगी;

(के) (i) जो संस्थान लगातार तीन शैक्षणिक सत्रों के लिए छात्रों को प्रवेश नहीं देने की अनुमति चाहते हैं, या जिनके स्नातकोत्तर विभागों, विशिष्टताओं या संस्थान को भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड द्वारा लगातार तीन शैक्षणिक सत्रों के लिए छात्रों को प्रवेश देने की अनुमति से वंचित कर दिया गया

है, उन्हें बंद माना जाएगा और एम. ए. आर. बी. आई. एस. एम, आयोग को ऐसे संस्थानों को बंद करने की सिफारिश करेगा; ।

(ii) यदि ऐसा संस्थान या स्नातकोत्तर विभाग पुनः आरंभ करना चाहता है, तो उसे अधिनियम की धारा 29 के अंतर्गत नई स्थापना की प्रक्रिया से गुजरना होगा;

(एल) (i) "'दोषों को सुधारने' का प्रावधान मौजूदा पूर्ण रूप से स्थापित संस्थानों, स्नातकोत्तर विभागों या विशिष्टताओं पर लागू नहीं होगा।

(ii) चूंकि ये न्यूनतम आवश्यक मानक हैं, अधिनियम की धारा 28 के अंतर्गत पूर्ण रूप से स्थापित मौजूदा चिकित्सा संस्थानों या स्नातकोत्तर विभागों को "दोषों को सुधारने" का कोई अवसर नहीं दिया जाएगा;

(iii) अनुमति से अस्वीकार करने या सीटों की कटौती आदि का आदेश जारी करने से पहले, भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड द्वारा ऐसे चिकित्सा संस्थानों को सुनवाई का अवसर दिया जाएगा;

(एम) यदि कोई कॉलेज या संस्थान भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड के निर्णय से व्यथित है, तो वह अधिनियम की धारा 24 की उपधारा (3) के अनुसार भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड द्वारा दिए गए ऐसे निर्णय की सूचना के तीस दिनों के भीतर ऐसे निर्णय के खिलाफ आयोग को अपील कर सकता है; कोई भी निर्णय लेने से पहले, अपीलकर्ता संस्था को आयोग के निर्णायक प्राधिकारी द्वारा सुनवाई का अवसर प्रदान किया जा सकता है

अध्याय-VII

स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम की शिक्षा के न्यूनतम मानक

[डॉक्टर ऑफ मेडिसिन (एमडी) और मास्टर ऑफ सर्जरी (एमएस)]

17. सामान्य विचार - स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम (डॉक्टर ऑफ मेडिसिन-एमडी और मास्टर ऑफ सर्जरी-एमएस) का उद्देश्य संबंधित स्नातकोत्तर कार्यक्रम के फोकस और दक्षताओं के साथ विशेषज्ञ शिक्षकों, शोधकर्ताओं, वैज्ञानिकों, उद्यमियों को तैयार करना है, अर्थात्:-

(1) कुल्लियाते तिब (बेसिक प्रिंसिपल्स ऑफ़ यूनानी मेडिसिन) -

(ए) यूनानी चिकित्सा के बुनियादी सिद्धांतों और उसके अनुप्रयोगों को समझने की क्षमता;

(बी) समकालीन वैज्ञानिक आधार पर यूनानी बुनियादी सिद्धांतों को स्थापित करने में दक्षता;

(सी) प्राचीन यूनानी साहित्य की विभिन्न टिप्पणियों को समझने और उन्हें बुनियादी सिद्धांतों की समझ के लिए उचित रूप से लागू करने की क्षमता;

(डी) यूनानी चिकित्सा आधारित अनुसंधान प्रोटोकॉल विकसित करने में कुशल;

(ई) प्राचीन पांडुलिपियों को पढ़ने, यूनानी शब्दावली के साहित्यिक अर्थ को समझने और परिभाषित करने में और सामग्री का वर्णन करने में सक्षम;

(एफ) उचित समझ और अनुप्रयोगों के लिए बुनियादी सिद्धांतों के वैज्ञानिक और व्यावहारिक पहलुओं को लिखने और उचित ठहराने की क्षमता;

(जी) बायोकैमिस्ट्री, बायोफिज़िक्स और एप्लाइड फ़िज़ियॉलोजी के उन्नत ज्ञान के साथ कुल्लियात उमूरे तबिया (फिजिक्स के कारक) - अरकान, मिज़ाज, अख़लात, आज़ा, अरवाह, कुवा और अफ़ाल को समझने की क्षमता;

(एच) कुल्लियात -ए-असबाब ओ अलामत को समझने की क्षमता;

(आई) कुल्लियात उसूल-ए-तशख़ीस व तजवीज़ को समझने की क्षमता;

(जे) इत्तालकी कुल्लियात को समझने की क्षमता;

(के) कुल्लियाते तिब में स्नातकोत्तर डिग्री धारक कुल्लियाते तिब (स्पेशलिस्ट ऑफ़ बेसिक प्रिंसिपल्स ऑफ़ यूनानी मेडिसिन) में विशेषज्ञ या माहिरे होगा; अर्थात् यूनानी बुनियादी सिद्धांतों और उनके अनुप्रयोगों के महत्वपूर्ण आकलन कार्य में विशिष्ट होगा।"

(2) तशरीहुल बदन (ह्यूमन एनोटॉमी)-

(ए) मानव शरीर की समकालीन संरचना और उसके व्यावहारिक नैदानिक पहलुओं की समझ;

(बी) मानव शरीर को व्यवस्थित रूप से विच्छेदित (डीसेक्ट) करने में सक्षम;

(सी) सर्जिकल एनाटॉमी, सर्जरी, ऑब्सटेट्रिक्स एंड गाइनेकोलॉजी में एप्लाइड एनाटॉमी का प्रदर्शन करने में कुशल;

(डी) यूनानी चिकित्सा आधारित अनुसंधान प्रोटोकॉल विकसित करने की क्षमता;

(ई) "शरीर रचना संग्रहालय के लिए शवों को लेप करने और अंगों और नमूना अंशों को तैयार करने की क्षमता।

(एफ) अंगों और नमूनों के प्लास्टिनेशन के लिए कौशल हासिल करना;

(जी) 3डी एनाटॉमी, वर्चुअल डिसेक्शन टेबल, ई-विच्छेदन (डिसेक्शन) और अन्य सॉफ्टवेयर जैसी उन्नत एनाटॉमिकल एडस को समझने और प्रदर्शित करने की क्षमता;

(एच) तशरीहुल बदन में स्नातकोत्तर डिग्री धारक **तशरीहुल बदन** (यूनानी एनाटोमिस्ट) में विशेषज्ञ या **माहिर** होगा।

(3) मनाफेउल आज़ा (फ़िज़ियॉलोजी) -

(ए) मानव शरीर के शारीरिक कार्यों को समझने और प्रदर्शित करने की क्षमता;

(बी) यूनानी बुनियादी सिद्धांतों के शरीर क्रिया के पहलुओं को समझना, आकलन करना, मूल्यांकन करना और रेटिंग करना;

(सी) शरीर के तरल पदार्थ और अखलात के बीच तुलनात्मक अध्ययन;

(डी) मानव शरीर की जैव रसायन और यूनानी जीव विज्ञान के ज्ञान को समझने और लागू करने में सक्षम;

(ई) अखलात या यूनानी जीनोमिक्स के प्रभुत्व के अनुसार विभिन्न मनोदशाओ में मानव शरीर की शारीरिक विविधताओं का अध्ययन करना;

(एफ) मनाफेउल आज़ा के विभिन्न पहलुओं में अनुसंधान करने की क्षमता;

(जी) शरीर क्रिया परीक्षण और प्रयोग आयोजित करने या प्रदर्शित करने की क्षमता;

(एच) समकालीन वैज्ञानिक तर्ज पर यूनानी फ़िज़ियॉलोजी का सहसंबंध और अनुवाद करने में सक्षम;

(आई) मनाफेउल आज़ा में स्नातकोत्तर डिग्री धारक **मनाफेउल आज़ा** (यूनानी फिजियोलॉजिस्ट) में विशेषज्ञ या **माहिर** होगा।

(4) इल्मुल अदविया (मटेरिया मेडिका, फार्माकोलॉजी और फार्माकोग्नॉसी)।-

(ए) हर्बल, खनिज और पशु मूल के कच्चे माल (दवाओं) की पहचान और प्रमाणीकरण की क्षमता विकसित करना;

(बी) कच्ची औषधियों का शुद्धिकरण व्यवस्थित तरीके से करने और इसे वैज्ञानिक रूप से समझाने में सक्षम;

(सी) प्रमाणित प्राचीन यूनानी साहित्य और इसकी वैज्ञानिक भावना की प्रासंगिकता में यूनानी औषधियों के औषधीय गुणों की व्याख्या करने की क्षमता;

(डी) समकालीन तर्ज पर यूनानी दवाओं की औषधीय इवेंटस को समझना और समझाना;

(ई) फाइटोकेमिकल और फार्माकोग्नॉस्टिक प्रयोगों को संचालित करने या प्रदर्शित करने की क्षमता;

(एफ) पशु अध्ययन सहित औषधीय प्रयोगों का संचालन और प्रदर्शन करने की क्षमता;

(जी) मिलावट करने वालों की पहचान करने और विकल्प सुझाने में क्षमता ;

(एच) विवाद को दूर करने और वैकल्पिक औषधियों का सुझाव देने की क्षमता;

(आई) यूनानी चिकित्सा में नई एकल औषधीय या औषधियों के औषधीय गुणों को परिभाषित करने की क्षमता;

(जे) पारंपरिक और वैज्ञानिक मापदंडों पर कच्ची औषधियों की गुणवत्ता परीक्षण करने में सक्षम होना;

(के) फॉर्मालॉजिकल अनुसंधान करने की क्षमता;

(एल) विषाक्तता अध्ययन करने की क्षमता;

(एम) टिशू कल्चर, जैव सूचना विज्ञान, नेटवर्क फार्माकोलॉजी, स्टेम सेल प्रयोग आदि उभरते क्षेत्रों का ज्ञान प्राप्त करना;

(एन) औषधि मानकीकरण अध्ययन संचालित करने की क्षमता;

(ओ) औषधि भंडार के विकास के लिए ज्ञान प्राप्त करना;

(पी) इल्मुल अदविया (फार्माकोलॉजी) में स्नातकोत्तर डिग्री धारक इल्मुल अदविया (यूनानी फार्माकोलॉजिस्ट) में विशेषज्ञ या माहिरे होगा जो अनिर्मित सामग्री (जड़ी बूटी, धातु, खनिज और पशु स्रोत) की पहचान, शुद्धिकरण और जैविक कार्यों में विशिष्ट होगा।

(5) इल्मुल सैदला (मटेरिया मेडिका, फार्मास्यूटिक्स और क्लिनिकल फार्मेसी)-

(ए) इल्मुल सैदला में मौलिक और व्यावहारिक ज्ञान;

(बी) रसायन विज्ञान और रासायनिक प्रौद्योगिकी के आलोक में इल्मुल सैदला में वर्णित शुद्धिकरण और औषधि प्रसंस्करण विधियों को समझने की क्षमता;

(सी) यूनानी फॉर्मूलेशन में प्रयुक्त कच्चे माल की प्रामाणिकता का आकलन करने की क्षमता;

(डी) क्लासिकल खुराक फॉर्म तैयार करने की क्षमता;

(ई) नए खुराक रूपों या नई औषधि के विकास की क्षमता;

(एफ) पारंपरिक और वर्तमान उन्नत तरीकों के माध्यम से दवाओं की गुणवत्ता मूल्यांकन के लिए कौशल विकसित करने की क्षमता;

(जी) इल्मुल सैदला में अनुसंधान की आवश्यकता और क्षेत्रों की पहचान करने की क्षमता;

(एच) दवा मानकीकरण, गुणवत्ता परीक्षण, गुणवत्ता नियंत्रण और गुणवत्ता आश्वासन विधियों और संबंधित उपकरणों या यंत्रों या सहायक उपकरणों या उपस्कर का ज्ञान होना;

(आई) सामग्री और परिचालन प्रबंधन, वितरण फार्मेसी, नैदानिक फार्मेसी और फार्मेसी अभ्यास की समझ और अनुप्रयोग;

(जे) मानक दवा डेटाबेस के ज्ञान में सिद्ध और दवा डोजियर तैयार करने में सक्षम। दवाओं, सौंदर्य प्रसाधनों और प्रासंगिक कार्यों से परिचित ।

(के) फार्माकोविजिलेंस, इसकी आवश्यकता, दायरे और उद्देश्यों का ज्ञान ।

(एल) फार्मेसी और नैदानिक फार्मेसी के वितरण में अनुभव प्राप्त करना;

(एम) "नई दवाओं या संयोजनों को तैयार करने की क्षमता।

(एन) इल्मुल सैदला के विभिन्न पहलुओं में अनुसंधान करने की क्षमता;

(ओ) इल्मुल सैदला में स्नातकोत्तर डिग्री धारक इल्मुल सैदला (अर्थात यूनानी फार्मास्युटिकल विशेषज्ञ) में विशेषज्ञ होगा। जो यूनानी फार्मास्यूटिक्स, फार्मास्यूटिकल्स और क्लिनिकल फार्मेसी में विशिष्ट है।

(6) माहियातुल अमराज़ (पैथोलॉजी एंड लेबोरेटरी डायग्नोस्टिक्स) -

(ए) पैथोलॉजी, हिस्टोपैथोलॉजी, इल्मुल अमराज़ नब्ज़ और बौल- ऑ-बराज़ का पर्याप्त ज्ञान (सैद्धांतिक और प्रायौगिक) प्राप्त करना;

(बी) सीरोलॉजी, जैव रसायन, सूक्ष्म जीव विज्ञान का पर्याप्त ज्ञान (सैद्धांतिक और व्यावहारिक) प्राप्त करना;

(सी) रोगों के निदान और पूर्वानुमान में यूनानी चिकित्सा के पारंपरिक और उन्नत नैदानिक मापदंडों को लागू करने की क्षमता (जैसे नब्ज़, बौल ओ बराज़ आदि);

(डी) जांच करने, यूनानी सिद्धांतों के संदर्भ में परिणामों की व्याख्या करने और जांच या परीक्षण रिपोर्ट को प्रमाणित करने की क्षमता;

(ई) पैथोलॉजी (हेमेटोलॉजी और मूत्र) सीरोलॉजी, जैव रसायन और शरीर के अन्य नमूनों से संबंधित जांच करने के कौशल विकसित करना;

(एफ) इल्मुल अमराज़ के विभिन्न पहलुओं में अनुसंधान करने की क्षमता;

(जी) यूनानी चिकित्सा के साथ-साथ समकालीन चिकित्सा विज्ञान में रोग स्थितियों के पैथोफिज़ियोलॉजी को समझने की क्षमता;

(एच) यूनानी सिद्धांतों के संदर्भ में जांच करने की क्षमता, परिणामों की व्याख्या करना, और शिक्षण और प्रशिक्षण के उद्देश्य से नैदानिक जांच या परीक्षणों की रिपोर्ट करना और प्रमाणित करना।

(आई) "यूनानी फ़िज़ियॉलोजी, यूनानी बायोलॉजी, मॉलिक्यूलर बायोलॉजी, यूनानी जीनोमिक्स और संबंधित क्षेत्रों के माध्यम से पैथोलॉजी का वर्णन और प्रदर्शन करने की क्षमता।

(जे) माहियातुल अमराज़ में स्नातकोत्तर डिग्री धारक माहियातुल अमराज़ (यूनानी पैथोलोजिस्ट) में विशेषज्ञ या माहिर होगा। वह पैथोलॉजी और प्रयोगशाला निदान में विशेषज्ञ होगा।

(7) तहफ्फुज़ी व समाजी तिब (यूनानी डायटेटिक्स लाइफस्टाइल मैनेजमेंट, प्रिवेंटिव मेडिसिन एंड पब्लिक हेल्थ)-

(ए) निवारक, स्वास्थ्य कर और प्रोत्साहन स्वास्थ्य देखभाल के संदर्भ में यूनानी चिकित्सा के सिद्धांतों के आधार पर आहार और जीवनशैली में सुधार की सलाह देने की क्षमता;

(बी) स्वास्थ्य और कल्याण बनाए रखने के लिए नियमित सफाई विधियों पर परामर्श देने की क्षमता;

(सी) मिजाज, जीवन शैली और रोगों के अनुसार यूनानी आहार विकसित करने की क्षमता;

(डी) निवारक उपायों को प्रीस्क्राइव करने और निवारक दवाओं को प्रीस्क्राइव करने की क्षमता;

(ई) महामारी विज्ञान अनुसंधान के लिए अनुसंधान प्रोटोकॉल विकसित करने की क्षमता;

(एफ) पारंपरिक भोजन, यूनानी पोषण, फंक्शनल भोजन और पाक (कलिनरी) चिकित्सा सहित यूनानी आहार विज्ञान में विशेषज्ञ बनना;

(जी) यूनानी आहार प्रीस्क्राइव निर्धारित करने में योग्यता;

(एच) राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम और संबंधित नियामक दिशानिर्देशों में अद्यतन ज्ञान;

(आई) क्षेत्र सर्वेक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने और सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों को अपनाने की क्षमता;

(जे) यूनानी के माध्यम से प्लेनेटरी हैल्थ सुनिश्चित करने के लिए अनुसंधान के क्षेत्र की पहचान करने में सक्षम;

(के) वैज्ञानिक तरीके से स्थानिक, महामारी और वैश्विक महामारी स्थितियों में यूनानी दवाईयों का प्रबंधन करने में सक्षम;

(एल) योग (योग सहित रियाज़त) चिकित्सा के लिए उपयुक्त नैदानिक स्थितियों की पहचान करने में सक्षम;

(एम) स्वास्थ्य, कायाकल्प, दीर्घायु और स्वास्थ्य के रखरखाव के लिए योग (योग सहित रियाज़त) की सलाह देने में सक्षम;

(एन) निवारक, प्रोत्साहन और स्वस्थकर स्वास्थ्य देखभाल और सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए योग (योग सहित रियाज़त) लागू अपनाना;

(ओ) योग और रियाज़त को एकीकृत करने के लिए अन्य विशेषज्ञों के साथ सहयोग करने में सक्षम;

(पी) समसामयिक तर्ज पर योग (योग सहित रियाज़त) से जुड़ी जैविक इवेंटस की व्याख्या करने में सक्षम ;

(क्यू) अनुसंधान हेतु क्षेत्र की पहचान करने और वैज्ञानिक मापदंडों को लागू करने में सक्षम होना;

(आर) तहफ्फुज़ी व समाजी तिब में स्नातकोत्तर डिग्री धारक तहफ्फुज़ी व समाजी तिब (यूनानी आहार विज्ञान, जीवन शैली प्रबंधन, निवारक चिकित्सा और जन स्वास्थ्य विशेषज्ञ) में विशेषज्ञ या माहिरे होगा।

(8) तिब्बुल क़ानून व इल्मुल समूम (फोरेंसिक मेडिसिन और क्लिनिकल टॉक्सिकोलॉजी)-

(ए) विषाक्त स्थितियों, काटने या डंक का निदान करने और उनके चिकित्सा और प्रक्रियात्मक प्रबंधन को लागू करने की क्षमता;

(बी) अज्ञात ऑरिजिन मूल की विषाक्त स्थिति को सभालने की क्षमता;

(सी) निदान, आपातकालीन देखभाल और प्रबंधन के संदर्भ में समकालीन वैज्ञानिक ज्ञान का विषाक्त स्थितियों में प्रयोग करने में सक्षम होना;

(डी) उपयुक्त एंटीडोट्स के निर्माण और विषाक्तता को हटाने में सक्षम;

(ई) चिकित्सा न्यायशास्त्र से संबंधित मामलों को संभालने में सक्षम;

(एफ) यूनानी सूत्रीकरण और औषधियों की सुरक्षा पर प्रयोगात्मक अध्ययन करने में सक्षम;

(जी) फार्माकोविजिलेंस को संभालने की क्षमता;

(एच) विष के कारण उत्पन्न नैदानिक स्थितियों और जटिलताओं का प्रबंधन करने में सक्षम।

(आई) विशेषता से संबंधित स्थितियों पर नैदानिक अनुसंधान करने में सक्षम।

(जे) तिब्बुल क़ानून व इल्मुल समूम में स्नातकोत्तर डिग्री धारक तिब्बुल क़ानून व इल्मुल समूम (फोरेंसिक मेडिसिन और क्लिनिकल टॉक्सिकोलॉजी) और मेडिकल जुरीसप्रूडेंस के विशेषज्ञ होंगे।

(9) मोआलाजात (मेडिसिन)

(ए) यूनानी निदान विधियों को लागू करके सामान्य रोगियों का नैदानिक रूप से निदान करने की क्षमता;

(बी) सामान्य नैदानिक स्थितियों का प्रबंधन करने की क्षमता;

(सी) नैदानिक जांच रिपोर्ट की व्याख्या और सहसंबंध बनाना, निदान पर पहुंचना और रोगियों का उपचार करना;

(डी) सामान्य रोगियों के लिए उपचार की दिशा निर्धारित करने में कुशल;

(ई) खुराक (डोज़) निर्धारित करने और उचित तरीके से लगाने में कुशल;

(एफ) निदान और उपचार में शरीर रचना विज्ञान (एनॉटमी) और शरीर क्रिया विज्ञान (फ़िज़ियॉलोजी) के ज्ञान और अनुभव को लागू करने की क्षमता।

(जी) गंभीर और पुरानी नैदानिक स्थितियों के लिए व्यापक उपचार प्रदान करने या निर्धारित करने की क्षमता

(एच) रोगों के प्रबंधन में सक्षम;

(आई) रोगों के पहचान में यूनानी और समसामयिक निदान लागू करने की क्षमता;

(जे) आपातकालीन चिकित्सा प्रदान करने की क्षमता;

(के) नैदानिक अनुसंधान करने में सक्षम;

(एल) मोआलाजात में स्नातकोत्तर डिग्री धारक मोआलाजात (यूनानी सामान्य चिकित्सा विशेषज्ञ) में विशेषज्ञ या माहिरे होगा।

(10) इलाज बित तदाबीर (रेजिमेनल थेरेपी) -

(ए) इलाज बित तदाबीर के लिए उपयुक्त रोग स्थितियों की पहचान करने की क्षमता;

(बी) इलाज बित तदाबीर के माध्यम से मांसपेशियों, न्यूरोलॉजिकल, रुमेटोलॉजिकल, चोटों (ट्रॉमेटिक) स्थितियों और खेल चोटों के प्रबंधन में कौशल प्राप्त;

(सी) बाह्य उपचार प्रक्रियाओं को प्रदर्शित करने या निष्पादित करने की क्षमता;

(डी) आंतरिक मेडिसन और बाह्य मेडिसन को एकीकृत करने की क्षमता;

(ई) इलाज बित तदाबीर के लिए उपकरण या उपस्कर या प्रोसीजर विकसित करने में सक्षम;

(एफ) इलाज बित तदाबीर प्रक्रियाओं के माध्यम से कायाकल्प चिकित्सा करने की क्षमता;

(जी) बच्चों के लिए इलाज बित तदाबीर करने की क्षमता;

(एच) उपशामक देखभाल, दर्द प्रबंधन, पुनर्वास प्रबंधन और इलाज बित तदाबीर (रेजिमेनल थेरेपी) के विभिन्न उपचार उपायों या तकनीकों के माध्यम से जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने में प्रवीण।

(आई) संबंधित क्षेत्र में नैदानिक अनुसंधान करने में सक्षम;

(जे) इलाज बित तदाबीर में स्नातकोत्तर डिग्री धारक इलाज बित तदाबीर (रेजिमेनल थेरेपी विशेषज्ञ) में विशेषज्ञ या माहिर होगा।

(11) अमराज़े जिल्द व तज़ीनियत (डर्माटोलोजी और कॉस्मेटोलॉजी)।

(ए) विशेषज्ञता से संबंधित नैदानिक परीक्षण करने की क्षमता;

(बी) गंभीर और पुरानी त्वचा विकारों के प्रबंधन या उपचार में सक्षम;

(सी) उचित इलाज बित तदाबीर (रेजिमेनल थेरेपी) का उपयोग करके उपचार प्रक्रियाओं या बाहरी दवाएं देने में सक्षम;

(डी) नई रोगों के प्रबंधन के लिए उपचारात्मक उपाय विकसित करने में सक्षम;

(ई) निदान में उचित उपकरणों और तरीकों को संभालने में सक्षम;

(एफ) बुढापा एवं कॉस्मेटिक मुद्दों के लिए यूनानी दवाईयां प्रीस्क्राइव करने या एडमिनिस्टिर करने में दक्षता;

(जी) यूनानी निदान और समकालीन पद्धतियों के माध्यम से त्वचा विकारों का निदान करने की क्षमता;

(एच) संबंधित क्षेत्र में नैदानिक अनुसंधान करने में सक्षम;

(आई) अमराज़े जिल्द व तज़ीनियत में स्नात्कोत्तर डिग्री धारक अमराज़े जिल्द व तज़ीनियत (डर्माटोलोजी और कॉस्मेटोलॉजी) में विशेषज्ञ या माहिरे होगा।

(12) इल्मुल जराहत (सर्जरी)-

(ए) ऑपरेशन थिएटर में उपयोग किए जाने वाले उपकरणों या उपस्करों को स्टरलाइज़ करने की क्षमता;

(बी) ऑपरेशन थिएटर में उपकरणों या उपस्करों को उचित रूप से प्रबंधित करने की क्षमता;

(सी) ऑपरेशन थियेटर को उचित रूप से बनाए रखने में सक्षम;

(डी) ऑपरेशन से पहले और ऑपरेशन के बाद की देखभाल में कुशल;

(ई) यूनानी सर्जरी करने की वर्तमान आवश्यकता के अनुसार उपकरण या उपस्कर विकसित करने की क्षमता;

(एफ) संबंधित नैदानिक प्रक्रियाओं को निष्पादित करने और परिणामों की व्याख्या करने की क्षमता;

(जी) नैदानिक अनुसंधान करने में सक्षम;

(एच) प्राप्त शिक्षण और प्रशिक्षण के अनुसार पाठ्यक्रम में उल्लिखित सर्जिकल स्थितियों में सर्जरी करने की क्षमता;

(आई) नैदानिक सर्जरी करने और सर्जिकल और पैरा-सर्जिकल जटिलताओं का प्रबंधन करने की क्षमता; और

(जे) इल्मुल जराहत में स्नातकोत्तर डिग्री धारक इल्मुल जराहत ' (यूनानी सर्जन) में विशेषज्ञ या माहिरे होगा।

(13) अमराज़े निस्वान वा क़बालत (ऑब्सटेट्रिक्स एंड गाइनेकोलॉजी)-

(ए) प्रसवपूर्व, प्रसव और प्रसवोत्तर देखभाल प्रदान करने की क्षमता;

(बी) प्रसव कराने और जटिलताओं का प्रबंधन करने की क्षमता;

(सी) स्त्री रोग संबंधी या प्रसूति संबंधी विकारों का निदान करने और उचित उपचार प्रदान करने के लिए शारीरिक ज्ञान का उपयोग करने में सक्षम

(डी) शिक्षण और प्रशिक्षण के अनुसार स्त्री रोग संबंधी प्रक्रियात्मक उपचार, स्त्री रोग और प्रसूति सर्जरी करने की क्षमता;

(ई) नैदानिक अनुसंधान करने में सक्षम;

(एफ) विशेषज्ञता से संबंधित नैदानिक परीक्षण करने की क्षमता;

(जी) गर्भधारण और गर्भनिरोधक उपाय करने या परामर्श देने की क्षमता;

(एच) भ्रूण के सामान्य विकास और सामान्य प्रसव को सुविधाजनक बनाने के लिए औषधि प्रीस्क्राइव करने और उपाय लिखने में सक्षम;

(आई) संबंधित क्षेत्र में नैदानिक अनुसंधान करने में सक्षम;

(जे) इल्मुल क़बालत वा अमराज़े निस्वान में स्नातकोत्तर डिग्री धारक क़बालत वा अमराज़े निस्वान विशेषज्ञ (यूनानी ऑब्सटेट्रिक्स एंड गाइनेकोलॉजी विशेषज्ञ) का विशेषज्ञ या माहिरे होगा।

(14) अमराज़े अतफाल (पिडियाट्रिक्स) -

(ए) सामान्य रूप से 18 वर्ष की आयु तक के बच्चों के विकारों का उपचार करने की क्षमता;

(बी) 'सामान्य बच्चे' को समझने में सक्षम;

(सी) टीकाकरण अनुसूची या प्रतिरक्षा को बढ़ावा देने वाले उपायों के कार्यान्वयन में क्षमता;

(डी) बच्चों को एक्सटर्नल मेडिसन देने या थेरेपी देने की क्षमता;

(ई) संबंधित क्षेत्र में नैदानिक अनुसंधान करने में सक्षम;

(एफ) विशेषज्ञता से संबंधित नैदानिक परीक्षण करने की क्षमता;

(जी) विशेष रूप से दिव्यांग या शारीरिक रूप से दिव्यांग बच्चों का उपचार करने की क्षमता;

(एच) यूनानी सिद्धांतों के आधार पर बढ़ते बच्चों के लिए आहार निर्धारित करने में कुशल;

(आई) अमराज़े अतफाल में स्नातकोत्तर डिग्री धारक 'अमराज़े अतफाल (यूनानी पिडियाट्रिक्स विशेषज्ञ) का विशेषज्ञ या **माहिर** होगा।

(15) अमराज़े उज़्न, अनफ़, व हलक (ईयर नोज़ एंड थ्रोट)

(ए) ऑपरेशन थिएटर में उपयोग किए जाने वाले उपकरणों या उपस्करों को स्टरलाइज़ करने की क्षमता;

(बी) संबंधित नैदानिक प्रक्रियाओं को निष्पादित करने और परिणामों की व्याख्या करने की क्षमता;

(सी) सर्जरी करने की क्षमता;

(डी) नैदानिक अनुसंधान करने में सक्षम;

(ई) शिक्षण और प्रशिक्षण (पाठ्यक्रम) के अनुसार सर्जिकल, पैरा-सर्जिकल प्रक्रियाएं करने की क्षमता;

(एफ) सर्जिकल जटिलताओं का प्रबंधन करने की क्षमता;

(जी) अमराज़े उज़्न, में स्नातकोत्तर डिग्री धारक अमराज़े उज़्न, अनफ़ व हलक (कान, नाक और गले के रोग) में विशेषज्ञ या माहिरे होगा।

18. **निर्देश का माध्यम -** शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी या उर्दू या हिंदी या भारत के संविधान की आठवीं अनुसूची के अंतर्गत शामिल कोई मान्यता प्राप्त क्षेत्रीय भाषा होगी। ऐसे प्रकरणों में जहां स्नातकोत्तर विभाग या विशेषज्ञता विभिन्न राज्यों के छात्रों को प्रवेश देती है, अंग्रेजी या हिंदी कॉमन भाषा का उपयोग किया जाएगा।

19. **स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम में प्रवेश का तरीका**। (1) प्रत्येक शैक्षणिक वर्ष में स्नातकोत्तर डिग्री (एमडी और एमएस) कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए एक समान प्रवेश परीक्षा या परीक्षा अर्थात राष्ट्रीय स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा होगी। और इसे भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा नामित प्राधिकारी द्वारा आयोजित किया जाएगा; परंतु स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा विदेशी राष्ट्रीय उम्मीदवारों के लिए लागू नहीं होगी।

(2) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या बोर्ड या चिकित्सा संस्थान से कामिले तिब ओ जराहत (बैचलर ऑफ यूनानी मेडिसिन एंड सर्जरी) (बीयूएमएस) की डिग्री रखने वाला व्यक्ति और राज्य या केंद्र शासित प्रदेश या केंद्रीय पंजीयन (जैसा लागू हो) में एक चिकित्सा व्यवसायी के रूप में वैध पंजीयन प्रमाण पत्र रखने वाला व्यक्ति राष्ट्रीय स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा में बैठने के लिए पात्र होंगे। राष्ट्रीय स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात, वह योग्यता के अनुसार स्नातकोत्तर डिग्री (डॉक्टर ऑफ मेडिसिन या मास्टर ऑफ सर्जरी) कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए पात्र हो जाएगा।

(3) स्नातकोत्तर कार्यक्रम में प्रवेश के प्रकरण में, संबंधित राज्य या संघ राज्य क्षेत्र की परिषद या बोर्ड से जहां वह स्नातकोत्तर कार्यक्रम में प्रवेश लेता है, राज्य या संघ राज्य क्षेत्र के स्थायी पंजीयन के अतिरिक्त, अस्थायी पंजीयन स्नातकोत्तर कार्यक्रम की पूरी अवधि के लिए आवश्यक होगा।

(4) स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए पात्र होने के लिए, उम्मीदवार को उक्त शैक्षणिक वर्ष के लिए आयोजित राष्ट्रीय स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा में न्यूनतम 50th प्रतिशत पर्सेन्टाइल प्राप्त करना आवश्यक होगा :

बशर्ते कि,-

(ए) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम अंक 40th पर्सेन्टाइल पर होंगे;

(बी) दिव्यांगजन व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2016 (2016 का 49) के तहत निर्दिष्ट बेंचमार्क दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम अंक 40 th पर्सेन्टाइल होंगे।

(5) राष्ट्रीय स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंकों या स्कोर के आधार पर पात्र उम्मीदवारों की एक अखिल भारतीय सामान्य योग्यता सूची के साथ-साथ राज्य या केंद्र शासित प्रदेशवार योग्यता सूची तैयार की जाएगी। संबंधित श्रेणियों के भीतर उम्मीदवारों को केवल काउंसलिंग के माध्यम से उक्त मेरिट सूची से स्नातकोत्तर डिग्री पाठ्यक्रम में प्रवेश दिया जाएगा।

(6) सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त संस्थान और निजी संस्थान में प्रवेश के लिए सीट मैट्रिक्स अखिल भारतीय आरक्षित श्रेणी (कोटा) के लिए पंद्रह प्रतिशत होगी और राज्य और केंद्र शासित प्रदेश आरक्षित श्रेणी (कोटा) के लिए पचासी प्रतिशत होगी:

बशर्ते कि -

(ए) दोनों सरकारी और निजी (केंद्रीय अधिनियम के अंतर्गत स्थापित) सभी डीम्ड विश्वविद्यालयों में प्रवेश के उद्देश्य से अखिल भारतीय आरक्षित वर्ग (कोटा) शत-प्रतिशत होगा;

(बी) विश्वविद्यालय और संस्थान जिनके पास पहले से ही पंद्रह प्रतिशत से अधिक है। अखिल भारतीय आरक्षित वर्ग (कोटा) सीटें उस आरक्षित श्रेणी (कोटा) को बनाए रखना जारी रखेंगी;

(सी) सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त संस्थानों में वार्षिक स्वीकृत प्रवेश क्षमता के पांच प्रतिशत को दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 (2016 का 49) के प्रावधानों के अनुसार दिव्यांग उम्मीदवार से भरा जाएगा।

(7) राज्य सरकार, विश्वविद्यालय, ट्रस्ट, सोसायटी, अल्पसंख्यक संस्थान, निगम या कंपनी द्वारा स्थापित संस्थानों सहित राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सभी यूनानी शैक्षणिक संस्थान में स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए राज्य और केंद्र शासित प्रदेश आरक्षित श्रेणी (कोटा) की काउंसलिंगके लिए नामित प्राधिकारी जैसा भी प्रकरण हो, संबंधित राज्य या केंद्र शासित प्रदेश के प्रासंगिक नियमों और विनियमों के अनुसार संबंधित राज्य या केंद्र शासित प्रदेश से होगा।

(8) केंद्रीय अधिनियम द्वारा स्थापित सरकारी और निजी दोनों प्रकार के सभी डीम्ड विश्वविद्यालयों की शत-प्रतिशत सीटों के स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में सभी प्रवेश के लिए काउंसलिंग अखिल भारतीय आयुष केंद्रीय परामर्श समिति द्वारा आयोजित की जाएगी, जो इस संबंध में भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा नामित प्राधिकरण है।

(9) सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त, केंद्रीय विश्वविद्यालयों, डीम्ड विश्वविद्यालयों और केंद्र सरकार द्वारा स्थापित यूनानी चिकित्सा संस्थाओं में अखिल भारतीय कोटा के अंतर्गत सीटों के लिए स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए काउंसलिंग अखिल भारतीय आयुष केंद्रीय परामर्श समिति द्वारा आयोजित की जाएगी जो इस संबंध में यह भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा नामित प्राधिकरण है।

(10) विदेशी नागरिकों को छोड़कर प्रबंधन कोटे के अंतर्गत आने वाली सभी सीटों को केवल ऑनलाइन काउंसलिंग के माध्यम से भरा जाएगा।

(11) केंद्र या राज्य या केंद्र शासित प्रदेश काउंसलिंग के अतिरिक्त किसी भी माध्यम से सीधे प्रवेश को अमान्य माना जाएगा।

(12) संस्थान, भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा निर्दिष्ट प्रवेश के लिए कट-ऑफ तिथि पर उससे पहले भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा समय-समय पर निर्दिष्ट समय, प्रारूप और मोड में और प्रवेशित छात्रों की सूची सत्यापन के लिए प्रस्तुत करेंगे। ऐसा न करने पर परीक्षा सेल, भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग की सिफारिश पर भारतीय चिकित्सा पद्धति चिकित्सा आकलन और रेटिंग बोर्ड द्वारा प्रतिदिन एक लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा।

(13) परामर्श प्राधिकारी प्रवेशित छात्रों का डेटा भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा निर्दिष्ट प्रारूप, मोड और समय सीमा में प्रस्तुत करेंगे।

(14) कोई भी उम्मीदवार जो इन विनियमों में निर्दिष्ट न्यूनतम पात्रता अंक प्राप्त करने में विफल रहा है, उसे उक्त शैक्षणिक वर्ष में स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

(15) कोई भी प्राधिकारी या संस्थान इन विनियमों और प्रवेश के संबंध में आयोग के संबंधित दिशानिर्देशों में निर्धारित मानदंडों या प्रक्रिया के उल्लंघन में किसी भी उम्मीदवार को स्नातकोत्तर कार्यक्रम में प्रवेश नहीं देगा।

(16) इन विनियमों और आयोग द्वारा जारी प्रवेश से संबंधित दिशानिर्देशों में उक्त निर्धारित मानदंड या प्रक्रिया के उल्लंघन में किया गया कोई भी प्रवेश अमान्य होगा और उसे भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

(17) जो प्राधिकारी या संस्था इन विनियमों में निर्धारित मानदंडों या प्रक्रिया के उल्लंघन में किसी भी छात्र को प्रवेश देता है, वह अधिनियम और उसके अंतर्गत विनियमों के प्रासंगिक प्रावधानों के अनुसार परिणाम भुगतने के लिए उत्तरदायी होगा।

(18) यूनानी में स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में विदेशी राष्ट्रीय छात्रों के प्रवेश के लिए प्रवेश प्रक्रिया और अन्य आवश्यकताएं भारतीय चिकित्सा पद्धति के लिए राष्ट्रीय आयोग द्वारा निर्दिष्ट निर्देशों या दिशानिर्देशों के अनुसार होंगी।

20. वार्षिक छात्र प्रवेश क्षमता और छात्र-गाइड अनुपात – (1) प्रत्येक स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम (डॉक्टर ऑफ मेडिसिन-एमडी और मास्टर ऑफ सर्जरी-एमएस) में वार्षिक छात्र प्रवेश क्षमता प्रति वर्ष बारह सीटों से अधिक नहीं होगी।

(2) छात्र- स्नातकोत्तर गाइड अनुपात की उपलब्धता के अधीन अर्थात प्रोफेसर के लिए 3:1 (एक प्रोफेसर के लिए तीन छात्र); 2:1 एसोसिएट प्रोफेसर या रीडर के लिए (एक एसोसिएट प्रोफेसर या रीडर के लिए दो छात्र); और असिस्टेंट प्रोफेसर या व्याख्याता के लिए 1:1 (एक असिस्टेंट प्रोफेसर या व्याख्याता के लिए एक छात्र)

21. पाठ्यक्रम और उपस्थिति की अवधि.- (1) यूनानी में स्नातकोत्तर कार्यक्रम [माहिरे तिब (डॉक्टर ऑफ मेडिसिन) और माहिरे जराहत (मास्टर ऑफ सर्जरी)] की अवधि परीक्षाओं सहित तीन वर्ष (36 माह) होगी और स्नातकोत्तर कार्यक्रम का नामकरण अध्याय-III के अनुसार होगा।

(2) पाठ्यक्रम को पूर्ण करने की अधिकतम अवधि उस बैच के लिए भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा जारी शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार शैक्षणिक पाठ्यक्रम प्रारंभ होने की तिथि से छह वर्ष से अधिक नहीं होगी।

(3) भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा निर्दिष्ट आधार आधारित केंद्रीकृत बायोमेट्रिक, या आईरिस डिटेक्शन या फेस रिकग्निशन बायोमेट्रिक उपस्थिति सिस्टम को संस्थान द्वारा स्नातकोत्तर छात्रों की उपस्थिति के लिए बनाए रखा जाएगा।

(4) नीचे उल्लिखित अवकाश नीति स्नातकोत्तर छात्रों के लिए लागू होगी, -

(ए) प्रति शैक्षणिक वर्ष 12 दिन तक की आकस्मिक छुट्टियाँ;

(बी) शैक्षणिक गतिविधियों जैसे सेमिनार, कार्यशालाओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, अभिविन्यास कार्यक्रमों, संगोष्ठी आदि में भाग लेने के लिए यात्रा के दिनों सहित "ऑन ड्यूटी" माना जाएगा; और

(सी) मातृत्व और अन्य छुट्टियां संबंधित केंद्र, राज्य, केंद्र शासित प्रदेश या अनुबंध नियमों के अनुसार प्रदान की जाएंगी।

(5) छात्र को विश्वविद्यालय परीक्षा में उपस्थित होने का पात्र होने के लिए कुल शैक्षणिक गतिविधियों के 80 प्रतिशत में उपस्थित होना होगा, इन शैक्षणिक गतिविधियों में व्याख्यान, व्यावहारिक या नैदानिक सत्र, प्रत्यक्ष शिक्षण, ऑनलाइन और ऑफलाइन कार्यशालाएं, सेमिनार, नैदानिक प्रकरण प्रस्तुतिकरण, समूह चर्चा, जर्नल क्लब आदि शामिल हैं, जैसा कि विभाग या संस्थान द्वारा निर्धारित किया गया है।

(6) अपेक्षित उपस्थिति प्राप्त करना स्नातकोत्तर छात्र की उत्तरदायित्व होगा। उपस्थिति में कमी के प्रकरण में, पाठ्यक्रम की अवधि आनुपातिक रूप से बढ़ाई जाएगी।

(7) छात्र अध्ययन के दौरान सौंपे गए अस्पताल, विभाग, प्रयोगशालाओं और अन्य कार्य में भाग लेंगे।

(8) स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रमों में अवकाश का कोई प्रावधान नहीं है।

22. अध्ययन और विषयों का पैटर्न-

(1) स्नातकोत्तर कार्यक्रम सामान्य रूप से प्रत्येक वर्ष अगस्त के पहले कार्य दिवस से प्रारंभ होगा।

(2) स्नातकोत्तर कार्यक्रम आयोग द्वारा निर्धारित एक ओरिएंटेशन कार्यक्रम (सामान्य और विशेषता-विशिष्ट) के साथ प्रारंभ होगा।

(3) तीन वर्ष (छत्तीस माह) के स्नातकोत्तर कार्यक्रम में छह सेमेस्टर होंगे, और प्रत्येक सेमेस्टर छह माह की अवधि का होगा।

(4) प्रत्येक सेमेस्टर में नोशनल क्रेडिट घंटे 750 घंटे से कम नहीं होंगे जो शिक्षण, व्यावहारिक या नैदानिक प्रशिक्षण, प्रायोगिक शिक्षा और शोध प्रबंध अनुसंधान गतिविधियों को पूरा करने के लिए होंगे। स्नातकोत्तर कार्यक्रम के कुल नोशनल क्रेडिट घंटे 4500 घंटे से कम नहीं होंगे। अर्थात 750 घंटे X 6 सेमेस्टर

(5) (ए) प्रत्येक सेमेस्टर में 750 नोशनल शिक्षण घंटे 25 क्रेडिट में संरचित किए जाते हैं, जिसमें प्रत्येक क्रेडिट में 30 घंटे होते हैं।

(बी) पूरे स्नातकोत्तर कार्यक्रम के कुल 4500 नोशनल शिक्षण घंटों को 150 क्रेडिट (अर्थात 25 क्रेडिट x 6 सेमेस्टर) में संरचित किया गया है।

(सी) प्रत्येक क्रेडिट में 1: 2: 3 के अनुपात में शिक्षण, व्यावहारिक प्रशिक्षण और अनुभवात्मक अधिगम, अर्थात, 5 घंटे का शिक्षण, 10 घंटे का व्यावहारिक प्रशिक्षण और 15 घंटे का अनुभवात्मक अधिगम होगा ।

(6) स्नातकोत्तर कार्यक्रम में प्रत्येक सेमेस्टर में मुख्य विषय और ऐच्छिक विषय शामिल होंगे, जैसा कि नीचे दी गई तालिका में विस्तृत है।

(7) (ए) विषयों को मॉड्यूल के रूप में पढ़ाया जाएगा;

(बी) प्रत्येक मॉड्यूल में एक या अधिक क्रेडिट हो सकते हैं;(मॉड्यूलर आधारित)

(सी) प्रत्येक मॉड्यूल के अंत में, छात्रों को एक रचनात्मक मूल्यांकन से गुजरना होगा।

(8) (ए) ऐच्छिक की दो श्रेणियां होंगी: डोमेन-विशिष्ट ऐच्छिक और क्षमता-वृद्धि ऐच्छिक।

(बी) प्रत्येक स्नातकोत्तर छात्र प्रत्येक सेमेस्टर में डोमेन-विशिष्ट श्रेणी से एक ऐच्छिक और क्षमता-वृद्धि श्रेणी से एक ऐच्छिक पूर्ण करेगा। कुल मिलाकर, एक स्नातकोत्तर छात्र पूरे स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम के तीन वर्षों में कम से कम 12 ऐच्छिक (डोमेन -विशिष्ट श्रेणी से छह और क्षमता-वृद्धि श्रेणी से छह) पूर्ण करेगा।

(सी) आयोग द्वारा पाठ्यक्रम निर्दिष्ट समय सीमा के भीतर वैकल्पिक पाठ्यक्रम या तो ऑफ़लाइन या ऑनलाइन आयोजित किए जाएंगे।

(9) पढ़ाए जाने वाले विषय और अन्य गतिविधियां (सेमेस्टर के अनुसार) नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित होंगी, -

तालिका

सेमेस्टर वार विषय और गतिविधियाँ

क्र.सं	**सेमेस्टर**	**पाठ्यक्रम अवधि (36 माह)**	**विषय और गतिविधियाँ**	**क्रेडिट की संख्या**
(1)	**(2)**	**(3)**	**(4)**	**(5)**
1	सेमेस्टर-1	(1-6 माह)	ओरिएंटेशन प्रोग्राम (कॉमन)	3
			ओरिएंटेशन प्रोग्राम (विशेषता के लिए विशिष्ट)	1
			मुख्य विषय: रिसर्च मैथेडॉलोजी (मॉड्यूल)	9
			मुख्य विषय: बायोस्टैटिस्टिक्स (मॉड्यूल)	8
			ऐच्छिक: डोमेन विशिष्ट (कोई भी)	2
			ऐच्छिक: क्षमता वृद्धि (कोई भी)	2
			कुल योग	**25**
योगात्मक मूल्यांकन-1				

2	सेमेस्टर-2	(7-12 माह)	सिनोप्सिस तैयार करना और जमा करना	5
			मुख्य विषय: संबंधित विशेषता की एप्लाइड बेसिक्स (मॉड्यूल)	16
			ऐच्छिक: डोमेन विशिष्ट (कोई भी)	2
			ऐच्छिक: क्षमता वृद्धि (कोई भी)	2
			कुल योग	**25**
योगात्मक मूल्यांकन-2				
3	सेमेस्टर-3	(13-18 माह)	शोध प्रबंध गतिविधियाँ	5
			विशेषता (मॉड्यूल) के मुख्य विषय	16
			ऐच्छिक: डोमेन विशिष्ट (कोई भी)	2
			ऐच्छिक: क्षमता वृद्धि (कोई भी)	2
			कुल योग	**25**
4	सेमेस्टर-4	(19-24 माह)	शोध प्रबंध गतिविधियाँ	5
			विशेषता (मॉड्यूल) के मुख्य विषय	16
			ऐच्छिक: डोमेन विशिष्ट (कोई भी)	2
			ऐच्छिक: क्षमता वृद्धि (कोई भी)	2
			कुल योग	**25**
5	सेमेस्टर-5	(25-30 महीने)	शोध प्रबंध गतिविधियाँ	5
			विशेषता (मॉड्यूल) के मुख्य विषय	16
			ऐच्छिक: डोमेन विशिष्ट (कोई भी)	2
			ऐच्छिक: क्षमता वृद्धि (कोई भी)	2
			कुल योग	25
6	सेमेस्टर-6	(31-36 माह)	शोध प्रबंध गतिविधियाँ और शोध प्रबंध प्रस्तुत करना	5
			विशेषता (मॉड्यूल) के मुख्य विषय	16
			ऐच्छिक: डोमेन विशिष्ट (कोई भी)	2
			ऐच्छिक: क्षमता वृद्धि (कोई भी)	2
			कुल योग	**25**
			पूर्ण योग	150
योगात्मक मूल्यांकन-3				

(10) पाठ्यक्रम अधिनियम में प्रावधान के अनुसार योग्यता आधारित पाठयक्रम होगा।

(11) पाठ्यचर्या एवं पाठ्यक्रम में शिक्षण एवं प्रशिक्षण की विधि का विवरण दिया जायेगा।

(12) स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के छात्र, अर्थात्- इल्मुल एडविया और इलमुल सैदला समय-समय पर आयोग द्वारा प्रकाशित संबंधित पाठ्यक्रम में निर्दिष्ट अवधि, निर्देश, दिशानिर्देश आदि के लिए उद्योग पोस्टिंग (दवा निर्माण उद्योग) से गुजर सकते हैं।

23. परीक्षा और आकलन- (1) मूल्यांकन रचनात्मक मूल्यांकन और योगात्मक मूल्यांकन के संदर्भ में किया जाएगा।

(2) **योगात्मक मूल्यांकन:** स्नातकोत्तर डिग्री पाठ्यक्रम या कार्यक्रम में तीन योगात्मक मूल्यांकन (विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षाएं) होंगी।

(3) (ए) विश्वविद्यालय पहले सेमेस्टर पाठ्यक्रम के लिए पहले सेमेस्टर के अंत में पहला योगात्मक मूल्यांकन करेगा, दूसरे सेमेस्टर पाठ्यक्रम के लिए दूसरे सेमेस्टर के अंत में दूसरा योगात्मक मूल्यांकन और तीसरे, चौथे, पांचवें और छठे सेमेस्टर के पाठ्यक्रम के लिए छठे सेमेस्टर के अंत में तीसरा योगात्मक मूल्यांकन करेगा।

(बी) तीसरे, चौथे, पांचवें और छठे सेमेस्टर को एक ब्लॉक अवधि के रूप में रखा गया है ताकि छात्रों द्वारा अनुसंधान गतिविधियों के संचालन, नैदानिक प्रदर्शन, औद्योगिक प्रदर्शन, और अन्य बाहरी पोस्टिंग या अन्य गतिविधियों को बिना किसी रुकावट के किया जा सके।

(4) दूसरे सेमेस्टर के अंत में दूसरे योगात्मक मूल्यांकन के लिए उपस्थित होने से पहले, छात्र को निर्धारित अवधि के भीतर सारांश (सिनोप्सिस) जमा करना अनिवार्य है।

(5) छठे सेमेस्टर के अंत में तीसरे योगात्मक मूल्यांकन के लिए उपस्थित होने से पहले, छात्र को,-

(ए) स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम के पहले और दूसरे सेमेस्टर के सभी मुख्य विषयों में उत्तीर्ण होना होगा;

(बी)"इन विनियमों में निर्दिष्ट न्यूनतम बारह ऐच्छिक (डोमेन-विशिष्ट श्रेणी से छह ऐच्छिक और क्षमता वृद्धि श्रेणी से छह ऐच्छिक) को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण किया;"

(सी) शोध निबंध जमा किया;

(डी) प्रीप्रिंट रिपॉजिटरी सर्वर जैसे कि बायोरेक्सिव या मेडरेक्सिव में शोध प्रबंध का कम से कम एक प्रीप्रिंट प्रकाशित किया हो या किसी प्रतिष्ठित इंडेक्स्ड शोध पत्रिका (यूजीसी-केयर, पबमेड, वेब ऑफ साइंस, साइंस साइटेशन इंडेक्स या स्कोप्स) में न्यूनतम एक शोध पत्र प्रकाशित किया हो या स्वीकृत कराया हो; और

(ई) राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठी में कम से कम एक पेपर प्रस्तुत किया।

(6) विश्वविद्यालय सामान्यतः प्रत्येक वर्ष जनवरी और जुलाई माह में संकलन (समेटिव) परीक्षाएँ आयोजित करेगा।

(7) **रचनात्मक मूल्यांकन**: (ए) पाठ्यक्रम में निर्दिष्ट प्रत्येक मॉड्यूल के अंत में संबंधित स्नातकोत्तर विभाग द्वारा रचनात्मक मूल्यांकन (मॉड्यूलर आधारित) किया जाएगा।

(बी) सेमेस्टर के अंत में, सेमेस्टर ग्रेड प्वाइंट औसत (एसजीपीए) की गणना इन नियमों में निर्दिष्ट विधि के अनुसार की जाएगी।

(सी) पहले सेमेस्टर के सेमेस्टर ग्रेड प्वाइंट औसत को पहले योगात्मक मूल्यांकन के लिए माना जाएगा; दूसरे सेमेस्टर के सेमेस्टर ग्रेड प्वाइंट औसत को दूसरे योगात्मक मूल्यांकन के लिए माना जाएगा; और तीसरे, चौथे, पांचवें और छठे सेमेस्टर के औसत सेमेस्टर ग्रेड प्वाइंट औसत को तीसरे योगात्मक मूल्यांकन के लिए माना जाएगा।

(8) सेमेस्टर ग्रेड प्वाइंट औसत (एसजीपीए) का न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक प्राप्त करना विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित योगात्मक मूल्यांकन में शामिल होने के लिए पात्रता मानदंड होगा, जैसा कि नीचे निर्दिष्ट है, -

(ए) पहले समेटिव असेसमेंटस में शामिल होने के लिए पहले सेमेस्टर का न्यूनतम साठ प्रतिशत सेमेस्टर ग्रेड प्वाइंट औसत;

(बी) दूसरे समेटिव असेसमेंटस में शामिल होने के लिए दूसरे सेमेस्टर का न्यूनतम साठ प्रतिशत सेमेस्टर ग्रेड प्वाइंट औसत;

(सी) विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित तीसरे योगात्मक मूल्यांकन में शामिल होने का पात्र बनने के लिए तीसरे, चौथे, पांचवें और छठे सेमेस्टर का औसत सेमेस्टर ग्रेड प्वाइंट औसत न्यूनतम साठ प्रतिशत होगा।; और

(डी) (ए), (बी) और (सी) में निर्दिष्ट सेमेस्टर ग्रेड प्वाइंट औसत कम होने के कारण अयोग्य छात्र, उसी सेमेस्टर के शिक्षण और प्रशिक्षण में भाग लेकर आवश्यक सेमेस्टर ग्रेड प्वाइंट औसत प्राप्त करने के पश्चात ही बाद की परीक्षा में उपस्थित होने के लिए पात्र होंगे। ऐसे प्रकरण में, स्नातकोत्तर कार्यक्रम की अवधि आनुपातिक रूप से बढ़ाई जाएगी।

(9) योगात्मक मूल्यांकन के लिए विषयों या पेपरों की कुल संख्या और अंकों का वितरण नीचे दी गई **तालिका** के अनुसार होगा -

तालिका

समेटिव असेसमेंट, **सेमेस्टर, विषय, पेपरों की संख्या और अंकों का वितरण**

विषय	**सेमेस्टर**	**पेपरों की संख्या**	**अधिकतम अंक**	
			थियोरी	**वाइवा-वॉयस सहित प्रैक्टिकल या क्लिनिकल**
(1)	**(2)**	**(3)**	**(4)**	**(5)**
अनुसंधान क्रियाविधि	पहला	एक	100	----
बायो स्टैटिशियन	पहला	एक	100	----
एप्लाइड बेसिक्स ऑफ स्पेशलिटी	दूसरा	एक	100	200
विशेषता विशिष्ट विषय	छठा	चार	400	200

नोट: व्यावहारिक या नैदानिक परीक्षा के आयोजन, प्रश्न पत्र प्रारूप, खाका आदि जैसे विवरण समय-समय पर आयोग द्वारा प्रकाशित पाठ्यक्रम के अनुसार होंगे

(10) प्रत्येक सेमेस्टर के लिए सेमेस्टर ग्रेड प्वाइंट औसत की गणना पद्धति निम्नानुसार होगी, -

चरण 1: प्रत्येक विषय में मॉड्यूल ग्रेड प्वाइंट (एमजीपी) की गणना

$$\frac{\text{(एक मॉड्यूल में भाग लेने वाले नोशनल क्रेडिट घंटों की संख्या) x (मॉड्यूलर आकलन में प्राप्त अंक)}}{\text{(मॉड्यूल में राष्ट्रीय क्रेडिट घंटों की कुल संख्या) x (मॉड्यूल के अधिकतम अंक)}} \text{X100}$$

चरण 2: प्रत्येक विषय के लिए सेमेस्टर ग्रेड प्वाइंट औसत की गणना:-

(एक सेमेस्टर में मॉड्यूल ग्रेड प्वाइंट का औसत)

(11) सफल घोषित होने के लिए (ए) छात्र को पहली और दूसरी समेटिव परीक्षाओं में, थ्योरी में न्यूनतम पचास प्रतिशत और मौखिक सहित प्रैक्टिकल या क्लिनिकल में न्यूनतम पचास प्रतिशत अंक हासिल करके उत्तीर्ण होना होगा। जहां भी लागू हो।

(बी) तीसरे योगात्मक मूल्यांकन में, छात्र को सभी पेपरों में कुल पचास प्रतिशत, प्रत्येक थ्योरी परीक्षा पेपर में न्यूनतम चालीस प्रतिशत और मौखिक सहित प्रैक्टिकल या क्लिनिकल परीक्षाओं में पचास प्रतिशत अलग-अलग प्राप्त करना होगा ।

(12) पैंसठ प्रतिशत और उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाला उम्मीदवार विषय में प्रथम श्रेणी और पचहत्तर प्रतिशत इससे अधिक अंकों को प्राप्त करने वाले उम्मीदवार को विषय में डिस्टिंक्शन प्रदान की जाएगी।

(13) यदि कोई छात्र किसी भी योगात्मक मूल्यांकन में थ्योरी या प्रैक्टिकल/क्लिनिकल, या दोनों में विफल हो जाता है, तो छात्र उस असेसमेंट के सभी विषयों में थ्योरी और प्रैक्टिकल दोनों परीक्षाओं सहित उपस्थित होना होगा, जहां भी लागू हो।

(14) असफल छात्र विश्वविद्यालय द्वारा प्रत्येक छह माह में आयोजित की जाने वाली आगामी परीक्षाओं में उपस्थित होंगे।

(15) स्नातकोत्तर डिग्री शोध निबंध स्वीकार किए जाने और छात्र द्वारा तीसरा योगात्मक मूल्यांकन उत्तीर्ण करने के पश्चात प्रदान की जाएगी।

24. परीक्षकों की नियुक्ति.- (1) सेमेस्टर- I और सेमेस्टर- II में प्रत्येक विषय के लिए, योगात्मक मूल्यांकन या आकलन दो परीक्षकों द्वारा किया जाएगा, जिनमें से एक किसी अन्य चिकित्सा संस्थान से बाहरी परीक्षक होगा और दूसरा आंतरिक परीक्षक के रूप में उसी संस्थान से होगा।

(2) पहले और दूसरे समेटिव आकलन की सैद्धांतिक उत्तर पुस्तिकाओं के लिए दोहरा आकलन होगा और दोहरे आकलन पद्धति का कार्यान्वयन आयोग द्वारा प्रकाशित दिशानिर्देशों के अनुसार होगा।

(3) छठे सेमेस्टर का योगात्मक मूल्यांकन या परीक्षा चार परीक्षकों की एक टीम द्वारा आयोजित की जाएगी, अर्थात किसी अन्य संस्थान से दो बाहरी परीक्षक (कम से कम एक बाहरी परीक्षक दूसरे राज्य से होगा यदि यूनानी स्नातकोत्तर संस्थान एक से अधिक राज्य या केंद्र शासित प्रदेश में उपलब्ध हैं) और उसी संस्थान से दो आंतरिक परीक्षक होंगे।

(4) तीसरे आकलन की सैद्धांतिक उत्तर पुस्तिकाओं का आकलन सभी चार परीक्षकों द्वारा किया जाएगा, और सभी चार आकलनों के औसत को अंतिम अंक माना जाएगा, और इसी प्रकार मौखिक सहित प्रैक्टिकल या क्लिनिकल परीक्षाएं सभी चार परीक्षकों द्वारा आयोजित की जाएंगी और सभी चार परीक्षकों के औसत अंकों को मौखिक सहित प्रैक्टिकल या क्लिनिकल के अंतिम अंक माना जाएगा।

(5) उत्तर पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन (असेसमेंट) का कोई प्रावधान नहीं है।

25. पात्र स्नातकोत्तर परीक्षक.- (1) एक शिक्षक जिसके पास संबंधित विशिष्टता में न्यूनतम पांच वर्षों का स्नातकोत्तर शिक्षण अनुभव है और जिसने कम से कम एक स्नातकोत्तर शोध प्रबंध का मार्गदर्शन किया है और शोध प्रबंध स्वीकार कर लिया गया है, उसे सिद्धांत आकलन, मौखिक सहित प्रैक्टिकल या क्लिनिकल संचालन करने के लिए स्नातकोत्तर परीक्षक के रूप में पात्र माना जाएगा।

(2) पात्र स्नातकोत्तर परीक्षक सिनोप्सिस और शोध प्रबंध के आकलन के लिए भी पात्र होंगे।

(3) एक ही बाहरी परीक्षक को पूरक परीक्षाओं को छोड़कर लगातार तीन से अधिक परीक्षाओं के लिए एक ही परीक्षा केंद्र पर परीक्षक के रूप में नियुक्त नहीं किया जाएगा।

26. शोध प्रबंध.- (1) प्रत्येक स्नातकोत्तर छात्र विभाग के एक पात्र स्नातकोत्तर मार्गदर्शक संकाय की देखरेख में अनुसंधान विषय पर एक शोध प्रबंध कार्य करेगा और स्नातकोत्तर की डिग्री पाने के लिए आंशिक पूर्ति में शोध प्रबंध प्रस्तुत करेगा।

(2) (ए) प्रत्येक स्नातकोत्तर संस्थान में एक अनुमोदित स्नातकोत्तर गाइड निर्धारण नीति होगी, और नीति शोध प्रबंध गतिविधियों के लिए स्नातकोत्तर गाइड के उचित निर्धारण की सुविधा प्रदान करेगी;

(बी) संस्थान प्रत्येक अनुमोदित स्नातकोत्तर गाइड के लिए इन विनियमों में संबंधित स्नातकोत्तर विभाग, विशिष्टता या कार्यक्रम के लिए निर्दिष्ट अनुसंधान के प्रमुख क्षेत्रों को अधिसूचित करेगा, और वह अनुसंधान के उन्ही क्षेत्रों में निर्धारित स्नातकोत्तर छात्रों का मार्गदर्शन करना जारी रखेगा;

(सी) गाइड निर्धारण इन विनियमों में निर्दिष्ट के अनुसार विभाग में छात्र-गाइड अनुपात के अनुसार होगा;

(डी) अंतर-विभागीय, अंतर-विषयक और ट्रांसडिसिप्लिनरी रिसर्च के प्रकरणों में, न्यूनतम स्नातकोत्तर डिग्री के साथ एक सह-मार्गदर्शक को संबंधित या सहयोगी विशेषज्ञता या इकाई से सहयोजित किया जाएगा।

(ई) उसी स्नातकोत्तर विभाग या विशेषज्ञता से सह-मार्गदर्शक निर्धारण की अनुमति नहीं दी जाएगी और सहयोगात्मक अनुसंधान में अन्य विभाग से मार्गदर्शक लेने की अनुमति दी जाएगी।

(3) (ए) शोध प्रबंध नवीन और ट्रांसलेशनल होगा, और शोध यूनानी चिकित्सा विज्ञान में योगदान देगा और यूनानी चिकित्सा पद्धति के प्रचार के लिए और सहायक होगा;

(बी) इसका टॉपिक विषय विशिष्टता के दायरे में होगा और इन नियमों में निर्दिष्ट संबंधित विभाग या विशिष्टता के शोध के प्रमुख क्षेत्रों से होगा;

(सी) शोध प्रबंध शीर्षक को अधिमानतः आयोग द्वारा आयोजित योग्यता परीक्षा के परिणामों के अनुरूप होना चाहिए जब यह सक्रिय हो जाता है। यह योग्यता परीक्षा संबंधित क्षेत्र में विशेषज्ञता के लिए छात्र की उपयुक्तता का आकलन करने के लिए डिज़ाइन की गई है, जैसे नैदानिक अभ्यास, शिक्षण, अनुसंधान, तकनीकी विकास या उद्यमिता।

(डी) शोध प्रबंध का शीर्षक सटीक होगा और अध्ययन के उद्देश्यों और तरीकों को प्रतिबिंबित करेगा;

(ई) शोध प्रबंध के चयनित शीर्षक के लिए सिनोप्सिस , संबंधित विश्वविद्यालय द्वारा निर्दिष्ट विनिर्देशों और प्रारूप के अनुसार विकसित किया जाएगा।

(4) (ए) विनिर्देशों के अनुसार तैयार सिनोप्सिस की विभागीय समीक्षा की जाएगी; विभागीय समीक्षा के बाद, पूरा सिनोप्सिस संबंधित विभाग के प्रमुख को प्रस्तुत किया जाएगा;

(बी) विभाग का प्रमुख विभाग के सभी सिनोप्सिस को संस्थान के प्रमुख को अग्रेषित करेगा;

(सी) संस्थान का प्रमुख, बदले में, सभी सिनोप्सिस को अनुमोदन के लिए संस्थागत अनुसंधान समीक्षा समिति, संस्थागत अनुसंधान समिति या संस्थागत वैज्ञानिक समिति को भेजता है;

(डी) उपर्युक्त समिति द्वारा सुझाए गए सुधार या संशोधन, संबंधित विभागाध्यक्षों को भेजे जाएंगे;

(ई) सुझावों को शामिल करके दोष-रहित या संशोधित सिनोप्सिस , छात्र द्वारा संबंधित विभागों के प्रमुखों को पुनः प्रस्तुत किया जाएगा, और फिर विभाग के प्रमुख से संस्थान के प्रमुख को भेज दिया जाएगा।

(एफ) संस्थान का प्रमुख उस सिनोप्सिस को अग्रेषित करेगा जिसके लिए सैद्धांतिक मंजूरी (नैदानिक अध्ययन या पशु अध्ययन) की आवश्यकता है, जैसा भी प्रकरण हो, मानव विषयों के लिए संबंधित संस्थागत आचार समितियों या पशु अध्ययन के लिए संस्थागत पशु आचार समिति को भेजा जाएगा;

(जी) उपर्युक्त समितियों द्वारा सुझाए गए सुधार या संशोधन संबंधित विभागों को भेजे जाएंगे;

(एच) छात्र द्वारा संबंधित समिति के सुझावों को शामिल करके सही किए गए या संशोधित किए गए सिनोप्सिस को संबंधित विभाग प्रमुख को पुनः प्रस्तुत किया जाएगा, जो इसे संस्थान के प्रमुख को भेज देगा;

(आई) सभी चरणों में सिनोप्सिस को सॉफ्ट कॉपी में प्रस्तुत किया जाएगा; छात्र, मार्गदर्शक, विभाग प्रमुख और संस्थान के प्रमुख द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित अंतिम सिनोप्सिस की एक हार्ड कॉपी संबंधित विभाग में रखी जाएगी।

(5) (ए) सिनोप्सिस की सॉफ्ट कॉपी, सभी पहलुओं में पूरी की गई और उपयुक्त संस्थागत अनुसंधान और आचार समितियों से अनुमोदन प्राप्त करके, पंजीयन के लिए सेमेस्टर-II के दौरान स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम के 9 वे माह के अंतिम कार्य दिवस को या उससे पहले संस्थान के प्रमुख द्वारा विश्वविद्यालय को भेज दी जाएगी।

(बी) विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित दूसरे सेमेस्टर समेटिव परीक्षा में बैठने के लिए निर्धारित समय के भीतर सिनोप्सिस जमा करना एक अनिवार्य मानदंड है;

(सी) यदि छात्र खंड (ए) के अंतर्गत निर्दिष्ट अवधि के भीतर शोध प्रबंध और सिनोप्सिस का शीर्षक जमा करने में विफल होता है तो स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम के दूसरे सेमेस्टर के लिए उसका कार्यकाल छह माह के लिए बढ़ा दिया जाएगा, और दूसरी समेटिव परीक्षा में बैठने से पहले सिनोप्सिस जमा किया जाएगा ऐसा न करने पर वह दूसरी समेटिव परीक्षा में बैठने के लिए पात्र नहीं होगा, और दूसरे सेमेस्टर को अगले छह माह के लिए बढ़ा दिया जाएगा और इसी प्रकार आगे बढ़ाया जाता रहेगा।

(डी) एक बार जब छात्र ने सिनोप्सिस जमा कर दिया, तो संस्थानों के लिए निर्धारित समय में अनुमोदन प्रक्रिया को पूर्ण करना अनिवार्य है। संस्थान सिनोप्सिस अनुमोदन प्रक्रिया के लिए कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लेगा।

(6) (ए) शोध प्रबंध शीर्षक और सिनोप्सिस की प्राप्ति के बाद, विश्वविद्यालय शोध प्रबंध और सिनोप्सिस सारांश का शीर्षक पंजीकृत करेगा और रजिस्ट्रेशन नंबर प्रदान करेगा;

(बी) विश्वविद्यालय संबंधित स्नातकोत्तर संस्थान को शोध प्रबंध शीर्षकों और सिनोप्सिस की पंजीकृत सूची सूचित करेगा और उसे विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित करेगा; इसे संस्थान द्वारा संबंधित कॉलेज की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा;

(सी) एक बार जब शोध प्रबंध का शीर्षक विश्वविद्यालय द्वारा पंजीकृत हो जाता है, तो छात्र को विश्वविद्यालय की अनुमति के बिना शोध प्रबंध का शीर्षक बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(7) (ए) शोध प्रबंध शीर्षक और सिनोप्सिस के लिए संबंधित विश्वविद्यालय द्वारा पंजीयन के बाद ही शोध प्रबंध अनुसंधान गतिविधि प्रारंभ की जाएगी;

(बी) विश्वविद्यालय से पंजीयन अधिसूचना प्राप्त करने के बाद, छात्र, संबंधित गाइड के मार्गदर्शन में, अनुसंधान गतिविधि की क्रियाकलापों का एक कैलेंडर तैयार करता है और इसे विभाग के प्रमुख को प्रस्तुत करता है; अध्ययन की प्रगति की समीक्षा करते समय इसे संस्थागत अनुसंधान समीक्षा समिति, संस्थागत अनुसंधान समिति या संस्थागत वैज्ञानिक समिति द्वारा सत्यापित किया जाएगा;

(सी) संस्थागत अनुसंधान समीक्षा समिति, संस्थागत अनुसंधान समिति, या संस्थागत वैज्ञानिक समिति समय-समय पर शोध प्रबंध गतिविधि की निगरानी करेगी:

(i) शोध गतिविधि स्कोलर द्वारा प्रस्तुत अनुसंधान गतिविधि के कैलेंडर के संबंध में प्रगति कर रही है;

(ii)अनुमोदित सिनोप्सिस के अनुसार अनुसंधान की गुणवत्ता और विधियों और मानकों का पालन।

(8) (ए) विभाग के प्रमुख के माध्यम से एक मार्गदर्शक की सिफारिश के साथ अनुसंधान या शोध प्रबंध गतिविधि के पूरा होने पर, शोध प्रबंध की पूर्व-प्रस्तुति की व्यवस्था स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम के 30 वें से 32 वें माह तक की जाएगी जिसमें संस्थागत अनुसंधान समीक्षा समिति, संस्थागत अनुसंधान समिति, या संस्थागत वैज्ञानिक समिति संपूर्ण अध्ययन की समीक्षा करेगी।

(बी) संस्थागत अनुसंधान समीक्षा समिति, संस्थागत अनुसंधान समिति, या संस्थागत वैज्ञानिक समिति सुधार या संशोधन को स्वीकृत या सुझाव दे सकती है, और इसे विभाग के प्रमुख के माध्यम से छात्र को सूचित किया जाएगा;

(सी) संस्थागत अनुसंधान समीक्षा समिति, संस्थागत अनुसंधान समिति, या संस्थागत वैज्ञानिक समिति द्वारा सुझाए गए संशोधनों या सुधारों को शामिल करने के बाद, ड्राफ्ट शोध प्रबंध छात्र द्वारा गाइड और विभाग के प्रमुख के माध्यम से साहित्यिक चोरी जांच सेल को भेजा जाएगा, जैसा कि विनियमन 29 में उल्लेख किया गया है ।

(डी) साहित्यिक चोरी की जांच के बाद, यदि साहित्यिक चोरी जांच सेल को लगता है कि साहित्यिक चोरी अनुमेय सीमा यानी, पंद्रह प्रतिशत से अधिक नहीं के भीतर है, तो साहित्यिक चोरी जांच सेल **अनुलग्नक-ए** में साहित्यिक चोरी अनापत्ति प्रमाण-पत्र जारी करेगी।;

(ई) यदि साहित्यिक चोरी पंद्रह प्रतिशत से अधिक है तो साहित्यिक चोरी जांच सेल द्वारा साहित्यिक चोरी जांच रिपोर्ट के साथ ड्राफ्ट शोध प्रबंध को संबंधित विभाग को वापस भेजा जाएगा;

(एफ) साहित्यिक चोरी जांच रिपोर्ट की समीक्षा विभागीय अकादमिक इंटीग्रिटी समिति द्वारा की जाएगी जिसमें समिति के अध्यक्ष के रूप में विभाग प्रमुख, संबंधित विभाग से एक संकाय सदस्य और किसी दूसरे विभाग से एक संकाय सदस्य शामिल होंगे; यदि विभागीय अकादमिक इंटीग्रिटी समिति संतुष्ट है, तो समिति साहित्यिक चोरी क्लीयरेंस प्रमाणपत्र जारी करने के लिए **अनुलग्नक-बी** में साहित्यिक चोरी सेल को सिफारिश करेगी; यदि समिति संतुष्ट नहीं है, तो छात्र को ड्राफ्ट शोध प्रबंध को संशोधित करने और साहित्यिक चोरी जांच सेल को पुनः जमा करने का निर्देश दिया जाएगा;

(जी) पुनः प्रस्तुत मसौदा शोध प्रबंध उसी प्रक्रिया से गुजरना होगा जैसा कि खंड (एफ) में निर्दिष्ट है;

(एच) अंतिम शोध प्रबंध, साहित्यिक चोरी अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित प्रमाणपत्रों के साथ, विभाग के प्रमुख के माध्यम से संस्थान के प्रमुख को स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम के 30 $^{वें}$ से 32 $^{वें}$ माह तक; सॉफ्ट कॉपी में प्रस्तुत किया जाएगा।

(आई) छात्र, मार्गदर्शक, विभागाध्यक्ष और संस्थान प्रमुख द्वारा हस्ताक्षरित शोध प्रबंध की एक हार्ड कॉपी विभाग में रखी जाएगी;

(जे) साहित्यिक चोरी से संबंधित प्रक्रियाओं को निम्नलिखित इमेज में दिखाया गया है,-



(9) पृष्ठों, शब्दों, फ़ॉन्ट प्रकार, पंक्ति स्पेसिंग आदि के संदर्भ में प्रारूप और विनिर्देश भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम में निर्दिष्ट दिशानिर्देशों के अनुसार होंगे।

(10) (ए) संस्थागत अनुसंधान समीक्षा समिति, संस्थागत अनुसंधान समिति, या संस्थागत वैज्ञानिक समिति, जैसा भी मामला हो, द्वारा अनुमोदित सभी शोध प्रबंध संस्थान के प्रमुख द्वारा विश्वविद्यालय को सॉफ्ट कॉपी में भेजे जाएंगे।;

(बी) छठे सेमेस्टर के दौरान स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम के 33वें माह के दौरान शोध प्रबंध विश्वविद्यालय को प्रस्तुत किए जाएंगे और (33वें महीने की गणना आयोग द्वारा उस बैच के लिए जारी शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार पाठ्यक्रम के शुरू होने के माह से की जाएगी);

(सी) संस्थान के प्रमुख को नीचे उल्लिखित कार्यक्रमों की तिथियों को पहले से ही सूचित करना होगा।

(i) प्री-सबमिशन की तिथि;

(ii) विभाग को शोध प्रबंध जमा करने की तिथि;

(iii) विभागों द्वारा संस्थान प्रमुख को शोध प्रबंध जमा करने की तिथि;

(iv) संस्थान के प्रमुख द्वारा संबद्ध विश्वविद्यालय को प्रस्तुत करने की तिथि;

(डी) किसी भी छात्र को पाठ्यक्रम या कार्यक्रम के तीसवें माह से पहले शोध प्रबंध प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं दी जाएगी और छात्र पाठ्यक्रम के तीन वर्ष पूर्ण करने के लिए शोध प्रबंध जमा करने के बाद संस्थान में अपना नियमित अध्ययन जारी रखेगा।

(11) (ए) शोध प्रबंध का मूल्यांकन या आकलन तीन परीक्षकों द्वारा किया जाएगा।

(बी) शोध प्रबंध के आकलन परिणाम नीचे दी गई **तालिका** में उल्लिखित स्वीकृत या अस्वीकृत संदर्भ में घोषित किए जाएंगे।

तालिका

शोध प्रबंध का आकलन और परिणाम

मूल्यांकनकर्ता-I	मूल्यांकनकर्ता-II	मूल्यांकनकर्ता-III	परिणाम और टिप्पणियाँ
स्वीकृत	स्वीकृत	स्वीकृत	स्वीकृत
स्वीकृत	स्वीकृत	अस्वीकृत	स्वीकृत
स्वीकृत	अस्वीकृत	अस्वीकृत	चौथे मूल्यांकनकर्ता को भेजा गया (यदि चौथे मूल्यांकनकर्ता द्वारा स्वीकार कर लिया जाता है, तो शोध प्रबंध स्वीकृत माना जाएगा। यदि अस्वीकार कर दिया जाता है, तो शोध प्रबंध अस्वीकृत माना जाएगा और शोध प्रबंध को पुनः प्रस्तुत करने की आवश्यकता होगी)
अस्वीकृत	अस्वीकृत	अस्वीकृत	अस्वीकृत (शोध प्रबंध को पुनः प्रस्तुत करने की आवश्यकता है)

(12) छठे सेमेस्टर के अंत में आयोजित तीसरी विश्वविद्यालय समेटिव परीक्षा में उपस्थित होने के लिए छात्रों के लिए शोध प्रबंध प्रस्तुत करना पूर्व-आवश्यकता होगी। छात्र द्वारा शोध प्रबंध प्रस्तुत करने में विलंब की स्थिति में, छात्र शोध प्रबंध जमा करने तक तीसरे समेटिव आकलन या परीक्षा में उपस्थित होने के लिए पात्र नहीं होगा।

(13) शोध प्रबंध की आकलन प्रक्रिया में विलंब की स्थिति में, उन छात्रों के परीक्षा परिणाम उनके शोध प्रबंध के अनुमोदन तक रोक दिए जाएंगे।

(14) सभी स्वीकृत शोध प्रबंध संस्थागत वेबसाइट, विश्वविद्यालय की वेबसाइट और अन्य संबंधित डेटाबेस जैसे शोधगंगा आदि पर या तो शीर्षक के रूप में या पूर्ण शोध प्रबंध के रूप में प्रदर्शित (डिस्प्ले) किए जाएंगे, जैसा कि आयोग द्वारा निर्दिष्ट किया गया है।

(15) एक बार सिनोप्सिस के लिए भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग की शोध प्रबंध प्रबंधन सिस्टम, पोर्टल के साथ-साथ क्रियाशील हो जाने पर, सिनोप्सिस प्रस्तुत करने और अनुमोदन, अनुसंधान प्रगति की निगरानी, शोध प्रबंध प्रस्तुत करने और आकलन इत्यादि की प्रक्रिया भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग पोर्टल के माध्यम से होगी।

27. स्नातकोत्तर गाइड पात्रता- (1) स्नातकोत्तर शिक्षक तीन वर्ष के स्नातकोत्तर शिक्षण के बाद शोध प्रबंध कार्य के लिए संबंधित विशिष्टता के स्नातकोत्तर छात्रों का गाइड करने के लिए पात्र होगा। संबद्ध विश्वविद्यालय पात्र स्नातकोत्तर शिक्षकों को स्नातकोत्तर गाइड अनुमोदन पत्र जारी करेगा।

(2) स्नातकोत्तर गाइड द्वारा गाइड किए जाने स्नातकोत्तर छात्रों और स्नातकोत्तर डॉक्टरेट छात्रों सहित छात्रों की अधिकतम संख्या किसी भी समय दस से अधिक नहीं होगी।

(3) को-गाडड सहयोग के संबंधित अनुसंधान क्षेत्र में स्नातकोत्तर होना चाहिए।

(4) संविदा के आधार पर, तैनात शिक्षण कर्मचारी छात्रों के शोध प्रबंध के लिए छात्रों का मार्गदर्शन करने के पात्र नहीं होंगे।

(5) एक प्रतिनियुक्त शिक्षक को स्नातकोत्तर छात्रों को शोध प्रबंध मार्गदर्शन के लिए तब तक नियुक्त नहीं किया जाएगा जब तक कि प्रतिनियुक्ति की अवधि छात्र आवंटन की तिथि से कम से कम तीन वर्ष न हो।

28. अनुसंधान समितियाँ - सभी स्नातकोत्तर संस्थान आवश्यकता के अनुसार नीचे उल्लिखित अनुसंधान समितियों का गठन करेंगी, -

(1) (ए) प्रत्येक स्नातकोत्तर संस्थान एक संस्थागत अनुसंधान समिति, एक संस्थागत अनुसंधान समीक्षा समिति या एक संस्थागत वैज्ञानिक समिति का गठन करेगा।

(बी) पाँच स्नातकोत्तर कार्यक्रमों तक एक साझा संस्थागत अनुसंधान समिति होगी। पाँच से अधिक स्नातकोत्तर कार्यक्रमों की स्थिति में, दो संस्थागत अनुसंधान समितियाँ होंगी, अर्थात्

(i) अवधारणात्मक और प्रयोगात्मक अध्ययन के लिए संस्थागत अनुसंधान समिति।

(ii) नैदानिक अध्ययन के लिए संस्थागत अनुसंधान समिति।

(सी) निम्न कार्यकलापों का निष्पादन करेगी, अर्थात् –

(i) शोध प्रबंध प्रस्तावों की जांच करेगा और शोध प्रबंध या अनुसंधान गतिविधियों की निगरानी करना;

(ii) सुनिश्चित करना कि चयनित विषय इन विनियमों में आयोग द्वारा निर्दिष्ट अनुसंधान के सूचीबद्ध प्रमुख क्षेत्रों के भीतर हैं;

(iii) अंत:विषय या ट्रांसडिसिप्लिनरी अध्ययन की स्थिति में, सुनिश्चित करें कि सहयोगी विभाग, संस्थान या संगठन से एक को-गाइड नियुक्त किया गया है।

(iv) संस्थागत अनुसंधान समिति, संस्थागत अनुसंधान समीक्षा समिति, या संस्थागत वैज्ञानिक समिति की सभी गतिविधियों का समन्वय इंटीग्रेटिव एंड ट्रांससलेशनल रिसर्च विभाग द्वारा किया जाएगा।

(v) समिति की संरचना नीचे दी गई **तालिका** में दिए गए अनुसार होगी ।

तालिका

संस्थागत अनुसंधान समिति की संरचना

1	संस्था प्रमुख	अध्यक्ष
2	स्नातकोत्तर समन्वयक या डीन-स्नातकोत्तर अध्ययन या डीन-अनुसंधान	सदस्य
3	स्नातकोत्तर विभागों के प्रमुख	सदस्य
4	जैवसांख्यिकीविद्	सदस्य
5	अनुसंधान परिषदों या अन्य चिकित्सा या यूनानी या फार्मेसी संस्थाओं से दो बाहरी सदस्य (एक बेसिक साइंस से और एक चिकित्सा विज्ञान से)	सदस्य
6	इंटीग्रेटिव एंड ट्रांससलेशनल रिसर्च विभाग के प्रमुख	सदस्य सचिव

नोट: 1. प्रत्येक स्नातकोत्तर विभाग से एक प्रतिनिधि सुनिश्चित किया जाएगा;

2. बाहरी सदस्य स्नातकोत्तर विभागों के प्रासंगिक क्षेत्रों के विशेषज्ञ होंगे।

(2) मानव विषयों के लिए संस्थागत आचार समिति: मानव विषयों के लिए संस्थागत आचार समिति का गठन भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के दिशानिर्देशों के अनुसार किया जाएगा।

(3) पशु अध्ययन के लिए संस्थागत पशु आचार समिति: संस्थागत पशु आचार समिति का गठन पशुओं पर प्रयोगों संबंधी नियंत्रण और पर्यवेक्षण के उद्देश्य से बनाई गई समिति के दिशानिर्देशों के अनुसार किया जाएगा और पशुओं पर प्रयोगों संबंधी नियंत्रण और पर्यवेक्षण के उद्देश्य से बनाई गई समिति द्वारा अनुमोदित किया जाना चाहिए।

(4) संस्थान की नैदानिक अनुसंधान गतिविधियों के समन्वय के लिए अस्पताल में नैदानिक अनुसंधान प्रकोष्ठ होगा। सेल में अनुसंधान समन्वय कर्मचारियों को समायोजित करने, रिकॉर्ड, दस्तावेज, अनुसंधान औषधिओं आदि को रखने के लिए पर्याप्त स्थान (न्यूनतम पचास वर्ग मीटर) होगा और कंप्यूटर, प्रिंटर और इंटरनेट सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी। यह सेल रैंडमाइजेशन, बाइंडिंग, रिसर्च ऑडिट परीक्षण औषधिओं, आदि की सुविधा भी प्रदान करता है, और नैदानिक अनुसंधान से संबंधित गतिविधियों में सहायता करता है।

(5) उप-विनियमन (1) से (4) में उल्लिखित सभी गठित समितियां इंटीग्रेटिव हेल्थ एंड ट्रांसलेशनल रिसर्च विभाग के अंतर्गत कार्य करेंगी और स्पष्ट रूप से मानक संचालन प्रक्रियाओं को परिभाषित किया जाएगा। समितियां, अनुसंधान प्रस्तावों की समीक्षा और अनुमोदन के अतिरिक्त, अध्ययनों की निगरानी भी करेंगी और अनुसंधान के मानकों का पालन सुनिश्चित करेंगी।

29. **साहित्यिक चोरी जांच सेल और कार्य -** (1) प्रत्येक स्नातकोत्तर संस्थान साहित्यिक चोरी जांच सॉफ्टवेयर से लैस एक साहित्यिक चोरी जांच सेल स्थापित करेगा और साहित्यिक चोरी जांच में प्रशिक्षित एक समन्वयक को नामित करेगा।

(2) साहित्यिक चोरी जांच सेल इंटीग्रेटिव हेल्थ एंड ट्रांसलेशनल रिसर्च विभाग के अंतर्गत कार्य करेगा।

(3) साहित्यिक चोरी जांच सेल अनुमेय सीमा के भीतर शोध प्रबंध में साहित्यिक चोरी की जांच करेगा

(4) यूनानी साहित्य की टिप्पणियों सहित अरबी, उर्दू या फारसी छंदों, कविताओं या उद्धरणों का उल्लेख करना साहित्यिक चोरी नहीं माना जाएगा।

30. **अनुसंधान के क्षेत्र -** प्रत्येक विभाग या विशेषता के अंतर्गत नीचे सूचीबद्ध अनुसंधान के क्षेत्र उस संबंधित विशिष्टता के लिए अनुसंधान के प्रमुख क्षेत्र होंगे। शोध प्रबंध विषय उस विशेष विशिष्टता के लिए निर्दिष्ट अनुसंधान के किसी एक प्रमुख क्षेत्र के लिए प्रासंगिक होंगे। यह चयनित क्षेत्रों में लोंगीट्यूडिनल अनुसंधान की सुविधा प्रदान करता है और अनुवाद संबंधी अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा दे सकता है। नए उभरते क्षेत्रों के आधार पर भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा पर सूची को समय-समय पर संशोधित किया जा सकता है।

(1) कुल्लियात (बेसिक प्रिंसिपल ऑफ़ यूनानी मेडिसिन)

(ए) विभिन्न प्राचीन साहित्यों से यूनानी अवधारणा पर उपलब्ध साहित्य की समीक्षा, संकलन और तुलना, परिकल्पनाओं का निर्माण और उनका सत्यापन;

(बी) पांडुलिपियों की समीक्षा, मूल्यांकन और विवेचनात्मक विश्लेषण;

(सी) *मिज़ाज* (मनोदशा) और *मिज़ाज शख़्सी* का मानकीकरण ;

(डी) विभिन्न वैज्ञानिक उपकरणों की सहायता से यूनानी मूल सिद्धांतों या अवधारणाओं का सत्यापन;

(ई) कुल्लियाते तिब के लिए प्रदर्शनात्मक तरीकों या तकनीकों का विकास;

(एफ) यूनानी चिकित्सा की विभिन्न अनूठी अवधारणाओं के आकलन के लिए उपकरण, स्कोर, विधियों या मॉड्यूल का विकास;

(जी) विभिन्न विषयों में यूनानी बुनियादी सिद्धांतों के अनुप्रयोग के तरीके;

(एच) गुणात्मक, मात्रात्मक, विश्लेषणात्मक, नैदानिक और प्रायोगिक अनुसंधान अध्ययनों के लिए यूनानी चिकित्सा में अनुसंधान पद्धति का विकास;

(आई) यूनानी चिकित्सा में अनुसंधान करने के लिए सहयोगात्मक अनुसंधान प्रोटोकॉल का विकास;

(जे) अनुसंधान पद्धति का विवेचनात्मक अध्ययन: कुल्लियात (बेसिक प्रिंसिपल ऑफ़ यूनानी मेडिसिन) के विशेष संदर्भ के साथ भारतीय ज्ञान को समझना और पूर्वकथित के लिए उपकरण या सहायक उपकरण विकसित करना।

(के) यूनानी चिकित्सा को समझने और प्रदर्शित करने के लिए प्राचीन उपकरणों का अनुप्रयोग;

(एल) समसामयिक विज्ञान और उनके अनुप्रयोगों के संदर्भ में विभिन्न प्रकार के *कुवा* और *कुव्वत मुदब्बिरा-ए-बदन* की अवधारणा का पता लगाना ;

(एम) यूनानी चिकित्सा के बुनियादी सिद्धांतों और समकालीन अवधारणाओं का तुलनात्मक अध्ययन या विवेचनात्मक विश्लेषण;

(एन) कुल्लियाते तिब (यूनानी चिकित्सा के आधारभूत सिद्धांत) के लिए शिक्षण विधियों, चिकित्सा शिक्षा प्रौद्योगिकी और उपकरणों का विकास;

(ओ) नब्ज़ के सिद्धांत और उनके अनुप्रयोग।

(पी) *कुल्लियात उसूल तश्ख़ीस* (नैदानिक सिद्धांत), *कुल्लियात उसूल इलाज* (उपचार के सिद्धांत), *कुल्लियात उसूल ग़िज़ा* (आहार चिकित्सा के सिद्धांत), *इलाज बिद दवा* (फार्माकोथेरेपी) आधुनिक तर्ज पर;

(क्यू) *अखलात* और मानव स्वास्थ्य और रोगों के साथ उनका सक्रिय संबंध;

(आर) यूनानी शब्दावली का विकास और मानकीकरण;

(एस) यूनानी मूल सिद्धांतों के आलोक में नई उभरती बीमारियाँ और उनकी समझ का दायरा;

(टी) विभिन्न शास्त्रीय ग्रंथों में उनकी अनुवाद, टिप्पणियों और तुलना से संबंधित कुल्लियात अध्यायों का परिचय और विशेष समीक्षा।

(2) तशरीहुल बदन (एनाटॉमी) -

(ए) हिजामा, तालेक, *फ़सद* इत्यादि जैसे विभिन्न नियमित उपचारों के लिए एप्लाइड एनॉटमी;

(बी) यूनानी सर्जिकल और पैरा-सर्जिकल प्रक्रियाओं या ऑब्सटेट्रिक्स एंड गाइनेकोलॉजी में सर्जिकल एनॉटमी से संबंधित अध्ययन;

(सी) बोन-सेटिंग में एप्लाइड एनॉटमी;

(डी) यूनानी मौलिक सिद्धांतों और अवधारणाओं से संबंधित एप्लाइड एनॉटमी;

(ई) तशरीहुल बदन से संबंधित अर्थों के साथ शब्दों की शब्दावली का विकास;

(एफ) आधुनिक भ्रूणविज्ञान के संदर्भ में *जेनीन* की समझ ;

(जी) मानव शव को संरक्षित करने की प्राचीन पद्धति और आधुनिक पद्धति के साथ तुलनात्मक अध्ययन;

(एच) एनथ्रोपोमीट्रिक *आधार पर हयाते आज़ा मिज़ाज वर्गीकरण* का शारीरिक सहसंबंध और आंतरिक विसरा का मापन;

(आई) तशरीहुल बदन (मानव शरीर रचना) के लिए शिक्षण विधियों, चिकित्सा शिक्षा प्रौद्योगिकी और उपकरणों का विकास ;

(जे) यूनानी तशरीहुल बदन अवधारणाओं का पता लगाने के लिए प्रतिरूपों का विकास;

(के) आधुनिक एनाटोमिकल समझ के अनुसार *आज़ा-ए-मुफरदा* और *मुरक्कबा का वर्गीकरण;*

(एल) चिकित्सा इतिहास के उद्देश्य से प्राचीन चिकित्सकों की एनाटोमिकल समझ की सीमा को समझने के लिए शास्त्रीय साहित्य खंगालना।

(3) मनाफेउल आज़ा (फ़िज़ियॉलोजी)-

(ए) समकालीन विज्ञान और उन्नत तकनीकों के संदर्भ में यूनानी चिकित्सा की शारीरिक अवधारणाओं की खोज;

(बी) उमूरे ताबिया और शारीरिक कार्यों और वैज्ञानिक अन्वेषणों के बीच प्रभावशाली संबंध को समझना ;

(सी) शारीरिक और जैव रासायनिक दृष्टिकोण से स्वास्थ्य और भोजन और *अखलात* के रखरखाव के बीच संबंध;

(डी) समकालीन विज्ञान और वैज्ञानिक अन्वेषण के संदर्भ में *हुजूम-ए-अरबा को समझना;*;

(ई) शरीरक्रिया विज्ञान, जैव रसायन और आनुवंशिकी को उपकरण के रूप में उपयोग करके यूनानी चिकित्सा के बुनियादी सिद्धांतों का सत्यापन;

(एफ) *नब्ज़ की मान्यता,* शारीरिक परिप्रेक्ष्य में प्राचीन नाड़ी अवधारणाएं;

(जी) शारीरिक दृष्टिकोण से *मिज़ाज* पर वैज्ञानिक अध्ययन ;

(एच) स्पोर्ट्स फ़िज़ियॉलोजी में योगदान हेतु यूनानी चिकित्सा की क्षमता तलाशना;

(आई) मनाफेउल आज़ा (ह्युमन फिज़ियोलॉजी) अवधारणाओं के लिए स्केल्स, उपकरणों या उपस्करों का विकास और सत्यापन ;

(जे) मनाफेउल आज़ा (ह्युमन फिज़ियोलॉजी) के लिए शिक्षण विधियों, चिकित्सा शिक्षा प्रौद्योगिकी और उपकरणों का विकास ;

(के) न्यूरो-बायोलॉजिकल, न्यूरो-एंडोक्राइनल, या न्यूरो-साइको-इलेक्ट्रोबायोलॉजिकल सम्बन्धो के संदर्भ में यूनानी चिकित्सा के समग्र सिद्धांतों की जांच करना ।

(4) इल्मुल अदविया (फार्माकोलॉजी)-

(ए) मिज़ाज-ए-अदविया, दर्जात-ए-अदविया का निर्धारण और इसकी वैज्ञानिक खोज और व्याख्याएं; और पूर्वकथित का आकलन या अनुमान लगाने के लिए उपकरणों का विकास

(बी) मिज़ाज-ए-अदविया *का* अनुमान लगाने, आकलन करने या मापने के लिए उपकरणों का विकास ;

(सी) पारंपरिक तरीकों के माध्यम से औषधियों के शुद्धिकरण पर वैज्ञानिक अध्ययन;

(डी) कच्चे माल के क्रय पर वैज्ञानिक अध्ययन;

(ई) नई शुद्धिकरण विधियों का विकास और इसके वैज्ञानिक औचित्य;

(एफ) कच्ची औषधियों या फॉर्मूलेशन की स्थिरता का अध्ययन;

(जी) लुप्तप्राय औषधीय पौधों के समकक्ष विकल्पों की पहचान;

(एच) उत्तम खेती, उत्तम संग्रह, या भंडारण प्रथाएं और उनका वैज्ञानिक दृष्टिकोण;

(आई) विकल्पों और मिलावटों पर वैज्ञानिक सत्यापन;

(जे) यूनानी औषधियों के फार्माकोएपिडेमियोलॉजिकल या एथनो फार्माकोलॉजी पहलू;

(के) पारंपरिक और व्यावहारिक तरीकों के माध्यम से औषधि की पहचान और प्रमाणीकरण;

(एल) एकल औषधियों के फार्माकोकाइनेटिक्स और फार्माकोडायनामिक्स;

(एम) औषधि मानकीकरण

(एन) औषधियों की गुणवत्ता, प्रभावकारिता और सुरक्षा का पता लगाने हेतु प्रायोगिक अध्ययन;

(ओ) फार्माकोग्नॉसी और फाइटोकेमिस्ट्री अध्ययन;

(पी) पौधे या पशु या खनिज व्युत्पन्न (मिनरल डेरिवेटिव्स) पर प्रयोगात्मक अध्ययन;

(क्यू) *अदविया नबातिया, अदविया मादनिया* और *अदविया हैवानिया का भौतिक-रासायनिक विवरण*;

(आर) इन-सिलिको या कम्प्यूटेशनल अध्ययन के माध्यम से नेटवर्क फार्माकोलॉजी;

(एस) यूनानी औषधियों के मेटाबोलॉमिक और प्रोटिओमिक अध्ययन;

(टी) इल्मुल अदविया (मटेरिया मेडिका, फार्माकोलॉजी और फार्माकोग्नॉसी) के लिए शिक्षण विधियों, चिकित्सा शिक्षा प्रौद्योगिकी और उपकरणों का विकास।

(5) इल्मुल सैदला (यूनानी फार्मेसी) -

(ए) विभिन्न अश्क़ाल –ए-अदविया (खुराक फॉर्म) की गुणवत्ता, प्रभावकारिता और सुरक्षा : प्रयोगात्मक अध्ययन;

(बी) मिकदर ख़ुराक (दवा की खुराक), बदरका (वाहन या सहायक), तदाबीर-ए-ग़िज़ा (आहार नियम) और मुद्दत (अवधि) की वैज्ञानिक मान्यता;

(सी) *अदविया नबातिया, अदविया मादनिया* और *अदविया हयवानिया* या चिकित्सा के उच्च क्रम (*दरजा ए चहारुम की दवा*) के भौतिक-रासायनिक विवरण सहित वैज्ञानिक अध्ययन ;

(डी) कुश्ताजात तैयार करने के लिए नवीन तकनीक या तरीके और उनका वैज्ञानिक औचित्य ;

(ई) अमल-ए-तकलीस पर साहित्यिक सर्वेक्षण और विवेचनात्मक समीक्षा;

(एफ) चिकित्सा के उच्च स्तर *(दरजा ए चहारुम की दवाए)* के रसायन विज्ञान और रासायनिक प्रौद्योगिकी को समझना*;*

(जी) यूनानी यौगिक सूत्रीकरण और उसके वैज्ञानिक परिप्रेक्ष्य को नया स्वरूप देना;

(एच) प्रयोगात्मक अध्ययन, नई धातु या खनिज आधारित यूनानी चिकित्सा, परिकल्पना और प्रयोगों के निर्माण के माध्यम से नए खुराक रूपों की खोज;

(आई) पारंपरिक तरीकों के माध्यम से यूनानी दवाओं की गुणवत्ता का मूल्यांकन, समकालीन तरीकों और उनकी वैज्ञानिक व्याख्याओं पर तुलना;

(जे) दवा तैयारियों में *उल्फत-ए-किमिया और नफ़रत-ए-किमिया अवधारणा की वैज्ञानिक खोज;*

(के) समान संकेतों के लिए विभिन्न तरीकों से तैयार की गई चिकित्सा पर तुलनात्मक अध्ययन;

(एल) विभिन्न प्रणालियों के विभिन्न रोगों के इलाज के लिए विभिन्न बदरकाजात के साथ दी जाने वाली एकल दवा- प्रायोगिक अध्ययन;

(एम) यूनानी दवाओं की कार्रवाई तंत्र की सूची;

(एन) यूनानी फार्मास्यूटिकल्स पर नैनो-रसायन विज्ञान अनुप्रयोग;

(ओ) यूनानी दवाओं का फार्माकोविजिलेंस पहलू;

(पी) पारंपरिक और आधुनिक उद्योग विधियों द्वारा तैयार दवाओं के गुणों पर वैज्ञानिक अध्ययन;

(क्यू) फार्मास्युटिकल प्रौद्योगिकी का विकास;

(आर) इल्मुल सैदला (मटेरिया मेडिका, फार्मास्यूटिक्स और क्लिनिकल फार्मेसी) के लिए शिक्षण विधियों, चिकित्सा शिक्षा प्रौद्योगिकी और उपकरणों का विकास ;

(एस) फार्मेसी वितरण के लिए फार्मास्युटिकल उपकरण और प्रौद्योगिकियों या उपकरणों का विकास ;

(टी) फार्माकोपिया में उल्लिखित फॉर्मूलेशन का भौतिक-रासायनिक मानकीकरण;

(यू) दवासाज़ी में प्रयुक्त सैद्धांतिक अवधारणाओं या विधियों का वैज्ञानिक प्रमाणीकरण अध्ययन जैसे विभिन्न शुद्धिकरण तकनीकों, विषहरण प्रक्रियाओं आदि का प्रमाणीकरण ;

(वी) पांडुलिपि, शास्त्रीय पाठ का अनुवाद और विवेचनात्मक समीक्षा करना और पारंपरिक ज्ञान, पहचान के मूल दर्शन, संग्रह, भंडारण, संयोजन, विनिर्माण विधि और ऑर्गेनोलेप्टिक विवरण और आकलन के साथ-साथ आधुनिक वैज्ञानिक मापदंडों पर उनके मूल्यांकन का पता लगाना ;

(डब्ल्यू) हाइब्रिड (प्राचीन और आधुनिक) विनिर्माण पद्धति का तुलनात्मक मूल्यांकन ;

(एक्स) तदबीर ई अदविया का वैज्ञानिक मूल्यांकन ;

(वाई) भौतिक रासायनिक और विश्लेषणात्मक मापदंडों के साथ विभिन्न खुराक रूपों के लिए मानक संचालन प्रक्रिया का विकास ;

(जेड) प्री-फॉर्मूलेशन, प्रक्रिया में, फॉर्मूलेशन के बाद गुणवत्ता आश्वासन और फार्मास्युटिकल विश्लेषण;

(जेडए) इन-विवो और इन-विट्रो फार्माकोकाइनेटिक और फार्माकोडायनामिक्स अध्ययन;

(जेडबी) यूनानी में नई दवा की खोज और विकास;

(जेडसी) प्राचीन खुराक फॉर्म का पुन: डिज़ाइन या रीमॉडलिंग या पुन: निर्माण;

(जेडडी) एकल दवाओं या मिश्रित दवाओं का स्थिरता अध्ययन और शेल्फ जीवन;

(जेडई) फार्माकोइकोनॉमिक्स पर अध्ययन;

(जेडएफ) फार्मास्युटिकल प्रबंधन और यूनानी दवाओं के नियामक पहलू;

(जेडजी) न्यूट्रास्यूटिकल्स और कॉस्मीस्यूटिकल्स का निर्माण और विश्लेषण।

(6) माहियातुल अमराज़ (पैथोलॉजी)।-

(ए) निदान और रोग निदान के मूल्यांकन में यूनानी बुनियादी सिद्धांतों के लागू पहलू;

(बी) समसामयिक विज्ञान के आलोक में यूनानी निदान पद्धतियों (जैसे बौल-व-बराज़) का मानकीकरण;

(सी) नब्ज़, बौल-व- बराज़ आदि की निदान विधियों के मॉड्यूल का विकास ;

(डी) यूनानी सिद्धांतों पर आधारित नए नैदानिक उपकरणों का विकास;

(ई) रोग का दस्तावेजीकरण या रोगनिदान तथा अखलात की प्रधानता से रोग के कारण का पता लगाना ;

(एफ) विभिन्न रोगों में ग़ैर तबई अख़लात के लागू पहलू;

(जी) असाध्य परिस्थितियों में नब्ज़ और बौल- ऑ - बराज़ के व्यावहारिक पहलू और इसके वैज्ञानिक अन्वेषण;

(एच) विभिन्न प्रकार के मिज़ाज या सु'-इ-मिज़ाज का आकलन करने के लिए प्रश्नावली तैयार करना और उनका प्रमाणीकरण ;

(आई) आहार और आदत में परिवर्तन के मनोवृत्ति पर प्रभाव को समझना और इसके मूल्यांकन के लिए वस्तुनिष्ठ मानदंड विकसित करना;

(जे) निदान और पूर्वानुमान और इसके वैज्ञानिक औचित्य में यूनानी अवधारणाओं का मानवशास्त्रीय अनुप्रयोग;

(के) नब्ज़ (पल्स) और बौल- ऑ - बराज़, लुआब ई दहन आदि के माध्यम से शारीरिक मनोवृत्ति स्थिति और रोग को प्रभावित करने वाली वस्तुओं का आकलन करने के लिए एक प्रश्नावली का सत्यापन;

(एल) संवेदनशीलता, विशिष्टता, परिवर्तनशीलता और विश्वसनीयता के संदर्भ में यूनानी निदान उपकरणों का सत्यापन;

(एम) विभिन्न रोगों में देखे गए विशिष्ट, गैर-विशिष्ट, टिपिकल और एटिपिकल यूरिन परीक्षण पैटर्न और उनके वैज्ञानिक प्रमाणीकरण पर अध्ययन;

(एन) नब्ज़ या ग़लबा-ए-अख़लात की विभिन्न धारणाओं के माध्यम से प्रणालीगत विकृति का निर्धारण ;

(ओ) शरीर पर इस्तिफराग के प्रभावों का वैज्ञानिक अन्वेषण ;

(पी) गर्भावस्था जैसी विशेष शारीरिक स्थिति का चरणों के साथ निदान करना;

(क्यू) नए एटिऑलॉजिकल कारकों और उनके प्रभाव की वैज्ञानिक मान्यता;

(आर) आणविक जीव विज्ञान के संदर्भ में यूनानी पैथोफ़िज़ियॉलोजी पर प्रयोगात्मक अध्ययन;

(एस) विभिन्न रोगों के निदान में पारंपरिक एटिऑलॉजिकल कारकों और असबाब का तुलनात्मक अध्ययन;

(टी) यूनानी मापदंडों जैसे नब्ज़, बौल आदि के माध्यम से शरीर पर मुंजिज वा मुस्हिल के प्रभाव का आकलन;

(यू) हवास -ए- खमसा जाहिरा वा हवास-ए-खमसा बातिना के विशेष संदर्भ में शारीरिक और रोग संबंधी स्थितियों में ग़लबा-ए -अखलात का आकलन करने के लिए प्रशनों का प्रमाणीकरण ;

(वी) यूनानी मापदंडों, जैसे नब्ज़, बौल- ऑ - बराज़; के माध्यम से रोगों का पूर्वानुमान

(डब्ल्यू) माहियातुल अमराज़ (पैथोलॉजी एंड लैबोरेट्री डायग्नोस्टिक्स)के लिए शिक्षण विधियों, चिकित्सा शिक्षा प्रौद्योगिकी और उपकरणों का विकास;

(एक्स) जीनोमिक्स के साथ मिज़ाज/सुइ-मिज़ाज का वैज्ञानिक सहसंबंध।

(वाई) मॉलिक्यूलर बायोलॉजी पहलुओं में यूनानी पैथोलॉजी ।

(7) तहफ्फुज़ी व समाजी तिब (प्रिवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन): तहफ्फुज़ी व समाजी तिब (यूनानी डायटेटिक्स लाइफस्टाइल मैनेजमेंट, प्रिवेंटिव मेडिसिन एंड पब्लिक हेल्थ)-

(ए) यूनानी आहार विज्ञान और पोषण पर वैचारिक, नैदानिक और वैज्ञानिक अध्ययन;

(बी) यूनानी आहार-वैज्ञानिक अध्ययन के माध्यम से स्वास्थ्य सुधार को बढ़ावा देना;

(सी) *दवा-ए-गिजाई* और *गिजाए-दवाई* अवधारणाओं की वैज्ञानिक खोज और प्रयोगात्मक अध्ययन;

(डी) ग़ैर तब्ई ख़िलत पर वैज्ञानिक अध्ययन और स्वास्थ्य पर इसके प्रभाव और भोजन के माध्यम से ख़राब *ख़िल्त को सामान्य बनाना*;

(ई) वैज्ञानिक मापदंडों पर यूनानी आहार के माध्यम से रोग की रोकथाम और स्वास्थय को बढ़ावा देना;

(एफ) रोग की रोकथाम और स्वास्थय में *असबाब–ए-सित्ता-जरुरिया* (छह आवश्यक कारक) की प्रासंगिकता;

(जी) यूनानी में इस्तिफराग या जैव-सफाई प्रक्रियाएं और स्वास्थ्य संवर्धन और रोग की रोकथाम में उनकी वैज्ञानिक प्रासंगिकता;

(एच) पारंपरिक खाद्य पदार्थों या पाक औषधियों का पोषण और औषधीय महत्व: प्रयोगात्मक अध्ययन;

(आई) विभिन्न रोगों में यूनानी आहार विज्ञान और पोषण मॉड्यूल का विकास;

(जे) *असबाब–ए-सित्ता- जरुरिया* (छह आवश्यक कारक) के साथ मनोदैहिक विकारों का प्रबंधन;

(के) संचारी, गैर-संचारी या जीवनशैली संबंधी विकारों की रोकथाम में *असबाब–ए-सित्ता- जरुरिया (छह आवश्यक कारक)* की भूमिका पर नैदानिक अध्ययन ;

(एल) दल्क व-रियाजत के माध्यम से जीवनशैली संबंधी विकारों का प्रबंधन ;

(एम) रोग की रोकथाम और सार्वजनिक स्वास्थ्य के पारंपरिक तरीकों की वैज्ञानिक खोज;

(एन) महामारी विज्ञान सर्वेक्षण या अनुसंधान;

(ओ) यूनानी शास्त्रीय साहित्य के विशेष संदर्भ में विभिन्न रोगों की रोकथाम में प्रतिरक्षा बूस्टर की अवधारणा: वैज्ञानिक अन्वेषण;

(पी) जन स्वास्थ्य में तहफ्फुज़ी व समाजी तिब;

(क्यू) *हरकत-ओ-सुकुन नफ़सानी*, के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य प्रथाएं, औचित्य और वैज्ञानिक मान्यता;

(आर) *असबाब–ए-सित्ता- ज़रुरिया* (छह आवश्यक कारक) के माध्यम से तनाव प्रबंधन ;

(एक्स) संचारी और गैर-संचारी रोगों के लिए एकीकृत अनुसंधान प्रोटोकॉल का विकास;

(टी) तहफ्फुज़ी व समाजी तिब में नवीन तकनीकों का विकास;

(यू) वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण और मिट्टी प्रदूषण के प्रबंधन के लिए नवीन यूनानी तकनीक;

(वी) तहफ्फुज़ी व समाजी तिब के प्रभाव के निर्धारण के लिए वस्तुनिष्ठ मापदंडों का विकास स्वास्थ्य संवर्धन और रोग निवारण के सिद्धांत;

(डब्ल्यू) निवारक स्वास्थ्य देखभाल, प्रचारात्मक स्वास्थ्य देखभाल, उपचारात्मक और पुठिटकर स्वास्थ्य देखभाल, या पुनर्वास स्वास्थ्य देखभाल के लिए *असबाब–ए-सित्ता-ज़रुरिया (छह आवश्यक कारक);*

(एक्स) निवारक और प्रचारात्मक स्वास्थ्य देखभाल, बुढ़ापा रोधी, वृद्धावस्था देखभाल, प्रजनन स्वास्थ्य, चयापचय (मेटाबोलिक) संबंधी विकार, या अंतःस्रावी विकारों में *असबाब–ए-सित्ता-ज़रुरिया (छह आवश्यक कारक) की भूमिका;*

(वाई) व्यक्तियों के स्वास्थ्य के रखरखाव के लिए *शख्सी हिफजान-ए-सेहत (व्यक्तिगत स्वच्छता) के सिद्धांत: वैज्ञानिक पहलू;*

(जेड) कुछ विशेष नैदानिक स्थितियों में रियाज़त *के* माध्यम से नैदानिक सुधार निर्धारित करने हेतु उद्देश्य मापदंडों का विकास ;

(जेडए) चिकित्सीय रियाज़त प्रक्रियाओं के लिए मानक संचालन प्रक्रियाओं का विकास ;

(जेडबी) कायाकल्प और दीर्घायु के लिए रियाज़त *;*

(जेडसी) *रियाज़त* या *गिज़ा* पर प्राचीन साहित्य का संग्रह और संकलन और आलोचनात्मक समीक्षा;

(जेडडी) मन से संबंधित विकारों के निदान के लिए आकलन पैमाने या उपकरणों का विकास;

(जेडई) परामर्श तकनीकों का विकास;

(जेडएफ) तहफ्फुज़ी व समाजी तिब (यूनानी डायटेटिक्स लाइफस्टाइल मैनेजमेंट, प्रिवेंटिव मेडिसिन एंड पब्लिक हेल्थ) के लिए शिक्षण विधियों, चिकित्सा शिक्षा प्रौद्योगिकी और उपकरणों का विकास;

(जेडजी) मेटाबोलिक संबंधी विकारों के निदान या जोखिम के पुर्वानुमान के मूल्यांकन पैमाने या उपकरणों का विकास;

(जेडएच) राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय तपेदिक कार्यक्रम, प्रजनन और बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, आदि जैसे राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में यूनानी चिकित्सा पद्धति को एकीकृत करने के लिए अनुसंधान प्रोटोकॉल का विकास;

(जेडआई) यूनानी चिकित्सा पद्धति में इम्युनोमोड्यूलेटर दवाओं की खोज;

(जेडजे) *मिज़ाज-ए-इंसानी* और न्यूरोलॉजिकल मेटाबॉलिक, मस्कुलोस्केलेटल, एंडोक्राइनल विकार आदि जैसे विभिन्न विकारों के बीच संबंध का निर्धारण करना ;

(जेडके) यूनानी चिकित्सा पद्धति में रोगनिरोधी दवाओं की खोज।

(जेडएल) अंतःस्रावी विकारों के लिए चिकित्सीय योग: एकीकृत या सहयोगी अनुसंधान

(जेडएम) मेटाबोलिक संबंधी विकारों के लिए योग: एकीकृत या सहयोगी अनुसंधान

(जेडएन) योग और न्यूरोफिज़ियोलॉजी: एकीकृत या सहयोगी अनुसंधान

(जेडओ) जिरियाट्रिक्स के लिए योग: एकीकृत या सहयोगी अनुसंधान;

(जेडपी) मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग: एकीकृत या सहयोगी अनुसंधान;

(8) तहफ्फुज़ी व समाजी तिब (प्रिवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन): तिब्बुल क़ानून व इल्मुल समूम (फोरेंसिक मेडिसिन और क्लिनिकल टॉक्सिकोलॉजी) ।-

(ए) विषाक्तता की स्थिति के चिकित्सा प्रबंधन पर नैदानिक अध्ययन;

(बी) यूनानी एंटीडोट्स का औषधीय मूल्यांकन;

(सी) यूनानी में विषाक्तता का आपातकालीन चिकित्सा प्रबंधन: प्रायोगिक अध्ययन;

(डी) फार्माकोविजिलेंस;

(ई) यूनानी दवाओं की कच्ची दवाओं के शुद्धिकरण पर वैज्ञानिक अध्ययन;

(एफ) हर्बल, धातु, खनिज और पशु मूल की दवाओं के विषहरण तरीकों पर वैज्ञानिक अध्ययन;

(जी) अकार्बनिक उत्तेजक जहर (धातु और खनिज) और उनका निवारण: प्रयोगात्मक अध्ययन;

(एच) भारी धातुओं से तैयार दवाओं सहित यूनानी फॉर्मूलेशन पर सुरक्षा अध्ययन;

(आई) नशीली दवाओं की लत और यूनानी प्रबंधन;

(जे) ग़ज़ीदगी और उसका प्रबंधन;

(के) यूनानी सिद्धांतों के आधार पर विषाक्त पदार्थों या ज़हर को हटाने के लिए नए तरीके;

(एल) फोरेंसिक मेडिसिन, फोरेंसिक टॉक्सिकोलॉजी, व्यावसायिक टॉक्सिकोलॉजी, या घरेलू विषाक्तता पर अध्ययन;

(एम) विषाक्तता का निदान करने के लिए वस्तुनिष्ठ मापदंडों, मूल्यांकन पैमानों, उपकरणों या उपस्करों का विकास;

(एन) तिब्बुल क़ानून व इल्मुल समूम (फोरेंसिक मेडिसिन और क्लिनिकल टॉक्सिकोलॉजी) के लिए शिक्षण विधियों, चिकित्सा शिक्षा प्रौद्योगिकी और उपकरणों का विकास ;

(ओ) यूनानी कोर्ट फिजिशियन और फोरेंसिक चिकित्सा में उनकी सीमा, सफलता और प्रयोज्यता;

(पी यूनानी चिकित्सा में प्रचलित चिकित्सा कानून और नैतिकता;

(क्यू) एदविया-ए-सम्मी (तीसरी या चौथी डिग्रीकी दवाएं) या खनिज मूल की दवाओं की टॉक्सिकोलॉजिकल प्रोफाइलिंग ;

(आर) खाने-पीने की चीजों और दवाओं से विषाक्तता;

(9) मोआलाजात (मेडिसिन)-

(ए) सामान्य नैदानिक स्थितियों पर नैदानिक अनुसंधान (रोग आधारित);

(बी) मनोरोग संबंधी विकारों का नैदानिक परीक्षण;

(सी) यूनानी दवाओं के साथ तीव्र नैदानिक स्थितियों का आपातकालीन प्रबंधन;

(डी) असाध्य रूप से बीमार रोगियों का यूनानी चिकित्सा प्रबंधन;

(ई) यूनानी चिकित्सा में मुंजिज मुस्हिल थेरेपी का प्रमाणीकरण मान्यता ;

(एफ) यूनानी पैलियेटिव देखभाल;

(जी) संक्रामक रोगों का यूनानी प्रबंधन;

(एच) यूनानी चिकित्सा के माध्यम से वृद्धावस्था देखभाल;

(आई) सिस्टेमेटिक बीमारियों, ऑटोइम्यून विकारों या कैंसर का नैदानिक प्रबंधन;

(जे) विभिन्न रोगों में अहकाम-ए-ग़िज़ा (आहार नियम) को मान्य करने के लिए अध्ययन;

(के) यूनानी चिकित्सा के माध्यम से मेटाबोलिक सिंड्रोम या विकारों का प्रबंधन;

(एल) एकीकृत उपचार प्रोटोकॉल (इलाज बिल ग़िज़ा, इलाज बित तदबीर, इलाज बिल दवा, जो भी लागू हो) के साथ जीवनशैली संबंधी विकारों का प्रबंधन;

(एम) विशेष बीमारी के लिए उपचार प्रोटोकॉल या प्रथम उपचार का मानकीकरण;

(एन) आंतरिक और बाह्य चिकित्सा के साथ संयुक्त चिकित्सा की नैदानिक दक्षता: एक एकीकृत अनुसंधान;

(ओ) शास्त्रीय साहित्य में उल्लेख न किए गए रोगों के लिए उपचार प्रोटोकॉल का मानकीकरण।

(पी) मोआलाजात (मेडिसिन) के लिए शिक्षण विधियों, चिकित्सा शिक्षा प्रौद्योगिकी और उपकरणों का विकास।

(10) अमराज़े जिल्द व तज़ीनियत (डर्माटोलोजी और कॉस्मेटोलॉजी) -

(ए) त्वचा संबंधी विकारों के प्रबंधन पर नैदानिक अध्ययन;

(बी) त्वचा विकारों के निदान के लिए आकलन पैमानों और उपकरणों का विकास;

(सी) त्वचा विकारों में *मुसफ्फियात चिकित्सा की वैज्ञानिक मान्यता;*

(डी) कॉस्मेटिक त्वचाविज्ञान के प्रबंधन पर नैदानिक अध्ययन;

(ई) त्वचाविज्ञान और कॉस्मेटोलॉजी के प्रबंधन में विभिन्न तदाबीर *पर अध्ययन;*

(एफ) त्वचा और कॉस्मेटिक विकारों के प्रबंधन के लिए यूनानी संदर्भ में नवीन तकनीकों का विकास;

(जी) त्वचा की विषहरण प्रक्रियाएं और उनका वैज्ञानिक प्रमाण;

(एच) मेटाबोलिक, ऑटो-इम्यून, न्यूट्रिशनल, वैस्कुलर, एट्रोफिक, अंतःस्रावी रोग, संक्रमण, जन्मजात, वंशानुगत, एलर्जी और विष के कारण त्वचा विकारों का प्रबंधन;

(आई) गंभीर त्वचा विकारों जैसे स्क्लेरोडर्मा, इचिथोसिस, केलोइड, मेलेनोमा, हेमांगीओमा, आदि का प्रबंधन;

(जे) यूनानी सौंदर्य प्रसाधनों और कास्मेक्यूटिकल्स की वैज्ञानिक मान्यता;

(के) यूनानी सौंदर्य प्रसाधनों की चिकित्सीय दक्षता और सुरक्षा के लिए अध्ययन;

(एल) यूनानी बनाम पारंपरिक कॉस्मेटिक प्रक्रियाओं पर तुलनात्मक अध्ययन;

(एम) यूनानी साहित्य के संदर्भ में एजिंग और फोटोएजिंग के लिए नए सौंदर्य प्रसाधनों और कॉस्मीस्यूटिकल्स का विकास;

(एन) यूनानी हेयर टॉनिक की प्रभावकारिता पर अध्ययन;

(ओ) बालों के कायाकल्प उपचारों के विकास पर अध्ययन;

(पी) हेयर डाई, कलरिंग और स्टाइलिंग तकनीकों पर अध्ययन;

(क्यू) यूनानी साहित्य में वर्णित इत्र और डिओडोरेंट का विस्तार और विकास;

(आर) विभिन्न त्वचा और कॉस्मेटिक विकारों में *अहकाम-ए-ग़िज़ा (आहार नियम) को मान्य करने के लिए अध्ययन;*

(एस) त्वचा को स्वस्थ बनाए रखने के उपाय;

(टी) अमराज़े जिल्द व तज़ीनियात (डर्माटोलोजी और कॉस्मेटोलॉजी) के लिए शिक्षण विधियों, चिकित्सा शिक्षा प्रौद्योगिकी और उपकरणों का विकास;

(11) इलाज बित तदाबीर (रेजिमेनल थेरेपी) -

(ए) चिकित्सा और पैरा-सर्जिकल स्थितियों में इलाज बित तदाबीर का नैदानिक अनुप्रयोग और इसकी वैज्ञानिक मान्यता;

(बी) इलाज बित तदाबीर के साथ न्यूरो-मस्कुलो- स्केलेटल विकारों का प्रबंधन;

(सी) खेल चोटों के लिए इलाज बित तदाबीर*;*

(डी) दर्द खत्म करने या उपशामक देखभाल में इलाज बित तदाबीर *;*

(ई) आपातकालीन स्वास्थ्य देखभाल प्रबंधन में इलाज बित तदाबीर *;*

(एफ) इलाज बित तदाबीर प्रक्रियाओं की उचित समझ के लिए उपकरणों या पैमानों का विकास;

(जी) इलाज बित तदाबीर *प्रक्रियाओं* और औषधियों के साथ संयुक्त चिकित्सा की नैदानिक दक्षता : एकीकृत अनुसंधान;

(एच) बाहरी उपचार के लिए उपकरणों या उपस्करों का विकास;

(आई) इलाज बित तदाबीर प्रक्रियाओं के मेकेनिज्म को स्पष्ट करना;

(जे) इलाज बित तदाबीर प्रक्रियाओं के विभिन्न आहार नियमों के लिए मानक संचालन प्रक्रियाओं का मानकीकरण और विकास ;

(के) इलाज बित तदाबीर के शास्त्रीय साहित्य का संग्रह, संकलन और विवेचनात्मक समीक्षा ;

(एल) इलाज बित तदाबीर प्रक्रियाओं में नए संशोधन ;

(एम) गैर-संचारी रोगों के लिए विशिष्ट इलाज बित तदाबीर *प्रक्रियाएं स्थापित करना;*

(एन) आर्थोपेडिक और रुमेटोलॉजिक स्थितियों को ठीक करने में इलाज बित तदाबीर पर अध्ययन;

(ओ) इलाज बित तदाबीर (रेजिमेनल थेरेपी) के लिए शिक्षण विधियों, चिकित्सा शिक्षा प्रौद्योगिकी और उपकरणों का विकास;

(पी) जीवनशैली संबंधी विकारों, रुमेटोलॉजिकल स्थितियों या मेटाबोलिक) संबंधी विकारों के लिए इलाज बित तदाबीर*;*

(12) जराहत (सर्जरी)।-

(ए) यूनानी सर्जिकल और पैरा-सर्जिकल प्रक्रियाओं के माध्यम से सर्जिकल स्थितियों का प्रबंधन;

(बी) आधुनिक विज्ञान के साथ विभिन्न यूनानी सर्जिकल और पैरा-सर्जिकल प्रक्रियाओं के लिए मानक संचालन प्रक्रियाओं का मानकीकरण और विकास;

(सी) विभिन्न सर्जिकल और पैरा-सर्जिकल प्रक्रियाओं के लिए उपकरणों और सहायक उपकरणों का विकास;

(डी) आधुनिक समय के अनुसार विभिन्न प्रकार के पारंपरिक यूनानी सर्जिकल उपकरणों का मानकीकरण;

(ई) मौजूदा सर्जिकल प्रथाओं में संशोधन या नई विधियों या प्रौद्योगिकी की खोज;

(एफ) उन शास्त्रीय शल्य चिकित्सा प्रक्रियाओं की खोज और स्थापना जिनका प्रयोग नहीं किया जा रहा;

(जी) पारंपरिक और आधुनिक तर्ज पर पर शल्य चिकित्सा स्थितियों में नैदानिक प्रौद्योगिकी का विकास और वैज्ञानिक व्याख्याएं;

(एच) यूनानी सर्जिकल और पैरा-सर्जिकल प्रक्रियाओं के संदर्भ में प्री-ऑपरेटिव और पोस्ट-ऑपरेटिव प्रक्रियाओं का मानकीकरण;

(आई) नए संकेतों और मानकीकरण के लिए यूनानी पैरा-सर्जिकल प्रक्रियाओं का विकास;

(जे) नए संकेतों के लिए नवीन सर्जिकल प्रक्रियाएं;

(के) नैदानिक अनुसंधान (सर्जिकल स्थिति या रोग आधारित);

(एल) प्राचीन शास्त्रीय यूनानी साहित्य से शल्य चिकित्सा प्रक्रियाओं का संग्रह, संकलन और विवेचनात्मक समीक्षा;

(एम) इल्मुल जराहत (सर्जरी) के लिए शिक्षण विधियों, चिकित्सा शिक्षा प्रौद्योगिकी और उपकरणों का विकास।

(13) ऐन, उज़्न, अनफ़, हलक व अस्नान (ऑप्थल्मोलॉजी, ईयर नोज़ , थ्रोट एंड डेंटिस्ट्री)

(ए) यूनानी सर्जिकल शल्य चिकित्सा से आंख, कान, नाक, गले और दंत रोगों को ठीक करना;

(बी) यूनानी पैरा-सर्जिकल आंख, कान, नाक, गले और दंत रोगों का प्रबंधन;

(सी) आधुनिक विज्ञान के साथ विभिन्न यूनानी सर्जिकल और पैरा-सर्जिकल प्रक्रियाओं के लिए मानक संचालन प्रक्रियाओं का मानकीकरण और विकास;

(डी) विभिन्न सर्जिकल और पैरा-सर्जिकल प्रक्रियाओं के लिए उपकरणों और सहायक उपकरणों का विकास;

(ई) आधुनिक तर्ज पर विभिन्न प्रकार के पारंपरिक यूनानी सर्जिकल उपकरणों का मानकीकरण;

(एफ) मौजूदा सर्जिकल प्रथाओं में संशोधन या नई विधियों या प्रौद्योगिकियों की खोज;

(जी) अव्यवहारिक शास्त्रीय शल्य चिकित्सा प्रक्रियाओं की खोज और स्थापना;

(एच) पारंपरिक और समसामयिक तर्ज पर शल्य चिकित्सा स्थितियों में नैदानिक प्रौद्योगिकी का विकास और वैज्ञानिक व्याख्याएं;

(आई) यूनानी सर्जिकल और पैरा-सर्जिकल प्रक्रियाओं के संदर्भ में प्री-ऑपरेटिव और पोस्ट-ऑपरेटिव प्रक्रियाओं का मानकीकरण;

(जे) नए संकेतों यूनानी सर्जिकल और पैरा-सर्जिकल प्रक्रियाओं का विकास और मानकीकरण;

(के) नैदानिक अनुसंधान (सर्जिकल स्थिति या रोग आधारित);

(एल) अमराज़े उज़्न, अनफ़ व हलक (कान, नाक और गले के रोग) के लिए शिक्षण विधियों, चिकित्सा शिक्षा प्रौद्योगिकी और उपकरणों का विकास।

(14) कबालत व निस्वान (ऑब्सटेट्रिक्स एंड गाइनेकोलॉजी)

(ए) यूनानी में प्रसवपूर्व देखभाल, प्रसव देखभाल और प्रसवोत्तर देखभाल की नैदानिक दक्षता;

(बी) यूनानी में गर्भधारण-पूर्व स्वास्थ्य देखभाल और गर्भधारण-पूर्व परामर्श;

(सी) भ्रूण के सामान्य विकास और सामान्य प्रसव को सुविधाजनक बनाने के लिए यूनानी दवाओं और उपायों की वैज्ञानिक मान्यता;

(डी) प्रसूति विज्ञान में यूनानी चिकित्सा के साथ नैदानिक अध्ययन जिसमें मतली और उल्टी, एनीमिया, गर्भकालीन मधुमेह, गर्भावस्था में उच्च रक्तचाप, गर्भाशय ग्रीवा की अक्षमता, इंडक्शन ऑफ लेबर, रिटैंड प्रोडक्टस ऑफ कंसेप्शन या थ्रेटन्ड एर्बोशन या मिस्ड एर्बोशन आदि शामिल हैं;

(ई) यूनानी चिकित्सा में स्तनपान, स्तन रोगों और लैक्टोगॉग्स पर अध्ययन;

(एफ) एंडोमेट्रियोसिस, एडिनोमायोसिस, पॉलीसिस्टिक डिम्बग्रंथि (ओवेरियन) रोग या सिंड्रोम, गर्भाशय प्रोलैप्स, गर्भाशय फाइब्रॉएड, पेल्विक सूजन संबंधी रोग, यौन संचारित रोग, असामान्य योनि स्राव, या बैक्टीरिया वाले वेजिनोसिस स्त्री रोग संबंधी विकारों में यूनानी चिकित्सा की प्रभावोत्पादकता सुरक्षा और तंत्र को मान्य करने के लिए नैदानिक अध्ययन आदि;

(जी) मासिक धर्म संबंधी विकारों का नैदानिक अध्ययन;

(एच) महिला बांझपन के लिए यूनानी प्रबंधन: नैदानिक अनुसंधान;

(आई) यूनानी चिकित्सा के साथ प्रीमेन्स्ट्रुअल, पेरीमेनोपॉज़ल सिंड्रोम, मेनोपॉज़ल सिंड्रोम या ऑस्टियोपोरोसिस पर अध्ययन;

(जे) किशोर लड़कियों में मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं, चिंता और अवसाद, एनीमिया, मासिक धर्म स्वच्छता, कुपोषण, या मोटापा जैसे अध्ययन;

(के) यौन और प्रजनन स्वास्थ्य पर अध्ययन;

(एल) महिला यौन रोगों या विकारों पर शोध;

(एम) अंतःस्रावी विकार और प्रबंधन संबंधी विशिष्टता;

(एन) यूनानी चिकित्सा में गर्भ निरोधकों पर वैज्ञानिक अन्वेषण;

(ओ) गर्भाशय, डिम्बग्रंथि, गर्भाशय ग्रीवा या स्तन कैंसर जैसे जननांग कैंसर के लिए यूनानी चिकित्सा से प्रबंधन;

(पी) यूरिनरी इनकॉन्टिनेंस, स्ट्रेस यूरिनरी इनकॉन्टिनेंस, अर्ज इनकॉन्टिनेंस, मिक्स्ड यूरिनरी इनकॉन्टिनेंस, या यूरिनरी ट्रैक्ट इन्फेक्शन्स जैसे यूरोगायनेकोलॉजिकल विकारों का उपचार और नैदानिक अनुसंधान;

(क्यू) स्त्रीरोग संबंधी और प्रसूति संबंधी रोगों में नैदानिक अध्ययन और आहार चिकित्सा;

(आर) स्त्री रोग संबंधी विकारों में लिए इलाज बित तदाबीर का अनुप्रयोग और इसका मानकीकरण;

(एस) स्त्री रोग संबंधी विकारों और प्रसवोत्तर देखभाल के प्रबंधन में योग एवं *रियाज़त* और *दलक* का एकीकरण ;

(टी) स्त्री रोग संबंधी विकारों में तदाबीर की प्रभावकारिता को मान्य करने के लिए अध्ययन ;

(यू) स्त्री रोग संबंधी प्रक्रियात्मक प्रबंधन का मानकीकरण जैसे कि वैजिनल डूश, *हुमूल, फरजजा, फतीला, मरहम, ज़िमाद, टकोर, हुकना, या आबज़न* आदि;

(वी) टैबलेट, सपोसिटरी और पेसरी फॉर्म में वैजिनल डोज़ के परिवर्तन के लिए नैदानिक अध्ययन;

(डब्ल्यू) यूनानी दवाओं के साथ प्रसवोत्तर रक्तस्राव प्रबंधन पर अध्ययन;

(एक्स) पोस्टमेनोपॉज़ल विकारों में यूनानी निर्मित फाइटोएस्ट्रोजन क्रीम के उपयोग की प्रभावकारिता को मान्य करने के लिए अध्ययन;

(वाई) स्तन विकारों के प्रबंधन में यूनानी चिकित्सा और प्रक्रियाओं पर अध्ययन;

(जेड) हिस्टीरिया और प्रसवोत्तर मनोविकृति के लिए यूनानी नैदानिक उपचार;

(जेडए) अमराज़े निस्वान वा क़बालत (ऑब्सटेट्रिक्स एंड गाइनेकोलॉजी) के लिए शिक्षण विधियों, चिकित्सा शिक्षा प्रौद्योगिकी और उपकरणों का विकास।

(15) इल्मुल अतफ़ाल (पिडियाट्रिक्स)

(ए) अठारह वर्ष की आयु तक के बच्चों के लिए यूनानी इम्यून बूस्टर;

(बी) विशेष बच्चों, स्पास्टिक बच्चों, ऑटिज़्म और अटेंशन डेफेसिट हाइपर एक्टीविटी डिस्आर्डर के लिए यूनानी प्रबंधन;

(सी) यूनानी दवाओं और प्रोसीजरल इलाज-नैदानिक अध्ययन के साथ बाल रोगों का प्रबंधन;

(डी) बाल विकारों के प्रबंधन में योग और रियाजात का एकीकरण;

(ई) यूनानी मेमोरी बूस्टर;

(एफ) बच्चों की वृद्धि और विकास के लिए यूनानी दवाएं और उपाय;

(जी) पिडियाट्रिक्स में आहार संबंधी एलर्जी और उनका प्रबंधन;

(एच) बच्चों में पोषण संबंधी विकार और प्रबंधन;

(आई) बचपन का मोटापा और प्रबंधन;

(जे) किशोर स्वास्थ्य- यूनानी दवाएं और उपाय;

(के) एक सामान्य बच्चे के पैरामीटर;

(एल) गैजेट की लत और व्यवहार संबंधी समस्याएं और प्रबंधन;

(एम) वैक्सीन एडजूवेंटस;

(एन) आनुवंशिक, जन्मजात और संज्ञानात्मक विकार और प्रबंधन;

(ओ) बच्चों में एनीमिया और प्रबंधन;

(पी) बच्चों में कृमि संक्रमण और प्रबंधन;

(क्यू) बार-बार होने वाले संक्रमण और प्रबंधन;

(आर) सामाजिक और निवारक चिकित्सा के बाल चिकित्सा क्षेत्र- वैज्ञानिक अध्ययन;

(एस) बाल चिकित्सा में आवश्यकता के अनुसार प्राचीन यूनानी दवाओं के खुराक रूपों को फिर से डिजाइन करना;

(टी) बच्चों में मायोपैथी के लिए यूनानी प्रबंधन;

(यू) बाल चिकित्सा उपचार में इलाज बित तदाबीर की भूमिका ;

(वी) बाल चिकित्सा प्रकरणों के निदान के तरीके;

(डब्ल्यू) अमराज़े अतफाल (पिडियाट्रिक्स) के लिए शिक्षण विधियों, चिकित्सा शिक्षा प्रौद्योगिकी और उपकरणों का विकास।

[**नोट:** संस्थान द्वारा आयोजित स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में से किसी एक से केवल एक छात्र को "शिक्षण विधियों, प्रौद्योगिकी और उपकरणों के विकास" के प्रमुख क्षेत्र में शोध प्रबंध कार्य करने की अनुमति दी जाएगी।

31. स्नातकोत्तर छात्रों के लिए वृत्तिका - केंद्र सरकार, राज्य सरकार और केंद्र शासित प्रदेश के संस्थानों से संबंधित स्नातकोत्तर छात्रों के लिए, **वृत्तिका** का भुगतान संबंधित सरकारों के अंतर्गत अन्य चिकित्सा पद्धतियों के बराबर किया जाएगा, और चिकित्सा पद्धतियों के बीच कोई विसंगति नहीं होगी।

32. स्नातकोत्तर शिक्षण संकाय की अहर्ता एवं अनुभव-

(1) (ए) संबंधित विशिष्टता या विषय में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय और भारतीय चिकित्सा केंद्रीय परिषद अधिनियम, 1970 की दूसरी अनुसूची में शामिल या भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग अधिनियम, 2020 की धारा 35 के अंतर्गत मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से प्राप्त स्नातकोत्तर डिग्री होना, और संबंधित राज्य बोर्ड या परिषद के साथ अथवा भारतीय चिकित्सा पद्धति आचार एवं पंजीयन बोर्ड, भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा जारी एक वैध केंद्रीय या राष्ट्रीय पंजीयन प्रमाण पत्र; तथापि, पंजीयन प्रमाणपत्र गैर-चिकित्सा अर्हता वाले शिक्षकों के लिए लागू नहीं है।

(बी) **तालिका** के कॉलम दो में उल्लिखित स्नातकोत्तर डिग्री कोर्सस के लिए, किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से और भारतीय चिकित्सा केंद्रीय परिषद अधिनियम, 1970 की दूसरी अनुसूची में शामिल या भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग अधिनियम, 2020 की धारा 35 के अंतर्गत मान्यता प्राप्त कॉलम तीन में उल्लिखित संबंधित विशिष्टता में यूनानी चिकित्सा में स्नातकोत्तर डिग्री वाले को नियुक्ति के लिए पात्र माना जाएगा और यह स्टेटस कॉलम दो में उल्लिखित संबंधित विशिष्टता से पढ़ाने के लिए योग्य शिक्षकों के मिलने तक बनाए रखा जाएगा।

तालिका
स्नातकोत्तर विशिष्टताओं के लिए पात्र शिक्षक

क्र.सं. (1)	स्नातकोत्तर विशिष्टता या कार्यक्रम (2)	संबंधित विशेषता/संबद्ध विषय (3)
1	तशरीहुल बदन	इल्मुल जराहत या कुल्लियाते तिब
2	मनाफेउल आज़ा	कुल्लियाते तिब
3	इल्मुल सैदला	इल्मुल अदविया
4	तिब्बुल क़ानून व इल्मुल समूम	तहफ्फुज़ी व समाजी तिब या मोआलाजात या इल्मुल अदविया या इल्मुल सैदला
5	माहियातुल अमराज़	मोआलाजात या कुल्लियाते तिब
6	इलाज बित तदाबीर	मोआलाजात या तहफ्फुज़ी व समाजी तिब
7	अमराज़े जिल्द व तज़ीनियत	मोआलाजात
8	अमराज़े उज़्न, अनफ़ व हलक	इल्मुल जराहत या मोआलाजात
9	इल्मुल अतफ़ाल	मोआलाजात या क़बालत वा अमराज़े निस्वान

नोट 1: संबद्ध विषयों / विशिष्टता के प्रावधान को इन विनियमों के प्रारंभ होने की तिथि से पांच वर्षों के लिए अनुमति दी जा सकती है।

नोट 2: संबद्ध विषयों में नियुक्त शिक्षक, यदि मूल विभाग में वापस जाना चाहते हैं, तो वे इन विनियमों की अधिसूचना की तिथि से तीन वर्ष के भीतर वापस आ सकते हैं और ऐसी स्थिति में, भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग के अनुमोदित शिक्षकों को संबद्ध विषय का अनुभव मूल विभाग में नियमित अनुभव के रूप में माना जाएगा और भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा अनुमोदित शिक्षक जो संबद्ध विषयों में बने रहे, उन्हें संबंधित विभाग के नियमित शिक्षक के रूप में माना जाएगा और इन नियमों में निर्दिष्ट अनुसार नियमित शिक्षक के रूप में पदोन्नति के लिए पात्र होंगे।

नोट 3: जिन शिक्षकों को पूर्व में भारतीय चिकित्सा केंद्रीय परिषद (स्नातकोत्तर शिक्षा) विनियम, 1979, भारतीय चिकित्सा केंद्रीय परिषद (स्नातकोत्तर यूनानी शिक्षा) विनियम, 2007 और भारतीय चिकित्सा केंद्रीय परिषद (स्नातकोत्तर यूनानी चिकित्सा शिक्षा) विनियम, 2016, के आधार पर पात्र माना गया था। इन विनियमों की अधिसूचना के बाद उन्हें अपात्र नहीं माना जाएगा।

(2) अनुभव- (ए) (i) संस्थान के प्रमुख (प्रिंसिपल या डीन या निदेशक) के पद के लिए योग्यता और अनुभव वही योग्यता और अनुभव होगा जो इन नियमों में प्रोफेसर के पद के लिए निर्धारित है और न्यूनतम तीन वर्ष

का प्रशासनिक अनुभव (उप प्राचार्य या विभागाध्यक्ष या उप चिकित्सा अधीक्षक या चिकित्सा अधीक्षक आदि) होगा;

(ii) उसे संस्थान के प्रमुख के रूप में कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से छह माह की अवधि के भीतर भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा संचालित 'शैक्षिक प्रशासन' पर संस्थानों के प्रमुख के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम पूर्ण करना होगा;

(iii) संस्थान के प्रमुख का पद संभालने के लिए आयोग द्वारा समय-समय पर निर्धारित समय-सीमा के भीतर शिक्षा प्रशासन पर ओरिएंटेशन कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करना एक अनिवार्य आवश्यकता है। ऐसा न करने पर, भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन एवं रेटिंग बोर्ड द्वारा संस्थान के प्रमुख के पद के लिए उनके नाम पर विचार नहीं किया जाएगा।

(बी) प्रोफेसर के पद के लिए: (i) संबंधित विषय में नियमित शिक्षक के रूप में दस वर्ष का कुल शिक्षण अनुभव या संबंधित विषय में नियमित आधार पर एसोसिएट प्रोफेसर या रीडर के रूप में पांच वर्ष का शिक्षण अनुभव; या

(ii) संबंधित विषय में स्नातकोत्तर शिक्षण में नियमित शिक्षक के रूप में दस वर्षों का कुल शिक्षण अनुभव, या संबंधित विषय में नियमित आधार पर एसोसिएट प्रोफेसर या रीडर के रूप में स्नातकोत्तर शिक्षण में पांच वर्ष का शिक्षण अनुभव; या

(iii) केंद्र सरकार या राज्य सरकार या केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन या विश्वविद्यालय या राष्ट्रीय संस्थानों या राष्ट्रीय परीक्षण और अंशशोधन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएल) से मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला के अनुसंधान परिषद या अनुसंधान संस्थानों में नियमित नियुक्ति के आधार पर संबंधित विषय में स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त करने के बाद पूर्णकालिक शोधकर्ता के रूप में कुल दस वर्षों का शोध अनुभव,-

(ए) भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा में उत्तीर्ण; और

(बी) इंडैक्सड पत्रिकाओं में प्रकाशित न्यूनतम पांच शोध पत्र (यूजीसी-केयर, पबमेड, वेब ऑफ साइंस, साइंस साइटेशन इंडेक्स, स्कोपस में इंडैक्सड); या

इंडैक्सड पत्रिकाओं में प्रकाशित न्यूनतम तीन शोध पत्र (यूजीसी-केयर, पबमेड, वेब ऑफ साइंस, साइंस साइटेशन इंडेक्स, स्कोपस में इंडैक्सड) और यूनानी से संबंधित एक प्रकाशित पुस्तक या मैनुअल; या

स्वीकृत पत्र के अनुसार परियोजना की अवधि तीन वर्ष और उससे अधिक के साथ किसी भी प्रमुख अनुसंधान परियोजना के लिए अन्वेषक।

(सी) एसोसिएट प्रोफेसर के पद के लिए: (i) संबंधित विषय में नियमित शिक्षक के रूप में पांच वर्ष का कुल शिक्षण अनुभव; या

(ii) संबंधित विषय में स्नातकोत्तर शिक्षण में नियमित शिक्षक के रूप में पांच वर्षों का कुल शिक्षण अनुभव; या

(iii) केंद्र सरकार या राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन या विश्वविद्यालय या राष्ट्रीय संस्थानों या राष्ट्रीय परीक्षण और अंशशोधन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएल) मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला में नियमित नियुक्ति पर संबंधित विषय में स्नातकोत्तर डिग्री योग्यता रखने के बाद पूर्णकालिक शोधकर्ता के रूप में कुल पांच वर्ष का शोध अनुभव,-

(ए) भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा में उत्तीर्ण; और

(बी) इंडैक्स्ड पत्रिकाओं में न्यूनतम तीन शोध पत्र प्रकाशित हो (यूजीसी-केयर, पबमेड, वेब ऑफ साइंस, साइंस साइटेशन इंडेक्स, स्कोपस में इंडैक्स्ड); या

इंडैक्स्ड पत्रिकाओं में न्यूनतम एक शोध पत्र प्रकाशित हो (यूजीसी-केयर, पबमेड, वेब ऑफ साइंस, साइंस साइटेशन इंडेक्स, स्कोपस में इंडैक्स्ड) और यूनानी से संबंधित एक प्रकाशित पुस्तक या मैनुअल; या

किसी भी प्रमुख अनुसंधान परियोजना के लिए अन्वेषक (स्वीकृत पत्र के अनुसार परियोजना की अवधि तीन वर्ष और उससे अधिक); या

लघु अनुसंधान परियोजना अन्वेषक (स्वीकृत पत्र के अनुसार परियोजना की अवधि तीन वर्ष से कम)।

(डी) सहायक प्रोफेसर के पद के लिए: कोई शिक्षण अनुभव आवश्यक नहीं है। भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा में उत्तीर्ण होना होगा।

(ई) नियमित पूर्णकालिक डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) कार्यक्रम के दौरान अर्जित वास्तविक शोध अनुभव, कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से थीसिस जमा करने की तिथि तक और अधिकतम तीन वर्ष को शिक्षण अनुभव के रूप में माना जाएगा और पीएचडी सीट आवंटन पत्र, पूर्णकालिक पीएचडी कार्यक्रम में ज्वाइन होने का प्रमाण और विश्वविद्यालय में थीसिस जमा करने के प्रमाण को इस संबंध में साक्ष्य के रूप में माना जाएगा।

(एफ) भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (स्नातकीय यूनानी शिक्षा के न्यूनतम मानक) विनियम, 2022 में उल्लिखित योग्यता और अनुभव वाले एक योग शिक्षक को प्रत्येक स्टैंड-अलोन स्नातकोत्तर संस्था में पूर्णकालिक आधार पर नियुक्त किया जाएगा। वह तहफ्फुज़ी व समाजी तिब (प्रिवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन) विभाग के अंतर्गत कार्य करेगा और उसे एक विशिष्ट शिक्षक कोड जारी नहीं किया जाएगा।

(जी) इंटीग्रेटिव एंड ट्रांसलेशनल रिसर्च विभाग के लिए: (i) यूनानी में स्नातकोत्तर डिग्री योग्यता वाला एक प्रोफेसर (डॉक्टर ऑफ मेडिसिन-एमडी या मास्टर ऑफ सर्जरी-एमएस) अधिमानतः स्नातकोत्तर डॉक्टरेट डिग्री (पीएचडी) के साथ उप-विनियमन (2) के खंड (बी) में उल्लिखित अनुभव के साथ पूर्णकालिक, नियमित आधार पर नियुक्त किया जाएगा और वह विभाग का प्रमुख होगा। उसे भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन एवं रेटिंग बोर्ड द्वारा विशिष्ट शिक्षक कोड प्रदान किया जाएगा और वह संस्थान के प्रमुख पद के लिए पात्र होगा।

(ii) इंटीग्रेटिव एंड ट्रांसलेशनल रिसर्च विभाग में बायोकैमिस्ट्री, फार्माकोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, मेडिसिनल बॉटनी या बॉटनी पब्लिक हेल्थ विषयों में शिक्षण स्टाफ होगा और उस को पूर्णकालिक, नियमित आधार पर नियुक्त किया जाएगा, और जिनकी योग्यता, अनुभव और पदोन्नति भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (स्नातकीय यूनानी शिक्षा के न्यूनतम मानक) विनियम, 2022 में निर्दिष्ट अनुसार होगी। उन्हें भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड द्वारा यूनीक शिक्षक कोड प्रदान किया जाएगा और वे विभाग के प्रमुख या संस्थान के प्रमुख (प्रिंसिपल या डीन या निदेशक) का पद धारण करने के पात्र नहीं हैं;

(iii) भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (स्नातकीय यूनानी शिक्षा के न्यूनतम मानक) विनियम, 2022 में उल्लिखित योग्यता, और अनुभव रखने वाले एक बायोस्टैटिस्टिशियन को इंटीगेटिव हेल्थ एंड ट्रांसलेशनल रिसर्च विभाग में पूर्णकालिक या अंशकालिक आधार पर नियुक्त किया जाएगा और भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड द्वारा विशिष्ट (यूनीक) शिक्षक कोड प्रदान नहीं किया जाएगा।

(3) अस्थायी नियुक्ति या संविदा नियुक्ति की अनुमति नहीं दी जाएगी। हालांकि, सरकारी संस्थानों के प्रकरण में, संविदात्मक नियुक्तियों को निम्नलिखित शर्तों के साथ अनुमति दी जा सकती है:

(ए) एक स्टॉप गैप व्यवस्था होगी;

(बी) विशेष विभाग में किसी विशेष पद के लिए दो वर्ष से अधिक नहीं होगा;

(सी) राष्ट्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा में उत्तीर्ण होना चाहिए।

(4) (ए) इन विनियमों के अनुसार प्रत्येक पात्र शिक्षक को भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड द्वारा यूनीक शिक्षक कोड प्रदान किया जाएगा।

(बी) यूनीक शिक्षक कोड प्राप्त करने की प्रक्रिया और यूनीक शिक्षक कोड वापस लेने का विवरण भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (स्नातकीय यूनानी शिक्षा के न्यूनतम मानक) विनियम, 2022 के प्रावधानों के अनुसार होगा।

(5) शिक्षक की सेवानिवृत्ति की आयु- शिक्षकों की सेवानिवृत्ति की आयु केंद्र, राज्य या केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन के आदेश के अनुसार होगी, और पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले सेवानिवृत्त शिक्षकों को पूर्णकालिक नियमित शिक्षक के रूप में पैंसठ वर्ष की आयु तक फिर से नियोजित किया जा सकता है।

(6) शिक्षक की उपस्थिति- (ए) प्रत्येक शिक्षक प्रत्येक कैलेंडर वर्ष या आकलन वर्ष के कार्य दिवसों के दौरान कम से कम पचहत्तर प्रतिशत उपस्थिति बनाए रखेगा, जैसा लागू हो।

(बी) शिक्षण कर्मचारियों की उपस्थिति की गणना "शिक्षक दिवस" के संदर्भ में की जाएगी जैसा कि भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (स्नातकीय यूनानी महाविद्यालयों और संबद्ध शिक्षण अस्पतालों के न्यूनतम आवश्यक मानक, आकलन और रेटिंग) विनियम 2023 में निर्दिष्ट है।

(7) शिक्षण कर्मचारियों की कार्यमुक्ति और प्रतिस्थापन, शिक्षण कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति और अनुमति पत्र जारी करने से पहले परामर्शदाताओं और शिक्षण कर्मचारियों के अनुभव संबंधी नियम भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (स्नातकीय यूनानी महाविद्यालयों और संबद्ध शिक्षण अस्पतालों के न्यूनतम आवश्यक मानक, आकलन और रेटिंग) विनियम 2023 में उल्लिखित प्रावधानों के अनुसार होंगे।।

(8) भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करना यूनानी मेडिकल कॉलेजों या संस्थानों में शिक्षण व्यवसाय में प्रवेश करने वाले सभी पात्र उम्मीदवारों के लिए पहली बार एक अनिवार्य आवश्यकता होगी, चाहे उनका कैडर कुछ भी हो।

(9) संकाय विकास और प्रशिक्षण कार्यक्रम: प्रत्येक शिक्षण संकाय को तीन वर्ष में एक बार भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा संचालित चिकित्सा शिक्षा प्रौद्योगिकी या गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम से गुजरना होगा।

33. ट्यूशन शुल्क - राज्य सरकार या केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन या विश्वविद्यालय द्वारा गठित संबंधित शुल्क निर्धारण समिति या शुल्क नियामक समिति या गवर्निंग समिति द्वारा निर्धारित ट्यूशन शुल्क केवल तीन वर्ष की पाठ्यक्रम अवधि के लिए लिया जाएगा और परीक्षा में असफल होने या किसी अन्य कारण से अध्ययन की विस्तारित अवधि के लिए ट्यूशन शुल्क नहीं लिया जाएगा।

34. पाठ्यक्रम प्रारंभ होने और प्रवेश की कट-ऑफ तिथि- (1) प्रथम वर्ष का स्नातकोत्तर कार्यक्रम सामान्यतः प्रत्येक वर्ष के अगस्त से शुरू होगा और स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम में प्रवेश की कट-ऑफ तिथि सामान्यतः प्रत्येक शैक्षणिक सत्र की 31 जुलाई या भारतीय चिकित्सा पद्धति के लिए राष्ट्रीय आयोग द्वारा समय-समय पर निर्दिष्ट अनुसार होगी।

(2) प्रत्येक संस्थान नीचे दी गई **तालिका** में निर्दिष्ट शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार शैक्षणिक गतिविधियों या कार्यक्रमों का संचालन करेगा।

तालिका

स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रमों के लिए संभावित शैक्षणिक कैलेंडर

(डॉक्टर ऑफ मेडिसिन-एमडी या मास्टर ऑफ सर्जरी-एमएस)

(कार्यक्रम की कुल अवधि - 36 माह)

क्र.सं (1)	शैक्षणिक गतिविधि या कार्यक्रम (2)	समय-सीमा (3)
1	कार्यक्रम का शुभारंभ	अगस्त माह का पहला कार्य दिवस
2	स्नातकोत्तरओरिएंटेशन प्रोग्राम	15-20 कार्य दिवस
3	स्नातकोत्तर शोध प्रबंध गतिविधि के लिए गाइड आवंटन	अक्टूबर (तीसरा माह)
4	विश्वविद्यालय द्वारा प्रथम (समेटिव) आकलन	जनवरी (छठा माह) (पहले सेमेस्टर के अंत में) (जनवरी का तीसरा और चौथा सप्ताह)
5	सिनोप्सिस जमा करना	अप्रैल (9 वां माह)
6	विश्वविद्यालय द्वारा द्वितीय समेटिव आकलन	जुलाई (12 वां माह) (दूसरे सेमेस्टर के अंत में) (जुलाई के तीसरे या चौथे सप्ताह)
7	प्रथम प्रगति समीक्षा	जनवरी (अठारहवा माह)
8	द्वितीय प्रगति समीक्षा	जुलाई (24 वां माह)
9	तृतीय प्रगति समीक्षा	जनवरी (30 वां माह)
10	शोध निबंध कार्य का पूर्व-प्रस्तुतीकरण	जनवरी-मार्च (30-32 माह)
11	विभाग द्वारा संस्थान के प्रमुख को शोध प्रबंध प्रस्तुत करना	जनवरी-मार्च (31-33 माह)
12	संस्थान के प्रमुख द्वारा विश्वविद्यालय को शोध प्रबंध प्रस्तुत करना	अप्रैल (तैंतीसवां माह)
13	विश्वविद्यालय द्वारा तृतीय समेटिव आकलन	जुलाई (36 वां माह) (छठे सेमेस्टर के अंत में)

नोट: तीसरे समेटिव आकलन (सिद्धांत, व्यावहारिक, या नैदानिक, जैसा लागू हो) के अंतिम दिन को स्नातकोत्तर कार्यक्रम का अंतिम कार्य दिवस माना जा सकता है।

35. अनुमति प्रक्रिया पूरी होने की तिथि - स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने के लिए यूनानी संस्थानों को अनुमति देने या अस्वीकार करने की प्रक्रिया भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड द्वारा काउंसलिंग प्रारंभ होने से साठ दिन पहले पूरी की जाएगी। प्रत्येक वर्ष यूनानी स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रमों में छात्रों के प्रवेश के लिए काउंसलिंग आयुष प्रवेश केंद्रीय परामर्श समिति द्वारा आयोजित की जाएगी।

अध्याय VIII

नए स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रमों (डॉक्टर ऑफ मेडिसिन-एमडी या मास्टर ऑफ सर्जरी-एमएस) का प्रारंभ स्टैंडअलोन स्नात्कोत्तर संस्था की स्थापना और मौजूदा स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में छात्र प्रवेश क्षमता में वृद्धि

36. (1) कोई भी व्यक्ति इस उद्देश्य के लिए प्रस्तुत आवेदन के जवाब में भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन एवं रेटिंग बोर्ड से अनुमति प्राप्त किए बिना एक नया चिकित्सा संस्थान स्थापित नहीं करेगा, कोई स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शुरू नहीं करेगा, या छात्र सेवन क्षमता, सीटें या प्रवेश क्षमता नहीं बढ़ाएगा।

(2) नई चिकित्सा संस्थाओं की शुरुआत, स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रमों की शुरुआत और छात्र प्रवेश क्षमता में वृद्धि भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग अधिनियम 2020 की धारा 29 के अनुसार होगी।

37. सामान्य विचार -

(1) नई योजनाओं के लिए आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि प्रत्येक वर्ष भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड द्वारा भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग की वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाएगी ।

(2) किसी भी व्यक्ति (एक विश्वविद्यालय, सोसाइटी, ट्रस्ट, या अन्य निकाय सहित, लेकिन इसमें केंद्र सरकार शामिल नहीं है), या तो ऑनलाइन या ऑफलाइन जैसा कि भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन एवं रेटिंग बोर्ड द्वारा निर्दिष्ट किया गया है, द्वारा प्रस्तुत आवेदन इन विनियमों के साथ संलग्न निर्धारित प्रारूप में होंगे: यूनानी में एक नया स्टैंड-अलोन स्नातकोत्तर चिकित्सा संस्थान स्थापित करने के लिए **(फॉर्म-ए),** एक नया स्नातकोत्तर कार्यक्रम शुरू करने के लिए **(फॉर्म-बी)**, और सीटें, छात्र प्रवेश क्षमता या प्रवेश क्षमता बढ़ाने के लिए **(फॉर्म-सी)**। इन आवेदनों के साथ निर्धारित आवेदन शुल्क और प्रसंस्करण शुल्क होगा जैसा कि इन नियमों में भारतीय चिकित्सा पद्धति चिकित्सा आकलन एवं रेटिंग बोर्ड द्वारा निर्दिष्ट किया गया है।

(3) अधूरे आवेदन किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

(4) अंतिम तिथि के बाद आवेदन वापस लेने का कोई प्रावधान नहीं है।

(5) अंतिम तिथि से पहले आवेदन वापस लेने की स्थिति में आवेदन शुल्क वापस नहीं किया जाएगा।

(6) स्थानीय भाषा में कोई भी दस्तावेज़ हिंदी और/या अंग्रेजी की प्रतिलेख (ट्रांसक्रिप्ट) में प्रस्तुत किया जाएगा;

(7) यह स्पष्ट है कि, आवेदन जमा करने से पहले, आवेदक को भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग अधिनियम 2020 और संबंधित नियमों को पढ़ना और समझना चाहिए।

38. पूर्व-अपेक्षाएँ- (1) चिकित्सा संस्थान की स्थापना के लिए **फॉर्म- डी),** एक नया स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम या कार्यक्रम शुरू करने **(फॉर्म- ई),** और सीटें या छात्र प्रवेश क्षमता बढ़ाने **(फॉर्म- एफ)**, इन विनियमों से जुड़े निर्धारित प्रारूप में आवेदन के समय संबंधित राज्य सरकार या केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन से एक अनिवार्यता प्रमाण पत्र या अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाएगा ।

(2) इन विनियमों से जुड़े निर्धारित प्रारूप **(फॉर्म- जी)** में शैक्षणिक वर्ष या संबद्धता के वर्षों का स्पष्ट रूप से उल्लेख करते हुए संबंधित विश्वविद्यालय से संबद्धता की सहमति-पत्र एक नई चिकित्सा संस्था की स्थापना, एक नया स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शुरू करने और सीटें या छात्र प्रवेश क्षमता बढ़ाने, से पहले जैसा भी प्रकरण हो, प्रस्तुत किया जाएगा।

(3) एक ही ट्रस्ट, सोसायटी या विश्वविद्यालय द्वारा संचालित किन्हीं दो यूनानी मेडिकल कॉलेजों के बीच की दूरी पच्चीस किलोमीटर से कम नहीं होगी।

(4) (ए) एक स्टैंडअलोन स्नातकोत्तर संस्था के प्रकरण में, आवेदन, प्रस्ताव या योजना प्रस्तुत करते समय, उसके पास पूर्ण रूप से कार्यात्मक साठ बिस्तरों वाला यूनानी अस्पताल होगा जिसने उचित पंजीयन के साथ स्थापना के बाद अस्तित्व के न्यूनतम चौबीस माह (अर्थात, कार्यक्षमता के दो वर्ष) पूरे किए हों;

(बी) अस्पताल में आवेदन जमा करते समय साठ छात्र प्रवेश क्षमता वाले कॉलेज या संस्थान से जुड़े शिक्षण अस्पताल के लिए निर्दिष्ट बुनियादी ढांचे, मानव संसाधन, कार्यक्षमता, सुविधाओं सहित उपकरण और सहायक उपकरणों आदि के संदर्भ में सभी न्यूनतम आवश्यक मानकों को पूरा किया होगा जैसा कि भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग

(स्नातकीय यूनानी महाविद्यालयों और संबद्ध शिक्षण अस्पतालों के लिए न्यूनतम आवश्यक मानक, आकलन और रेटिंग) विनियम, 2023 में निर्दिष्ट है।

(सी) अस्पताल को चरणबद्ध तरीके से स्थापित किया जा सकता है जैसा कि भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (स्नातकीय यूनानी महाविद्यालयों और संबद्ध शिक्षण अस्पतालों के लिए न्यूनतम आवश्यक मानक, आकलन और रेटिंग) विनियम, 2023 के अध्याय- VIII में उल्लिखित है।

(5) अस्पताल की दो वर्षों की कार्यक्षमता के लिए निम्नलिखित पर विचार किया जाएगा:

(ए) अस्पताल के नाम पर एक स्वतंत्र खाते में एक राष्ट्रीयकृत बैंक या भारतीय रिवर्ज बैंक द्वारा अनुमोदित कमर्शियल बैंक में परामर्शदाताओं और अन्य अस्पताल कर्मचारियों के वेतन को दर्शाने वाले बैंक लेनदेन;

(बी) अस्पताल की कार्यक्षमता को दर्शाने वाले बैंक लेनदेन, जैसे दवाओं और अस्पताल उपभोग्य सामग्रियों की आवधिक खरीद, उपयुक्त करों का भुगतान, अस्पताल की आय, आदि;

(सी) अच्छी तरह से प्रलेखित (भौतिक या इलेक्ट्रॉनिक) अस्पताल रिकॉर्ड, जिसमें बाह्य-रोगी विभागों और अंतःरोगी विभागों में पेशेंट अटैडेस, अस्पताल के रखरखाव को दर्शाने वाले दस्तावेज़ और स्थानीय या संबंधित अधिकारियों से आवश्यक अनुमतियों का नवीनीकरण शामिल है;

(डी) अस्पताल के पास आवेदन के समय कम से कम प्रवेश स्तर का अस्पतालों और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के लिए राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड का प्रमाण-पत्र होना चाहिए।

39. किसी स्नातक महाविद्यालय या संस्थान में स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम शुरू करने के लिए आवेदन करने की पात्रता.-

(1) यह भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग अधिनियम 2020 की धारा 28 के तहत एक पूर्ण रूप से स्थापित स्नातक महाविद्यालय या संस्थान होगा।

(2) कॉलेज या संस्थान ने बुनियादी ढांचे, मानव संसाधन और कार्यक्षमता के संदर्भ में भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (स्नातकीय यूनानी महाविद्यालयों और संबद्ध शिक्षण अस्पतालों के न्यूनतम आवश्यक मानक, आकलन और रेटिंग) विनियम, 2023 में निर्दिष्ट सभी आवश्यकताओं को पूरा किया हो।

(3) कॉलेज या संस्थान को भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग या तत्कालीन भारतीय चिकित्सा केंद्रीय परिषद या केंद्र सरकार द्वारा यूनानी (बैचलर ऑफ यूनानी मेडिसिन एंड सर्जरी) में स्नातक पाठ्यक्रम संचालित करने की अनुमति दी गई हो और पहली अनुमति के बाद कम से कम चार वर्ष और छह माह पूर्ण किए गए हो।

(4) कॉलेज या संस्थान को केंद्र सरकार, राज्य सरकार या केंद्र शासित प्रदेश के स्वामित्व या प्रबंधन के लिए आयोग द्वारा खंड (3) में निर्दिष्ट मानदंडों को पूरा करने से छूट दी गई है;

(5) साठ या सौ या एक सौ या एक सौ या दो सौ की छात्र प्रवेश क्षमता वाले कॉलेज या संस्थान 'विस्तारित अनुमति श्रेणी' के अंतर्गत होंगे और आवेदन या प्रस्ताव या योजना प्रस्तुत करने के समय भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड द्वारा की गई रेटिंग प्रक्रिया में कॉलेज या संस्थान को ग्रेड "ए" या "बी" दर्जा दिया जाएगा।

(6) विभागवार पूर्वापेक्षाएँ-

(ए) मोआलाजात (मेडिसिन) में स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम शुरू करने के लिए मोआलाजात (मेडिसिन) इन-पेशेंट विभाग में औसत बिस्तर अधिभोग साठ प्रतिशत से कम नहीं होगी;

(बी) इलाज बित तदाबीर (रेजिमेनल थेरेपी) में स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम शुरू करने के लिए इलाज बित तदाबीर इन-पेशेंट विभाग में औसत बिस्तर अधिभोग साठ प्रतिशत से कम नहीं होगी;

(सी) जराहत (सर्जरी) में स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम शुरू करने के लिए प्रति दिन औसतन न्यूनतम दस यूनानी सर्जिकल और पैरा-सर्जिकल प्रक्रियाओं को करने के लिए ऑपरेशन थिएटर, मेजर ऑपरेशन थिएटर और माइनर ऑपरेशन थिएटर सुविधा के साथ-साथ जराहत (सर्जरी) में रोगी विभाग औसत बिस्तर ओक्यूपेंसी साठ प्रतिशत से कम नहीं होगा।;

(डी) अमराज़े उज़्न अनफ़ व हलक (ईयर नोज़ एंड थ्रोट) में स्नातकोत्तर डिग्री प्रोग्राम शुरू करने के लिए कम से कम औसतन दस यूनानी सर्जिकल और पैरा-सर्जिकल प्रक्रियाओं को करने के लिए ऑपरेशन थिएटर, (मेजर और माइनर) सुविधा के साथ-साथ ऐन, उज़्न, अनफ़, हलक व अस्नान (ऑप्थल्मोलॉजी, ईयर नोज़ , थ्रोट एंड डेंटिस्ट्री) इन-पेशेंट विभाग में औसत बिस्तर अधिभोग साठ प्रतिशत से कम नहीं होगी।

(ई) कबालत व निस्वान (ऑब्सटेट्रिक्स एंड गाइनेकोलॉजी) में स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम शुरू करने के लिए प्रति माह न्यूनतम दस प्रसव की औसत के साथ; कबालत व निस्वान (ऑब्सटेट्रिक्स एंड गाइनेकोलॉजी) इन-पेशेंट विभाग में औसत बिस्तर अधिभोग साठ प्रतिशत से कम नहीं होगा।

(एफ) इल्मुल अतफ़ाल (पिडियाट्रिक्स) में स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम शुरू करने के लिए इल्मुल अतफ़ाल (पिडियाट्रिक्स) अंतःरोगी विभाग में औसत बिस्तर अधिभोग साठ प्रतिशत से कम नहीं होगी;

(जी) अमराज़े जिल्द व तज़ीनियत (डर्माटोलोजी और कॉस्मेटोलॉजी) में स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम शुरू करने के लिए अमराज़े जिल्द व तज़ीनियत (डर्माटोलोजी और कॉस्मेटोलॉजी) बाह्य रोगी विभाग में प्रति दिन साठ पेशेंटस अटेंडेस की औसत होनी चाहिए।

(एच) तिब्बुल क़ानून व इल्मुल समूम (फोरेंसिक मेडिसिन और क्लिनिकल टॉक्सिकोलॉजी) में स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम शुरू करने के लिए तहफ्फुज़ी व समाजी तिब (प्रिवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन) विभाग के अंतर्गत तिब्बुल क़ानून व इल्मुल समूम (फोरेंसिक मेडिसिन और क्लिनिकल टॉक्सिकोलॉजी) की विशेषता के लिए बाह्य रोगी विभाग में प्रतिदिन कम से कम तीस पेशेंट अटेंडेस होनी चाहिए;

(आई) तहफ्फुज़ी व समाजी तिब (यूनानी डायटेटिक्स लाइफस्टाइल मैनेजमेंट, प्रिवेंटिव मेडिसिन एंड पब्लिक हेल्थ) में स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम शुरू करने के लिए तहफ्फुज़ी व समाजी तिब (प्रिवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन) बाह्य रोगी विभाग में प्रति दिन पचास व्यक्तियों की औसत उपस्थिति आवश्यक है;

(जे) इल्मुल अदविया (मटेरिया मेडिका, फार्माकोलॉजी और फार्माकोग्नॉसी) में स्नातकोत्तर कार्यक्रम शुरू करने के लिए, विभाग में एक फाइटोकेमिस्ट्री प्रयोगशाला, एक ग्रीनहाउस और एक वस्फुल अकाकीर (फार्माकोग्नोसी) प्रयोगशाला होगी, साथ ही एक इल्मुल अदविया (फार्माकोलॉजी प्रयोगशाला और एक संग्रहालय भी होगा।

(के) इल्मुल सैदला (मटेरिया मेडिका, फार्मास्यूटिक्स और क्लिनिकल फार्मेसी) में स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम शुरू करने के लिए इल्मुल सैदला विभाग में इल्मुल सैदला (यूनानी फार्मेसी) व्यावहारिक प्रयोगशाला या शिक्षण फार्मेसी और संग्रहालय के अतिरिक्त उन्नत गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशाला होगी;

(एल) माहियातुल अमराज़ (पैथोलॉजी एंड लैबोरेट्री डायग्नोस्टिक्स) में स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम शुरू करने के लिए माहियातुल अमराज़ (पैथोलॉजी) विभाग में माहियातुल अमराज़ (पैथोलॉजी) प्रैक्टिकल प्रयोगशाला, माइक्रोबायोलॉजी प्रयोगशाला और संग्रहालय के अतिरिक्त मॉलिक्यूलर बायोलॉजी प्रयोगशाला होगी;

(एम) कुल्लियाते तिब (बेसिक प्रिंसिपल्स ऑफ़ यूनानी मेडिसिन) में स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम शुरू करने के लिए कुल्लियात (बेसिक प्रिंसिपल्स ऑफ़ यूनानी मेडिसिन) विभाग में कुल्लियाते उमूर ताबिया प्रैक्टिकल लेबोरेटरी सह ट्यूटोरियल रूम और संग्रहालय सह ट्यूटोरियल रूम के अतिरिक्त उन्नत भाषा प्रयोगशाला होगी।;

(एन) तशरीहुल बदन (ह्यूमन एनाटॉमी) में स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम शुरू करने के लिए तशरीहुल बदन (ह्यूमन एनाटॉमी) विभाग में विच्छेदन हॉल, व्यावहारिक प्रयोगशाला के अतिरिक्त आभासी विच्छेदन टेबल (डाइसेक्शन) और ई-विच्छेदन सॉफ्टवेयर होगा।;

(ओ) मनाफेउल आज़ा (ह्युमन फिज़ियोलॉजी) में स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम शुरू करने के लिए, मनाफेउल आज़ा (फ़िज़ियॉलोजी) प्रैक्टिकल प्रयोगशाला, मनाफेउल आज़ा (फ़िज़ियॉलोजी) विभाग में बायोकैमिस्ट्री प्रैक्टिकल प्रयोगशाला होगी।;

(7) शिक्षण अस्पताल के पास कम से कम अस्पतालों और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के लिए राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएच) की प्रवेश स्तर की मान्यता होनी चाहिए।

40. स्टैंड-अलोन स्नातकोत्तर संस्थान की स्थापना के लिए आवेदन करने की पात्रता. - इन विनियमों के अंतर्गत आवेदन करने के लिए, एक सोसायटी या ट्रस्ट या विश्वविद्यालय या संस्थान या कोई अन्य निकाय पात्र होगा यदि,-

(1) आवेदक का उद्देश्य भारतीय चिकित्सा पद्धति में शिक्षा प्रदान करना होगा।

(2) न्यूनतम आवश्यक भूमि और अन्य विशिष्टताएँ इन विनियमों के विनियम 12 में उल्लिखित के अनुसार होंगी।

(3) भूमि के लिए पट्टा (लीज़) करार वाले संस्थाओं के प्रकरण में, संस्थान को पट्टा (लीज़) की अवधि के पिछले तीन वर्षों के लिए प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी, जब तक कि संस्थान प्रत्येक वर्ष एक नोटरीकृत शपथ पत्र प्रस्तुत नहीं करता जिसमें उल्लेख किया गया हो कि पट्टा (लीज़) की समाप्ति से पहले पट्टे का नवीनीकरण किया जाएगा और बाद में पट्टा (लीज़) अवधि की समाप्ति से पहले नवीनीकृत पट्टा (लीज़) करार प्रस्तुत किया जाएगा।

(4) पूर्ण रूप से स्थापित कार्यशील यूनानी अस्पताल, जिसके पास कम से कम साठ बिस्तरों वाले अस्पतालों और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के लिए राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड की प्रवेश स्तर की मान्यता हो और जिसमें न्यूनतम साठ प्रतिशत बिस्तर अधिभोग हो और भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (स्नातकीय यूनानी महाविद्यालयों और संबद्ध शिक्षण के लिए न्यूनतम आवश्यक मानक, आकलन और रेटिंग) विनियम 2023 में निर्दिष्ट साठ छात्र प्रवेश क्षमता वाले अंडर-ग्रेजुएट कॉलेज या संस्थान से जुड़े शिक्षण अस्पताल के लिए उल्लिखित सभी न्यूनतम आवश्यक मानकों के साथ स्थापित किया गया है।

(5) भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग के मानदंडों के अनुसार अतिरिक्त वित्तीय संसाधनों, कर्मचारियों, स्थान, उपकरण और अन्य बुनियादी ढांचे के समर्थन में दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत करने में सक्षम।

(6) एक शपथ पत्र प्रस्तुत करता है कि, स्नातकोत्तर विभागों के लिए नामित भूमि और भवन विशेष रूप से स्नातकोत्तर विभागों या विशिष्टता के लिए बनाए रखा जाएगा और कोई अन्य पाठ्यक्रम या कॉलेज या कार्यक्रम संचालित नहीं किए जाएंगे।

(7) एक शपथ पत्र प्रस्तुत करता है कि विदेशी नागरिकों और भारत सरकार द्वारा प्रायोजित उम्मीदवारों को छोड़कर अखिल भारतीय आयुष स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण छात्रों को ही केवल योग्यता के आधार पर केंद्रीय या राज्य या केंद्र शासित प्रदेश परामर्श के माध्यम से प्रवेश दिया जाएगा।

(8) एक शपथ पत्र प्रस्तुत करता है कि स्नातकोत्तर डिग्री का नाम और शिक्षक-छात्र अनुपात नामकरण इन नियमों में निर्धारित विनिर्देशों के अनुसार बनाए रखा जाएगा।

(9) इन विनियमों में निर्दिष्ट तरीके से बुनियादी ढांचे और जनशक्ति स्थापित करने की स्थिति हो।

41. मौजूदा स्नातकोत्तर कार्यक्रम में सीटें या छात्र प्रवेश क्षमता बढ़ाने के लिए आवेदन करने की पात्रता - आवेदन करने के लिए, एक सोसायटी या ट्रस्ट या विश्वविद्यालय या संस्थान या कोई अन्य निकाय पात्र होगा यदि, -

(1) आवेदन या प्रस्ताव या योजना प्रस्तुत करने के समय भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड द्वारा या नामित प्राधिकारी द्वारा की गई रेटिंग प्रक्रिया में स्नातकोत्तर विभाग या विशिष्टता को ग्रेड "ए" या "बी" दर्जा दिया गया है और वह विस्तारित अनुमति श्रेणी के अंतर्गत हो।

(2) इन विनियमों के विनियम 38 के अंतर्गत उप-विनियम (1) और (2) में निर्दिष्ट पूर्व-अपेक्षाओं को पूरा किया है।

(3) स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम (जिसमें प्रवेश क्षमता बढ़ाई जानीहै) चलाने के लिए भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग या तत्कालीन भारतीय चिकित्सा केंद्रीय परिषद या केंद्र सरकार द्वारा अनुमति दी गई है और पहली अनुमति के बाद तीन वर्ष पूरे किए गए हैं।

(4) केंद्र सरकार या राज्य सरकार या केंद्र शासित प्रदेश के स्वामित्व या प्रबंधन के लिए उप-विनियम (3) में निर्दिष्ट मानदंडों को पूरा करने से केंद्र सरकार द्वारा छूट दी गई है।

(5) एक शपथ पत्र प्रस्तुत करता है कि विदेशी नागरिकों, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित उम्मीदवारों को छोड़कर अखिल भारतीय आयुष स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण छात्रों को केवल योग्यता के आधार पर केवल केंद्रीय या राज्य या केंद्र शासित प्रदेश परामर्श के माध्यम से प्रवेश दिया जाएगा।

(6) एक शपथ पत्र प्रस्तुत करता है कि सीटों की संख्या बढ़ाने के लिए शिक्षक-छात्र अनुपात इन नियमों में निर्धारित विनिर्देशों के अनुसार बनाए रखा जाएगा।

(7) इन विनियमों में निर्दिष्ट तरीके से बुनियादी ढांचे और जनशक्ति स्थापित करने की स्थिति में हो।

42. आवेदन की विधि- (1) इन विनियमों में निर्दिष्ट पूर्व-अपेक्षा और पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाला आवेदक, भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड द्वारा समय-समय पर निर्दिष्ट मोड (ऑनलाइन या ऑफलाइन या दोनों) और समय-सीमा के अनुसार आवेदन या प्रस्ताव या योजना प्रस्तुत कर सकता है।

(2) प्रत्येक स्नातकोत्तर विशिष्टता या कार्यक्रम के लिए अलग-अलग आवेदन प्रस्तुत किए जाएंगे;

(3) गैर-वापसी योग्य आवेदन शुल्क और लागू करों के साथ प्रोसेसिंग शुल्क, जैसा कि नीचे दी गई **तालिका** में दिखाया गया है, का भुगतान ऑनलाइन मोड (नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर या रियल टाइम ग्रॉस सेटलमेंट) के माध्यम से भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग के खाते में "भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग निधि के पक्ष" में किया जाएगा।;

तालिका
आवेदन शुल्क और प्रोसेसिंग शुल्क

मद	**शुल्क विवरण रुपये में**	
	आवेदन शुल्क	**प्रोसेसिंग शुल्क**
(1)	**(2)**	**(3)**
स्नातकोत्तर संस्थाएं जहां स्नातक कार्यक्रम अस्तित्व में है		
स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम प्रारंभ करना	प्रति कार्यक्रम दो लाख रुपये	प्रति कार्यक्रम दस लाख रुपये
मौजूदा स्नातकोत्तर कार्यक्रम में छात्र प्रवेश क्षमता बढ़ाना	प्रति कार्यक्रम दो लाख रुपये	प्रति सीट पांच लाख रुपये
स्टैंड-अलोन स्नातकोत्तर संस्थान		
स्टैंड-अलोन स्नातकोत्तर संस्थान शुरू करना	दो लाख रुपये	प्रति कार्यक्रम दस लाख रुपये
अतिरिक्त स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम	प्रति कार्यक्रम दो लाख रुपये	प्रति कार्यक्रम दस लाख रुपये

प्रारंभ करना		
मौजूदा स्नातकोत्तर कार्यक्रम में छात्र प्रवेश क्षमता बढ़ाना	प्रति कार्यक्रम दो लाख रुपये	प्रति सीट पांच लाख रुपये

(4) इन विनियमों में निर्दिष्ट सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड द्वारा समय-समय पर निर्दिष्ट समय सीमा और मोड (ऑनलाइन या ऑफलाइन या दोनों) के भीतर प्रस्तुत किया जाएगा।

43. आवेदन की प्रोसेसिंग - सभी प्राप्त आवेदनों की निम्नलिखित मानदंडों के अनुसार भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड द्वारा जांच की जाएगी:-

(1) आवेदक की पात्रता

(2) पूर्वावश्यकताएँ

(3) इन विनियमों में निर्दिष्ट न्यूनतम आवश्यक मानकों की पूर्ति

(4) लागू करों के साथ आवेदन शुल्क और प्रोसेसिंग शुल्क

(5) सहायक दस्तावेज़

(6) अस्पताल डेटा

(7) राष्ट्रीयकृत बैंकों या भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अनुमोदित वाणिज्यिक बैंक में आधिकारिक बैंक खातों (अस्पताल और कॉलेज के लिए अलग खाता) में लेनदेन

(8) भारतीय चिकित्सा पद्धति चिकित्सा आकलन और रेटिंग बोर्ड द्वारा समय-समय पर निर्दिष्ट कोई अन्य।

44. आशय पत्र जारी करना.- (1) जांच के बाद, आवेदनों पर निम्नलिखित श्रेणियों (ए) और (बी) के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी, अर्थात्, -

(ए) न्यूनतम आवश्यक मानकों और अन्य अपेक्षाओं को पूरा करने वाले आवेदन: (i) इन नियमों में निर्दिष्ट न्यूनतम आवश्यक मानकों और अन्य अपेक्षित मानदंडों को पूरा करने वाले आवेदक संस्थानों का भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड द्वारा निरीक्षण या दौरा किया जाएगा;

(ii) भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड संस्थान द्वारा आवेदन के साथ प्रस्तुत किए गए डेटा और निरीक्षण या दौरे के दौरान निरीक्षकों द्वारा की गई टिप्पणियों का सत्यापन करेगा और यदि संतोषजनक पाया गया, तो संस्थान को अधिनियम की धारा 29 के अनुसार आशय-पत्र जारी किया जाएगा।;

(iii) यदि निरीक्षण या विजिट के दौरान कोई कमी पाई जाती है, तो उसे सूचित किया जाएगा और उप-विनियमन (2) में उल्लिखित गैर-सुधार योग्य कमियों को छोड़कर सुधार के लिए एक अवसर दिया जाएगा;

(iv) उन संस्थानों जिन्हें सुधार का अवसर दिया गया है, द्वारा प्रस्तुत आवश्यक सहायक दस्तावेजों के साथ अनुपालन रिपोर्ट, की निर्दिष्ट कमियों के लिए जांच की जाएगी और यदि संतोषजनक पाया गया तो आवेदन को मंजूरी दे दी जाएगी और आशय पत्र जारी किया जाएगा; यदि संतोषजनक नहीं पाया जाता है या भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड द्वारा निर्दिष्ट नियत तिथि के भीतर अनुपालन रिपोर्ट प्राप्त नहीं होती है तो आवेदन नामंजूर और अस्वीकार कर दिया जाएगा।

(बी) कमियों वाले आवेदन: (i) कमियों वाले पाए गए आवेदनों को सुधार के लिए आवेदक को सूचित किया जाएगा;

(ii) संस्थानों द्वारा निर्दिष्ट अवधि के भीतर प्रस्तुत सहायक दस्तावेजों के साथ अनुपालन रिपोर्ट की भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड द्वारा एक बार फिर से जांच की जाएगी; संतोषजनक पाए जाने पर संस्थान का निरीक्षण किया जाएगा या दौरा किया जाएगा;

(iii) कॉलेज द्वारा प्रस्तुत अनुपालन रिपोर्ट और निरीक्षकों द्वारा की गई टिप्पणियों की भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन एवं रेटिंग बोर्ड जांच करेगा; संतोषजनक पाए जाने पर संस्थान को आशय पत्र जारी किया जाएगा; यदि संतोषजनक नहीं पाया गया तो आवेदन अस्वीकृत एवं नामंजूर कर दिया जाएगा।

(2) सुधार न किए जाने योग्य कमियाँ: हालाँकि, गंभीर प्रकृति की कमियाँ जैसे इन विनियमों में निर्दिष्ट न्यूनतम आवश्यक मानकों में कमियाँ जैसे अस्पताल की कार्यक्षमता, भूमि की उपलब्धता या विवाद, कार्यरत अस्पताल की अपर्याप्त समय अवधि,राज्य सरकार से प्राप्त अनिवार्यता प्रमाणपत्र का न होना, विश्वविद्यालय से संबद्धता की सहमति का न होना, कॉलेज और अस्पताल के निर्माण क्षेत्र में कमी आदि दोषों को सुधारने का अवसर नहीं दिया जाएगा और ऐसे आवेदन अस्वीकृत कर दिए जाएंगे;

(3) मौजूदा कॉलेजों पर लागू छूट नीति नए आवेदनों के लिए लागू नहीं होगी जब तक कि भारतीय चिकित्सा पद्धति चिकित्सा आकलन एवं रेटिंग बोर्ड द्वारा अन्यथा निर्दिष्ट न किया जाए;

(4) आशय पत्र केवल उस विशेष वर्ष के लिए वैध होगा।

45. अनुमति पत्र जारी करना- (1) आशय पत्र प्राप्त करने वाले संस्थान सभी न्यूनतम आवश्यक मानकों को पूरा करके अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे; इन विनियमों में निर्दिष्ट शिक्षण, गैर-शिक्षण कर्मचारियों और अस्पताल कर्मचारियों का विवरण देंगे और भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड द्वारा निर्दिष्ट अवधि के भीतर आयोग को निश्चित सुरक्षा जमा और देंगे सुरक्षा जमा राशि निम्नलिखित होगी:

(ए) एक नया स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम कोर्स या कार्यक्रम शुरू करने के लिए: प्रति पाठ्यक्रम पचास लाख रुपये;

(बी) सीटों की संख्या बढ़ाने के लिए: प्रति सीट पांच लाख रुपये;

बशर्ते कि यह केंद्र या राज्य या केंद्र शासित प्रदेश द्वारा शासित कॉलेजों या संस्थानों पर लागू नहीं होगा यदि वे अपने योजना बजट में उनके द्वारा बताए गए समयबद्ध कार्यक्रम के अनुसार अपेक्षित सुविधाएं पूर्ण रूप से प्रदान किए जाने तक नियमित रूप से तब तक धन प्रदान करने का वचन देते हैं।

(2) सुरक्षा जमा राशि का भुगतान ऑनलाइन भुगतान मोड (नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर या रियल टाइम ग्रॉस सेटलमेंट) के माध्यम से भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग के खाते में "भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग निधि" के पक्ष में किया जाएगा।

(3) संबंधित स्नातकोत्तर कार्यक्रम शुरू होने के तीन वर्ष बाद निर्धारित सुरक्षा जमा राशि बिना ब्याज के कॉलेज या संस्थान के खाते में वापस कर दी जाएगी। भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड या भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा की गई अनुशासनात्मक कार्रवाई के कारण कॉलेज या संस्थान के खिलाफ कोई वित्तीय शिकायत लंबित नहीं होगी या जुर्माना राशि लंबित नहीं होगी।

(4) सभी आवश्यक सहायक दस्तावेजों के साथ अनुपालन रिपोर्ट प्राप्त होने पर भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड निरीक्षण या दौरा करेगा;

(5) भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन एवं रेटिंग बोर्ड अनुपालन रिपोर्ट और निरीक्षण या दौरे के दौरान निरीक्षकों द्वारा की गई टिप्पणियों की जांच करेगा और यदि पाया जाता है कि आवेदक सभी अपेक्षित न्यूनतम मानकों को पूरा कर रहा है, तो संस्थान को अनुमति का पत्र जारी किया जाएगा;

(6) आवेदक को आवेदन या प्रस्ताव या योजना जमा करने की अंतिम तिथि से छह माह के भीतर भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड द्वारा आवेदन या प्रस्ताव या योजना की मंजूरी या अस्वीकृति के बारे में सूचित किया जाएगा।

(7) भारतीय चिकित्सा पद्धति चिकित्सा आकलन और रेटिंग बोर्ड पारदर्शिता सुनिश्चित के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित ऑनलाइन सिस्टम के माध्यम से आवेदन, सत्यापन, आकलन और रेटिंग के लिए उपर्युक्त सिस्टम को बदलने का अधिकार होगा।

46. अपील- भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग अधिनियम 2020 की धारा 29 के अनुसार, व्यथित आवेदक निम्नलिखित स्थितियों में नीचे निर्दिष्ट तरीके से अपील कर सकते हैं:

(1) भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन एवं रेटिंग बोर्ड, द्वारा अनुमति से इनकार करने के प्रकरण में या किसी योजना को प्रस्तुत करने के छह माह के भीतर कोई आदेश पारित नहीं किया जाता है, तो व्यथित आवेदक अस्वीकृति की सूचना के पंद्रह दिनों के भीतर या छह माह की समाप्ति अवधि के बाद पंद्रह दिनों के भीतर जैसा भी प्रकरण हो, भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग में प्रथम अपील कर सकता है;

(2) प्रथम अपील ऑनलाइन या ऑफलाइन या भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा समय-समय पर निर्दिष्ट तरीके से प्रस्तुत की जा सकती है;

(3) अपील प्राप्त होने पर, आयोग अपील की जांच करेगा और व्यथित आवेदक को सुनवाई का अवसर दिया जाएगा;

(4) यदि आयोग को ज्ञात होता है कि आवेदक सभी न्यूनतम आवश्यक मानक आवश्यकताओं को पूरा कर रहा है, तो आयोग आवेदन पर विचार करने के लिए भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन एवं रेटिंग बोर्ड को निर्देश दे सकता है;

(5) यदि आवेदक न्यूनतम आवश्यक मानकों को पूरा नहीं कर रहा है, तो आयोग आवेदन को अननुमोदित और अस्वीकार कर देगा;

(6) किसी भी प्रकरण में आयोग अपील की प्राप्ति के पंद्रह दिनों के भीतर आवेदक को निर्णय की सूचना देगा।

(7) आयोग द्वारा अस्वीकृति के प्रकरण में या ऐसी अपील की प्राप्ति की तिथि से पंद्रह दिनों के भीतर आयोग द्वारा कोई आदेश पारित नहीं किया गया है, व्यथित आवेदक सात दिन के भीतर केंद्र सरकार (आयुष मंत्रालय) के समक्ष दूसरी अपील कर सकता है।

47. अनुमति का नवीनीकरण- (1) एक बार जारी किया गया अनुमति पत्र एक वर्ष (अर्थात 12 माह) के लिए वैध होगा और वार्षिक आधार पर (पहला नवीनीकरण और दूसरा नवीनीकरण) नवीनीकृत किया जाएगा जब तक कि स्थापना के अंतर्गत स्नातकोत्तर विभाग या विशेषता पूरी तरह से स्थापित स्टेटस प्राप्त न कर ले जैसा कि उप-विनियमन (7) के नीचे दी गई तालिका में उल्लेख किया गया है।

(2) अनुमति पत्र जारी करने वाले संस्थान इन विनियमों में निर्दिष्ट न्यूनतम आवश्यक मानकों की पूर्ति के संबंध में अनुपालन (स्नातकोत्तर विभाग या विशेषज्ञता वार) प्रस्तुत करेंगे। अनुमति पत्र की अवधि समाप्ति से छह माह पहले संस्थान द्वारा अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी।

(3) भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन एवं रेटिंग बोर्ड निरीक्षण या दौरा करेगा और कॉलेज द्वारा प्रस्तुत अनुपालन रिपोर्ट और निरीक्षण या दौरा के दौरान निरीक्षकों द्वारा की गई टिप्पणियों की जांच करेगा और न्यूनतम आवश्यक मानकों की पूर्ति पर, संस्थान को अनुमति का पहला नवीनीकरण जारी किया जाएगा, जैसा कि उप-विनियमन (7) के नीचे तालिका में दिखाया गया है।

(4) अनुमति के दूसरे नवीनीकरण के लिए, पहले नवीनीकरण के लिए अपनाई गई विधि ही अपनाई जाएगी।

(5) दूसरे नवीनीकरण के बाद, स्नातकोत्तर विभाग या विशेषज्ञता को भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग अधिनियम 2020 की धारा 28 के अंतर्गत 'पूर्ण रूप से स्थापित स्नातकोत्तर विभाग या विशेषता' के रूप में माना जाएगा, बशर्ते कि भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन एवं रेटिंग बोर्ड द्वारा भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग अधिनियम की धारा 28 की उपधारा (1) के खंड (एफ) के अनुसार अन्यथा कार्रवाई नहीं की जाती है।

(6) संस्थान की स्थापना के किसी भी चरण में न्यूनतम आवश्यक मानकों को पूरा न करने और वार्षिक लक्ष्य प्राप्त न करने की स्थिति में, भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन एवं रेटिंग बोर्ड उस विशेष शैक्षणिक सत्र के लिए किसी विशेष स्नातकोत्तर विभाग या विशेषता के लिए प्रवेश की अनुमति देने से इनकार कर देगा।

(7) पूर्ण रूप से स्थापित स्नातकोत्तर विभाग या विशेषज्ञता भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन एवं रेटिंग बोर्ड द्वारा रेटिंग के लिए पात्र है।

तालिका

अनुमति और स्नातकोत्तर विभाग या विशेषज्ञता की श्रेणी

क्र.सं (1)	धारा 28 और धारा 29 (2)	अनुमति या अनुमति का नवीनीकरण (3)	श्रेणी (4)	बैच (5)
1	29	आशय पत्र	विचाराधीन	कोई प्रवेश नहीं
2		अनुमति पत्र	स्थापना के अंतर्गत संस्थान	पहला बैच
3		अनुमति का प्रथम नवीनीकरण		दूसरा बैच
4		अनुमति का दूसरा नवीनीकरण		तीसरा बैच
5	28	विस्तारित अनुमति या वार्षिक अनुमति	पूर्णतः स्थापित स्नातकोत्तर विभाग या विशेषज्ञता। रेटिंग के लिए पात्र / हकदार	चौथा बैच

अध्याय IX

स्नातकोत्तर चिकित्सा संस्थानों में स्नातकोत्तर विभागों जहां स्नातक पाठ्यक्रम अस्तित्व में है और स्टैंडअलोन स्नातकोत्तर संस्थानों की रेटिंग

48. स्नातकोत्तर चिकित्सा संस्थानों में स्नातकोत्तर विभागों की रेटिंग जहां स्नातक पाठ्यक्रम अस्तित्व में है और स्टैंडअलोन स्नातकोत्तर संस्थान (1) स्नातकोत्तर चिकित्सा संस्थानों में "विस्तारित अनुमति" स्थिति रखने वाले स्नातकोत्तर विभाग जहां एक स्नातक कार्यक्रम अस्तित्व में है और स्टैंड-अलोन स्नातकोत्तर चिकित्सा संस्थानों को प्रत्येक वर्ष रेटिंग दी जाएगी।

(2) स्नातकोत्तर संस्थानों के प्रकरण में जहां स्नातक पाठ्यक्रम अस्तित्व में है, रेटिंग पूर्ण रूप से स्थापित स्नातक संस्थान और पूर्ण रूप से स्थापित स्नातकोत्तर विभागों के लिए अलग की जाएगी।

(3) स्नातक महाविद्यालयों में पूर्ण रूप से स्थापित स्नातकोत्तर विभागों या विशिष्टताओं और स्टैंड-अलोन स्नातकोत्तर संस्थानों को अलग-अलग से रेटिंग दी जाएगी (अर्थात स्नातकोत्तर विभाग या विशेषता वार रेटिंग)।

(4) निम्नलिखित स्नातकोत्तर संस्थान या स्नातकोत्तर विभाग या विशेषता रेटिंग के लिए पात्र नहीं होंगे:

(ए) अधिनियम की धारा 29 के अंतर्गत स्थापना की प्रक्रिया से गुजर रहा है;

(बी) "वार्षिक अनुमति" श्रेणी के अंतर्गत वर्गीकृत;

(सी) भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड द्वारा अनुमति देने से अस्वीकार कर दिया गया;

(डी) अधिनियम की धारा 28, उप-धारा (1) के खंड (एफ) में निर्दिष्ट प्रावधानों के अनुसार भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड द्वारा किए गए उपाय।

(5) रेटिंग प्रक्रिया, भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड, या अधिनियम की धारा 28 के अंतर्गत भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड द्वारा नामित किसी भी एजेंसी द्वारा, यूनानी, सिद्ध और सोवा-रिग्पा बोर्ड द्वारा निर्धारित प्रमुख क्षेत्रों और मानकों के आधार पर एक प्रक्रिया के माध्यम से, गुणात्मक और मात्रात्मक दोनों रूप से की जाएगी।

(6) ऐसे प्रकरण में, भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड, भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड द्वारा इस उद्देश्य के लिए गठित एक समिति के माध्यम से स्वतंत्र रेटिंग एजेंसियों की पहचान करेगा और रेटिंग एजेंसियों की सूची बनाएगा।

(7) भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड द्वारा समय-समय पर स्वतंत्र रेटिंग एजेंसियों की सूची को भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग के समक्ष अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया जाएगा ताकि सूची को अंतिम रूप देने और "मार्बिज्म -इम्पैनल्ड रेटिंग एजेंसियों" की रुपरेखा तैयार करने के लिए और संबंधित वित्तीय निहितार्थों के लिए भी आयोग की स्वीकृति मिल सके।

(8) उप-विनियम (1) में उल्लिखित रेटिंग के लिए पात्र ऐसे स्नातकोत्तर चिकित्सा संस्थानों या स्नातकोत्तर विभागों या विशिष्टताओं के लिए ऐसी रेटिंग एजेंसियों तक पहुंच प्रदान करना अनिवार्य होगा।

(9) स्नातकोत्तर विभागों या विशिष्टताओं का आकलन इन विनियमों में उल्लिखित न्यूनतम आवश्यक मानकों से ऊपर के मानकों के आधार पर किया जाएगा।

(10) संस्थानों द्वारा समय-समय पर अपलोड किए गए डेटा (स्व-प्रकटीकरण) को भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग के ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर – (पिछले माह से संबंधित डेटा के लिए प्रत्येक माह की दस तिथि को या उससे पहले) रेटिंग और अन्य उद्देश्यों के लिए विचार किया जाएगा।

(11) रेटिंग के लिए ऑनलाइन डेटा सत्यापन और भौतिक सत्यापन या आकलन के बीच वेटेज का अनुपात 70:30 होगा (अर्थात सत्तर प्रतिशत ऑनलाइन डेटा सत्यापन और तीस प्रतिशत भौतिक सत्यापन या आकलन);

(12) रेटिंग के लिए आकलन के बाद, विस्तारित अनुमति श्रेणी के अंतर्गत अलग-अलग स्नातकोत्तर विभाग या विशेषता को स्नातकोत्तर विभाग या विशेषता द्वारा प्राप्त आकलन स्कोर के आधार पर ग्रेड 'ए', ग्रेड 'बी', ग्रेड 'सी' या ग्रेड 'डी' में वर्गीकृत किया जाएगा।

(13) भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड परामर्श शुरू होने से पहले स्नातकोत्तर विभागों या स्नातकोत्तर संस्थानों की विशिष्टताओं का आकलन / रेटिंग आयोग की वेबसाइट या पब्लिक डोमेन पर उपलब्ध कराएगा।

(14) भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड, भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग वेबसाइट पर आकलन और रेटिंग के ऐसे डेटा को अपलोड करने के लिए प्रारूप और प्रक्रिया तैयार करेगा।

(15) ग्रेड ए' वाले वर्षों के दौरान प्रवेश प्राप्त छात्रों से केंद्र, राज्य या केंद्र शासित प्रदेश के संबंधित शुल्क निर्धारण प्राधिकारी द्वारा निर्धारित शुल्क से पांच प्रतिशत अधिक विकास शुल्क लेने का हकदार है।

(16) ग्रेड 'ए' या 'बी' वाला एक स्नातक कॉलेज भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी नए स्नातकोत्तर कार्यक्रम को शुरू करने के लिए पात्र होगा।

(17) स्नातक संस्थान के प्रकरण में, जहां स्नातकोत्तर कार्यक्रम पहले से मौजूद हैं, सभी मौजूदा स्नातकोत्तर विभागों या विशिष्टताओं के पास भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी नए स्नातकोत्तर कार्यक्रम को शुरू करने के लिए 'ए' या 'बी' ग्रेड होगा।

(18) 'ए' या 'बी' ग्रेड वाले सभी मौजूदा स्नातकोत्तर कार्यक्रम रखने वाली स्टैंडअलोन स्नातकोत्तर संस्थान केवल भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी नए स्नातकोत्तर कार्यक्रम को शुरू करने के लिए आवेदन करने का पात्र होगा।

(19) 'ए' या 'बी' ग्रेड वाले स्नातकोत्तर विभाग या विशिष्टताएं ही संबंधित विभाग या विशेषता में छात्र प्रवेश क्षमता में वृद्धि के लिए आवेदन करने के पात्र होंगे।

(20) किसी भी ग्रेड का कॉलेज या संस्थान या स्नातकोत्तर विभाग या विशेषज्ञता पर, अधिनियम की धारा 28 की उप-धारा (1) के खंड (एफ), के प्रावधानों अनुसार भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन एवं रेटिंग बोर्ड द्वारा कार्रवाई की जाती है, यह माना जाएगा कि ग्रेड वापस ले लिया गया है, और ग्रेड वापस लेने के लिए कोई सूचना पत्र नहीं भेजा जाएगा; यदि ऐसा कोई कॉलेज, संस्थान या विभाग ग्रेड का उपयोग करना जारी रखता है, तो ऐसे संस्थानों पर भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड द्वारा अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

(21) चिकित्सा संस्थानों या स्नातकोत्तर विभागों को, संस्थान द्वारा प्राप्त रेटिंग स्कोर के आधार पर वर्गीकृत (ग्रेड) किया जाएगा, जैसा कि नीचे दी गई **तालिका** में बताया गया है।

तालिका

रेटिंग स्कोर और ग्रेड

रेटिंग स्कोर (1)	**श्रेणी** (2)
75 और उससे अधिक	ए
50-74	बी
25-49	सी
24 तक	डी

(22) वार्षिक रेटिंग शुल्क का भुगतान लागू करों के साथ ऑनलाइन (नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर या रियल टाइम ग्रॉस सेटलमेंट) के माध्यम से भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग के खाते में भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड द्वारा निर्दिष्ट अवधि के भीतर भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग निधि के पक्ष में किया जाएगा और शुल्क विवरण निम्नानुसार हैं।

(ए) स्नातकोत्तर संस्थान जहां स्नातक पाठ्यक्रम अस्तित्व में है, वहां स्नातक कॉलेज (छात्र प्रवेश क्षमता के आधार पर) और स्नातकोत्तर विभाग दोनों के लिए रेटिंग शुल्क का निम्नानुसार अलग-अलग भुगतान किया जाएगा। ये शुल्क भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (स्नातकीय यूनानी महाविद्यालयों और संलग्न शिक्षण अस्पतालों के लिए न्यूनतम आवश्यक मानक, आकलन और रेटिंग) विनियम, 2023 में निर्दिष्ट हैं।

(i) स्नातकोत्तर विभागों या विशिष्टताओं की संख्या पांच तक : एक लाख रुपये

(ii) स्नातकोत्तर विभागों या विशिष्टताओं की संख्या छह से दस तक : दो लाख रुपये

(iii) स्नातकोत्तर विभागों या विशिष्टताओं की संख्या ग्यारह से पंद्रह तक : तीन लाख रुपये

(iv) स्नातकोत्तर विभागों या विशिष्टताओं की संख्या सोलह और उससे अधिक : चार लाख रुपये

(बी) "स्टैंड-अलोन स्नातकोत्तर संस्थान साठ बिस्तरों वाले अस्पतालों के लिए 2,50,000 रुपये (दो लाख और पचास हजार रुपये) के मूल शुल्क का भुगतान करेंगे, जैसा कि भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (स्नातकीय यूनानी महाविद्यालयों और संलग्न शिक्षण अस्पतालों के लिए न्यूनतम आवश्यक मानक, आकलन और रेटिंग) विनियम, 2023 में निर्दिष्ट है। इसके अतिरिक्त, उन्हें स्नातकोत्तर विभागों या विशिष्टताओं के लिए विशिष्ट रेटिंग शुल्क का

भुगतान करना होगा जैसा कि विनियमन 48 के उप-विनियमन (22) के खंड (ए) के उप-खंड (i) से (iv) में उल्लिखित है। संपूर्ण रेटिंग शुल्क का विवरण नीचे दी गई तालिका में दिया गया है।

तालिका
यूनानी स्नातकोत्तर संस्थानों की रेटिंग के लिए शुल्क

संस्थान	स्नातकोत्तर कार्यक्रमों की संख्या और वार्षिक रेटिंग शुल्क रुपये में			
	5 तक	6 से 10 तक	11 से 15 तक	16 और ऊपर
स्नातक संस्थानों में स्नातकोत्तर विभाग	Rs. 1,00,000/-	Rs. 2,00,000/-	Rs. 3,00,000/-	Rs. 4,00,000/-
स्टैंड-अलोन स्नातकोत्तर संस्थान	Rs. 3,50,000/- (2,50,000*+1,00,000)	Rs. 4,50,000/- (2,50,000*+2,00,000)	Rs. 5,50,000/- (2,50,000*+3,00,000)	Rs. 6,50,000/- (2,50,000*+4,00,000)
* स्टैंड-अलोन स्नातकोत्तर संस्थानों में साठ बिस्तर वाले अस्पताल के लिए				

अध्याय- X
डॉक्टरेट की डिग्री (पीएचडी) (डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी) के लिए न्यूनतम आवश्यक मानक

49. **सामान्य विचार-** (1) संबंधित विषय में या डिसिप्लिनरी या इंट्रा डिसिप्लिनरी या इंटर डिसिप्लिनरी मल्टी - डिसिप्लिनरी या ट्रांस डिसिप्लिनरी क्षेत्रों में किए गए शोध कार्य को प्रदान की गई डॉक्टरेट की डिग्री समान मानी जाएगी।

(2) एक डॉक्टरेट डिग्री प्रोग्राम में कार्यक्रम में प्रवेश की तिथि से तीन वर्ष की न्यूनतम अवधि और अधिकतम छह वर्ष की अवधि होगी। अधिकतम अवधि के अतिरिक्त, कोई भी विस्तार डिग्री देने वाले संस्थानों या विश्वविद्यालयों के क़ानूनों या अध्यादेशों में निर्धारित प्रासंगिक खंडों द्वारा नियंत्रित किया जाएगा, परंतु यह दो वर्ष से अधिक नहीं होगा (अर्थात, डॉक्टरेट डिग्री प्रोग्राम की कुल अवधि डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी प्रोग्राम में प्रवेश की तिथि से आठ वर्ष से अधिक नहीं होगी)।

(3) महिला उम्मीदवारों और दिव्यांगजन (चालीस प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले) को पीएचडी के लिए अधिकतम अवधि में दो अतिरिक्त वर्षों तक की छूट की अनुमति दी जा सकती है। इसके अतिरिक्त, महिला उम्मीदवारों को स्नातकोत्तर डॉक्टरेट डिग्री कार्यक्रम की पूरी अवधि के दौरान एक बार 240 दिनों तक मातृत्व अवकाश या चाइल्डकेयर अवकाश प्रदान किया जा सकता है।

(4) पीएचडी कार्यक्रम एक पूर्णकालिक अनुसंधान कार्यक्रम होगा और इसे यूनानी में स्नातकोत्तर डिग्री प्रोग्राम (डॉक्टर ऑफ मेडिसिन-एमडी या मास्टर ऑफ सर्जरी-एमएस) पूरा होने के बाद ही आगे बढ़ाया जाएगा।

(5) पीएचडी कार्यक्रम पर विचार नहीं किया जाएगा यदि,

(ए) शोध अवधि के दौरान पी. एच. डी. छात्र और पी. एच. डी. पर्यवेक्षक अलग-अलग स्थानों पर होते हैं।

(बी) पी. एच. डी. स्कॉलर का कार्यस्थल और पी. एच. डी. के लिए पंजीकृत शोध स्थल अलग-अलग हैं।

(6) जिन लोगों ने इन विनियमों की अधिसूचना से पहले स्नातकोत्तर डॉक्टरेट डिग्री कार्यक्रम के लिए पंजीयन कराया है, वे अपने पंजीयन के समय प्रचलित प्रावधानों को जारी रखेंगे।

(7) स्नातकोत्तर डॉक्टरेट डिग्री कार्यक्रम में प्रवेश संबद्ध विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा के माध्यम से होगा।

(8) स्नातकोत्तर डॉक्टरेट डिग्री कार्यक्रमों के लिए अनुसंधान स्थान यूनानी संस्था में एक स्वतंत्र स्नातकोत्तर विभाग, एक अनुसंधान प्रयोगशाला, विश्वविद्यालय, राष्ट्रीय संस्थाओं या केंद्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद के क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्रों द्वारा मान्यता प्राप्त स्नातकोत्तर विभाग होगा। एक स्नातक यूनानी शिक्षण संस्थान पीएचडी कार्यक्रम के लिए अनुसंधान स्थल के रूप में नहीं माना जाएगा।

(9) इंटर डिसिप्लिनरी, ट्रांसडिसिप्लिनरी और मल्टी - डिसिप्लिनरी अनुसंधान के लिए, संबंधित विषय में एक स्नातकोत्तर संस्थान जो संबंधित विश्वविद्यालय द्वारा पर्याप्त अनुसंधान सुविधाओं के साथ मान्यता प्राप्त है, या राष्ट्रीय महत्व का संस्थान, या राज्य, केंद्र शासित प्रदेश, या केंद्र सरकार द्वारा स्थापित उत्कृष्टता का कोई केंद्र, या राज्य या केंद्र सरकार द्वारा स्थापित स्वायत्त संगठनों के अनुसंधान संस्थान, और इसी प्रकार के संस्थानों, एक अनुसंधान स्थल के रूप में माना जाएगा।

अध्याय XI

दंड और अनुशासनात्मक कार्रवाइयां

50. (1) भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड या भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा जारी नियमों, निर्देशों, निर्देशों का अनुपालन और समय-सीमा का पालन करना संस्थानों की जिम्मेदारी होगी।

(2) गैर-अनुपालन कार्रवाई में शामिल है, अर्थात्, -

(ए) स्वायत्त बोर्डों या भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा समय-समय पर जारी नियमों, अधिसूचनाओं, परिपत्रों, दिशानिर्देशों और किसी भी अन्य प्रकार के पत्राचार का अनुपालन न करना;

(बी) संस्थानों की कोई भी गतिविधि, जो स्नातकोत्तर यूनानी चिकित्सा शिक्षा के उद्देश्यों एवं कार्य पद्धति और शुल्क के संबंध में छात्रों का शोषण, उपस्थिति की गलत प्रथाओं आदि जैसी प्रथाओं के अनुरूप नहीं है;

(सी) बुनियादी ढांचे, मानव संसाधन, नैदानिक सामग्री, प्रैक्टिकल सामग्री, अनुसंधान सुविधाओं आदि की पूर्ति न करना और अन्य संस्थागत कार्य करना जो इन नियमों के अनुरूप नहीं हैं;

(डी) भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग या भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड के आकलन और रेटिंग या किसी भी अन्य गतिविधियों के लिए निरीक्षण या विज़िटेशन प्रक्रिया में असहयोग या किसी भी प्रकार की गड़बड़ी;

(ई) स्वायत्त बोर्डों या भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग को झूठी जानकारी या मनगढ़ंत डेटा या सूचना या साक्ष्य प्रदान करना;

(एफ) भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग के आकलनकर्ताओं या अधिकारियों या भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा नामित अधिकारियों को प्रभावित करने, दबाव डालने, रिश्वत देने या धमकी देने का कोई भी प्रयास।

(3) जैसा कि उप-विनियम (2) में उल्लिखित है चिकित्सा संस्थान द्वारा किसी भी गैर-अनुपालन या जानबूझकर गैर-अनुपालन कार्य या चूक के प्रयास के लिए, भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड या तो चिकित्सा संस्थान को दंडित करेगा या भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग अधिनियम की धारा 28 की उप-धारा (1) के खंड (एफ) में उल्लिखित ऐसे उपाय करेगा और/या ऐसी घटनाओं की आगे की जांच करेगा, अर्थात्, -

(ए) एक करोड़ तक का मौद्रिक जुर्माना लगाया जाऐगा।

(बी) चेतावनी जारी करना;

(सी) किसी नई योजना हेतु आवेदन की प्रक्रिया को उस शैक्षणिक वर्ष या कुछ वर्षों के लिए रोकना;

(डी) आगामी शैक्षणिक वर्ष में चिकित्सा संस्थान द्वारा प्रवेश दी जाने वाली सीटों की संख्या कम करना;

(ई) आगामी या बाद के शैक्षणिक वर्षों में एक या अधिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश रोकना;

(एफ) भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग को मान्यता वापस लेने के लिए सिफारिश करना;

(जी) चिकित्सा संस्थानों की रेटिंग को पांच शैक्षणिक वर्षों तक की अवधि के लिए रोकना और वापस लेना;

(4) यदि संस्थान की ओर से किसी व्यक्ति या एजेंसी के माध्यम से भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड या भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग पर दबाव डालने का कोई प्रयास किया जाता है, तो इसके परिणामस्वरूप संस्थान के आवेदन या अनुरोध को तत्काल रोकने, अनुमति वापस लेने, छात्र प्रवेश क्षमता काम करने मौद्रिक दण्ड लगाया जा सकता है ।

(5) इसके अतिरिक्त, यह भी स्पष्ट किया गया है कि भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन एवं रेटिंग बोर्ड या भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग उस समय लागू आपराधिक कानून के अनुसार झूठी जानकारी प्रस्तुत करने, या झूठे दस्तावेजों को तैयार करने के लिए आपराधिक कार्यवाही भी प्रारंभ कर सकता है।

(6) जब आयोग को यह ज्ञात होता है कि एक स्नातकोत्तर छात्र, जिसे संबंधित संस्थान में भौतिक उपस्थिति के साथ तीन वर्ष का अध्ययन करना अनिवार्य है, वह धोखाधड़ी, गलत बयानी, या आवश्यक उपस्थिति को पूर्ण किए बिना शारीरिक रूप से अनुपस्थित रहकर, या इस संबंध में मिथ्या सूचना प्रदान करके, या तो संबंधित संस्थान के साथ मिलीभगत करके या अन्यथा या इन नियमों के अंतर्गत निर्दिष्ट आवश्यकताओं को पूर्ण किए बिना या आयोग द्वारा समय-समय पर अधिसूचित किसी भी दिशानिर्देश को पूर्ण किए बिना, स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त कर रहा है, ऐसे स्नातकोत्तर छात्र को उनके स्नातकोत्तर अध्ययनों के अस्थायी निलंबन, न्यूनतम एक वर्ष के लिए राज्य या राष्ट्रीय पंजीयन से अस्थायी निलंबन, और न्यूनतम पांच लाख रुपये के जुर्माने से दंडित किया जाएगा; दूसरी बार दोषी पाए जाने की स्थिति में, उसके स्नातकोत्तर अध्ययन का अस्थायी निलंबन न्यूनतम दो वर्ष, साथ ही राज्य या राष्ट्रीय पंजीयन का अस्थायी निलंबन न्यूनतम दो वर्ष, और दस लाख रुपये का न्यूनतम जुर्माना लगाया जाएगा और तीसरी या बाद में दोषी पाए जाने की स्थिति में, स्नातकोत्तर अध्ययन में उसके प्रवेश को स्थायी रूप से रद्द कर दिया जाएगा, साथ ही न्यूनत्तम पांच वर्ष के लिए राज्य या राष्ट्रीय पंजीयन को निलंबित कर दिया जाएगा।

पहली अनुसूची

(विनियम 7 और 14 देखें)

इल्मुल अदविया (फार्माकोलॉजी) के स्नातकोत्तर विभाग के अंतर्गत फाइटोकेमिस्ट्री प्रयोगशाला के लिए न्यूनतम आवश्यक आवश्यकताएँ

क्रम सं.	उपस्कर, उपकरण, रसायन और अभिकर्मक
(1)	(2)
	I. उपस्कर और उपकरण
1.	स्पेक्ट्रोफोटोमीटर
2.	हाई-प्रोफार्मेस लिक्विड क्रोमैटोग्राफी (एचपीएलसी):
3.	गैस क्रामैटोग्राफी
4.	न्यूक्लियर मैग्नेटिक रेजोनेंस (एनएमआर) स्पेक्ट्रोमीटर
5.	पराबैंगनी-दृश्यमान (यूवी-विज़) स्पेक्ट्रोफोटोमीटर
6.	सेंट्रीफ्यूज
7.	रोटरी इवेपोरेटर
8.	माइक्रोस्कोप

9.	पीएच मीटर
10.	आटोक्लेव
11.	ओखली और मूसल
12.	फ़्रीज़ ड्रायर (लियोफ़िलाइज़र)
13.	इन्क्यूबेटर
14.	शेकर
15.	वाटर बाथ
16.	फ्रैक्शन कलेक्टर
17.	माइक्रोबैलेंस
18.	होमोजेनाइजर
19.	हीटिंग मेंटल
20	डिजिटल थर्मामीटर
II. ग्लासवेयर	
21.	बीकर
22.	फ्लास्क (एर्लेनमेयर, राउंड बॉटम)
23.	परीक्षण नलियाँ
24.	वायल्स
25.	पिपेट और पिपेटर्स
26.	ब्यूरेट्स
27.	ग्रेजुएटेड सिलेंडर
28.	सेपरेटरी फ़नल
29.	कंडेंसर
30.	क्रोमैटोग्राफी कॉलम
31.	पेट्री डिशेस
32.	डेसकेटर
33.	फ़िल्टर फ्लास्क और बुचनर फ़नल
34.	माइक्रोस्कोप स्लाइड और कवर स्लिप
35.	ड्राइंग ओवन ग्लासवेयर
36.	वाच ग्लासिस
37.	रिएक्शन ट्यूब
38.	केजेल्डहल फ्लास्क
39.	सॉक्सलेट एक्सट्रैक्शन एपराटस
40.	नेस्लर ट्यूब्स
41.	टीएलसी किट
III. रसायन, अभिकर्मक (रिएजेंट्स) आदि	

	ए. सॉल्वैंट्स:
42	मेथनॉल
43	इथेनॉल
44	एसीटोन
45	क्लोरोफार्म
46	हेक्सेन
47	डायथाइल
48	टॉल्यूइन
49	इथाइल एसीटेट
50	पानी (डिस्टिल्ड या डी-आयोनाइज्ड)
	बी. अभिकर्मक रिएजेंट्स:
51	फोलिन-सियोकाल्टेउ रिएजेंट्स (कुल फेनोलिक सामग्री निर्धारण के लिए)
52	ड्रैगेंडोर्फ रिएजेंट्स (एल्कलॉइड के लिए)
53	वैनिलिन रिएजेंट्स (फ्लेवोनोइड्स के लिए)
54	अनिसलडिहाइड-सल्फ्यूरिक एसिड रिएजेंट्स (टेरपेनोइड्स के लिए)
55	मोलिश रिएजेंट्स (कार्बोहाइड्रेट का पता लगाने के लिए)
56	लिबरमैन-बर्चर्ड रिएजेंट्स (स्टेरोल्स के लिए)
57	एर्लिच रिएजेंट्स (इंडोल एल्कलॉइड के लिए)
58	शिनोडा परीक्षण रिएजेंट्स (फ्लेवोनोइड्स के लिए)
59	साल्कोव्स्की रिएजेंट्स (टेरपेनोइड्स का पता लगाने के लिए)
60	आयोडीन सॉल्यूशन (स्टार्च)
61	फ़्लोरोग्लुसीनोल
62	फीलिंग सॉल्यूशन
63	वैगनर
	सी. मानक स्टैंडर्ड:
64	विश्लेषणात्मक तकनीकों में अंशांकन के लिए ज्ञात यौगिकों के मानक सॉल्यूशन (जैसे, एचपीएलसी, जीसी-एमएस)
	डी. अम्ल और क्षार:
65	हाइड्रोक्लोरिक एसिड (एचसीएल)
66	सल्फ्यूरिक एसिड (एच 2 एस ओ 4)
67	नाइट्रिक एसिड (एचएनओ 3)
68	एसीटिक एसिड
69	सोडियम हाइड्रॉक्साइड (एन ए ओ एच
	ई. क्रोमैटोग्राफी सामग्री:
70	सिलिका जेल (कॉलम क्रोमैटोग्राफी के लिए)
71	सेफैडेक्स (जेल फिल्ट्रेशन क्रोमैटोग्राफी के लिए)

72	टीएलसी प्लेटें (पतली परत क्रोमैटोग्राफी के लिए)
73	विभिन्न क्रोमैटोग्राफ़िक तकनीकों के लिए अवशोषक और एलुएंट्स
	एफ. विविध:
74	हाइड्रोजन पेरोक्साइड (ऑक्सीडेटिव एंजाइम एसेयस के लिए)
75	धातु केलेशन के लिए (ईडीटीए) (एथिलीनडायमिनेटेट्राएसिटिक एसिड)।
76	एंटीऑक्सीडेंट परीक्षण के लिए डीपीपीएच (2,2-डाइफेनिल-1-पिक्रिलहाइड्राजाइल)।
नोट:	इस अनुसूची में निर्दिष्ट वस्तुएँ न्यूनतम आवश्यक आवश्यकताएँ हैं। हालांकि, विभाग पाठ्यक्रम. शिक्षण. प्रशिक्षण और अनुसंधान की आवश्यकता के अनुसार वस्तुओं या सुविधाओं को बढ़ा सकता है।

दूसरी अनुसूची
(विनियम 7 और 14 देखें)

माहियातुल अमराज़ (पैथोलॉजी) **के स्नातकोत्तर विभाग के अंतर्गत मॉलिक्यूलर बायोलॉजी प्रयोगशाला के लिए न्यूनतम अनिवार्य आवश्यकताएँ**

क्रम सं.	**उपकरण, उपस्कर, रसायन और अभिकर्मक**
(1)	**(2)**
	I. उपस्कर और उपकरण
1.	माइक्रोपाइपेट
2.	पीसीआर मशीन
3.	यूवी स्पेक्ट्रोफोटोमीटर
4.	हाई स्पीड सेंट्रीफ्यूज (हाई वॉल्यूम)
5.	हाई स्पीड सेंट्रीफ्यूज (स्मॉल वॉल्यूम)
6.	यूवी ट्रांसिल्यूमिनेटर
7.	हॉरिजॉन्टल जेल इलेक्ट्रोफोरेसिस सिस्टम (पावर सप्लाई फॉर जेल)
8.	मल्टी टेम्परेचर वाटर बाथ
9.	37 डिग्री इन्क्यूबंटर
10	माइक्रोस्कोप
11	वाटर प्यूरीफायर (मिलिपोर वाटर सिस्टम)
12.	लेबोरेटरी हुड/ कल्चर हुड
13.	तौल मशीन
14.	वार्टेक्सर
15.	थर्मोमिक्सर
16.	रेफ्रिजरेटर
17.	वैक्यूम कॉन्सेंट्रेटर
18.	न्यूटेटर, रॉकिंग प्लेटफॉर्म, ऑर्बिटल शेकर
19.	इमेजिंग सिस्टम (केमिलुमिनसेंस, फ्लोरोसेंस, फॉस्फोइमेज)
20.	आटोक्लेव

21.	लैमिनायर के साथ स्टेराइल रूम
22.	कोल्ड रूम
23.	- 20 डिग्री सेल्सियस फ्रीजर
II. उपभोग्य सामान	
24.	मिडिया
25.	अगारोज
26.	ऐथिडियम ब्रोमाइड
27.	मॉलिक्यूलर वेट मार्कर
28.	टिप्स और एपेंडॉर्फ्स
29.	नाइट्रोसेल्युलोज मेम्ब्रेन
30.	डीएनए और आरएनए आइसोलेशन किट
31.	एंजाइम
32.	एक्रिलामाइड
33.	रिएजेंट
34.	पेट्री डिश
35.	एंटीबायोटिक
36.	जेल डाइज
37.	स्टेराइल ट्यूब
38.	प्लास्टिकवेयर
39.	आइस बकेट
40	ग्लासवेयर
41	रसायन
42	किट्स
नोट:	इस अनुसूची में निर्दिष्ट वस्तुएँ न्यूनतम आवश्यक आवश्यकताएँ हैं। हालांकि, विभाग पाठ्यक्रम, शिक्षण, प्रशिक्षण और अनुसंधान की आवश्यकता के अनुसार सुविधाओं में वृद्धि कर सकता है।

तीसरी अनुसूची

(विनियम 7 और 14 देखें)

केंद्रीय अनुसंधान प्रयोगशाला के लिए न्यूनतम आवश्यक आवश्यकताएँ

क्रम संख्या	आवश्यकताएँ या सुविधाएँ
(1)	(2)
1	फिजियो केमिकल टेस्ट
2	फाइटोकेमिकल परीक्षण:-
	जैविक परीक्षण
	अकार्बनिक परीक्षण
	पाउडर का फ्लुओरेसेन्स विश्लेषण
	क्रोमैटोग्राफी - थिन लेयर क्रोमैटोग्राफी, नम्बूरी फेज्ड स्पॉट टेस्ट और कॉलम क्रोमैटोग्राफी

3	फार्माकोग्नॉस्टिक अध्ययन:-
	प्रमाणीकरण
	मैक्रोस्कोपिक स्टडी
	सेक्शन माइक्रोस्कोपी
	पाउडर माइक्रोस्कोपी
	माइक्रोटोम सेक्शन
	मल्टीप्ल स्टैनिंग एंड परमानेंट स्लाइड प्रिपरेशन
	डिजिटल माइक्रोस्कोपी
	मात्रात्मक माइक्रोस्कोपी (स्टोमेटा नंबर, स्टोमेटल इंडेक्स, पैलिसेड नंबर, वेन आइलेट नंबर)
4	माइक्रोबायोलोजिकल टेस्ट:-
	माइक्रोबियल सीमाएं
	एंटी -माइक्रोबियल अध्ययन
	माइक्रोबियल कल्चर
5	इन-विट्रो अध्ययन:-
	एंटीऑक्सीडेंट
	इम्यूनोमॉड्यूलेटरी अध्ययन
	एंटी -माइक्रोबियल अध्ययन
6	मात्रात्मक अध्ययन
	फ्लेम फोटोमेट्री (कैल्शियम, सोडियम, पोटेशियम आदि)
	अल्ट्रावायलेट स्पेक्ट्रोफोटोमेट्री (कार्बोहाइड्रेट, फ्लेवोनोइड, प्रोटीन, फिनोल आदि)
	टिटरिमेट्रिक क्वांटिटेटिव स्टडीज (जस्ता, तांबा, सीसा आदि)
7	एक्टिव फार्मास्युटिकल इंग्रीडिएंट्स या इंटरनेशनल काउंसिल फॉर हार्मोनाइजेशन के दिशानिर्देशों के अनुसार स्थिरता अध्ययन:-
	दीर्घकालिक
	त्वरित

नोट: I. इस अनुसूची में निर्दिष्ट वस्तुएं न्यूनतम आवश्यक आवश्यकताएं हैं। हालांकि, संस्थान शिक्षण, प्रशिक्षण और अनुसंधान की आवश्यकता के अनुसार सुविधाओं में वृद्धि कर सकता है।

2. उन्नत उपकरणों, उपस्करों, या सहायक उपकरणों जैसे हाई परफॉरमेंस थिन लेयर क्रोमैटोग्राफी, हाई परफॉरमेंस लिक्विड क्रोमैटोग्राफी, सेल लाइन फैसिलिटी, जेनेटिक (डीएनए) फिंगरप्रिंटिंग, इंडक्टिवली कपल्ड प्लाज्मा-ऑप्टिकल एमिशन स्पेक्ट्रोस्कोपी, एक्स-रे डिफ्रेक्शन, एनर्जी डिस्पर्सिव एक्स-रे एनालिसिस, डायनामिक लाइट स्कैटरिंग स्पेक्ट्रोस्कोपी, स्कैनिंग इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी, ट्रांसमिशन इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी, गैस क्रोमैटोग्राफी/मास स्पेक्ट्रोस्कोपी आदि से जुड़े अध्ययनों के लिए, संस्थान परीक्षण और अंशांकन प्रयोगशालाओं के लिए राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं या अनुसंधान और विकास केंद्रों के साथ समझौता ज्ञापन कर सकते हैं।

चौथी अनुसूची

(विनियम 7 और 14 देखें)

एनिमल हाउस एंड एनिमल एक्सपेरिमेंटेशन लेबोरेटरी के लिए न्यूनतम आवश्यक आवश्यकताएं

क्रम संख्या	आवश्यकताएं

(1)	(2)
1.	सुरक्षा और विषाक्तता अध्ययन सुविधा
2	व्यवहार और न्यूरो-फार्माकोलॉजिकल अध्ययन सुविधा
3.	ऐंटी-कन्वल्सिवअध्ययन सुविधा
4.	एंटी-इंफ्लेमेटरी और एनाल्जेसिक अध्ययन सुविधा
5	एंटी-पाइरेटिक स्टडीज सुविधा
6	एंटी-एलर्जिक, एंटीहिस्टामाइन और एंटी-अस्थमेटिक अध्ययन सुविधा
7	इम्यूनो-मॉड्यूलेटरी, एंटीऑक्सीडेंट अध्ययन सुविधा
8	घाव भरने की अध्ययन सुविधा
9	एंटी-डायरिया अध्ययन सुविधा
10	डायरेक्टिक अध्ययन सुविधा
11	एंटीडाइबिटिक अध्ययन सुविधा
12	एंटी ओबेसिटीअध्ययन सुविधा
13	असे विथ ऑर्गन बाथ या टिश्यू बाथ
14	डिजिटल इलेक्ट्रोकनवल्सियोमीटर
15	मेटाबोलिक केज
16	हिस्टामाइन चैम्बर
17	सॉफ्टवेयर के साथ डिजिटल रोटार्ड ऐपरैटस
18	सॉफ्टवेयर के साथ डिजिटल एक्टिमीटर (एक्टिविटी केज)
19	प्लेथीस्मोग्राफी
नोट: इस अनुसूची में निर्दिष्ट आइटम न्यूनतम आवश्यक आवश्यकताएं हैं। हालांकि, संस्थान शिक्षण, प्रशिक्षण और अनुसंधान की आवश्यकता के अनुसार सुविधाओं में वृद्धि कर सकता है।	

पांचवी अनुसूची

(विनियम 7 और 14 देखें)

गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशाला के लिए न्यूनतम अनिवार्य आवश्यकताएं

[**नोट:** 1 विभाग स्नातकोत्तर शिक्षण, प्रशिक्षण और अनुसंधान के लिए भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (स्नातकीय यूनानी महाविद्यालयों और संबद्ध शिक्षण अस्पतालों के लिए न्यूनतम आवश्यक मानक, आकलन और रेटिंग यूनानी) विनियम, 2023 की अनुसूची XI के 'बी' के अंतर्गत निर्धारित मदों के अतिरिक्त, गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशाला में पांचवीं अनुसूची में सूचीबद्ध उपकरण, उपस्कर और सहायक उपकरण बनाए रखेगा।

2. विभाग शिक्षण, प्रशिक्षण और अनुसंधान उद्देश्यों के लिए आवश्यकतानुसार गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशाला में वस्तुओं की संख्या में वृद्धि कर सकता है।

क्र.सं.	**वस्तुओं की आवश्यकता**
(1)	(2)
1.	सॉफ्टवेयर के साथ फ्लोरोसेंस इनवर्टेड माइक्रोस्कोप

2	अल्ट्रावायलेट विज़िबल स्पेक्ट्रोफोटोमीटर
3.	माइक्रो कंट्रोलर-आधारित फ्लेम फोटोमीटर
4.	रोटा एवापोरेटर
5	स्टेबिलिटी चैम्बर
6	फ्रीज ड्रायर
7	सॉफ्टवेयर, कैमरा और प्रोजेक्शन सुविधा के साथ ट्रिनोकुलर माइक्रोस्कोप
8	पोलरीमीटर
9	ऑर्बिटल शेकिंग इनक्यूबेटर
10	कार्बन डाइऑक्साइड इनक्यूबेटर
11	ऑप्टिक एब्बे रिफ्रैक्टोमीटर
13	लैमिनेर एयर फ्लो
12	स्टिल वाटर
14.	ऑर्बिटल शेकर
15	टैबलेट काउंटर - छोटे आकार का
16	एनालिटिकल बैलेंस डिजिटल हाई प्रिसिशन (0.0001G-220g)
17	इनक्यूबेटर
18	क्लैरिटी टेस्ट ऐपरैटस
19	ह्यूमिडिटी कंट्रोल ओवन
20	कार्ल फिशर ऐपरैटस
21	ग्रनुलेटिंग सीव सेट
22	थर्मामीटर
23	फिल्ट्रेशन इक्विपमेंट
24	सक्शन पंप
25	सोनिकेटर
26	रिओमीटर
27	पोटैन्शियोमीटर
28	कंडक्टिविटी मीटर
29	क्लेवेंजर का ऐपरैटस
30	ग्लासवेयर, रीएजेंट, और आवश्यक रसायन

छठी अनुसूची

(विनियम 8 और 14 देखें)

क्लीनिकल स्किल और सिमुलेशन लेबोरेटरीके लिए न्यूनतम आवश्यक आवश्यकताएं

[**नोट:** 1. स्नातकोत्तर विभाग स्नातकोत्तर शिक्षण और प्रशिक्षण के लिए भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (स्नातकीय यूनानी महाविद्यालयों और संबद्ध शिक्षण अस्पतालों के लिए न्यूनतम आवश्यक मानक, आकलन और रेटिंग यूनानी) विनियम, 2023 की अनुसूची-XIV में निर्धारित संबंधित विभाग विशिष्ट मैनकिन, सिमुलेटर और उपकरणों के अतिरिक्त इन विनियमों की छठी अनुसूची में उल्लिखित क्लीनिकल स्किल और सिमुलेशन लेबोरेटरीमें विभाग विशिष्ट मैनकिन, सिमुलेटर और उपकरणों का रखरखाव करेगा।

2. विभाग शिक्षण और प्रशिक्षण उद्देश्यों के लिए अपनी आवश्यकता के अनुसार मेडिकल मैनिकिन या सिमुलेटर की संख्या और विविधता में वृद्धि कर सकता है।

क्रम संख्या **(1)**	**आवश्यक मैनिकिन्स या सिमुलेटर या उपकरण** **(2)**
ए. मोआलाजात (मेडिसिन) विभाग	
1.	डेक्यूबिटस के लिए नर्सिंग प्रशिक्षक
2	रक्त नमूनाकरण
3.	राइल एस ट्यूब सम्मिलन प्रशिक्षक
4.	ब्लड ट्रांसफ्यूज़न ट्रेनर
5	यूरिनरी कैथेटेराइजेश (पुरुष)
6	यूरिनरी कैथेटेराइजेश (महिला)
7	लम्बर पंक्चर ट्रेनर
8	पैरासेंटेसिस प्रशिक्षक
9	प्लूरल टैपिंग ट्रेनर
बी. इलाज बित तदाबीर (रेजिमेनल थेरेपी) विभाग	
1.	चेस्ट ऑस्क्युलटेशन - ट्रेनर
2	डेक्यूबिटस के लिए नर्सिंग प्रशिक्षक
3.	कार्डियोपल्मोनरी रिससिसिटेशन ट्रेनर
4.	रक्त नमूनाकरण
5	राइल एस ट्यूब सम्मिलन प्रशिक्षक
6	ब्लड ट्रांसफ्यूज़न ट्रेनर
7	ऑक्सीजन थेरेपी
8	यूरिनरी कैथेटेराइजेश (पुरुष)
9	यूरिनरी कैथेटेराइजेश (महिला)
10	साइकोमेट्रिक स्केल और टूल्स
सी. जराहत (सर्जरी) और ऐन, उज़्न, अनफ़, हलक व अस्नान (ऑप्थल्मोलॉजी, , ईयर, नोज़ , थ्रोट एंड डेंटिस्ट्री) विभाग	
1.	चेस्ट ऑस्क्युलटेशन - ट्रेनर
2	डेक्यूबिटस के लिए नर्सिंग प्रशिक्षक

3.	कार्डियोपल्मोनरी रिससिसिटेशन ट्रेनर
4.	रक्त नमूनाकरण
5	ब्लड ट्रांसफ्यूज़न ट्रेनर
6	ऑक्सीजन थेरेपी
7	एंडोट्रेचियल इंट्यूबेशन प्रशिक्षक
8	स्तन गांठ की जांच
9	सूजन की जांच
10	अपवर्तन प्रशिक्षक
11	दृश्य तीक्ष्णता प्रशिक्षण
12	डिजिटल टोनोमेट्री
13	एपिलेशन
14.	नेत्र सिंचाई
15	नेत्र औषधि का संरोपण
16	नेत्र पट्टी
17	आँख, कान, नाक, दंत और गले के अनुप्रयोगों के लिए मणिकिन हेड (त्रि-आयामी मॉडल)
18	ओटोस्कोपी
डी.	कबालत व निस्वान (ऑब्सटेट्रिक्स एंड गाइनेकोलॉजी) विभाग
1.	चेस्ट ऑस्क्युलटेशन - ट्रेनर
2	डेक्यूबिटस के लिए नर्सिंग ट्रेनर
3.	कार्डियोपल्मोनरी रिससिसिटेशन ट्रेनर
4.	रक्त नमूनाकरण
5	राइलस ट्यूब इंसर्शन ट्रेनर
6	ब्लड ट्रांसफ्यूज़न ट्रेनर
7	ऑक्सीजन थेरेपी
8	यूरिनरी कैथेटेराइजेश (महिला)
9	एंडोट्रेचियल इंट्यूबेशन ट्रेनर
10	लम्बर पंक्चर ट्रेनर
ई.	इल्मुल अतफ़ाल (पिडियाट्रिक्स) विभाग
1.	शिशु श्रवण प्रशिक्षक
2	डेक्यूबिटस के लिए नर्सिंग ट्रेनर
3.	चाइल्ड कार्डियोपल्मोनरी रिससिसिटेशन ट्रेनर और एयरवे प्रबंधन
4.	रक्त नमूनाकरण
5	राइलस ट्यूब इंसर्शन ट्रेनर
6	ब्लड ट्रांसफ्यूज़न ट्रेनर

7	ऑक्सीजन थेरेपी
8	यूरिनरी कैथेटेराइजेशन (पुरुष)
9	यूरिनरी कैथेटेराइजेशन (महिला)
10	पेडियेट्रिक इंट्रा वेनस इनफ्यूज़न स्थापित करना और ड्रिप दर की गणना करना
11	लम्बर पंक्चर ट्रेनर
12	इंटेलिजेंस क्वोसेंट, ऑटिज्म, अटेन्शन डेफिसिट हाइपरैक्टिविटी डिसऑर्डर, एकाग्रता, अवसाद, चिंता, मानसिक मंदता का आकलन करने के लिए मनोवैज्ञानिक परीक्षण बैटरी
13	बाल चिकित्सा पुरमारुथुवम प्रक्रियाओं के अभ्यास या प्रदर्शन के लिए पूर्ण शरीर (बाल चिकित्सा) मैनिकिन और त्रि-आयामी मैनिकिन
एफ. माहियातुल अमराज (पैथोलॉजी) विभाग	
1.	चेस्ट ऑस्क्युलटेशन - ट्रेनर
2	स्पाइरोमेट्री
3.	कार्डियोपल्मोनरी रिससिसिटेशन ट्रेनर
4.	लम्बर पंक्चर ट्रेनर
5	राइलस ट्यूब इंसर्शन ट्रेनर
6	ब्लड ट्रांसफ्यूज़न ट्रेनर
7	ऑक्सीजन थेरेपी
8	यूरिनरी कैथेटेराइजेशन (पुरुष)
9	यूरिनरी कैथेटेराइजेशन (महिला)
जी.	तहफ्फुज़ी व समाजी तिब (प्रिवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन) विभाग के अंतर्गत तिब्बुल क़ानून व इल्मुल समूम (फोरेंसिक मेडिसिन और क्लिनिकल टॉक्सिकोलॉजी)
1.	चेस्ट ऑस्क्युलटेशन - ट्रेनर
2	डेक्यूबिटस के लिए नर्सिंग ट्रेनर
3.	कार्डियोपल्मोनरी रिससिसिटेशन ट्रेनर
4.	रक्त नमूनाकरण
5	राइलस ट्यूब इंसर्शन ट्रेनर
6	ब्लड ट्रांसफ्यूज़न ट्रेनर
7	ऑक्सीजन थेरेपी
8	यूरिनरी कैथेटेराइजेशन (पुरुष)
9	यूरिनरी कैथेटेराइजेशन (महिला)
10	शव परीक्षण सिम्युलेटर या डिजिटल शव परीक्षण

सातवीं अनुसूची

(विनियम 4, 10 और 14 देखें)

न्यूनतम आवश्यक आवश्यकताएं: प्रैक्टिस के प्रोफेसर के लिए आवश्यक (स्नातकोत्तर विभाग या विशेषता या कार्यक्रम के अनुसार)

क्र. सं.	स्नातकोत्तर विभाग	अंशकालिक आधार पर प्रैक्टिस के प्रोफेसर की आवश्यक संख्या और योग्यता
1.	मोआलाजात (चिकित्सा)	एक (एमडी-जनरल मेडिसिन)
2	इलाज बित तदाबीर (रेजिमेनल थेरेपी)	प्रत्येक (इलाज बित तदाबीर (रेजिमेनल थेरेपी) व्यवसायी या एमडी (यूनानी), एमडी-फिजिकल मेडिसिन और पुनर्वास के साथ विशेषज्ञ) और एक (फिजियोथेरेपी के मास्टर)
3.	इल्मुल अतफ़ाल (पिडियाट्रिक्स)	एक (एम.एस.सी.- नैदानिक मनोविज्ञान)
4.	तहफ्फुज़ी व समाजी तिब (प्रिवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन) विभाग	
	तिब्बुल क़ानून व इल्मुल समूम (फोरेंसिक मेडिसिन और क्लिनिकल टॉक्सिकोलॉजी)	एक (एमडी- फोरेंसिक मेडिसिन और विषाक्तता विज्ञान)
	तहफ्फुज़ी व समाजी तिब (प्रिवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन)	प्रत्येक में एक (मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ, सेंट्रल काउंसिल फॉर रिसर्च इन यूनानी या नेशनल एपिडेमियोलॉजी साइंस मेडिकल रिसर्च इंस्टिट्यूट / इंडियन कौंसिल फॉर मेडिकल रिसर्च जैसे अनुसंधान निकायों के वैज्ञानिक)
6	जराहत (सर्जरी)	सर्जिकल और पैरासर्जिकल प्रक्रियाओं में एमएस योग्यता और अनुभव के साथ एक यूनानी प्रतिनिधि
7	ऐन, उज़्न, अनफ़, हलक व अस्नान (ऑप्थल्मोलॉजी, ईयर नोज़ , थ्रोट एंड डेंटिस्ट्री) विभाग	उज़्न से संबंधित यूनानी सर्जिकल और पैरासर्जिकल प्रक्रियाओं में एमएस योग्यता और अनुभव के साथ एक यूनानी प्रतिनिधि। अनफ व हलक
8	कबालत व निस्वान (ऑब्सटेट्रिक्स एंड गाइनेकोलॉजी)	निस्वान और कबालत से संबंधित यूनानी सर्जिकल और पैरासर्जिकल प्रक्रियाओं में एमएस योग्यता और अनुभव के साथ एक यूनानी प्रतिनिधि
9	माहियातुल अमराज़ (पैथोलॉजी)	प्रत्येक (एमडी-पैथोलॉजी, एमडी-रेडियोडायग्नोसिस)
10	इल्मुल अदविया (फार्माकोलॉजी)	प्रत्येक (एम. फार्माकोलॉजी, फार्माकोगनोसी / फाइटोकेमिस्ट्री में मास्टर डिग्री
11	इल्मुल सैदला (यूनानी फार्मेसी)	प्रत्येक एक (एम. फार्मा- फार्मास्यूटिक्स, एमएससी - रसायन विज्ञान या नैनोसाइंस/नैनोटेक्नोलॉजी, एमडी यूनानी के साथ प्रैक्टिशनर, यूनानी उच्च स्तर की औषधियों की तैयारी में व्यापक अनुभव रखने वाले या एमडी यूनानी के साथ यूनानी फार्मा उद्योग से विशेषज्ञ)
12	कुल्लियात (बेसिक प्रिंसिपल ऑफ़ यूनानी मेडिसिन)	आवश्यकतानुसार
13	तशरीहुल बदन (एनाटॉमी)	आवश्यकतानुसार
14.	मनाफेउल आज़ा (फ़िज़ियॉलोजी)	आवश्यकतानुसार
15	अमराज़े जिल्द व तज़ीनियत (डर्माटोलोजी और कॉस्मेटोलॉजी)	एक (एमडी-डर्मेटोलॉजी)
16	इंटेग्रटीवे हेल्थ एंड ट्रांसलेशनल रिसर्च	वैज्ञानिक सेंट्रल काउंसिल फॉर रिसर्च इन यूनानी या

		किसी प्रतिष्ठित यूनानी अनुसंधान और विकास विभाग से सेवानिवृत्त हुए हैं।
नोट: प्रत्येक विभाग यूनानी चिकित्सा संस्थानों में शिक्षण के अतिरिक्त अन्य क्षेत्रों में कम से कम दस वर्ष के अनुभव के साथ प्रैक्टिस के प्रोफेसरों को नियुक्त करेगा, जैसे कि उद्योग, अनुसंधान संस्थानों, तकनीकी सलाहकारों, या प्रसिद्ध चिकित्सकों के व्यक्ति, अंशकालिक आधार पर जैसा कि कॉलम (3) में निर्दिष्ट है। यदि आवश्यक हो तो संस्थान या विभाग विभाग या विशेषता संबंधी क्षेत्र में अधिक संख्या में प्रैक्टिस के प्रोफेसरों की नियुक्ति कर सकता है।		

अनुबंध ए

(विनियम 26 देखें)

विभागीय शैक्षणिक सत्यनिष्ठा समिति

साहित्यिक चोरी अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी करने की अनुशंसा

विभागीय शैक्षणिक सत्यनिष्ठा समिति ने डॉ. ..... (शोध स्कोलर) ..... विश्वविद्यालय पंजीयन संख्या बैच के अंतर्गत, डॉ. .....विभाग के पर्यवेक्षण या मार्गदर्शन में प्रस्तुत शोध प्रबंध के प्रारूप .....की ..... (तिथि) को साहित्यिक चोरी की जाँच पर रिपोर्ट की समीक्षा की है और पाया गया कि आवश्यक संशोधन या सुधार किए गए है, और साहित्यिक चोरी अनुमेय सीमा के भीतर है। इसलिए, विभागीय शैक्षणिक सत्यनिष्ठा समिति ने साहित्यिक चोरी अनापत्ति प्रमाण-पत्र जारी करने के लिए शोध प्रबंध की सिफारिश की है।

अध्यक्ष

विभागाध्यक्ष

(नाम और हस्ताक्षर)

स्थान:

तिथि :

अनुबंध बी

(विनियम 26 देखें)

साहित्यिक चोरी जांच कक्ष

साहित्यिक चोरी अनापत्ति प्रमाण-पत्र

यह प्रमाणित किया जाता है कि डॉ..... विश्वविद्यालय पंजीयन संख्या ..... बैच ..... द्वारा प्रस्तुत ड्राफ्ट शोध प्रबंध का शीर्षक .....डॉ. ....विभाग के मार्गदर्शन में साहित्यिक चोरी से मुक्त है।

समन्वयक

साहित्यिक चोरी जांच सेल

स्थान:

तिथि:

फार्म ए

यूनानी में एक नया स्टैंड-अलोन स्नातकोत्तर चिकित्सा संस्था स्थापित करने की अनुमति के लिए आवेदन

(विनियम 37 देखें)

क्रम संख्या	विवरण	ब्यौरा
	भाग- I: आवेदकों का ब्यौरा	
1	आवेदक का नाम (बड़े अक्षरों में)	
2	पिन कोड सहित पूरा पता	
3	आधिकारिक टेलीफोन नंबर और मोबाइल नंबर	
4	आधिकारिक ई-मेल आईडी	
5	आवेदक की स्थिति कि वह राज्य सरकार या केंद्र शासित प्रदेश या विश्वविद्यालय या ट्रस्ट या सोसायटीस है।	
6	ट्रस्ट या सोसायटी की संरचना	
7	आवेदक निकाय के ट्रस्ट या सोसायटी का पंजीयन या निगमन (पंजीयन संख्या, तिथि और अन्य विवरण)	
8	संस्थान का प्रकार (सरकारी या सरकारी सहायता प्राप्त या निजी या डीम्ड विश्वविद्यालय)	
9	क्या यूनानी में कोई अन्य यूनानी मेडिकल कॉलेज या स्टैंडअलोन स्नातकोत्तर चिकित्सा संस्थान है जो उसी ट्रस्ट या सोसाइटी या विश्वविद्यालय द्वारा चलाया जाता है ?	हां / नहीं
	यदि हां, तो दो कॉलेजों या संस्थान के बीच की दूरी का उल्लेख करें	
	पूर्वोक्त प्रिंट कॉपी के साथ कॉलेज का ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम लिंक प्रदान करें	
10	वित्तीय क्षमता: यदि आवेदक एक ट्रस्ट या सोसायटी है तो पिछले तीन वर्षों की बैलेंस शीट दें। वित्तीय संसाधनों का विवरण प्रस्तुत करें।	
11	वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट (पिछले तीन वर्षों की ऑडिट रिपोर्ट की प्रति संलग्न करें)	
12	परियोजना के वित्तपोषण के साधन: आवेदक का योगदान (प्रमाण संलग्न करें)	
	अनुदान (प्रमाण संलग्न करें)	
	दान (प्रमाण संलग्न करें)	
	इक्विटी (प्रमाण संलग्न करें)	
	सावधि ऋण (प्रमाण संलग्न करें)	
	अन्य स्रोत, यदि कोई हो (प्रमाण संलग्न करें)	
	भाग- II: शुल्क विवरण	
13	आवेदन शुल्क ट्रांजेक्शन आईडी	
	प्रोसेसिंग शुल्क ट्रांजेक्शन आईडी	
	भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड या भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा समय-समय पर निर्दिष्ट कोई अन्य शुल्क	
	भाग-III: अनिवार्य आवश्यक विवरण	
14	योजना या प्रस्ताव के लिए राज्य सरकार या केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन द्वारा जारी 'अनिवार्यता प्रमाणपत्र' या 'अनापत्ति प्रमाणपत्र' की तिथि	
15	अनिवार्यता प्रमाणपत्र या अनापत्ति प्रमाणपत्र की वैधता	से --------तक.....
16	संबद्ध विश्वविद्यालय का नाम और पता	
	योजना या प्रस्ताव के लिए संबद्धता की सहमति की तिथि	
	योजना या प्रस्ताव के लिए संबद्धता की सहमति के वर्ष	से --------तक.....

भाग – IV : यूनानी में प्रस्तावित स्टैंड-अलोन स्नातकोत्तर चिकित्सा संस्थान का विवरण		
17	प्रस्तावित स्टैंड-अलोन स्नातकोत्तर चिकित्सा संस्थान का नाम	
18	पिन कोड सहित पूरा पता	
19	प्रस्तावित स्नातकोत्तर चिकित्सा संस्थान के संस्थान प्रमुख (प्रिंसिपल या निदेशक या डीन) का नाम	
20	आधिकारिक टेलीफोन नंबर और मोबाइल नंबर	
21	आधिकारिक ई-मेल आईडी	
22	संस्थान और संलग्न शिक्षण अस्पताल का ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम लिंक उसकी प्रिंट प्रति के साथ प्रदान करें।	
23	प्रस्तावित स्नातकोत्तर विशिष्टताएँ या कार्यक्रम (नाम निर्दिष्ट करें)	
24	भूमि का कुल क्षेत्रफल	
25	भूमि लीज़ पर है या स्वयं की है	
	यदि यह लीज़ पर है, तो लीज़ के वर्ष	
	आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि से दो वर्ष पहले, भूमि की कर भुगतान रसीद	
	भारमुक्ति प्रमाण पत्र	
26	भूमि की श्रेणी (टियर I और टियर II) - स्थानीय प्राधिकारी से प्रमाण-पत्र संलग्न करें।	
27	संबंधित प्राधिकारियों से प्रासंगिक भवन निर्माण की उपयुक्त अनुमति	
28	स्थानीय प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित और वास्तुकार द्वारा समर्थित भवन योजना की सही (प्रामाणिक) प्रति संलग्न करें	
भाग-V: स्नातकोत्तर चिकित्सा संस्थान की स्थापना का विवरण		
29	**प्रशासनिक क्षेत्र**	
30	**शैक्षणिक क्षेत्र**	
	ए. स्नातकोत्तर विभाग	
	स्नातकोत्तर विभाग विवरण (अनिवार्य)	
	(1) इंटीग्रेटिव हेल्थ एंड ट्रांस्लेशनल रिसर्च अनुसंधान विभाग	
	स्नातकोत्तर विभाग विवरण (जैसा लागू हो)	
	(2) कुल्लियात (बेसिक प्रिंसिपल ऑफ़ यूनानी मेडिसिन)	
	(3) मनाफेउल आज़ा (फ़िज़ियॉलोजी)	
	(4) इल्मुल अदविया (फार्माकोलॉजी)	
	(5) इल्मुल सैदला (यूनानी फार्मेसी)	
	(6) तहफ्फुज़ी व समाजी तिब (प्रिवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन)	
	(7) इल्मुल अतफ़ाल (पिडियाट्रिक्स)	
	(8) मोआलाजात (मेडिसिन)	
	(9) माहियातुल अमराज़ (पैथोलॉजी)	
	(10) इलाज बित तदाबीर (रेजिमेनल थेरेपी)	
	(11) अमराज़े जिल्द व तज़ीनियत (डर्माटोलोजी और कॉस्मेटोलॉजी)	
	(12) तशरीहुल बदन (एनाटॉमी)	
	(13) जराहत (सर्जरी)	
	(14) ऐन, उज़्न, अनफ़, हलक व अस्नान (ऑप्थल्मोलॉजी, ईयर नोज़ , थ्रोट	

	एंड डेंटिस्ट्री)	
	(15) कबालत व निस्वान (ऑब्सटेट्रिक्स एंड गाइनेकोलॉजी)	
	बी. स्नातकोत्तर कक्षाएँ	
	सी. विभागवार सेमिनार हॉल	
	डी. कॉमन सेमिनार हॉल	
	ई. सेंट्रल लाइब्रेरी	
	एफ. विभागीय पुस्तकालय	
	जी. डिजिटल लाइब्रेरी	
	एच. बहुउद्देशीय हॉल या परीक्षा हॉल या योग और रियाज़त हॉल	
	आई. नैदानिक कौशल या सिमुलेशन प्रयोगशाला	
	जे. छात्र सुविधाएं	
	के. स्नातकोत्तर छात्रों के लिए कॉमन रुम (पुरुष और महिला अलग-अलग)	
	एल. शिक्षण संकाय के लिए कॉमन रुम (पुरुष और महिला अलग-अलग)	
	एम. कैंटीन	
	एन. हर्बल गार्डन	
	ओ. अन्य आवश्यकताएँ	
	(1) मानव संसाधन एवं विकास रुम	
	(2) फार्माकोविजिलेंस रुम	
	(3) कॉलेज या इंस्टीट्यूशन काउंसिल रूम	
	(4) छात्र सहायता और मार्गदर्शन कक्ष, शिकायत निवारण कक्ष और यौन उत्पीड़न समिति के लिए कक्ष	
	(5) आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन सेल कक्ष	
31	**प्रयोग क्षेत्र**	
	ए. केंद्रीय अनुसंधान प्रयोगशाला	
	बी. गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशाला	
	सी. स्वीकृत पशु गृह एवं पशु प्रयोग प्रयोगशाला	
32	कॉलेज की वेबसाइट	
33	बॉयोमीट्रिक उपस्थिति सिस्टम	
34	छात्रावास (लड़के और लड़कियाँ अलग-अलग)	
35	केंद्रीय कार्यशाला	
36	सूचना प्रौद्योगिकी अवसंरचना	
37	क्लोज़्ड सर्किट टेलीविज़न	
38	महाविद्यालय के मानव संसाधन:-	
	शिक्षण कर्मचारी	
	गैर-शिक्षण कर्मचारी	
भाग-VI: स्नातकोत्तर संस्थान का बैंकिंग विवरण		
39	खाते का नाम	

	कॉलेज या संस्थान के नाम से खाता संख्या	
	बैंक का नाम	
	आईएफएससी कोड सहित बैंक की शाखा का नाम	
भाग-VII: स्नातकोत्तर संस्थान से जुड़े शिक्षण अस्पताल का विवरण		
40	प्रस्तावित संस्थान से संबद्ध अस्पताल का नाम	
41	अस्पताल की स्थापना की तिथि	
42	अस्पताल का पंजीयन प्रमाणपत्र (प्रतिलिपि संलग्न करें)	
43	मौजूदा अस्पताल के स्वामित्व का प्रमाण (प्रतिलिपि संलग्न करें)	
44	पंचायत लाइसेंस	
45	अस्पताल भवन अधिभोग प्रमाण पत्र	
46	अस्पताल भवन पूर्णता प्रमाण पत्र	
47	प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र	
48	अग्नि सुरक्षा प्रमाणपत्र	
49	जैव-चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन समझौता	
50	स्थानीय या संबंधित अधिकारियों से आवश्यक अनुमति का नवीनीकरण और वैधता अवधि (प्रमाण संलग्न करें)	
51	राष्ट्रीय अस्पताल एवं स्वास्थ्य सेवा प्रदाता प्रत्यायन बोर्ड (स्तर, वैधता और तिथि) (प्रमाण संलग्न करें)	
52	एक्स-रे यूनिट या इमेजिंग अनुभाग के लिए अनुमति	
53	**क्लिनिकल जोन**	
	अंत:रोगी विभाग और बिस्तर की संख्या:-	
	(1) मोआलाजात (मेडिसिन)	
	(2) इलाज बित तदाबीर (रेजिमेनल थेरेपी)	
	(3) इल्मुल अतफ़ाल (पिडियाट्रिक्स)	
	(4) अमराज़े जिल्द व तज़ीनियत (डर्माटोलोजी और कॉस्मेटोलॉजी)	
	(5) जराहत (सर्जरी)	
	(6) ऐन, उज़्न, अनफ़, हलक व अस्नान (ऑप्थल्मोलॉजी, ईयर नोज़ , थ्रोट एंड डेंटिस्ट्री)	
	(7) कबालत व निस्वान (ऑब्सटेट्रिक्स एंड गाइनेकोलॉजी)	
54	बाह्य रोगी विभाग:-	
	(1) मोआलाजात (मेडिसिन) बाह्य रोगी विभाग	
	(2) इलाज बित तदाबीर (रेजिमेनल थेरेपी) माइनर प्रोसीजर रुम सहित बाह्य रोगी विभाग	
	(3) इल्मुल अतफ़ाल (पिडियाट्रिक्स)	
	(4) अमराज़े जिल्द व तज़ीनियत (डर्माटोलोजी और कॉस्मेटोलॉजी) माइनर प्रोसीजर रुम सहित	
	(5) जराहत (सर्जरी) लघु प्रक्रिया कक्ष सहित	
	(6) अमराज़े ऐन, उज़्न, अनफ़, हलक (ईयर नोज़ , थ्रोट एंड डेंटिस्ट्री मेडिसिन) माइनर प्रोसीजर रुम सहित	
	(7) कबालत व निस्वान (ऑब्सटेट्रिक्स एंड गाइनेकोलॉजी) माइनर प्रोसीजर रुम सहित	
	(8) इल्मुल समूम (क्लिनिकल टॉक्सिकोलॉजी) बाह्य रोगी विभाग	

	(9) तहफ्फुज़ी व समाजी तिब (प्रिवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन)	
	(10) इसाबात (आपातकालीन या हताहत) बाह्य रोगी विभाग	
	(11) स्क्रीनिंग बाह्य रोगी विभाग	
	(12) विशेष बाह्य रोगी विभाग (यदि कोई हो, निर्दिष्ट करें)	
55	आवेदन की तिथि से पिछले दो वर्षों में बाह्य रोगी विभाग के मरीजों की अटैडेंस की कुल संख्या	
56	आवेदन की तिथि से पिछले दो वर्षों में प्रतिदिन बाह्य रोगी विभाग के रोगियों की औसत संख्या	
57	आवेदन की तिथि से पिछले दो वर्षों में औसत बिस्तर अधिभोग	
58	नैदानिक प्रयोगशाला	
59	रेडियोलॉजी या इमेजिंग अनुभाग	
60	फार्मेसी या ड्रग स्टोर या डिस्पेंसरी	
61	इलाज बित तदाबीर (रेजिमेनल थेरेपी) प्रक्रिया अनुभाग,	
62	मसरा अमलिया (ऑपरेशन थिएटर) जिसमें माइनर ऑपरेशन थिएटर भी शामिल है	
63	गुर्फतुल विलादा विलादा (प्रसूति ऑपरेशन थियेटर के साथ प्रसव कक्ष)	
64	फिजियोथेरेपी अनुभाग	
65	योग और रियाज़त अनुभाग	
66	अस्पताल में मानव संसाधन	
	ए. आवेदन जमा करने से पहले दो वर्ष के लिए मौजूदा और कार्यमुक्त अस्पताल कर्मचारी (नाम, पदनाम, अनुभाग या इकाई, योग्यता, अनुभव, नियुक्ति आदेश, कार्यभार ग्रहण पत्र और तिथि, कार्यमुक्ति पत्र और तिथि, राज्य पंजीयन प्रमाण पत्र या शिक्षक कोड के विवरण के साथ) जोन-वार,-	
	(1) प्रशासन क्षेत्र	
	(2) स्वागत एवं पंजीकरण क्षेत्र	
	(3) बाह्य रोगी विभाग क्षेत्र	
	(4) अंत:रोगी विभाग क्षेत्र	
	(5) डायग्नोस्टिक क्षेत्र	
	(6) प्रक्रियात्मक प्रबंधन क्षेत्र	
	(7) सर्विस क्षेत्र	
	बी. आधुनिक मेडिकल स्टाफ विवरण	
67	अस्पताल रिकॉर्ड (जो लागू हो उस पर निशान लगाएं)	कम्प्यूटरीकृत या मैनुअल
भाग-VIII: अस्पताल का बैंकिंग विवरण		
68	खाते का नाम	
	अस्पताल के नाम पर खाता संख्या	
	बैंक का नाम	
	बैंक की शाखा का नाम और भारतीय वित्तीय सिस्टम कोड	
	आवेदन जमा करने की तिथि से दो वर्ष या 24 माह पहले तक निम्नलिखित विवरण आवश्यक हैं: -	
	ए. अस्पताल के कर्मचारियों को भुगतान किए गए वेतन का विवरण (माहवार)	
	बी. दवाओं की खरीद का विवरण (इंडेंट और भुगतान प्रमाण संलग्न करें)	

<table>
<tr><td></td><td colspan="4">सी. अस्पताल उपभोग्य सामग्रियों की खरीद का विवरण (इंडेंट और भुगतान प्रमाण संलग्न करें)</td><td></td></tr>
<tr><td></td><td colspan="4">डी. प्रासंगिक करों के भुगतान का विवरण (प्रति संलग्न करें)</td><td></td></tr>
<tr><td></td><td colspan="4">ई. अस्पताल की आय का विवरण (प्रति संलग्न करें)</td><td></td></tr>
<tr><td></td><td colspan="4">एफ. कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) और कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) विवरण</td><td></td></tr>
<tr><td rowspan="7">69</td><td colspan="3">क्या अस्पताल चरणबद्ध रूप से स्थापित या विकसित किया गया है</td><td colspan="2">हां या नहीं</td></tr>
<tr><td colspan="3">यदि हाँ तो चरणवार विवरण उपलब्ध कराये</td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td rowspan="2">चरण या स्टेज</td><td colspan="2">अवधि</td><td rowspan="2">विकास की स्थापना का विवरण</td><td rowspan="2">कार्य निष्पादन या कार्यक्षमता</td></tr>
<tr><td>से</td><td>को</td></tr>
<tr><td>पहला</td><td></td><td></td><td></td><td></td></tr>
<tr><td>दूसरा</td><td></td><td></td><td></td><td></td></tr>
<tr><td>तीसरा</td><td></td><td></td><td></td><td></td></tr>
<tr><td>चौथी</td><td></td><td></td><td></td><td></td></tr>
</table>

आवेदक के हस्ताक्षर
पूरा नाम

स्थान:
तिथि:

अनुलग्नकों की सूची:

1. उपनियमों या ज्ञापन और संस्थान के अंतर्नियम या ट्रस्टियों के नाम के साथ ट्रस्ट डीड की प्रमाणित प्रति।
2. ट्रस्ट या सोसायटी के पंजीयन या निगमन के प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति।
3. पिछले तीन वर्षों की वार्षिक रिपोर्ट और लेखापरीक्षित बैलेंस शीट।
4. स्वामित्व/पट्टा समझौता विलेख के प्रमाण के रूप में कुल उपलब्ध भूमि के स्वामित्व विलेख की प्रमाणित प्रति।
5. उपलब्ध स्थलों के भूमि उपयोग को दर्शाते हुए ज़ोनिंग योजनाओं की प्रमाणित प्रति।
6. अस्पताल पंजीयन प्रमाणपत्र और इसकी वैधता अवधि के साथ मौजूदा अस्पताल के स्वामित्व का प्रमाण।
7. लागू शैक्षणिक सत्र के लिए एक नया स्टैंड-अलोन स्नातकोत्तर चिकित्सा संस्थान स्थापित करने के लिए प्रस्तावित स्थल पर संबंधित राज्य सरकार या केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन द्वारा जारी 'अनिवार्यता प्रमाणपत्र' या 'अनापत्ति प्रमाणपत्र' की प्रमाणित प्रति।
8. लागू शैक्षणिक सत्र के लिए एक नए स्टैंड-अलोन स्नातकोत्तर चिकित्सा संस्थान की स्थापना के लिए किसी केंद्रीय या राज्य या केंद्र शासित प्रदेश के कानून के तहत स्थापित मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय द्वारा जारी 'संबद्धता की सहमति' की प्रमाणित प्रति।
9. अस्पतालों और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के लिए राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड द्वारा जारी संबद्ध शिक्षण अस्पताल का मान्यता प्रमाण पत्र।
10. आवेदक के वित्तीय ट्रैक रिकॉर्ड के संबंध में स्वतंत्र जांच करने के लिए भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड या भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग को अधिकृत करने वाले आवेदक के बैंकरों को संबोधित प्राधिकरण पत्र।

11. शपथ-पत्र प्रस्तुत करें कि नए स्टैंड-अलोन स्नातकोत्तर चिकित्सा संस्थान और संलग्न शिक्षण अस्पताल के लिए नामित भूमि और भवन विशेष रूप से, यूनानी, सिद्ध और सोवा-रिग्पा बोर्ड या भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त यूनानी स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के संचालन के लिए हैं। .

12. शपथ-पत्र प्रस्तुत करें कि छात्रों को केवल राष्ट्रीय स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा की योग्यता के आधार पर और काउंसलिंग (केंद्र या राज्य या केंद्र शासित प्रदेश जैसा भी प्रकरण हो) के माध्यम से प्रवेश दिया जाएगा और प्रवेश भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड द्वारा निर्दिष्ट स्वीकृत छात्र प्रवेश क्षमता से अधिक नहीं दिया जाएगा।

13. शपथ-पत्र प्रस्तुत करें कि पाठ्यचर्चा और पाठ्यक्रम, पाठ्यक्रम या कार्यक्रम का नाम, बुनियादी ढांचे, सुविधाएं और छात्र-शिक्षक अनुपात सहित मानव संसाधनों को संबंधित विनियमों में निर्दिष्ट भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग के विनिर्देशों के अनुसार बनाए रखा जाएगा।

14. शपथ-पत्र प्रस्तुत करें कि प्रस्तावित नए स्टैंडअलोन स्नातकोत्तर चिकित्सा संस्थान के किसी भी कक्षा या मानक या पाठ्यक्रम या प्रशिक्षण में पहले से ही छात्र को प्रवेश नहीं दिया गया है।

15. एक शपथ पत्र (वचनबद्ध) प्रस्तुत करें कि संस्थान भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीयआयोग के पक्ष में तीन वर्ष की अवधि के लिए वैध निश्चित सुरक्षा जमा राशि जमा करने की स्थिति में है।

16. आवेदन शुल्क और प्रेषित प्रसंस्करण (प्रोसेसिंग) शुल्क का प्रमाण।

17. आधिकारिक बैंक खाते के पिछले दो वर्षों के बैंक लेनदेन की प्रतिलिपि: कॉलेज और अस्पताल

18. पिछले दो वर्षों के लिए अस्पताल कर्मचारियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति की प्रतिलिपि।

19. आवेदन पत्र के विभिन्न भागों के अनुसार अनुलग्नक और अन्य विवरण संलग्न करें:-

ए. सर्वे संख्या सहित भूमि का वितरण।

बी. भूमि की श्रेणी जैसे टियर I और टियर II शहर (X और Y श्रेणियां), उत्तर-पूर्वी राज्य, पहाड़ी क्षेत्र और अधिसूचित जनजातीय क्षेत्र के लिए प्रमाण, स्थानीय अधिकारियों से प्राप्त प्रमाण पत्र।

सी. भारमुक्ति प्रमाण पत्र।

डी. भूमि और अस्पताल भवन के लिए कर भुगतान की रसीद।

ई. स्थानीय प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित बिल्डिंग प्लान और वास्तुकार द्वारा समर्थित।

एफ. वास्तुकार द्वारा अधिकृत क्षेत्र विवरण प्रमाणपत्र।

जी. अस्पताल की स्थापना के लिए पंचायत लाइसेंस।

एच. अस्पताल भवन अधिभोग प्रमाणपत्र।

आई. अस्पताल भवन पूर्णता प्रमाण पत्र।

जे. अग्नि सुरक्षा प्रमाणपत्र।

के. आपदा प्रबंधन प्रमाणपत्र (यदि कोई हो)।

एल. प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र।

एम. अस्पताल में रेडियोलॉजी यूनिट की अनुमति।

एन. बायोमेडिकल अपशिष्ट प्रबंधन समझौता।

ओ. कॉलेज और अस्पताल भवन अधिभोग प्रमाण पत्र।

पी. कॉलेज एवं अस्पताल भवन पूर्णता प्रमाण पत्र।

20. भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड द्वारा समय-समय पर निर्दिष्ट कोई अन्य दस्तावेज।

(**नोट:** सभी प्रतियां स्वप्रमाणित होंगी)

फार्म-बी

(विनियम 37 देखें)

यूनानी में आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त नए स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम शुरू करने की अनुमति के लिए आवेदन

(नोट: प्रत्येक स्नातकोत्तर कार्यक्रम के लिए अलग आवेदन जमा किया जाएगा)

क्रम संख्या	ब्यौरा	विवरण
(1)	(2)	(3)
	आवेदक का मूल ब्यौरा	
1	आवेदक का नाम (बड़े अक्षरों में)	
2	पिन कोड, आधिकारिक टेलीफोन नंबर और मोबाइल नंबर और आधिकारिक ई-मेल आईडी के साथ पूरा पता	
3	आवेदक की स्थिति कि वह राज्य सरकार हो या केंद्र शासित प्रदेश या विश्वविद्यालय या ट्रस्ट या सोसायटी है।	
4	ट्रस्ट या सोसायटी का पंजीयन या निगमन (संख्या, तिथि और अन्य विवरण)।	
5	यूनानी मेडिकल कॉलेज या यूनानी स्नातकोत्तर संस्थान का नाम और पता	
6	राज्य सरकार या केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन द्वारा जारी 'अनापत्ति प्रमाण पत्र' की तिथि।	
7	i. संबद्ध विश्वविद्यालय का नाम और पता ii. विश्वविद्यालय द्वारा जारी प्रथम सम्बद्धता की तिथि iii. विश्वविद्यालय द्वारा जारी नई योजना या प्रस्ताव के लिए प्रथम संबद्धता की तिथि	
8	**ए. कॉलेज या संस्थान के लिए, स्नातक कार्यक्रम आयोजित करना और स्नातकोत्तर कार्यक्रम शुरू करने के लिए पहली बार आवेदन करना**	
	स्नातक कार्यक्रम के लिए छात्रों के पहले बैच के प्रवेश का माह और वर्ष	
	स्नातक कार्यक्रम के छात्रों के पहले बैच के पाठ्यक्रम पूरा होने का माह और वर्ष	
	क्या कॉलेज या संस्थान को आवेदन या योजना या प्रस्ताव जमा करते समय कॉलेज या संस्था को स्नातक कार्यक्रम के लिए 'विस्तारित अनुमति' के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है?	
	क्या संस्थान को आवेदन या योजना या प्रस्ताव जमा करते समय संस्थान को स्नातक कार्यक्रम के लिए ग्रेड 'ए' या ग्रेड 'बी' की रेटिंग की गई है (यदि हां, तो ग्रेड निर्दिष्ट करें)	
	प्रस्तावित नये स्नातकोत्तर कार्यक्रम का नाम	
	छात्र-स्नातकोत्तर गाइड अनुपात के अनुसार प्रस्तावित कार्यक्रम के लिए आवेदन की गई सीटों की संख्या	

9	**बी. नई स्टैंड-अलोन स्नातकोत्तर संस्थान के लिए, स्नातकोत्तर कार्यक्रम शुरू करने के लिए पहली बार आवेदन करना**	
	प्रस्तावित नये स्नातकोत्तर कार्यक्रम का नाम	
	छात्र-स्नातकोत्तर गाइड अनुपात के अनुसार प्रस्तावित कार्यक्रम के लिए आवेदन की गई सीटों की संख्या	
10	**सी. उन कॉलेजों या संस्थानों के लिए जो पहले से ही स्नातकोत्तर कार्यक्रम संचालित कर रहे हैं और नए स्नातकोत्तर कार्यक्रम प्रारंभ करने के लिए आवेदन करना चाहते हैं।**	
	क्या संस्थान को आवेदन या योजना या प्रस्ताव जमा करते समय मौजूदा स्नातक कार्यक्रम और प्रत्येक स्नातकोत्तर कार्यक्रम के लिए विस्तारित अनुमति या वार्षिक अनुमति दी गई है?	
	क्या संस्थान को आवेदन या योजना या प्रस्ताव जमा करने के समय मौजूदा स्नातक कार्यक्रम और मौजूदा प्रत्येक स्नातकोत्तर कार्यक्रम के लिए ग्रेड 'ए' या ग्रेड 'बी' रेटिंग दी गई है।	
	प्रस्तावित नये स्नातकोत्तर कार्यक्रम का नाम	
	छात्र-स्नातकोत्तर गाइड अनुपात के अनुसार प्रस्तावित कार्यक्रम के लिए आवेदन की गई सीटों की संख्या	
11	अस्पतालों और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के लिए राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड द्वारा शिक्षण अस्पताल को मान्यता (स्तर, तिथि और वैधता विवरण)	
12	निम्नलिखित का विवरण : (ए) अतिरिक्त वित्तीय आवंटन - (बी) अतिरिक्त स्थान, उपकरण और अन्य बुनियादी सुविधाओं के लिए प्रावधान - (सी) अतिरिक्त स्टाफ की भर्ती का प्रावधान -	
13	शुल्क विवरण:-	
	आवेदन शुल्क लेनदेन आईडी	
	प्रोसेसिंग शुल्क लेनदेन आईडी	
14	कोई अन्य प्रासंगिक जानकारी	

आवेदक के हस्ताक्षर
पूरा नाम
पद का नाम
कार्यालय सील

स्थान:
तिथि:

अनुलग्नकों की सूची:

1. नया स्नातकोत्तर कार्यक्रम शुरू करने के लिए संबंधित राज्य सरकार या केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन द्वारा निर्धारित प्रारूप में जारी 'अनापत्ति प्रमाणपत्र' या 'अनिवार्यता प्रमाणपत्र' की सत्यापित प्रति।
2. नया स्नातकोत्तर कार्यक्रम शुरू करने के लिए, किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रारूप में जारी 'संबद्धता की अनुमति' या 'संबद्धता की सहमति' की सत्यापित प्रति।
3. मेडिकल कॉलेज या संस्थान के वित्तीय ट्रैक रिकॉर्ड की स्वतंत्र जांच करने के लिए भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड या भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग को अधिकृत करने वाले आवेदक के बैंकर्स को संबोधित प्राधिकार पत्र।

4. कॉलेज या संस्थान की मान्यता की सत्यापित प्रति, यदि भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड या तत्कालीन भारतीय चिकित्सा केंद्रीय परिषद द्वारा पहले से ही अनुमोदित या अनुमति दी गई हो।
5. शपथ पत्र प्रस्तुत करें है कि छात्रों को केवल राष्ट्रीय स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा मेरिट के आधार पर और केवल काउंसलिंग (केंद्र या राज्य या केंद्र शासित प्रदेश काउंसलिंग) के माध्यम से प्रवेश दिया जाएगा।
6. शपथ पत्र जिसमें वयक्त किया गया है कि कार्यक्रम का नाम और छात्र-शिक्षक अनुपात को संबंधित नियमों के अनुसार बनाए रखा जाएगा।
7. एक शपथ पत्र जिसमें वयक्त किया गया है कि संस्थान 'भारतीय चिकित्सा पद्धतिराष्ट्रीय आयोग कोष' के पक्ष में तीन वर्ष की अवधि के लिए वैध निश्चित जमानत राशि जमा करने में सक्षम है।
8. एक शपथ पत्र जिसमे कहा गया हो कि संस्थान ने इन विनियमों में उल्लिखित सभी न्यूनतम आवश्यक मानकों को पूरा किया है
9. जमा की गई प्रोसेसिंग शुल्क के साथ आवेदन शुल्क का प्रमाण।
10. भारतीय चिकित्सा पद्धति आकलन और रेटिंग बोर्ड द्वारा निर्दिष्ट कोई अन्य दस्तावेज।

ध्यान दें: सभी प्रतियां स्व-सत्यापित होंगी।

फार्म-सी

(विनियम 37 देखें)

आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त यूनानी में मौजूदा स्नातकोत्तर कार्यक्रम में सीटों की संख्या या छात्र प्रवेश क्षमता या प्रवेश क्षमता बढ़ाने की अनुमति के लिए आवेदन

नोट: अलग आवेदन प्रत्येक स्नातकोत्तर कार्यक्रम के लिए प्रस्तुत किया जाएगा

क्रम संख्या	ब्यौरा	विवरण
(1)	(2)	(3)
1	आवेदक का नाम (बड़े अक्षरों में)	
2	पिन कोड सहित पूरा पता	
	आधिकारिक टेलीफोन नंबर और आधिकारिक मोबाइल नंबर	
	आधिकारिक ई-मेल आईडी	
3	आवेदक की स्थिति: राज्य सरकार, केंद्र शासित प्रदेश, विश्वविद्यालय, ट्रस्ट या समाज।	
4	ट्रस्ट या सोसायटी का पंजीयन या निगमन (पंजीयन संख्या, तिथि और अन्य विवरण)	
5	यूनानी मेडिकल कॉलेज या यूनानी स्नातकोत्तर संस्थान का नाम और पता	
6	सीटों या छात्र प्रवेश क्षमता या प्रवेश क्षमता में वृद्धि के लिए लागू स्नातकोत्तर कार्यक्रम का नाम	
7	छात्र-स्नातकोत्तर गाइड अनुपात के अनुसार सीटों या छात्र प्रवेश क्षमता या प्रवेश क्षमता में वृद्धि के लिए आवेदन की गई सीटों की संख्या निर्दिष्ट करें	
8	अनुमति की स्थिति की श्रेणी: स्नातकोत्तर कार्यक्रम के लिए विस्तारित अनुमति या वार्षिक अनुमति जिसके लिए आवेदन या योजना या	

